www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 24 जून 2025 | वर्ष – 67 | अंक –69 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं : जगदंबिका पाल — पृष्ठ 2
■ इमरजेंसी के पचास साल : मीडिया या तानाशाही की आंखों पर बंधी पट्टी
■ मोदी और ट्रंप की दोस्ती का सुनियोजित मिथक क्लस्टर बम की तरह फटा — पृष्ठ 6
■ पाक ने ट्रंप को दिया झटका, चीन-रूस के साथ दिखाई एकजुटता
■ डीएचएस ने दी आतंकवादी हमलों की चेतावनी — पृष्ठ 7
भारत की बढ़त 150 रन के पार, केएल राहुल ने संभाला मोर्चा — पृष्ठ 8

# ईरान के समर्थन में आया रूस

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिकी हमलों की निंदा की, बोले-तेहरान को हरसंभव मदद देंगे

**मास्को,** 23 जून (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है।

रूस ने ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर भी अपना पक्ष साफ किया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक अहम तरीका है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप की हाल की बातचीत में ईरान का जिक्र कई बार हुआ है।



### पुतिन से मिले ईरान के विदेश मंत्री

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को मॉस्को में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के दौरान इन हमलों को बेवजह बताया। पुतिन ने कहा कि आप ऐसे समय रूस आए हैं जब आपके देश और पूरे क्षेत्र में हालात काफी तनावपूर्ण हैं। उन्होंने अमेरिकी हमलों को गलत ठहराते हुए कहा कि रूस ईरानी जनता की हर संभवमदद करने की कोशिश कर रहा है।

**खामेनेई ने व्लादिमीर पुतिन को लिखा पत्र, रूस से खुलकर समर्थन करने की मांग की**

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने अपने विदेश मंत्री अब्बास अराघची को एक पत्र पुतिन को देने के लिए कहा है, जिसमें खुलकर समर्थन करने की मांग की है। रूस अभी तक जिस तरह से समर्थन कर रहा है वो ईरान को पसंद नहीं आ रहा है। खामेनेई के लिखे पत्र में कहा गया है कि पुतिन इजरायल और अमेरिकी के खिलाफ और ज्यादा खुलकर आगे आएं और समर्थन करें। हालांकि तेहरान किस तरह की सहायता चाहता है ये अभी साफ नहीं हुआ है।

### ईरान ने इजरायल पर लगाई हवाई हमलों की झड़ी

**तेहरान।** इजरायली हवाई हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने सोमवार को इजरायल पर हवाई हमलों की झड़ी लगा दी जिससे दक्षिणी इजरायल में हजारों इजरायलियों को भूमिगत बंकरों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा जबकि एक ईरानी मिसाइल के हमले में बिजली ग्रिड बाधित होने की खबर है। द टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और अधिकांश बुनियादी ढांचा सुरक्षित है लेकिन दक्षिणी इजरायल में बिजली ग्रिड के बाधित होने की सूचना है। इजरायली रक्षा बलों ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि ईरान से 40 मिनट की अवधि में चार श्रृखंलाओं में छह–सात मिसाइलें दागी की गईं। इजरायल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल दक्षिणी इजरायल में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# मुख्यमंत्री पर सीधा हमला करने से बच रहे वरिष्ठ पार्टी नेताओं पर भड़के भूपेश

## पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में उठाया मामला



**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की आज हुई बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं पर सरकार के खिलाफ निष्क्रिय रहने का आरोप लगाते हुए जमकर नाराजगी जाहिर की।

आज राजीव भवन में कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी छत्तीसगढ़ कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जमकर भड़क उठे। उन्होंने राज्य के कुछ बड़े नेताओं की चुप्पी को लेकर अपनी कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। सूत्रों के मुताबिक बघेल ने कहा- मुख्यमंत्री पर सीधा हमले करने से हमारे ही कुछ सीनियर नेता बचते रहते हैं। वे राज्य के मुद्दों और सरकार के खिलाफ सीधा हमला नहीं करते। ऐसे में जनता के बीच हम अपनी मजबूत मौजूदगी कैसे दर्ज कराएंगे?

बघेल ने कहा कि मीडिया में बयान देना हो या फिर सोशल मीडिया पर कुछ लिखना या सड़क पर मुखर होकर उतरना या सदन में घेरना। कुछ नेता ऐसे हैं जो बड़े मौकों पर शांत रह जाते हैं साधारण तरीके से विरोध दर्ज कराते हैं। अगर हमें जनहित के मुद्दों पर लड़ना है, राज्य सरकार के खिलाफ लड़ना है, तो सीधे सरकार को, मुख्यमंत्री को टारगेट करना होगा। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### टीएस सिंहदेव ने भूपेश बघेल के बयान का किया समर्थन

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी भूपेश बघेल के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि पहले मुख्यमंत्री पर सीधे हमला किया जाता था, आज व्यक्तिगत हमला नहीं होता। सत्ता के मुखिया और प्रमुख लोगों पर कोई सवाल नहीं होता है।

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में भारत के प्रथम उद्योग मंत्री, महान शिक्षाविद्, और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

### एयर इंडिया विमान को आपात स्थिति में उतारा गया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा। उन्होंने कहा कि तकनीकी समस्या के कारण मूल विमान के दिल्ली लौटने के बाद हमारी दिल्ली-जम्मू उड़ान को संचालित करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन अस्पताल में भर्ती

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन को सोमवार सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि श्री अच्युतानंदन की स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक है और फिलहाल उनका पट्टम एसयूटी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज चल रहा है।

### भारत-फ्रांस की सेनाएं कर रही ड्रोन-रोधी प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'शक्ति' इस समय फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावेलरी में पूरी गति से जारी है। भारत व फ्रांस यहां अपने अत्याधुनिक हथियारों से कॉम्बैट व गोलाबारी का अभ्यास कर रहे हैं। यहां आधुनिक हवाई खतरों से निपटने के लिए दोनों पक्षों ने मिलकर ड्रोन-रोधी तकनीक पर भी प्रशिक्षण लिया। इस अभ्यास में आक्रामक ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन किया गया है।

# इजराइल–ईरान जंग रोकने का प्रयास करना चाहिए था : खरगे

- हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं, जबकि जंग हो रही है
- ईरान हमारा पुराना दोस्त

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान–इजराइल संघर्ष पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं। जबकि दूसरी तरफ ईरान और इजराइल के बीच जंग हो रही है। हमें इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था। खरगे ने कहा, चाहे आप (मोदी जी) विश्व गुरु हों या घर के गुरु। लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाना, कपड़े और सिर पर छत चाहिए। हम चाहते थे कि वे इन चीजों के लिए प्रयास करें। खरगे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया है क्योंकि देश अपनी ईंधन की जरूरत का 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है।



**विपक्ष के लिए मोदी के मन में सम्मान नहीं**–कर्नाटक के रायचूर में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा– पीएम मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में पीएम गायब रहे। इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए उनके मन में बिल्कुल भी सम्मान नहीं है। खरगे ने कहा, आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी। जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमले किए और आतंकवादियों को खत्म कर दिया। उस वक्त पूरा देश सेना के साथ खड़ा था, लेकिन ऐसे समय में भी कुछ लोग व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे।

**प्रसूता की मौत का मामला**

# स्त्री रोग विशेषज्ञ अंजना निलंबित

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरगांव में प्रसव के बाद महिला मरीज की मौत के मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजना कुमार को निलंबित कर दिया गया है।



जांच में सामने आया कि डिलीवरी के बाद रात के समय किसी भी चिकित्सा अधिकारी की ड्यूटी नहीं थी। डॉ. अंजना कुमार द्वारा मरीज की स्थिति का आवश्यक फॉलोअप नहीं लिया गया और यही लापरवाही के कारण प्रसूता की मौत हुई। निलंबन की अवधि में डॉक्टर अंजना कुमार बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगी। साथ ही उन्हें इस अवधि में नियमानुसार निर्वाहन भत्ता दिया जाएगा। 22 वर्षीय साक्षी निषाद की डिलीवरी बीरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई थी। परिजनों के अनुसार, डिलीवरी के करीब 12 घंटे बाद 10 और 11 जून की दरमियानी रात साक्षी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शहीद आकाश राव गिरिपुंजे के परिजनों से की मुलाकात



**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में शहीद आकाश राव गिरिपुंजे के परिजनों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। शाह ने शहीद के साहस को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य करार दिया। इस अवसर पर शाह ने शहीद के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

**चार राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव के आए परिणाम**

# 'आप' को पंजाब व गुजरात में मिली जीत

- गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में आप जीती
- केरल में यूडीएफ उम्मीदवार आर्यदन शौकत को मिली जीत

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे।

केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे।

पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई।

**मैं राज्यसभा नहीं जा रहा: केजरीवाल**

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।



### 'आप' की जीत से केजरीवाल गदगद, कहा, जनता ने भाजपा और कांग्रेस को नकारा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों करारी हार झेलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा के गढ़ गुजरात में विसावदर विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है। इन दोनों सीट पर मिली जीत से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गदगद हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीट पर जनता ने भाजपा और कांग्रेस को नकार दिया है।

# लालू प्रसाद ने अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन

**पटना,** 23 जून (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर दिया है। लालू यादव राजद कार्यालय पहुंचे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। उनका फिर से राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। राजद के सांगठनिक सत्र 2025–2028 के लिए यह नामांकन किया गया है। लालू के नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मीसा भारती सहित राजद के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राजद पार्टी के गठन के बाद से ही लालू यादव ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू यादव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता लालू यादव के नामांकन को लेकर खुशी जता रहे हैं। वे 12 बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पूरा कर चुके हैं। यह 13वीं बार के लिए उन्होंने नामांकन भरा है। हम सभी लोगों को इसकी खुशी है। लालू यादव के खिलाफ अब तक किसी और ने नामांकन नहीं दाखिल किया है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि वे एक बार फिर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे।



# सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला

- अभय सिंह, राकेश प्रताप व मनोज पांडे पर कार्रवाई
- पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के हैं आरोप

**लखनऊ,** 23 जून (एजेंसिया)। समाजवादी पार्टी (सपा) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में अपने तीन विधायकों को बाहर का रास्ता दिख दिया है। इन विधायकों में गोशाईगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय का नाम शामिल है। पार्टी ने अपने विधायकों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई की जानकारी अपने सोशल मीडिया 'एक्स' हैंडल पर दी है।

इन विधायकों पर आरोप है कि इन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा पार्टी के खिलाफ काम किया था। उस समय पार्टी विधायक होने के बावजूद उन्होंने भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की। हालांकि सपा के पास तीन उम्मीदवारों को राज्यसभा भेजने के लिए पर्याप्त संख्या बल था, लेकिन उसके कम से कम सात विधायकों की क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा सपा को नुकसान हुआ। राज्यसभा चुनाव के बाद से ही भाजपा के साथ घुलते-मिलते, उसके कार्यक्रमों में हिस्सा लेते और सपा की राजनीतिक लाइन से खुद को दूर रखते रहे हैं। अपने निष्कासन के बावजूद तीनों विधायक तकनीकी रूप से विधानसभा रिकॉर्ड में समाजवादी पार्टी के विधायक बने हुए हैं।

**टकराव** — चमलियाल मेले में पाक रेंजर नहीं करेंगे शिरकत

# इस बार भी सीमा पर नहीं बंटेगी शक्कर-शर्बत

- पाकिस्तानी रेंजरों को अभी तक नहीं दिया गया न्यौता

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 23 जून (देशबन्धु)। तीन दिनों के उपरांत अर्थात 26 जून बृहस्पतिवार को रामगढ़ सेक्टर में चमलियाल सीमांत पोस्ट पर आयोजित किए जाने वाले बाबा चमलियाल के मेले में इस बार भी लगातार 8वीं बार दोनों मुल्कों के बीच 'शक्कर' और 'शर्बत' के बंटने की उम्मीद नहीं है।**

*कारण स्पष्ट है। अभी तक पाकिस्तानी रेंजरों को शिरकत करने का न्यौता ही नहीं दिया गया है। यह भी सच है कि बंटवारे के बाद 70 सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए पाकिस्तानी व भारतीय सेनाओं के जवान इस सीमा चौकी पर 'शक्कर' और 'शर्बत' बांट कर उन हजारों लोगों को सुकून पहुंचाते थे, जो चौकी पर स्थित बाबा दीलिप सिंह मन्हास अर्थात बाबा चमलियाल की दरगाह पर माथा टेकने आते थे, लेकिन बावजूद इस आदान-प्रदान के इच्छाएं हमेशा ही बंटी हुई रही हैं। यह इच्छाएं उन पाकिस्तानियों की हैं जो 1947 के बंटवारे के बाद उस ओर चले तो गए लेकिन बचपन की यादें आज भी ताजा हैं। इस बार भी पाक रेंजरों के अड़ियलपन के कारण पाकिस्तानी नागरिकों को बाबा का प्रसाद भी नसीब नहीं होगा।*

***बंटवारे के पहले से लगता रहा मेला***

*भारत-पाक बंटवारे के पहले से ही यह मेला लगता आ रहा है। बंटवारे के बाद 1965, 1971 व 1999 में करगिल युद्ध हुआ। कई बारा दोनों देशों में तनाव हुआ। लेकिन, बाबा चमलियाल के प्रति दोनों देशों के लोगों की आस्था बनी रही। 2002 में दोनों देशों में तनाव के चलते मेला मजार स्थल से दो किमी पीछे गांव दग-छन्नी में लगाया गया। इसमें पाक रेंजर्स अधिकारियों ने शिरकत नहीं की थी। 2018 में भी मेला पारंपरिक रीति से संपन्न नहीं हो पाया था। मेले से छह दिन पूर्व पाकिस्तान की फायरिंग में बीएसएफ के चार जवानों की शहादत के बाद बीएसएफ ने पाक रेंजरों को न्यौता नहीं दिया था, न ही पाकिस्तान से मजार पर चढ़ाने के लिए चादर आई। कोरोना काल में 2020 व 2021 में मेला स्थगित कर दिया गया था। परंपरा को ही निभाया था। सूत्रों के अनुसार इस बार भी पाक रेंजर मेले में शिरकत नहीं करेंगे। न ही पाकिस्तान से बाबा की मजार पर चढ़ाने के लिए चादर आएगी। गांव के पूर्व सरपंच ओम प्रकाश, सन्नी चौधरी, बिल्लू चौधरी ने बताया कि मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभी से रोजाना हजारों श्रद्धालु बाबा के स्थान पर आकर माथा टेक रहे हैं। इस मेले का एक अन्य मुख्य आकर्षण भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा ट्रालियों तथा टैंकरों में भरकर 'शक्कर' तथा 'शर्बत' को पाक जनता के लिए भिजवाना होता है। इस कार्य में दोनों देशों के सुरक्षा बलों के अतिरिक्त दोनों देशों के ट्रैक्टर भी शामिल होते हैं और पाक जनता की मांग के मुताबिक उन्हें प्रसाद की आपूर्ति की जाती रही है जिसके अबकी बार संपन्न होने की कोई उम्मीद नहीं है। यह लगातार 8वीं बार होगा की न ही पाक रेंजर पवित्र चाद्दर को बाबा की दरगाह पर चढ़ाने के लिए लाएंगें, जिसे पाकिस्तानी जनता देती है और न ही वे प्रसाद को स्वीकार करेंगे।*

# देश

**उवाच**



"इंडिया ब्लॉक में सब कुछ ठीक है। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीट बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई है। कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसे आने वाले दिनों में तय कर लिया जाएगा। चुनाव से संबंधित जो भी फैसले लिए जाएंगे, मीडिया को जरूर बताया जाएगा।

-अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस सांसद

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 30.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# वित्तीय निगरानी तंत्र हो समावेशी व लोगों के सरोकारों के प्रति उत्तरदायी : ओम बिरला

- मुंबई स्थित विधान भवन सभागृह में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन
- प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण व जन-केंद्रित शासन के माध्यम से वित्तीय निगरानी को मजबूत करने का किया आह्वान

**नई दिल्ली/मुंबई,** 23 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और जन-केंद्रित शासन के माध्यम से वित्तीय निगरानी को मजबूत करने का आह्वान किया। सार्वजनिक व्यय में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करने में वित्तीय अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि शासन को लोगों की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वित्तीय निगरानी तंत्र न केवल प्रभावी हो बल्कि समावेशी और लोगों के सरोकारों के प्रति उत्तरदायी भी हो। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यय का मूलमंत्र दक्षता, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन है। बिरला ने सोमवार को महाराष्ट्र विधान भवन, मुंबई में संसद और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों की प्राक्कलन समितियों के सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह टिप्पणियां कीं। इस सम्मेलन का आयोजन भारत की संसद की प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा है।

**स्मारिका का किया विमोचन**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक स्मारिका का विमोचन भी किया। वित्तीय अनुशासन, प्रशासनिक दक्षता और प्रणालीगत सुधारों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में इसकी उभरती भूमिका का प्रतिबिंब भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दशकों से, समिति एक महत्वपूर्ण निगरानी तंत्र के रूप में विकसित हुई है जो बजटीय अनुमानों की जांच करती है, कार्यान्वयन का मूल्यांकन करती है और सरकार के कार्यों को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई योग्य सिफारिशें करती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि समिति ने सचिवालय के पुनर्गठन, रेलवे की क्षमता एवं इसकी परिचालन क्षमता, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, गंगा नदी के कायाकल्प आदि सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में अग्रणी योगदान दिया है। उन्होंने इस बात का उल्लेख करते हुई खुशी जताई कि सरकारों ने समिति की 90 से 95 प्रतिशत सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री, देवेन्द्र फडणवीस; महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री, एकनाथ शिंदे और अजित पवार; महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति, राम शिंदे; महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष, राहुल नार्वेकर तथा भारतीय संसद की प्राक्कलन समिति के सभापति, संजय जायसवाल ने इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट जन समूह को संबोधित किया। राज्यसभा के उप-सभापति, हरिवंश तथा महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता, अंबादास दानवे उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे। बिरला ने राज्य विधानमंडलों की प्राक्कलन समितियों के सभापतियों से राज्य स्तर पर वित्तीय जवाबदेही के संरक्षक के रूप में कार्य करने का आह्वान किया।



सार्वजनिक व्यय का मूलमंत्र दक्षता, पारदर्शिता व वित्तीय अनुशासन : ओम बिरला

## संसदीय समितियां वाद-विवाद, चर्चा व जवाबदेही सुनिश्चित करने का मंच : लोस अध्यक्ष

इस बात का उल्लेख करते हुए कि संसदीय समितियां गहन वाद-विवाद, रचनात्मक चर्चा और कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती हैं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि यह समितियां राजनीतिक विचारधाराओं से परे ज्ञानप्रद विचार-विमर्श को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय समितियों का उद्देश्य विरोध करना या आरोप लगाना नहीं है, बल्कि नीतियों और सरकारी कामकाज की जांच करना तथा आम सहमति एवं विशेषज्ञतापूर्ण सिफारिशों के माध्यम से बेहतर शासन में योगदान देना है। उन्होंने संसदीय समितियों के कामकाज में डिजिटल टूल्स, डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का समर्थन किया, ताकि गहन जांच की जा सके और साक्ष्य-आधारित सिफारिशें की जा सकें।

## युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं : जगदंबिका पाल



**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। ईरान-इजराइल में बढ़ रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत में शांति से मुद्दों को सुलझाने की अपील की है। उनकी इस बातचीत पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कहा है कि युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है। जगदंबिका पाल ने सोमवार ईरान-इजराइल के तनाव पर कहा कि पीएम मोदी चाहते हैं कि दोनों देशों में शांति बहाल हो। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भी पीएम मोदी की पहल को दुनिया ने देखा है। उनके नेतृत्व में भारत की विदेश नीति लगातार गुटनिरपेक्षता और संतुलित कूटनीति के रास्ते पर रही है। जब से पीएम मोदी ने नेतृत्व संभाला है, उन्होंने दुनिया भर में शांति की सक्रिय रूप से वकालत की है। युद्ध कभी भी किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं हो सकता है, समाधान सिर्फ शांति से ही होगा।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री भाग लेंगे। राज्यों के मुख्य सचिव और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य शामिल हैं। बैठक का आयोजन गृह मंत्रालय में अंतर-राज्य परिषद सचिवालय और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं। सदस्य राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक इनके सदस्य हैं जिनमें से सदस्य राज्यों से एक राज्य के मुख्यमंत्री (हर साल बारी-बारी से) उपाध्यक्ष होते हैं। प्रत्येक सदस्य राज्य से राज्यपाल द्वारा दो मंत्रियों को परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है। प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है। राज्यों द्वारा प्रस्तावित मुद्दों को पहले संबन्धित क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के समक्ष चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है। स्थायी समिति में विचार के बाद शेष मुद्दों को क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विचार के लिए प्रस्तुत किया जाता है। क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकारी है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ये विभिन्न क्षेत्रों में आपसी समझ और सहयोग के स्वस्थ बंधन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं।



- सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के संग प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री लेंगे भाग

सभी राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रीय परिषदों और इनकी स्थायी समितियों की कुल 61 बैठकें की गई हैं।

## सार संक्षेप

### बिहार की यात्रा पर रहेंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को बिहार की यात्रा पर रहेंगे और मुजफ्फरपुर के एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि होंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ 24 जून को बिहार के मुजफ्फरपुर जाएंगे। इस दौरान वह भगवानपुर स्थित एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। धनखड़ छात्रों और संकाय सदस्यों से बातचीत भी करेंगे।

### बाबा साहब की मूर्ति के खिलाफ साजिश संविधान पर हमला : पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना को लेकर खड़ा किया गया विवाद अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पटवारी ने भोपाल में आयोजित 'संविधान सत्याग्रह' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना को लेकर खड़ा किया गया विवाद यह संविधान विरोधी ताकतों की सुनियोजित साजिश है, जो देश के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं।

### गडकरी ने सरस्वती कराड अस्पताल का किया उद्घाटन

**पुणे।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सेवा को सर्वोच्च गुण बताते हुए इसे समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया है। उन्होंने यहां सरस्वती कराड अस्पताल के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते आम लोगों और गरीब लोगों की खुशियों में इजाफा करने की दिशा में पहल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए दूरदर्शिता बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें सरकार के साथ-साथ अब समाज को भी 'समाज' के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा और संस्कृति के माध्यम से ही गरीबों की सेवा की जानी चाहिए।

### ग्रामीण विकास मंत्री का जनता दरबार आज

**रांची।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह मंगलवार को जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री सिंह अब 24 जून को कांग्रेस भवन में जनता दरबार में जन समस्याओं को सुनेंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर इरफान अंसारी का कांग्रेस भवन में जनता दरबार आयोजित हुआ था।

## मंगल पांडेय के खिलाफ जन सुराज पार्टी के नेताओं ने किया प्रदर्शन

**पटना,** 23 जून (देशबन्धु)। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के खिलाफ जन सुराज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया और उनके आवास का घेराव कर दिया। पटना में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के खिलाफ हल्ला बोलने सड़क पर उतरे जन सुराज के कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए मंत्री के आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती पहले से की गई थी। पुलिस ने जन सुराज के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया। जन सुराज के कार्यकर्ताओं को मंगल पांडेय के आवास के पास से हटाने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ीं। जन सुराज के कार्यकर्ता स्वास्थ्य मंत्री को पद से हटाए जाने की मांग कर रहे थे। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी रेप कांड मामले में पीड़िता की मौत के बाद जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि पीएमसीएच में पीड़िता का सही समय पर इलाज नहीं हुआ जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पीड़िता की मौत के बाद जन सुराज पार्टी ने बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए थे। जन सुराज पार्टी ने बिहार में खराब स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव करने पहुंचे जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, उपाध्यक्ष ललनजी, पूर्व विधायक किशोर कुमार सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ता को पुलिस ने हिरासत में लिया।



- बिहार के स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की

# देश की प्रगति में भागीदार रहा आईसीएमएआई

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने आईसीएमएआई के राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) के राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह में कहा कि आईसीएमएआई देश की प्रगति में भागीदार रहा है क्योंकि यह नीति निर्माताओं, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों को लागत-कुशल रणनीतियां, प्रणालियां और मैनुअल विकसित करने में मूल्यवान सहायता प्रदान करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जलवायु परिवर्तन के संकटों के मद्देनजर लेखाकारों से पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखने पर जोर देते हुए कहा है कि उनकी जिम्मेदारियां वित्तीय लेखांकन से कहीं आगे हैं। मुर्मु ने सोमवार को यहां भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) के राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह में कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है और सतत विकास अब एक नारा नहीं है यह एक जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों में लेखाकारों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बदल गई है। उन्होंने कहा कि वह समय बीत चुका है जब कॉर्पोरेट संगठन केवल लाभ के उद्देश्य से काम करते थे। अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। और यहीं पर सीएमए अपने कौशल के साथ ग्रह के भविष्य में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि उनकी जिम्मेदारियां वित्तीय लेखांकन से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उन्होंने कहा कि लागत लेखाकार के रूप में वह 2047 तक देश के विकास में योगदान देने के लिए अद्वितीय स्थिति में हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईसीएमएआई द्वारा दी जाने वाली शिक्षा उन्हें न केवल सफल पेशेवर बनने में सक्षम बनाएगी, बल्कि राष्ट्र-निर्माता भी बनाएगी।



जलवायु परिवर्तन के संकट को देखते हुए पर्यावरणीय लागतों पर भी ध्यान दें लेखाकार : मुर्मु

## राष्ट्रपति ने लेखाकारों के महत्व का किया उल्लेख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लेखाकारों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि लेखांकन और जवाबदेही गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम जवाबदेही को महत्व देते हैं, इसलिए हम लेखांकन को विशेष महत्व देते हैं। भारतीय लागत लेखाकार संस्थान आधुनिक समय में इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ा रहा है। देश में लागत और प्रबंधन लेखाकारों के पेशे के नियमन तथा विकास के लिए आईसीएमएआई की स्थापना 1944 में की गई थी। यह संस्थान स्वतंत्रता के बाद भारत के आर्थिक परिवर्तन की गाथा का गवाह होने के साथ साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## जगन रेड्डी ने की नायडू की आलोचना

**विजयवाड़ा,** 23 जून (एजेंसियां)। आन्ध प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर राज्य की राजनीति के स्तर को गिराने का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी हालिया रेंटापल्ला यात्रा पर जानबूझकर रोक लगाई गई थी। उन्होंने पूछा कि विपक्षी नेताओं को अपने समर्थकों से मिलने या किसानों व नागरिकों के साथ एकजुटता दिखाने से क्यों रोका जा रहा है। जब वह सत्ता में थे तब मुख्यमंत्री चंद्रबाबू या पवन कल्याण को ऐसी रोक का सामना नहीं करना पड़ा। रेड्डी ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया और कहा कि इससे सिर्फ लोकतंत्र को ही नहीं, बल्कि बुनियादी शालीनता को भी खतरा है।

# मेरी जान को खतरा : तेज प्रताप



- अपनी सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**पटना,** 23 जून (देशबन्धु)। बिहार की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनकी जान को खतरा है।

दरअसल, सोमवार सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अध्यक्ष पद के लिए अपने परिवार के साथ औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया। इसके बाद राजनीति में हलचल था। इस बीच मीडिया के सामने आकर तेज प्रताप यादव ने अपने दर्द को बयां किया है। तेज प्रताप यादव ने साफ शब्दों में कहा कि अभी मैं असुरक्षित महसूस कर रहा हूं। राजद के अंदरूनी कलह पिछले कुछ वर्षों से सुर्खियों में रही है। तेज प्रताप यादव ने कई बार सार्वजनिक मंचों से अपनी नाराजगी और असहमति व्यक्त की है। उन्होंने खुद को दरकिनार किए जाने का आरोप भी लगाया है। पार्टी से निलंबन के बाद यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि तेज प्रताप का यह बयान आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजद की रणनीति और आंतरिक एकता पर सवाल खड़े कर सकता है।

### सरकार से की सुरक्षा की मांग

पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए क्योंकि मेरी जान को खतरा है। हमारा स्टैंड बिल्कुल क्लियर है, हम अपने स्टैंड से पीछे नहीं हटेंगे। जो लोग भी चार-पांच मिलकर मेरे जीवन को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं, चाहे उन्होंने मेरे निजी जीवन को उजागर करने की कोशिश की हो, उन लोगों को मैं नहीं छोड़ूंगा। वहीं, उन्होंने अपने पिता के लिए कहा कि पिता जी को मेरी शुभकामनाएं। उनको मेरी भी आयु लगे। उनका भविष्य उज्ज्वल हो। तेजस्वी आगे बढ़े, बिहार के मुख्यमंत्री बनें, ये मेरा आशीर्वाद है।

## ईडी के समन राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित : डी के सुरेश

**बेंगलुरु,** 23 जून (एजेंसियां)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद डीके सुरेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि ऐश्वर्या गौड़ा से जुड़े सोने की धोखाधड़ी के मामले में उन्हें तलब करने लिए प्रवर्तन निदेशालय की और से जारी नोटिस राजनीति से प्रेरित है। ईडी कार्यालय में पेश होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में सुरेश ने कहा उनका आरोपी से कोई वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध नहीं है लेकिन वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और अपने वकील के माध्यम से जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो दस्तावेज मांगे हैं उनमें से कुछ मेरे लिए अप्रासंगिक हैं। मैं यह समझने में असफल हूं कि जब मेरा इस मामले से कोई संबंध नहीं है तो ऐसा नोटिस क्यों जारी किया गया। ऐश्वर्या गौड़ा सोने की धोखाधड़ी के एक मामले में मुख्य आरोपी हैं जिसके साथ उनके संबंध होने की गलत बात फैलाई गयी है। किसी ने उसे मेरी बहन बता दिया। लेकिन मैने खुद उसके खिलाफ दूसरों के साथ धोखाधड़ी करने के मामलों में पुलिस उपायुक्त के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

# गुजरात में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट

**बनासकांठा,** 23 जून (एजेंसियां)। गुजरात के कई जिलों में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही मौसम विभाग ने बारिश के चलते मछुआरों को अगले पांच दिनों तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है। वहीं, लोगों से सावधान रहने की भी अपील की गई है। मौसम विभाग के डॉ. अशोक कुमार दास ने बताया कि पूर्वानुमान के मुताबिक, गुजरात रीजन और सौराष्ट्र के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इन क्षेत्रों में अगले सात दिनों में मध्यम से भारी बारिश की उम्मीद है। गुजरात रीजन और सौराष्ट्र के कई क्षेत्रों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम और कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है। जिन क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उनमें दाहोद, वडोदरा, छोटा उदेपुर, पंचमहल, नर्मदा, सूरत, नवसारी, वलसाड और दादरा नगर हवेली शामिल हैं। सौराष्ट्र क्षेत्र के जूनागढ़, अमरेली, भावनगर और गिर सोमनाथ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, सौराष्ट्र-कच्छ के सुरेंद्रनगर, राजकोट और पोरबंदर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां भारी बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि गुजरात रीजन के गांधीनगर, अरावली, खेड़ा, अहमदाबाद, आणंद, पंचमहल, दाहोद और वडोदरा समेत कई जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।



- गांधीनगर से वडोदरा तक जमकर बरसेंगे मेघ

**चुनौती** — अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में अंतरराष्ट्रीय सीमा का हीरानगर सेक्टर चुनौतीपूर्ण

# बार्डर से लेकर नेशनल हाईवे तक भारी सुरक्षा बल तैनात

**जम्मू, 23 जून (देशबन्धु)। सुरक्षाधिकारियों ने इसे स्वीकार किया है कि कई आतंकी हमलों और कई घुसपैठों का साक्षी रहा जम्मू संभाग के इंटरनेशनल बार्डर का हीरानगर सेक्टर इस बार अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती साबित हो सकता है। दरअसल हीरानगर सेक्टर से गुजरने वाला नेशनल हाईवे इंटरनेशनल बार्डर से कुछ ही किमी की दूरी पर है। यही कारण था की हीरानगर सेक्टर की संवेदनशीलता को देखते हुए।**

सीमावर्ती इलाकों में भी चौकसी बढ़ा दी गई है। बार्डर से लगते गांवों से लेकर हाईवे तक हर गली, हर मोड़, हर मार्ग की कड़ी निगरानी की जा रही है। सुरक्षाबलों द्वारा पैदल गश्त भी बढ़ा दी गई है और स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।

इसे भूला नहीं जा सकता कि इस बार की अमरनाथ यात्रा सुरक्षा के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। प्रशासन ने हर स्थिति से निपटने की रणनीति तैयार कर ली है। ड्रोन की मदद से संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। हीरानगर सेक्टर के कुछ हिस्सों में हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो सीधे कंट्रोल रूम को फीड भेज रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सेना भी हीरानगर के बार्डर क्षेत्रों में हाई अलर्ट पर है। अधिकारियों ने बताया कि इंटरनेशनल बार्डर से लगे हुए मार्गों पर स्पेशल चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित घुसपैठ या आतंकी गतिविधि को पहले ही रोका जा सके। सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है और फील्ड अफसरों को नियमित रूप से ब्रीफिंग दी जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि अमरनाथ यात्रा आस्था का महापर्व है और इसमें किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



- संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन की मदद से की जा रही निगरानी

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हीरानगर सेक्टर में हर मोर्चे पर सतर्कता बरती जा रही है ताकि बाबा बर्फानी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालु निश्चिंत होकर अपनी यात्रा पूरी कर सकें। इस बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा कर अमरनाथ यात्रा के लिए की जा रही सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कश्मीर क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बलों और अधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था और हालात की जानकारी ली। उनकी चर्चा और चिंता का विषय भी इस बार अमरनाथ यात्रा ही थी। भारतीय सेना के अनुसार, जनरल द्विवेदी को मौजूदा आपरेशनल स्थिति और रणनीतिक पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यह भी दिखाया गया कि सेना किस तरह आधुनिक तकनीकों को अपने अभियानों में शामिल कर रही है, जिससे सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था और बेहतर हो रही है। सेना प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पूरी सुरक्षा दी जाए और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारियां पूरी रहें। अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। पिछले साल करीब 4.5 लाख तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए थे।

# दुनिया रंग-बिरंगी



### 'द ट्रेटर्स' पहला ऐसा शो, जहां एलिमिनेट होना भी गर्व की बात : रफ्तार

**मुंबई।** प्राइम वीडियो के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे हफ्ते में अभिनेता आशीष विद्यार्थी, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा और रफ्तार शो से बाहर हो गए हैं। बाहर हुए एक्टर्स का मानना है कि इस शो में कई खूबियां हैं। 'द ट्रेटर्स' से बाहर हुए रैपर रफ्तार का मानना है कि यह पहला ऐसा शो है, जहां एलिमिनेट होना भी गर्व की बात है। एक्टर्स का मानना है कि इस शो की यह खासियत है कि इसमें हारना भी गर्व की बात मानी जा रही है। यह शो दिमागी खेल और रणनीति पर आधारित है, जहां कंटेस्टेंट को 'ट्रेटर्स' (गद्दार) और 'फेथफुल्स' (वफादार) में बांटा जाता है। महीप कपूर ने शो को मानसिक और शारीरिक रूप से थकाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि टीवी पर बैठकर यह कहना आसान है कि ट्रेटर्स कौन हैं, लेकिन खेल के अंदर यह समझना मुश्किल है।

रिसाइकल प्लॉस्टिक को लेकर वैज्ञानिकों की चेतावनी

## रिसाइकल प्लॉस्टिक से हॉर्मोन सिस्टम और मेटाबॉलिज्म को नुकसान

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। हम रोजमर्रा के जीवन में कई बार रिसाइकल प्लॉस्टिक का यूज करते हैं, लेकिन इसका यूज करना हमारे लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। एक नई रिसर्च में चेतावनी दी गई है कि रिसाइकल किए गए प्लॉस्टिक के एक छोटे से प्लेट में भी 80 से अधिक रासायनिक तत्व मौजूद हो सकते हैं, जो पानी में घुलकर जीवों के हॉर्मोन सिस्टम और वसा चयापचय (लिपिड मेटाबॉलिज्म) पर गंभीर असर डाल सकते हैं।

प्लॉस्टिक प्रदूषण का संकट अब वैश्विक स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे मानव और पर्यावरणीय स्वास्थ्य दोनों को खतरा है। इस संकट का समाधान अक्सर 'प्लॉस्टिक रीसाइक्लिंग' को बताया जाता है, लेकिन इस अध्ययन से साबित होता है कि यह उपाय भी बिना जोखिम के नहीं है। स्वीडन की यूनिवर्सिटी ऑफ गोथेनबर्ग और जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ लाइपज़िग के वैज्ञानिकों ने जर्नल ऑफ हैजर्डस मटेरियल्स में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया कि उन्होंने दुनिया के विभिन्न हिस्सों से रिसाइकल किए गए पॉलीइथिलीन प्लॉस्टिक के पेलेट खरीदे और उन्हें 48 घंटे तक पानी



- प्लॉस्टिक के एक छोटे से प्लेट में भी 80 से अधिक रासायनिक तत्व मौजूद
- प्लॉस्टिक प्रदूषण का अब वैश्विक स्तर पर पहुंच चुका है संकट
- मछलियों के शरीर में वसा के निर्माण, हॉर्मोन नियंत्रण की सक्रियता में बदलाव

में डुबोकर रखा। इसके बाद उस पानी में जेब्राफिश के लार्वा (लार्वा स्टेज) को पांच दिन तक रखा गया। शोध के अनुसार, मछलियों के शरीर में वसा के निर्माण, हॉर्मोन नियंत्रण और मेटाबॉलिज्म से जुड़े जीन की सक्रियता में बदलाव पाया गया।

अध्ययन की प्रमुख लेखक और यूनिवर्सिटी ऑफ गोथेनबर्ग में ईकोटॉक्सिकोलॉजी की शोधकर्ता अजोरा कोनिग कार्डगर ने कहा कि इतनी कम अवधि के संपर्क में ही जीवों के भीतर इतनी गहरी जैविक प्रतिक्रियाएं देखना यह दर्शाता है कि प्लॉस्टिक में मौजूद रसायन जीवों के स्वास्थ्य के लिए कितना बड़ा खतरा हो सकते हैं। पहले के शोधों से यह भी सामने आया है कि प्लॉस्टिक में मौजूद हानिकारक रसायन इंसानों पर भी असर डालते हैं। जैसे प्रजनन स्वास्थ्य में गिरावट, मोटापा, मधुमेह और कैंसर तक का खतरा। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि प्लास्टिक रीसाइक्लिंग में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हमें यह कभी पूरी तरह से पता नहीं होता कि उसमें कौन-कौन से रसायन मौजूद हैं। प्लॉस्टिक में विभिन्न रसायनों के मिलने से आपसी रासायनिक क्रियाएं हो सकती हैं, जो उस सामग्री को अधिक विषैला बना देती हैं।

## इलायची स्वाद और सुगंध के साथ सेहत का खजाना

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। शरीर हो या मन हर समस्या का समाधान भारतीय रसोई में मौजूद है। कभी लौंग के रूप में तो कभी सौंफ या अन्य मसालों के रूप में। ऐसे में बात 'मसालों की रानी' की हो तो इसे कैसे इग्नोर किया जा सकता है। जी हां! बात हो रही है इलायची की, जो न केवल स्वाद और सुगंध को बढ़ाती है बल्कि सेहत के लिए भी वरदान है।

इलायची में कई समस्याओं का समाधान छिपा है। साइंटिफिक और मेडिकल रिसर्च प्रकाशित करने वाली वेबसाइट 'साइंस डायरेक्ट' के अनुसार, प्राचीन भारतीय आयुर्वेद, यूनानी और रोमन चिकित्सा में चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से इसका उपयोग सांस की बीमारियों ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, कब्ज, सर्दी-खांसी, दांत-मसूड़ों के रोग, किडनी से संबंधित समस्याओं, फेफड़ों में जकड़न से संबंधित या टीबी, आंखों की जलन समेत अन्य समस्याओं के इलाज में होता रहा है।

आयुर्वेद में इलायची को त्रिदोषनाशक

- अस्थमा, कब्ज, सर्दी-खांसी, दांत-मसूड़ों की समस्याओं में लाभकारी
- सौंफ-गुड़ के साथ इलायची का सेवन पीरियड्स की तकलीफ में राहत

माना जाता है, जो वात, पित्त और कफ को संतुलित करती है। यह पाचन शक्ति को मजबूत करने के साथ मन को शांत करती है और हृदय के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इसका वैज्ञानिक नाम एलेटेरिया कार्डमम है, जिसमें विटामिन सी, मैग्नीशियम, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह माउथ फ्रेशनर भी है।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि भोजन के बाद एक इलायची चबाने या इसके पाउडर को सेंधा नमक, मिश्री के साथ लेने से वात, अपच और एसिडिटी में राहत मिलती है। रोज सुबह इलायची चबाने या इसके पानी से कुल्ला करने से मुंह की बदबू और संक्रमण कम होती है। यही नहीं, गर्म दूध में इलायची पाउडर मिलाकर पीने से मानसिक तनाव कम हो सकता है और नींद में भी सुधार होता है। प्रतिदिन सुबह खाली पेट एक इलायची पानी के साथ लेने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है। गुनगुने पानी में इलायची पाउडर मिलाकर पीने से ब्लड शुगर नियंत्रित होता है।



## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अपनाएं हल्दी

*__नई दिल्ली,__ 23 जून (एजेंसियां)। आजकल की भाग-दौड़ वाली जिंदगी में सेहत को नजरअंदाज करना बेहद आम बात हो गई है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता दिन प्रतिदिन घटती जा रही है, जिससे शरीर बीमारियों का घर बनता जा रहा है। रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ाने में आयुर्वेदिक उपाय सक्षम हैं, क्योंकि आयुर्वेद न सिर्फ शरीर को रोगों से बचाता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। आयुष मंत्रालय ने कुछ सामान्य उपायों के जरिए सेहतमंद रहने का गुर सिखाया है। इसमें बताया है कि पूरे दिन शरीर के लिए पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी न सिर्फ प्यास बुझाता है, बल्कि शरीर से विषैले तत्व भी बाहर निकालता है। यह पाचन को बेहतर करता है, त्वचा को साफ रखता है और ऊर्जा बनाए रखता है। दिनभर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और आप स्वस्थ महसूस करें। हर दिन कम से कम 30 मिनट योग, प्राणायाम और ध्यान करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे शरीर मजबूत बनता है, मन शांत रहता है और तनाव भी*



*कम होता है। योग से लचीलापन बढ़ता है, प्राणायाम से सांसों का नियंत्रण बेहतर होता है और ध्यान से एकाग्रता बढ़ती है। यह सब मिलकर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। खाने में हल्दी, जीरा, धनिया और लहसुन जैसे मसालों का इस्तेमाल करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये मसाले न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि शरीर की रोगों से लड़ने की ताकत भी बढ़ाते हैं। हल्दी में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं और लहसुन इम्युनिटी मजबूत करने में मदद करता है। आयुर्वेदिक उपायों में आयुष मंत्रालय की सलाह है कि हर सुबह एक चम्मच च्यवनप्राश जरूर लें, लेकिन अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो शुगर-फ्री वाला विकल्प चुनना न भूलें। दिन में एक-दो बार तुलसी, दालचीनी, काली मिर्च, सूखी अदरक और मुनक्का वाला हर्बल काढ़ा बनाएं, और चाहें तो उसमें थोड़ा सा गुड़ या नींबू का रस डालकर स्वाद भी बढ़ा सकते हैं। रात को सोने से पहले हल्दी वाला गर्म दूध पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह शरीर को आराम देता है, नींद को बेहतर बनाता है और अंदरूनी ताकत बढ़ाता है।*

*कुछ और आसान देसी उपाय भी हैं, जैसे हर सुबह-शाम तिल या नारियल के तेल या घी की कुछ बूंदें नाक के दोनों छिद्रों में डालनी चाहिए। इससे नाक की सफाई होती है और सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं से बचाव होता है।*

## 'द लेडी सुपरस्टार' विजयशांति : जब एक एक्ट्रेस बनीं लाखों दिलों की 'लेडी अमिताभ'

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में 'द लेडी सुपरस्टार' जैसा खिताब किसी भी एक्ट्रेस को आसानी से नहीं मिलता। यह वह मुकाम है जिसे पाने के लिए न केवल हुनर चाहिए बल्कि पुरानी धारणाओं को तोड़ने के लिए हिम्मत, दमखम और एक अलग ही व्यक्तित्व की जरूरत होती है, लेकिन यह खिताब अपनी कड़ी मेहनत से एक्ट्रेस विजयशांति ने अपने नाम किया। उन्हें 'द लेडी सुपरस्टार' के साथ-साथ 'लेडी अमिताभ' के नाम से भी जाना जाता है। जिस तरह बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, उनके किरदार लोगों के बीच लोकप्रिय हो जाते हैं, ठीक वैसे ही विजयशांति ने भी अपनी दमदार अदाकारी, जबरदस्त एक्शन और परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई।



80 के दशक में जब फिल्मी दुनिया में महिला कलाकारों को अक्सर सपोर्टिंग रोल या रोमांटिक किरदारों तक सीमित समझा जाता था, तब विजयशांति ने अपने मजबूत किरदारों के दम पर साबित कर दिया कि एक्ट्रेस सिर्फ कहानी को चमकाने के लिए नहीं होती, बल्कि वह कहानी में जान फूंकने का भी काम कर सकती हैं।

उस दौर में दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक्शन हीरो अक्सर पुरुष ही होते थे, लेकिन पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए विजयशांति ने अपनी फिल्मों में 'सुपर कोप' का रोल निभाकर साबित कर दिया कि महिलाएं भी किसी से कम नहीं। 1990 में रिलीज हुई 'कर्तव्यम' में उन्होंने पुलिस ऑफिसर का रोल निभाया, जो निडर होकर अपराधियों से लोहा लेती हैं। यह किरदार दर्शकों को इतना पसंद आया कि इसे आज भी याद किया जाता है। इस किरदार के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

विजयशांति ने अपने करियर की शुरुआत 14 साल की उम्र में की। उनके अंदर के जुनून ने उन्हें कम उम्र में ही बड़ी सफलताएं दिलाई। उन्होंने 1980 में तमिल फिल्म 'कल्लुकूल इरम' से अपना अभिनय सफर शुरू किया। इसी साल उन्होंने फिल्म 'खिलाड़ी कृष्णाडू' से तेलुगु फिल्मों में भी डेब्यू किया।

## पुराने जमाने में तकनीक नहीं थी, फिर भी रिश्ते मजबूत थे : पंकज त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने पुराने जमाने के प्यार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि पहले का प्यार सीधा-सादा, धैर्य से भरा और भरोसे पर टिका होता था। उन्होंने अपनी यादों को ताजा करते हुए बताया कि जब वह और उनकी पत्नी मृदुला एक-दूसरे से बात करते थे, तब मोबाइल नहीं हुआ करते थे। वह हर दिन कैंटीन में बैठ लैंडलाइन फोन पर मृदुला के फोन का इंतजार करते थे। उस समय का प्यार इंतजार और भरोसे से चलता था और सच्चा होता था।



जब पंकज त्रिपाठी से पूछा गया कि एक सफल शादी और रिश्ते की कुंजी क्या है, तो उन्होंने बताया कि हमारे समय में ज्यादा तकनीक नहीं थी। हमारे पास मोबाइल फोन नहीं होते थे। हर किसी के हाथ में तकनीक नहीं थी। जब हम घर से बाहर निकलते थे, तो हमारे लिए तकनीक बस यही होती थी कि हम पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बैठते थे। उन्होंने कहा कि उस समय तकनीक का मतलब ऐसी चीजों से था जिन पर हम चढ़कर सफर करते थे, जैसे ट्रेन, बस, टेंपो, ऑटो या बाइक।

पंकज त्रिपाठी ने कहा कि हमारे हाथ में मोबाइल नहीं हुआ करता था। उस समय सिर्फ लैंडलाइन फोन होता था। फिर जब मोबाइल आया, तो उसके साथ बहुत सारी चीजें भी आ गईं। हां, मोबाइल के साथ सोशल मीडिया, पेमेंट ऐप्स और बाकी सारे ऐप्स भी आ गए। अब तो हमारी जिंदगी में 24 घंटे टेक्नोलॉजी शामिल है। पहले ऐसा नहीं था। उन्होंने अपनी जवानी के दिन याद करते हुए बताया कि वह हर दिन लैंडलाइन फोन पर अपनी होने वाली पत्नी मृदुला के फोन का इंतजार करते थे।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे याद है जब मैं हॉस्टल में रहता था। रात 8 बजे मृदुला का फोन आता था, कैंटीन के लैंडलाइन पर। पूरा दिन सिर्फ उसी एक कॉल का इंतजार करते हुए निकल जाता था।

पंकज ने कहा कि उस समय न तो कोई रिंगटोन होती थी, न ही कॉलर आईडी जिससे पता चले कि कॉल हमारे लिए है। इसलिए हम पूरे दिन बस यही उम्मीद करते थे कि रात 8 बजे फोन जरूर आएगा। अब लोग पूरा दिन यह देखने में लगा देते हैं कि सामने वाला कहां है, उसकी लोकेशन क्या है। अभिनेता ने कहा कि इसी तरह मन में शक बनना शुरू हो जाता है। अब तकनीक की वजह से हम किसी की लोकेशन देख सकते हैं कि वो कहां है।

## छत्तीसगढ़ में पहली बार सजा रेड कार्पेट फैशन फेस्टिवल

**रायपुर,** 23 जून (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पहली बार एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने यहां के फैशन प्रेमियों का दिल जीत लिया। शिवनाथ नदी के किनारे स्थित पृथ्वी पैलेस में हाल ही में एक फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसे 'रेड कार्पेट फैशन फेस्टिवल' नाम दिया गया। इस तरह का आयोजन पूरे राज्य के लिए अपने-आप में एक नया और ऐतिहासिक कदम था। आमतौर पर रेड कार्पेट जैसे शो हम फ्रांस के कांस फिल्म फेस्टिवल या बड़े इंटरनेशनल इवेंट्स में ही देखते हैं, लेकिन इस बार इसी तरह का माहौल छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। यह सिर्फ एक फैशन शो नहीं था, बल्कि यहां के स्थानीय टैलेंट के लिए एक बड़ा मंच भी था, जहां डिजाइनर्स, मॉडल्स और मेकअप आर्टिस्ट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला।

इस फैशन फेस्टिवल में फिनीस इंस्टीट्यूट की अहम भूमिका रही। संस्थान की डायरेक्टर शिखा साहू ने बताया कि यह आयोजन उनके पांच साल के सपनों और मेहनत का नतीजा है, जो अब जाकर पूरा हो रहा है। उनका सपना है कि छत्तीसगढ़ को फैशन की दुनिया में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले और स्थानीय टैलेंट नया मुकाम हासिल करे। फैशन शो में न सिर्फ प्रोफेशनल मॉडल्स बल्कि बच्चों और महिलाओं को भी शामिल किया गया है। 'मिस' और 'मिसेज छत्तीसगढ़' के साथ कुल 55 प्रतिभागियों ने रैंप वॉक किया। इन सभी को अलग-अलग फैशन डिजाइनर्स और मेकअप आर्टिस्ट्स ने तैयार किया। शिखा साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में टैलेंट और कला की कोई कमी नहीं है, कमी थी तो सिर्फ एक मंच की, जो अब रेड कार्पेट फैशन फेस्टिवल के जरिए मिल रहा है। इस फैशन शो में कोरबा, कवर्धा, कांकेर,



- स्थानीय टैलेंट को मिला नया मंच
- 'मिस' और 'मिसेज छत्तीसगढ़' के साथ कुल 55 प्रतिभागियों ने रैंप वॉक किया

जगदलपुर, रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर जैसे कई जिलों से प्रतिभागी आए, जिनमें डिजाइनर्स, मेकअप आर्टिस्ट्स और मॉडल्स शामिल हैं। उनका उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ को भी एक दिन कांस फिल्म फेस्टिवल जैसी पहचान मिले। शिखा ने कहा कि यह सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि डिजाइनर्स और आर्टिस्ट्स को हाइलाइट करने का एक मंच है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने और रोजगार के अवसर मिलेंगे। शो के मुख्य अतिथि के तौर पर दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव कार्यक्रम में शामिल हुए।

वहीं, इस कार्यक्रम की ग्लैमर और रौनक तब और बढ़ गई जब बॉलीवुड एक्ट्रेस अमृता प्रकाश भी इसमें शामिल हुईं। उन्होंने न सिर्फ अपनी मौजूदगी से शो को खास बनाया, बल्कि यह भी बताया कि उनके पापा रायपुर से हैं और दुर्ग में पढ़े हैं, जिससे उनका इस जगह से भावनात्मक जुड़ाव भी है।

## 'फ्रेजाइल एक्स' पर बनी शॉर्ट फिल्म को अंतरराष्ट्रीय पहचान

**मुंबई,** 23 जून (एजेंसियां)। अभिनेता रजनीश दुग्गल की शॉर्ट फिल्म 'फ्रेजाइल' इटली के प्रतिष्ठित 'अमीकोर्टी अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' में दिखाई गई। इस पर अभिनेता ने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी बात है, क्योंकि फिल्म फेस्टिवल में चुनिंदा और खास फिल्में ही दिखाई जाती हैं। रजनीश दुग्गल ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी और गर्व है कि उनकी फिल्म को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। यह फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है और इसे बनाना उनके लिए एक शानदार और रचनात्मक अनुभव रहा। '1920' फिल्म में काम कर चुके अभिनेता रजनीश दुग्गल ने अपनी फिल्म के बारे में कहा कि मेरी शॉर्ट फिल्म को अमीकोर्टी अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' की ओपनिंग नाइट में दिखाया जा रहा है। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। यह फेस्टिवल शॉर्ट और इंडी फिल्मों को बढ़ावा देता है। इस वजह से फिल्म का इसमें शामिल होना मुझे गर्व महसूस करा रहा है। रजनीश ने कहा कि जब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू किया, तो मुझे पता था कि मेरी पहली शॉर्ट फिल्म समाज के लिए कुछ अच्छा करने के मकसद से होगी। मैं 2019 से फ्रेजाइल एक्स सोसाइटी ऑफ इंडिया से जुड़ा हुआ हूं। जब मुझे पता चला कि सिर्फ 2-3 फीसदी लोग ही इस बारे में जानते हैं, तो मुझे झटका लगा। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी स्थिति है जिसके साथ बच्चा पैदा होता है। यह वंशानुगत है, यानी परिवार से आगे बढ़ती है।

- इटली के फिल्म फेस्टिवल में हुई स्क्रीनिंग

## अंतरराष्ट्रीय परी दिवस : जादू और कल्पना संग बचपन को संजोने वाली परियों का दिन

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। परियां, जो बचपन की साथी रही हैं और उनकी आकर्षक कहानियां हर बचपन और नन्हे-मुन्नों के आकर्षण का केंद्र रहा है। शायद ही कोई बच्चा हो, जिसे उसकी दादी-नानी ने परी की कहानी न सुनाई हो। मैजिक और कल्पना के साथ इन्होंने बचपन को संजोने का काम किया। हर साल 24 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय परी दिवस मनाया जाता है। यह दिन परियों, इनकी पौराणिक जादुई कहानियों और उनकी कल्पनाशील दुनिया को समर्पित है।

परियां न केवल बच्चों की कहानियों का हिस्सा हैं, बल्कि वह कई संस्कृतियों, साहित्य और फिल्मों का भी हिस्सा रही हैं। यह दिन हमें बचपन की उन कल्पनाओं को फिर से जीने का मौका देता है, जहां जादू और आश्चर्य हर कोने में बिखरे हैं।

जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय परी दिवस की शुरुआत का श्रेय फैंटेसी कलाकार जेसिका गाल्ब्रेथ को दिया जाता है। उन्होंने परियों और अन्य पौराणिक प्राणियों की कला के माध्यम से इस दिन को लोकप्रिय बनाया। लोककथाओं में माना जाता है कि परियां मानव दुनिया में सक्रिय होती हैं और दुनिया को और भी खूबसूरत बनाने में अपना योगदान देती हैं।

परियों की अवधारणा प्राचीन काल से चली आ



रही है। यूरोपीय लोककथाओं में परियां प्रकृति के साथ जुड़ी रहती थीं और कभी मददगार, तो कभी शरारती मानी जाती थीं। प्राचीन भारत में गंधर्व और अप्सराएं जैसी पौराणिक हस्तियां परियों से मिलती-जुलती थीं, जो जादुई शक्तियों और सुंदरता के लिए जानी जाती थीं। ग्रीक, रोमन और सेल्टिक संस्कृतियों में भी परियों का उल्लेख मिलता है। समय के साथ, परियां बच्चों की कहानियों और आधुनिक सिनेमा का न केवल हिस्सा बन गईं बल्कि उनकी पसंद भी बन गईं।

परियां विश्व की कई संस्कृतियों में अलग-अलग

- उर्वशी व मेनका जैसी अप्सराएं अपनी सुंदरता और जादुई शक्तियों के लिए प्रसिद्ध
- लोककथाओं और सिनेमा में जादुई प्राणियों की कमी नहीं

रूपों में मौजूद हैं। भारत में 'परी' शब्द यूरोपीय प्रभाव से आया, लेकिन हिंदू पौराणिक कथाओं में अप्सराएं, यक्षिणियां और देवियां परियों जैसी भूमिका निभाती थीं। उदाहरण के लिए, उर्वशी और मेनका जैसी अप्सराएं अपनी सुंदरता और जादुई शक्तियों के लिए प्रसिद्ध थीं।

साहित्य के पन्नों को पलटें तो विलियम शेक्सपियर की 'ए मिडसमर नाइट्स ड्रीम' और जे.एम. बैरी की 'पीटर पैन' ने परियों को आधुनिक रूप दिया। डिज्नी की 'टिंकर बेल' आज की पीढ़ी के लिए परियों का प्रतीक बन चुकी है।

अंतरराष्ट्रीय परी दिवस हमें याद दिलाता है कि जादू और कल्पना हमारे जीवन का हिस्सा हैं। भारत में, भले ही परियां पश्चिमी अवधारणा से आई हों, लेकिन हमारी लोककथाओं और सिनेमा में जादुई प्राणियों की कमी नहीं है। परियों को पर्दे पर उतारने में भातीय सिनेमा भी पीछे नहीं है। परियां सीधे तौर पर कम दिखाई देती हैं, लेकिन जादुई और अलौकिक किरदारों के रूप में उनकी मौजूदगी स्पष्ट है। भारतीय फिल्में अक्सर पौराणिक कथाओं, लोककथाओं और फैंटेसी से प्रेरित होती हैं, जहां परियों जैसे किरदार कहानियों को जादुई बनाते हैं। 'फेयरी फोक' साल 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं। यह एक आधुनिक फैंटेसी ड्रामा है, जो मानवीय रिश्तों की मुश्किलों को जादुई यथार्थवाद के साथ प्रस्तुत करती है। इसे सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहा गया। समीक्षकों ने इसे 'पहले कभी न देखा गया' अनुभव बताया था।

'परी' साल 2018 में रिलीज हुई थी। अनुष्का शर्मा स्टारर हॉरर-ड्रामा एक ऐसी महिला की कहानी है, जो एक रहस्यमयी प्राणी से जुड़ जाती है। हालांकि, यह पारंपरिक परियों की कहानी नहीं है, लेकिन 'परी' नाम और जादुई तत्व इसे अंतरराष्ट्रीय परी दिवस के संदर्भ में प्रासंगिक बनाते हैं।

1991 में 'लाल परी' फिल्म आई थी। हनीफ चिप्पा के निर्देशन में बनी फैंटेसी रोमांटिक फिल्म की कहानी एक जलपरी पर आधारित है, जिससे फिल्म के नायक को प्यार हो जाता है।

## एक्टिंग दोहराव और अभ्यास पर टिकी है : विनय पाठक

**मुंबई,** 23 जून (एजेंसियां)। मशहूर अभिनेता विनय पाठक का मानना है कि एक्टिंग की कला दोहराव और अभ्यास पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि अभ्यास किसी किरदार को जीवंत करने में अहम भूमिका निभाते हैं और यह कई बार रिसर्च से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो सकता है। विनय ने बताया कि हर अभिनेता के काम करने का अपना अंदाज, अपनी कार्यशैली होती है, लेकिन अभ्यास सभी के लिए जरूरी है।



उन्होंने कहा कि जब हम पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, तो दिमाग में किरदार की एक रूपरेखा बन जाती है। आप भावनात्मक रूप से उससे जुड़ जाते हैं। विनय पाठक का मानना है कि अगर एक्टर्स अपने स्क्रिप्ट को पढ़ लें तो उसमें ज्यादा रिसर्च की जरुरत नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि अगर आप स्क्रिप्ट को 9 बार पढ़ लें, तो ज्यादा रिसर्च की जरूरत नहीं पड़ती। अभिनय दोहराव और अभ्यास का शिल्प है। हर कलाकार की अपनी प्रक्रिया होती है, लेकिन इसे सरल रखना चाहिए।

विनय ने बताया कि अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें खोसला का घोसला फिल्म की शूटिंग के दौरान कश्मीरी व्यंजनों का स्वाद चखाया था। साल 2006 में आई फिल्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अनुपम खेर सेट पर परिवार जैसा माहौल बना देते हैं। हम डेढ़ महीने तक साथ रहे, साथ खाया और दिन की योजना बनाते थे।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## उपचुनावों में भाजपा को मात

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को आए, जिसमें केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। गुजरात की कड़ी और विसावदर विधानसभा सीट, पंजाब की लुधियाना सीट, केरल की नीलांबुर सीट और प.बंगाल की कालीगंज सीट पर 19 जून को मतदान हुआ था।

पंजाब में आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा और प.बंगाल में टीएमसी उम्मीदवार अलीफा अहमद को जीत मिली, यानी इन दो राज्यों में सत्तारुढ़ दलों के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। लेकिन गुजरात में भाजपा के लिए मामला फंस गया, क्योंकि यहां की कडी सीट पर तो भाजपा के राजेंद्र कुमार (राजूभाई) दानेश्वर चावड़ा ने जीत दर्ज की है, लेकिन विसावदर सीट पर अब आप की जीत हुई है। आप प्रत्याशी गोपाल इटालिया ने भाजपा के कीर्ति पटेल को हराया है।

वहीं केरल में भी नीलांबुर सीट पहले एलडीएफ के पास थी, लेकिन अब उस पर कांग्रेस के आर्यदान शौकत को जीत मिली है। कुल पांच सीटों में भाजपा के पास केवल एक सीट आई है और एक सीट उसने गंवाई है। बेशक इन पांच सीटों से देश की मौजूदा सियासी तस्वीर पर तत्काल कोई असर पड़ते हुए नहीं दिख रहा है, लेकिन इसका दूरगामी परिणाम क्या हो सकता है, यह समझना कठिन नहीं है।

गुजरात की कुल 182 विधानसभा सीटों में भाजपा के पास 161 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 12 और आप के पास चार हैं। एक सीट समाजवादी पार्टी और दो निर्दलीय के पास है। लेकिन अब भाजपा की एक सीट घट गई है और आप की सीट अब पांच हो गई है। अगर इंडिया गठबंधन के लिहाज से देखें तो कुल 18 सीटें हो सकती हैं। हालांकि दिल्ली चुनाव में जिस तरह आप और कांग्रेस के बीच तल्खी बढ़ी जो अब पंजाब में भी देखी जा रही है, उसे देखकर कहना कठिन है कि इंडिया गठबंधन में अब आप और कांग्रेस की एकता कैसे कायम होगी। लेकिन अगर लोकसभा चुनावों में मिली जुली कोशिशें ये दल याद करेंगे तो उन्हें समझ आएगा कि भाजपा को हराने के लिए विपक्षियों में एकता कितनी जरूरी है।

वैसे गुजरात में भाजपा को बड़ा झटका इसलिए माना जा रहा है कि उसने जीती हुई सीट गंवा दी है। कडी सीट तो भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के कारण खाली हुई थी और वो अब भाजपा के पास ही है। लेकिन विसावदर में आप ने भाजपा के खेल का जवाब दे दिया है। यहां पहले आम आदमी पार्टी से ही भूपेंद्रभाई गंडूभाई भायानी विधायक बने थे, लेकिन दिसंबर 2023 में अपने पद से इस्तीफा देकर वो भाजपा में शामिल हो गए थे। तब से ये सीट खाली है। इससे पहले साल 2022 में भाजपा के हारे प्रत्याशी हर्षद रीबडिया ने गुजरात हाईकोर्ट में भायानी की जीत को चुनौती दी थी। लेकिन अभी मार्च में हर्ष रीबाडिया ने अपनी याचिका वापस ले ली थी, तो उपचुनाव का रास्ता साफ हुआ और जनता ने एक बार फिर आप को ही मौका दिया। इस जीत से आप का ग्राफ थोड़ा और बढ़ गया है।

उधर पंजाब में तो आप की जीत का दोहरा असर होता दिख रहा है। आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल फरवरी 2025 में हुए दिल्ली चुनाव में अपनी सीट भी हार गए थे और सत्ता भी गंवाई थी। तब से आप कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी टूटा हुआ दिख रहा था। इस बीच कई नेता भाजपा खेमे में शामिल हो गए थे। लेकिन पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव से आप के हौसले अब सातवें आसमान पर हैं। पार्टी मुखिया ने इस संभावना से तो इंकार किया है कि वे संजीव अरोड़ा की खाली सीट पर राज्यसभा जाएंगे, लेकिन ये दावा उन्होंने किया है कि अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब में आप की आंधी नहीं बल्कि तूफान आएगा, क्योंकि हमारे प्रत्याशी को पिछली बार की अपेक्षा दोगुने वोट देकर जनता ने हमारे काम पर मुहर लगाई है।

पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीटों में आप के पास 91 सीटें हैं। जो अब 92 हो जाएंगी। कांग्रेस के पास 18, शिरोमणि अकाली दल के पास 3 सीट, बसपा 1 और बीजेपी की 2 सीटें हैं। एक विधायक निर्दलीय है। यानी केजरीवाल की आसान जीत तय है। मुख्यमंत्री न रहने और सत्ता जाने के बाद केजरीवाल के पास जो सरकारी सुविधाएं नहीं थीं, वो अब उन्हें मिल जाएंगी और उनके खिलाफ चल रहे केस में पुलिस को कार्रवाई के लिए अनुमति लेने की जरूरत पड़ेगी।

बात करें केरल की तो कांग्रेस का बढ़ता दबदबा और प्रियंका गांधी का असर दोनों नजर आ रहा है। केरल में 140 विधानसभा सीटों में सत्तारुढ़ एलडीएफ के पास 98 सीटें हैं। और कांग्रेस के यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के पास 41 सीटें हैं। नीलांबुर सीट से 2021 में एलडीएफ के समर्थन से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर पी.वी. अनवर विधायक चुने गए थे। लेकिन सितंबर 2024 में एलडीएफ से मतभेद के चलते 13 जनवरी 2025 को अनवर ने इस्तीफा दिया था और टीएमसी में शामिल हो गए थे। इस उपचुनाव में टीएमसी से ही अनवर फिर खड़े हुए थे, लेकिन कांग्रेस से आर्यदान शौकत से अनवर समेत माकपा के एम. स्वराज और भाजपा के माइकल जॉर्ज प्रत्याशी तीनों को हार मिली। यहां प्रियंका गांधी के दो दिनों के प्रचार ने सारी बाजी पलट दी। अब अगले साल होने वाले चुनावों में इसका असर देखने मिलेगा।

केरल में तो टीएमसी हारी, लेकिन पं.बंगाल में उसका दबदबा कायम रहा। कुल 294 सीटों में इस समय 215 टीएमसी के विधायक हैं। भाजपा के पास 77 सीटें हैं। कांग्रेस का कोई भी विधायक नहीं है। कालीगंज सीट से टीएमसी विधायक नसीरुद्दीन अहमद के निधन के बाद सीट खाली हुई। उपचुनाव में उनकी बेटी अलीफा अहमद को टीएमसी ने उम्मीदवार बनाया और उन्हें जीत मिली। इस तरह ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा का सारा दुष्प्रचार धरा का धरा रह गया।

कुल मिलाकर उपचुनावों में एक बार फिर इंडिया गठबंधन के दलों का ही दबदबा देखने मिला है, भले ही ये दल अलग-अलग लड़े, लेकिन भाजपा को हराया जा सकता है, ये संदेश जनता में गया है।

# इमरजेंसी के पचास साल : मीडिया या तानाशाही की आंखों पर बंधी पट्टी

इंदिरा गांधी के जिस इमरजेंसी निजाम के अब पचास साल हो रहे हैं, उसकी एक प्रमुख निशानी बेशक उन कुख्यात इक्कीस महीनों में प्रेस का दमन और उसकी स्वतंत्रता का छीना जाना थी। खासतौर पर इमरजेंसी के शुरूआती दौर की याद करते ही हमें अखबारों और पत्रिकाओं के जगह-जगह से काले रंग से पुते हुए पन्ने याद आते हैं, जिनमें प्रकाश्य सामग्री के अनेक हिस्सों पर सेंसर तंत्र की कैंची चली थी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार और अब तक अंतिम बार भी, बाकायदा एक सेंसरशिप तंत्र खड़ा किया गया था, जिसका काम हर छपने वाले शब्द को छपने से पहले जांचना था, ताकि तमाम प्रकाशित सामग्री का शासन की इच्छा के अनुकूल होना सुनिश्चित किया जा सके। याद रहे कि यह वह जमाना था जब जन माध्यम या मास मीडिया का दायरा, पत्र-पत्रिकाओं तक ही सीमित था। रेडियो जरूर तब तक एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका था, लेकिन वह पूरी तरह से शासन के नियंत्रण में था और एकदम शुरूआती दौर का टीवी भी। सिनेमा जरूर एक और स्वतंत्र माध्यम था और सभी जानते हैं कि इमरजेंसी के दौरान उसे भी नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की गयी थी। यह सब, खासतौर पर अपने तौर-तरीके में, देश के लिए तब तक पूरी तरह से अपरिचित ही था।

बहरहाल, यहां तक हमने जो तस्वीर दिखाई, वह प्रेस के साथ इमरजेंसी की तानाशाहीपूर्ण सत्ता के सलूक की तस्वीर है। लेकिन, यह सोचना सही नहीं होगा कि इमरजेंसी के दौर में प्रेस जो कर रही थी, उसकी यह प्रतिनिधि तस्वीर थी। बेशक, इमरजेंसी में प्रेस की स्वतंत्रता पर भीषण हमला हुआ था। इमरजेंसी के दौरान बेशक, पत्र-पत्रिकाओं में क्या छप सकता है, उसे बाकायदा सेंसर किया जा रहा था। लेकिन, बाहर से सेंसरशिप थोपे जाने की जरूरत अपने आप में इसका सबूत थी कि इमरजेंसी के दौरान प्रेस की कहानी, सत्ता के इस दमन की कहानी ही नहीं थी। वास्तव में इमरजेंसी के शुरूआती दौर की चाक्षुष स्मृति में काले रंग से रंगे हुए पन्नों की जो छवि सहज ही उभरती है, इस कहानी के सिक्के के दूसरे पहलू को सामने लाने वाली कहानी है, प्रतिरोध की कहानी। सेंसरशिप द्वारा काटे गए शब्दों/ वाक्यों/ पैराग्राफों की जगह खाली छोड़ा जाना या काले रंग से रंगकर प्रस्तुत किए जाना, प्रतिरोध की एक शानदार कहानी कहता था। इसके और प्रखर हिस्से के तौर पर अनेक अखबारों तथा पत्रिकाओं ने, शुरू के दिनों में पूरे-पूरे पन्ने खाली या काले कर के छोड़ दिए थे।

बेशक, कोई यह नहीं कह रहा है कि इमरजेंसी निजाम पर समूचे प्रेस की एक जैसी प्रतिक्रिया रही थी। हर्गिज नहीं। इस प्रतिक्रिया में भी भारतीय प्रेस की शानदार विविधता दिखाई देती थी। और यह दावा तो और भी नहीं किया जा सकता है कि शुरूआत में इमरजेंसी निजाम पर जिस तरह की प्रतिक्रिया प्रेस में देखने को मिली थी, इमरजेंसी के पूरे दौर में वैसी ही प्रतिक्रिया बनी रही थी। जाहिर है कि शुरूआती दौर में इमरजेंसी निजाम से और सबसे बढ़कर सेंसरशिप की उसकी व्यवस्थाओं से जिस तरह का 'शॉक' लगा था, उसका प्रभाव समय के साथ घटा था और एक हद तक इमरजेंसी का भी सामान्यीकरण हो गया था या उसे नया नॉर्मल मानने की प्रवृत्ति बढ़ रही थी। फिर भी, इतना तो निश्चयपूर्वक कहा ही जा सकता है कि आमतौर पर प्रेस का रुख इमरजेंसी के खिलाफ था। आमतौर पर इमरजेंसी और उसकी व्यवस्थाओं को एक असामान्य स्थिति की तरह ही लिया जा रहा था, जिससे उबरने का बेसब्री से इंतजार था।



राजेंद्र शर्मा

**वर्तमान सत्ता ने भी मीडिया को अपने खूंटे से बांधने के लिए साम-दाम-दंड-भेद, सभी हथियारों का खुलकर इस्तेमाल किया है। इस सब के सामने इमरजेंसी का सेंसरशिप का राज तो बच्चों का खेल नजर आता है। इमरजेंसी के प्रतिबंध ज्यादातर नकारात्मक थे, जो सरकार की आलोचनाओं को छानकर रोकने की कोशिश करते थे। मीडिया की वर्तमान घेरेबंदी आक्रामक है, जो मीडिया को सत्तापक्ष की ओर से हमले का हथियार बनाती है।**

1977 के आरंभ में हुए चुनाव में इमरजेंसी और उसे लगाने वाली इंदिरा गांधी की जबर्दस्त हार में, प्रेस के इस आम तौर पर 'विरोधी' रुख ने कितनी मदद की होगी, यह तो कहना मुश्किल है। लेकिन, इतना तय है कि इंदिरा गांधी निजाम के इस हार को दूर-दूर तक भांप ही नहीं पाने के पीछे जरूर, जनता की आवाज शासन तक पहुंचाने के साधन के रूप में, प्रेस के अनुपस्थित ही होने की शायद सबसे बड़ी भूमिका रही थी। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी उसी सिंड्रोम की शिकार थी, जिसकी शिकार सामान्य रूप से तानाशाहीपूर्ण व्यवस्थाएं होती हैं—जनता की मर्जी से असंबंध या उसके प्रति अंधता की शिकार। श्रीमती गांधी चुनाव में जीत की उम्मीद लगाए बैठी रहीं, जबकि जनता इस हद तक उन्हें ठुकराने का मन बनाए बैठी थी कि जब चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस पूरे उत्तरी भारत में लोकसभा की सिर्फ दो सीटों पर सिमट कर रह गयी।

जैसा कि जानी-मानी पत्रकार, मानिनी चैटर्जी ने अपनी एक टिप्पणी में रेखांकित किया था, 2004 के आम चुनाव में एक बार फिर सत्ताधारी पार्टी को इसी प्रकार अप्रत्याशित हार का मुंह देखना पड़ा था। लेकिन, मानिनी ध्यान दिलाती हैं कि 1977 और 2004 की सत्ताधारी पार्टी की हारों में 'अप्रत्याशितता' के तत्व में एक बुनियादी अंतर था। 1977 की हार सत्ताधारी पार्टी के लिए इसलिए अप्रत्याशित थी कि उसे प्रेस के रूप में जनता की राय तक पहुंच ही हासिल नहीं थी, जबकि 2004 के चुनाव में उसकी हार इसलिए अप्रत्याशित थी कि तब तक जनसंचार की मुख्यधारा पर काबिज हो चुका इलेक्ट्रानिक मीडिया हालांकि मुख्यत: सत्ताधारी पार्टी के साथ था, फिर भी उसे आम लोगों की राय के बारे सही फीडबैक देने में असमर्थ था।

इमरजेंसी के बाद गुजरे पचास बरस में और 2004 के अप्रत्याशित नतीजे के बाद से गुजरे दो दशकों में, जाहिर है कि हमारे देश में मीडिया परिदृश्य में बहुत भारी बदलाव आए हैं। इसमें भी पिछले एक दशक में तो ये बदलाव और भी ज्यादा तेजी से हुए हैं। इन बदलावों में तीन तत्व मुख्य हैं। पहला यह कि परंपरागत मीडिया यानी पत्र-पत्रिकाओं के मुकाबले इलेक्ट्रानिक मीडिया का जबर्दस्त वर्चस्व कायम हो चुका है। दूसरा यह कि समूचे मीडिया परिदृश्य में इजारेदार पूंजीपतियों का बोलबाला हो गया है और इन इजारेदार पूंजीपतियों का लगभग पूरी तरह से वर्तमान सत्ताधारियों के साथ गठबंधन है। इस सूरत में, अपवादस्वरूप सोशल मीडिया को छोड़कर, स्वतंत्र मीडिया की लगभग कोई जगह ही नहीं बची है।

तीसरे, वर्तमान सत्ता ने भी मीडिया को अपने खूंटे से बांधने के लिए साम-दाम-दंड-भेद, सभी हथियारों का खुलकर इस्तेमाल किया है। इस सब के सामने इमरजेंसी का सेंसरशिप का राज तो बच्चों का खेल नजर आता है। इमरजेंसी के प्रतिबंध ज्यादातर नकारात्मक थे, जो सरकार की आलोचनाओं को छानकर रोकने की कोशिश करते थे। मीडिया की वर्तमान घेरेबंदी आक्रामक है, जो मीडिया को सत्तापक्ष की ओर से हमले का हथियार बनाती है। इन दस सालों में मीडिया को एक बहुत ही उपयुक्त परिचयात्मक नाम प्राप्त हुआ है—गोदी मीडिया। लेकिन, वास्तव में मीडिया की वर्तमान स्थिति को प्रतिबिंबित करने के लिए, गोदी मीडिया की संज्ञा भी अपर्याप्त लगती है। इसकी मुख्य वजह यह है कि सत्तापक्ष की जैसी आक्रामक सेवा अब इस गोदी मीडिया की आम पहचान बन चुकी है, गोदी मीडिया की संज्ञा उसे पूरी तरह से अभिव्यक्त करने में असमर्थ है।

हैरानी की बात नहीं है कि मीडिया पर सत्ताधारी गुट के लगभग मुकम्मल नियंत्रण के बावजूद, 2024 के आम चुनाव में, 2004 दोहराते-दोहराते बचा था। चार सौ पार का नारा लगाने वाली सत्ताधारी पार्टी ढाई सौ सीटों से भी नीचे रुक गयी और लोकसभा में अपने बूते बहुमत गंवा बैठी। जाहिर है कि सत्ताधारी पार्टी और उसके शीर्ष नेता के लिए, यह एक तगड़ा झटका था। फिर भी यह झटका 2004 या 1977 जितना निर्णायक नहीं बन सका, तो अन्य तमाम कारणों के लिए अलावा इसकी एक वजह, इस दौरान मीडिया के चरित्र में भारी बदलाव में हो सकती है। इसका तो हम पीछे जिक्र कर आए हैं कि किस तरह सत्ता की जेब में बैठे इजारेदारों के नियंत्रण से मुक्त रहने के अर्थ में 'स्वतंत्र मीडिया' को धकियाकर करीब-करीब बाहर ही कर दिए जाने के बाद, गोदी मीडिया का बोलबाला हो चुका है, जो सिर्फ मालिक की गोदी में सवार ही नहीं रहता है, मालिक के इशारे पर भौंकने और काटने वाला मीडिया भी है। और यह भोंकना और काटना सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के खिलाफ ही नहीं है। यह भौंकना और काटना, तमाम जनतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष मूल्यों, संस्थाओं तथा तकाजों के खिलाफ बल्कि तमाम मानवीय मूल्यों के खिलाफ भी है।

इसका सबूत गज़ा से लेकर ईरान तक पर इजरायली-अमरीकी हमले के प्रति मीडिया की मुख्यधारा के रुख में मिल जाता है, जो बहुसंख्यक सांप्रदायिकता के रंग में रंगा हुआ है। यही चीज मीडिया को आम तौर पर सत्ताधारी पार्टी ही नहीं, बल्कि खासतौर पर संघ-भाजपा जोड़ी के हिंदुत्ववादी एजेंडे का हथियार बना देती है। इमरजेंसी के बाद गुजरे पचास साल में यही बड़ा बदलाव आया है। जहां इमरजेंसी में मीडिया आम तौर पर उसके साथ नहीं था बल्कि ज्यादातर उसके खिलाफ ही था, आज तब के मुकाबले हजारों गुना ताकतवर होने के बावजूद मुख्यधारा का मीडिया, सत्ताधारी गुट के, उसके एजेंडे के हित साधने का एक बड़ा, सक्रिय औजार बना हुआ है। वह तानाशाही का मीडिया था और यह उससे एक सीढ़ी ऊपर, नव-फासीवाद का मीडिया है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# मोदी और ट्रंप की दोस्ती का सुनियोजित मिथक क्लस्टर बम की तरह फटा

■ **के रवींद्रन**

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कथित रूप से मजबूत दोस्ती के बारे में किसी भी तरह के भ्रम को तोड़ दिया गया- एक ऐसा रिश्ता जिसे वर्षों से वैश्विक मंच पर भारत के उदय के प्रतीक के रूप में पेश किया जा रहा था।

हाउडी मोदी रैलियों और उत्साही सार्वजनिक इशारों के माध्यम से सावधानीपूर्वक कोरियोग्राफ की गयी रणनीतिक दोस्ती का मिथक आखिरकार तब खत्म हो गया जब ट्रंप ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की मेजबानी की और उसके बाद एक चौंकाने वाला बयान दिया। ट्रंप ने एक ऐसे लहजे में घोषणा की जिसमें भारत और पाकिस्तान के पास 'बहुत ही चतुर नेता' हैं और उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध विराम बनाये रखने का श्रेय उन्हें दिया। सतही तौर पर, यह एक कूटनीतिक शिष्टता की तरह लग रहा था। लेकिन पंक्तियों और निहितार्थों के बीच पढ़ने पर यह नई दिल्ली के लिए एक झटका है, खासकर मोदी के लिए, जिन्होंने एक विशेष ट्रंप-मोदी मित्रता बंधन की छवि बनाने में महत्वपूर्ण राजनीतिक पूंजी का निवेश किया था।

इस घोषणा ने उत्तरों से अधिक प्रश्न छोड़े। जब ट्रंप ने पाकिस्तान के दूसरे 'चतुर' नेता का उल्लेख किया तो उनका आशय वास्तव में किससे था? क्या यह नाममात्र के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ थे, जिनका प्रभाव व्यापक रूप से सैन्य प्रतिष्ठान के बाद दूसरे दर्जे का माना जाता है? या यह जनरल असीम मुनीर थे - वही व्यक्ति जिसकी ट्रंप ने अभी-अभी मेजबानी की थी? दोनों ही व्याख्याएं मोदी के लिए घातक हैं। अगर ट्रंप मुनीर की तुलना मोदी से करते हैं, तो वे एक प्रतिद्वंद्वी देश के सैन्य अधिकारी को भारत के निर्वाचित नेता के समान पद पर बिठा देते हैं। अगर यह शहबाज शरीफ़ हैं, तो वे एक ऐसे व्यक्ति का समर्थन कर रहे हैं जिसे पाकिस्तान की सेना ने राजनीतिक ढांचे में खड़ा किया है, जिसे मोदी अक्सर अस्थिर और समझौतावादी कहकर उनका उपहास करते रहे हैं। किसी भी मामले में, मोदी न केवल पाकिस्तान के नेतृत्व की तुलना में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके कथित कद के मामले में भी कमतर नजर आते हैं।

**ट्रंप का स्नेह हमेशा के लिए नहीं, बल्कि किराये पर उपलब्ध है। जिस व्यक्ति ने कभी मोदी को 'महान व्यक्ति' और 'भारत का मित्र' कहा था, उसी व्यक्ति ने अपने राष्ट्रपति काल के दौरान, भारत से किसी अनुरोध के बिना कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की पेशकश भी की थी। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी नेता या सिद्धांत के प्रति वफादारी व्यक्तिगत लाभ और रणनीतिक लचीलेपन से दूसरे स्थान पर आती है।**

यह सिर्फ एक कूटनीतिक तिरस्कार नहीं है - यह एक राजनीतिक तमाशा है। सालों से, मोदी के समर्थक ट्रंप के साथ उनके संबंधों को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के सुबूत के रूप में पेश करते रहे हैं। टेक्सास और अहमदाबाद में जयकारे लगाती भीड़ के सामने हाथ मिलाते और हाथ हिलाते हुए दोनों नेताओं की छवि मोदी की वैश्विक राजनेता के रूप में स्थिति को पुख्ता करने वाली थी, न कि सिर्फ़ एक क्षेत्रीय शक्ति दलाल के रूप में। 'अबकी बार ट्रंप सरकार' एक नारे से कहीं ज़्यादा था; यह भारत के भाग्य को उस समय दुनिया के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक ब्रांड से जोड़ने का एक प्रयास था। इसने घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे यह कहानी मजबूत हुई कि मोदी सत्ता से बराबरी की बात कर सकते हैं। लेकिन पिछले हफ़्ते की घटनाओं ने उस दिखावे को खत्म कर दिया है। ट्रंप ने अपने खास अंदाज में दुनिया को याद दिलाया है कि वे दोस्ती नहीं करते। वे लेन-देन करते हैं।

ट्रंप का स्नेह हमेशा के लिए नहीं, बल्कि किराये पर उपलब्ध है। जिस व्यक्ति ने कभी मोदी को 'महान व्यक्ति' और 'भारत का मित्र' कहा था, उसी व्यक्ति ने अपने राष्ट्रपति काल के दौरान, भारत से किसी अनुरोध के बिना कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की पेशकश भी की थी। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी नेता या सिद्धांत के प्रति वफादारी व्यक्तिगत लाभ और रणनीतिक लचीलेपन से दूसरे स्थान पर आती है। इसलिए जब ट्रंप अब पाकिस्तान के नेतृत्व की प्रशंसा करते हैं - नागरिक या सैन्य - तो ऐसा इसलिए नहीं है कि उनका मन बदल गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे इसमें अपने लिए कुछ देखते हैं। चाहे वह दक्षिण एशिया में अमेरिका की प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करने के बारे में हो या बस कुछ घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों को साधने के बारे में। ट्रंप दिखा रहे हैं कि अगर इससे डोनाल्ड ट्रंप को मदद मिलती है तो वे तुरंत बदलाव करने के लिए तैयार हैं।

मोदी के लिए, जिन्होंने रणनीतिक दूरदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय गंभीरता की छवि बनाने के लिए सावधानीपूर्वक काम किया है, ट्रंप की टिप्पणी सिर्फ एक अजीब क्षण से कहीं अधिक है। यह एक सार्वजनिक अनुस्मारक है कि चाहे कितने भी गले मिलें या स्टेडियम भरे हों, ट्रंप जैसे नेताओं के अधीन कूटनीति एक हाई-वायर एक्ट है जिसमें कोई सुरक्षा जाल नहीं है। फिर भारत अकेला ऐसा देश नहीं है जिसने यह सबक कठिन तरीके से सीखा है। जर्मनी और फ्रांस जैसे पारंपरिक सहयोगियों ने, नाटो की तो बात ही छोड़िए, ट्रंप को बिना किसी हिचकिचाहट के अपने रुख बदलते, वायदे तोड़ते और धमकियां देते देखा है। उनकी विदेश नीति शैली उतनी यथार्थवादी नहीं है जितनी अवसरवादी है, जो अहंकार की सनक और व्यक्तिगत लाभ की अनिवार्यताओं से संचालित होती है। इस आलोक में, मोदी का ट्रंप के साथ प्रणय निवेदन रणनीतिक गठबंधन से कम और राजनीतिक नाटक से अधिक दिखता है - जहां पटकथा हमेशा एक अभिनेता द्वारा अकेले लिखी जाती है।

ट्रंप की टिप्पणी के बाद भारत सरकार ने स्पष्ट चुप्पी बनाये रखी है। निहितार्थों को कम करने के लिए कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया, कोई स्पष्टीकरण, कोई परदे के पीछे की ब्रीफिंग नहीं हुई है। यह चुप्पी बहुत कुछ कहती है। या तो नई दिल्ली को पता नहीं है कि कैसे जवाब देना है, या फिर वह इस उम्मीद में टिप्पणी को अनदेखा करना चुन रही है कि यह अगले समाचार चक्र के वजन के नीचे दब जायेगी। दोनों ही विकल्प अप्रिय हैं। एक ऐसी सरकार के लिए जिसने विश्व मंच पर अपनी मुखरता को प्रदर्शित करने का शायद ही कोई मौका छोड़ा हो। प्रतिक्रिया की कमी या तो इस बात का संकेत है कि मोदी कि या तो रणनीतिक गलतफहमियां हैं या उनके असहज अहसास हैं। मोदी की व्यक्तिगत कूटनीति का मिथक वास्तविकता के बोझ तले ढह रहा है।

इसका मतलब यह नहीं है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते खतरे में हैं। भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी किसी भी दो व्यक्तियों से बड़ी है, और वाशिंगटन में भारत के महत्व के बारे में द्विदलीय आम सहमति में इस बात की संभावना नहीं है कि ओवल ऑफिस में कोई भी बैठे, इसमें कोई बड़ा बदलाव आयेगा। लेकिन कूटनीति का निजीकरण-जो मोदी की विदेश नीति के दृष्टिकोण का केंद्र है-अब तेजी से जोखिम भरा लग रहा है। यह भारत को विदेशी नेताओं, खासकर ट्रंप जैसे नेताओं के अस्थिर व्यक्तित्व के प्रति संवेदनशील बनाता है, जो संस्थान से ज्यादा सहज ज्ञान पर काम करते हैं।

इसके अलावा, ट्रंप द्वारा पाकिस्तान की सेना का समर्थन-अंतर्निहित या स्पष्ट-भारतीय संदर्भ में विशेष रूप से कष्टप्रद है। भारतीय प्रतिष्ठान लंबे समय से यह मानता रहा है कि पाकिस्तानी सेना क्षेत्र में अस्थिरता का मूल कारण है, सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार इकाई है, और इस्लामाबाद की कमजोर नागरिक सरकारों की डोर खींचने वाला कठपुतली मास्टर है। उसी सेना प्रमुख की मेजबानी अमेरिका के पूर्व राष्ट्ररपति द्वारा की जाती हुई देखना और उसकी एक चतुर नेता के रूप में प्रशंसा सुनना, एक लंबे समय से चले आ रहे घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। यह वैश्विक समुदाय को नई दिल्ली के संदेश को भी जटिल बनाता है, जहां उसने अक्सर खुद को एक अनिश्चित पड़ोसी के विपरीत जिम्मेदार अभिनेता के रूप में चित्रित करने की कोशिश की है। शशि थरूर मोदी मिशन के साथ आधा दर्जन और यात्राएं कर सकते हैं, लेकिन इससे ज़रा भी बदलाव नहीं होने वाला है।

## आपके पत्र

### इजरायल-ईरान युद्ध दुनिया में दहशत का माहौल

इजरायल-ईरान का युद्ध दुनिया के विनाश के निमित बन सकता है। रूस-यूक्रेन की आग शांत ही नहीं हुई और ईरान पर इजरायल ने युद्ध थोप दिया। लोगों का रुदन और दहशतगर्दी की बीच सहायता के लिए हाथ उठा रही है। जंग में यहूदियों के खिलाफ मुस्लिम देश एक होने के लिए अपील की गई है। भारत के लिए दोनों देशों का रिश्ता मैत्रीपूर्ण रहा है। हालांकि,वो बात अलग है कि ईरान मित्र देश है और इजरायल भी भारत का साथी देश है। कारगिल युद्ध के दौरान इजरायल ने दोनों हाथ खोलकर भारत की मदद की थी। उस दौर में भारत की सैन्य ताकत नगण्य थी। आज भारत ताकतवर देश बन गया है। वो दिन भूले नहीं जा सकते। ईरान में भारत के दस हजार लोग फंसे हुए है। उनको बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। दो दिन पूर्व ईरान से नागरिकों को भारत भेजा गया था। इजरायली ड्रोन को कार के जरिये पहुंचाए गए हैं। हालांकि ईरान भी ताकतवर देश है। ईरान के पास बीस हजार मिसाइलें हैं। इजरायल के कई शहरों पर मिसाइल हमला कर ईरान ने इजरायल को भारी क्षति पहुंचाई है। ख़मनेई को सरेंडर के लिए कहा गया था लेकिन वो सुपरपावर है। खामेनेई सरेंडर नहीं करने वाले। जबकि इनके सरेंडर करते ही युद्ध खत्म हो सकता है। लेकिन ये देश जिद्दी स्वभाव के हैं। कोई किसी से कम नहीं है। ईरान और इजरायल की जंग से दुनिया को चिंता में डाल दिया है। यदि यह युद्ध ज्यादा चला तो विश्व को बहुत कुछ सहन करना पड़ेगा। ख़मेनेई दुनिया की आंख में धूल झोंक सकते हैं लेकिन अमेरिका को मालूम है कि ख़मेई कहा छुपा है। इजरायल के हमले से 6 सौ से ज्यादा मौतें हो गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि युद्ध सिर्फ विनाश लीला ही करता है। विनाशकारी युद्ध से दोनों देशों को नुकसान है। जो यह सोच रहे हैं कि हम सेना की ताकत रखते हैं। उसके लिए यूक्रेन को देखें। साजोसामान नहीं होने और रूस के समक्ष सैन्य ताकत जीरो होने के बाद तीन वर्षों से मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। भविष्य का कोई कुछ कहा नहीं जा सकता। अमेरिका और इजरायल को भी पता है कि ईरान एक शक्तिशाली देश है। उसकी 295 फिट जमीन से नीचे फौर्दो लैब बनी हुई है। इसको भेदना इजरायल के वश का काम नहीं है। अमेरिका ही उसको भेद सकता है। 86 साल के ख़मेनेई एक मौलवी से सुपरलीडर बन गए। इजरायल को ख़मेनेई फूटी आंख नहीं सुहाते हैं। सीरिया,लेबनान और हमास के बाद ईरान को ठीक करने पहुंचा इजरायल की ताकत भी कम नहीं है। ईरान ने कहा भी है कि इजरायल हमला रोकता है तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। अभी हाल ही में ईरान के कलस्टर बम ने इजरायल को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमले जारी है। मिसाइलें दागी जा रही हैं। ईरान से जो लोग स्वदेश लौटे हैं। उनका कहना है कि अपना देश तो अपना देश होता है। ईरानी राष्ट्रपति ने बयान भी दिया था कि परमाणु प्रोग्राम हमारा हक है। वे झुकने के लिए तैयार नहीं है। शायद इजरायल ईरान पर हमला करके फंस गए हैं। हर रोज छह हजार करोड़ का खर्च हो रहा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी की है। इस विनाशकारी युद्ध को दुनिया निहार रही है। लेकिन सांत्वना के दो शब्द या युद्ध रोकने की अपील कोई नहीं कर रहा है। इस युद्ध से दुनिया में आग नहीं लगे तो अच्छा है। क्योंकि एक दूसरे देश के साथ मैत्रीपूर्ण रिश्ते है। अगर एक दूसरे के मददगार बनते हैं तो तीसरे विश्व युद्ध की आहट सुनाई दे सकती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### विदेशों में कालाधन?

*'यह प्रकरण आपातकाल का था जिसमें श्री नायर को जिनेवा के एक बैंक खाते में छह मिलियन डॉलर जमा करने भेजा गया था। मोरारजी देसाई को संदेह हुआ कि हो न हो, यह खाता संजय गांधी का है।'*

*'जब छानबीन पूरी हुई तो मामला कुछ और ही निकला। 1974 के पोखरण आण्विक प्रयोग के बाद अमेरिकी सरकार ने भारत को दी जाने वाली सहायता में भारी कटौती कर दी थी। देश में गंभीर आर्थिक संकट था। तब भारत सरकार ने ईरान के शाह से दो सौ पचास मिलियन डॉलर का कर्ज आसान शर्तों पर मांगा था। इसके लिए इंदिरा सरकार ने हिन्दूजा बंधुओं की सेवाएं लीं (जिनके बहुत अच्छे संबंध शाह के साथ थे)। उन्होंने शाह की बहन अशरफ पहलवी के माध्यम से ऋण हेतु आवेदन करवाया और शाह ने भारत को सहायता देना स्वीकार कर लिया। इस राशि का एक हिस्सा कर्नाटक की कुदुर्मुख लौहअयस्क परियोजना में लगना था और दूसरे भाग का उपयोग देश की आवश्यक वस्तुओं की आयात करने के लिए होना था। शाह की बहन अशरफ पहलवी ने इस ऋण पर छह मिलियन डॉलर का कमीशन एक ईरानी नागरिक रशीदयान को देने के लिए कहा। यह व्यक्ति अशरफ का घनिष्ठ मित्र था। हिन्दूजा के माध्यम से भारत सरकार को संदेश मिलने पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जिनेवा के एक बैंक को टेलेक्स पर इस राशि का ड्राफ्ट बनाकर श्री नायर को सौंपने का निर्देश दिया। इसके बाद वित्त मंत्रालय ने श्री काव से आग्रह किया कि नायर जिनेवा जाकर बैंक ड्राफ्ट हासिल कर लें और उसे रशीदयान के खाते में जमा कर दें। बात यहां खत्म हो गई।'*

**( देशबन्धु में 21 अगस्त 2014 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/08/blog-post_21.html

## पावन प्रसंग

### तपस्वी बनने का पथ

भारत की पुण्यधरा पर असंख्य महापुरुषों ने जन्म लेकर इस संपूर्ण वसुधा को धन्य धन्य किया है। इन्हीं महापुरुषों में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्धमान महावीर का नाम भी आता है। उनका जीवन उच्च आदर्शों, प्रेरणाओं से पूर्णतया भरा हुआ है और सबके लिए आदर्श और अनुकरणीय भी है। लंलाप ऊी उन्हीं को याद करता है, जो संसार के हित के लिए कुछ कर जाते हैं और फिर महावीर का जीवन तो पूर्णतया के कल्याण के लिए ही समर्पित रहा। यदि वे चाहते तो किसी गुफा या कंदरा में साधना कर के स्वयं को आत्मलाभ, ऋद्धि-सिद्धियां अथवा निर्वाण प्राप्ति मात्र तक सीमित रखते, पर उनकी साधना का उद्देश्य मात्र स्वयं लाभ प्राप्त कर लेना कर्त न था। इसलिए वे आजीवन हजार कष्ट सहकर भी संसार के कल्याण के लिए कार्य करते रहे। वे आत्म प्रतिष्ठा, निर्वाण प्राप्त कर लेने के बावजूद भी मानवता के कल्याण में आजीवन लगे रहे। उनके जीवन पर दृष्टि डालेंतो यह स्पष्ट हो जाता है कि जनकल्याण की भावना से जन्मी हुई महावीर की सेवा भावना दिनोंनिद बढ़ती गई और वे अपनी संकुचित सीमा से निकलकर संसार की विस्तृत परिधि में प्रवेश करते हगए। ज्यों-ज्यों उनका यह विकास बढ़ता गया, वे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से विरक्त ही नहीं, बल्कि प्राणिमात्र के लिए व्याकुल होते गए और आखिर शीघ्र ही वह घड़ी आ गई, जब उनकी करुणासिक्त आत्मा ने लोक मंगल के लिए संन्यास लेने की ठान ली।

महावीर के पिता राजा सिद्धार्थ को मंत्रियों केवल सूचना दी बल्कि यह परामर्श भी दिया कि महाराज! आप कुमार वर्धमान को साधु संन्यासी होने से रोकें। माता-पिता ने राजकुमार को डांट- फटकार से बदलता न देखा तो उन्होंने उनके विरक्त भावना के विरुद्ध उन्हें विवाह बंधन में बांध दिया। अपनी इच्छा के विरुद्ध हुए विवाह को महावीर यदि एक बोझ की तरह ढोने तो यह उस पत्नी के प्रति घोर अन्या होता, अस्तु अपनी इच्छाक विरुद्ध विवाह होने पर भी महावीर अपने गृहस्थ धर्म की जिम्मेदारियों का पालन करने लगे पर फिर भी संसार की सेवा और विरक्ति की भावना उनमें कम न हुई। राजकुमार वर्धमान ने अपने दाम्पत्य जीवन को एक आदर्श जीवन की तरह चलाया। राजकुमार होने के बावजूद भी वे एक साधारण व्यक्ति की तरह गृहस्थी के छोटे-बड़े कार्यों में रुचि लेते और सेवकों के होते हुए भई सारे काम स्वयं ही करते। राजकुमार वर्धमान ने अपनी पत्नी को आत्मा की गहराई से इस सीमा तक प्यार किया कि उसका मानवीय अनुरा श्रद्धा में बदल गया और उसका सारा मोह,वर्धमान की महानता में विलीन हो गया। उनकी पत्नी राजकुमारी यशोदा ने यह स्पष्ट अनुभव कर लिया कि उसका पति परमात्मा का पूर्ण प्रतिबिन्म्ब है। वे केवल उसकी ही संपत्ति नहीं, बल्कि सारे संसार की विभूति हैं, जिसका लाभ दुनिया की दुखी मानवता को मिलना ही चाहिए। कुछ समय

बाद एक पुत्री रत्न की प्राप्ति के बाद राजकुमारी संतुष्ट हो गई। पति की इच्छानुसार उन्हें संसार के कल्याण के लिए सौंप दिया। जो संसार में रहकर भी संसार की आसक्ति से मुक्त हैं उनके लिए विवाह भी कोई बंधन नहीं रोक सकता। जोअंतरात्मा से मोह और आसक्ति से विरक्त हो चुका हो, उसे भला संसार का कौन सा प्रलोभन ध्येय मार्ग से विचलित कर सकता है। वर्दमान ने गृहस्थी को अनासक्त भाव से भोगा। वर्धमान ने अरने ,सरल स्वभाव तथा सादा जीवन से जनसाधारण के सम्मुख सामान्य जीवन का एक आदर्श उपस्थित कर दिया। अपने बुद्धिमत्ता पूर्ण व्यवहार से वर्धमान ने पत्नी को भी परोपकार केलिए हर त्याग करने के लिए तैयार कर लिया था। अपने माता-पिता का वे बहुत सम्मान करते थे, पर हां, पुत्र मोह के कारण माता-पिता नहीं चाहते थे कि उनका पुत्र साधु-संन्यासी बन जाए। समय आया और जो माता-पिता अपने को छोड़ कर वर्धमान को परमार्थ पथ पर नहीं जाने देना चाहते थे, वे ही एक दिन स्वयं उसे छोड़कर चले गए। माता पिता की आकस्मिक मृत्यु ने उनमें यह विचार और प्रबल कर दिया कि किसी कार्य में देर न करनी चाहिए, क्योंकि इस क्षणभंगुर संसार में कोई भरोसा नहीं कि यह क7 धोखा दे जाए। वर्धमान को घर से जाते देखकर उनके बड़े भाई नंदिवर्धमान ने उन्हें रोककर कहा अभी माता पिता का विछोह का दुख दूर भी नहीं हुआ अब तुमभी छोड़कर जा रहे हो। उन्होंने वर्धमान से दो वर्ष और रुक जाने का आग्रह किया। फिर अपने अग्रज की बात मान कर साधु की तरह जीवन व्यतीत कर सारी संपत्ति को स्नेहियो स्वजनों में बांट कर साधु जैसा जीवन जीन लगे।

**-अंखंड ज्योंत**

## चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए चेतावनी जारी

**बीजिंग,** 23 जून (एजेंसियां)। चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे इस गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें और लंबे समय तक धूप में नहीं रहें। उल्लेखनीय है कि चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था और शनिवार दोपहर 3ः40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

# देश विदेश

# पाक ने ट्रंप को दिया झटका, चीन-रूस के साथ दिखाई एकजुटता

■ **डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख की हुई थी मुलाकात**

**संयुक्त राष्ट्र,** 23 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने ईरान के मुद्दे पर अमेरिका को बड़ा झटका दे दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हाल ही में पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर की मुलाकात हुई थी। ये मानते हुए कि पाकिस्तान में वास्तविक सत्ता सेना के पास है, डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को मुनीर की व्हाइट हाउस में मेजबानी की। वाशिंगटन में असीम मुनीर के लिए जबरदस्त बंदोबस्त किए गए थे। इससे इस्लामाबाद और वाशिंगटन के बीच नजदीकियां बढ़ने की अटकलें लगाई जाने लगीं। हालांकि पाकिस्तान ने ईरान के मुद्दे पर सुरक्षा परिषद में अमेरिका के खिलाफ जाकर चीन और रूस का साथ दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने रविवार को ईरान पर हुई आपात बैठक में कहा कि इस्लामाबाद ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की ओर से किए गए हमलों की कड़ी निंदा करता है। अहमद ने बताया कि पाकिस्तान अपने मित्र चीन और सहयोगी रूस के साथ मिलकर सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव का मसौदा प्रसारित




कर रहा है ताकि इसे अपनाया जा सके।

यह आपात बैठक ईरान के अनुरोध पर बुलाई गई थी। अमेरिका की ओर से उसकी तीन परमाणु साइटों पर बमबारी के बाद ये बैठक हुई। अहमद ने कहा कि सुरक्षा परिषद को 13 जून से ईरान पर किए गए हमलों की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए और उन्हें खारिज करना चाहिए, क्योंकि ये अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर

उन्होंने कहा कि ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फाहान स्थित परमाणु केंद्रों पर हालिया हमले अमेरिका की ओर से किए गए हैं। अहमद ने कहा कि परिषद को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की ओर से संरक्षित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों की निंदा करनी चाहिए, जो सुरक्षा परिषद और आईएईए के प्रस्तावों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करते हैं। अहमद ने कहा कि हम इजरायल के कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम चीन और रूस के साथ मिलकर ईरान के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं।

## डीएचएस ने दी आतंकवादी हमलों की चेतावनी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर वायु सेना के हमलों के बाद अगले दो महीनों में देश में आतंकवादी हमलों की चेतावनी दी है। विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि यदि ईरानी नेतृत्व ने गृहभूमि में लक्ष्यों के खिलाफ जवाबी हमलों का आह्वान करते हुए धार्मिक निर्णय जारी किया तो गृहभूमि में हिंसक चरमपंथियों द्वारा संघर्ष के जवाब में स्वतंत्र रूप से हिंसा करने की आशंका बढ़ जाएगी। बुलेटिन में उल्लेख किया गया है कि अमेरिकी कानून प्रवर्तन के अनुसार अमेरिका में कई आतंकवादी हमले यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित थे। बुलेटिन में कहा गया है कि चल रहे इजरायल-ईरान संघर्ष से अमेरिका में रहने वाले व्यक्ति अतिरिक्त हमलों की साजिश रच सकते हैं। डीएचएस ने साइबर खतरों के बढ़ते जोखिमों की भी चेतावनी दी। बुलेटिन में कहा गया है कि ईरान में चल रहे संघर्ष के कारण अमेरिका में खतरे का माहौल बढ़ रहा है। ईरान समर्थक हैक्टीविस्टों द्वारा अमेरिकी नेटवर्क पर निम्न-स्तरीय साइबर हमले किए जाने की आशंका है और ईरान सरकार से जुड़े साइबर समूह अमेरिकी नेटवर्क पर हमले कर सकते हैं। यह अलर्ट दो महीने के लिए 22 सितंबर तक प्रभावी रहेगा।

■ **अमेरिका में यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित थे कई आतंकवादी हमले**

## बांग्लादेश ने की ईरान पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा



**ढाका।** बांग्लादेश ने ईरान में परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाकर हाल ही में किए गए अमरीकी हमलों पर गहरी चिंता जताई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस तरह के घटनाक्रम से पहले से ही नाजुक क्षेत्रीय स्थिति और भी खराब हो सकती है और अंतरराष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ सकता है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में है। यह सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और क्षेत्र में तनाव बढ़ाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने का आग्रह करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का आहवान करता है कि वह तनावपूर्ण स्थिति में कमी लाने और पश्चिम एशिया में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल हो। रचनात्मक जुड़ाव, आपसी सम्मान और अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का पालन ही स्थायी शांति का एकमात्र स्थायी मार्ग है।

## सुडोकू 6953

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 7 | | | |
| | | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | | |
| | 3 | | | | 8 | 7 | | |
| | | 5 | | | | 1 | 7 | 4 |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| 9 | 8 | 7 | | | | 2 | | |
| | | 4 | 9 | | | | 2 | |
| | | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | | |
| | | | 7 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 24 जून, 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन और अच्छे पल गुजार सकेंगे। आर्थिक विषयों से संबंधित योजना व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज आपका दिन ताज़गी और उत्साह से भरपूर रहेगा। आप आनंद अनुभव कर सकेंगे। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों से उपहार मिल सकेगा। आपका दिन यात्रा में गुजर सकता है। आप स्वादिष्ट भोजन बना पाएंगे।

मिथुन - आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों से बचा लेंगे। आपके वाणी- व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो इस बात का ध्यान रखें। शारीरिक कष्ट, मन को भी अस्वस्थ बनाएंगे।

कर्क - आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

सिंह - आपके व्यवसाय के लिए आज का दिन बहुत अच्छा और श्रेष्ठ है। आज हर काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। अधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी। आज लोगों पर इंप्रेशन जमा पाएंगे। पिता की ओर से लाभ के संकेत है।

कन्या - आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सगे-संबंधियों के साथ यात्रा का आयोजन हो सकता है। मित्रों से लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक कार्य तथा धार्मिक यात्रा में व्यस्त रहेंगे। विदेश में रहनेवाले परिजनों के समाचार से आनंद होगा।

तुला - आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौजमस्ती के मूड़ में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु - आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा, इससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय में लाभदायी दिन रहेगा।

मकर - आज आपका मन चिंता और दुविधा में उलझे होने के कारण आप किसी भी विषय में ठोस निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह दी जाती है। भाग्य साथ न देने से हताशा पैदा होगी।

कुंभ - आपको मानसिक व्यग्रता और बेचैनी का अनुभव होगा। भविष्य के लिए पैसे का आयोजन करने के लिए अच्छा समय है। सौंदर्य प्रसाधन, अलंकार और वस्त्रों के पीछे खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

मीन - वैचारिक स्थिरता महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक बनेगी। आपकी सृजनशक्ति और कलात्मकता विकसित होगी। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। नजदीक के स्थान पर प्रवास या पर्यटन का आयोजन होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# रूस का नाटो के रक्षा खर्च बढ़ाने पर नकारात्मक रूख ही रहेगा : अलेक्जेंडर ग्रुश्को

**यदि ऐसा निर्णय लिया जाता है तो इससे यूरोपीय सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था 'युद्ध' की ओर चली जाएगी जो उनके नागरिकों के लिए नुकसानदायक साबित होगी : अलेक्जेंडर ग्रुश्को**

**मास्को,** 23 जून (एजेंसियां)। रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा है कि रूस उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के रक्षा खर्च को बढ़ाने की योजना के खिलाफ है और वह अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना जारी रखेगा। सरकारी संवाद एजेंसी स्पुतनिक ने यह जानकारी दी है।

रूसी विदेशमंत्री ने स्पुतनिक से बातचीत करते हुए कहा 'यदि ऐसा निर्णय लिया जाता है तो इससे विशेष रूप से यूरोपीय सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था 'युद्ध' की ओर चली जाएगी जो उनके नागरिकों की सामाजिक और आर्थिक भलाई के लिए नुकसानदायक साबित होगी।'

श्री ग्रुश्को ने कहा कि इस योजना से यूरोपीय संघ के सैन्यीकरण की प्रक्रिया में तेजी आएगी जिससे यूरोप और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की



स्थिति और भी खराब हो जाएगी। इसलिए हम इस निर्णय के खिलाफ हैं मगर अपनी सुरक्षा और रक्षा क्षमता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना जारी रखेंगे।

गौरतलब है कि जून में नाटो महासचिव मार्क रूटे ने नाटो सदस्य देशों का आहवान किया था कि वे अपने रक्षा खर्च को अपने अपने सकल घरेलू उत्पाद के वर्तमान 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 3.5 प्रतिशत करें और बुनियादी ढांचे के विकास, सैन्य उद्योग और अन्य सुरक्षा-संबंधी निवेशों पर अन्य 1.5 प्रतिशत धनराशि खर्च करे। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मांग की थी कि नाटो सहयोगी सकल घरेलू उत्पाद का 5 प्रतिशत रक्षा क्षेत्र पर खर्च करें।

## रूसी हमले में छह यूक्रेनी की मौत

**कीव/मॉस्को।** यूक्रेन की राजधानी कीव में देर रात किए गए रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में छह लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको के अनुसार, हमलों से शहर में कई जगह आग लग गई। इसमें पश्चिमी स्वियातोशिन्स्की जिले में मेट्रो स्टेशन का प्रवेश द्वार और केंद्रीय शेवचेंकिवस्की जिले में एक पांच मंजिला इमारत का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि सोमवार सुबह तक, हमले के बाद की स्थिति से निपटने के लिए शहर में दो स्थानों पर 100 उपकरणों के साथ लगभग 400 राहत एवं बचाव कर्मियों को तैनात किया गया है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार रूस ने कीव को मुख्य निशाना बनाते हुए रातभर 352 ड्रोन, 11 बैलिस्टिक मिसाइलें और पांच क्रूज़ मिसाइलें दागीं। वायु रक्षा प्रणाली ने इनमें से 354 हवाई लक्ष्यों को मार गिराया।

## वर्ग पहेली 6953



**बायें से दायें:-**

१. बहुत दूर तक देख सकने वाली तेज नजर (उपमा)
३. ऊपर लिखना बताया गया
५. व्यापारी
६. दुविधा, असमंजस
७. वाल्मिकी का मूल नाम
९. यात्रा वर्णन, कहानी
१०. सागर मंथन से निकला एक वृक्ष
१२. मां, जन्मदायिनी
१३. ठगना, छल करना
१४. मोर का पूंछ, समूह
१६. प्राय: अधिकतर
१८. जो कभी खत्म न हो
२०. सुग्रीव का राज्य
२१. जलमार्ग पर चलने वाली नौका
२३. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. श्रीकृष्ण
२. पक्का इरादा
३. पारिश्रमिक (उर्दू)
४. रोकने वाला
५. बरगद का पेड़
८. एक सुगंधित फूल, उसका पौधा
१०. कड़वे स्वाद का
११. बिच्छू
१२. महोदय, श्रीमान
१३. के कुल में उत्पन्न
१४. दागदार
१५. वेशभूषा, लिबास
१७. मूरत, शक्ल का ब्यौरा
१८. असीमित, बेहद
१९. धोना, रंगना
२२. सरिता, तटिनी

### वर्ग पहेली-6952



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**ईरान ने इजरायल पर लगाई ...**

एक 'रणनीतिक बुनियादी ढांचा सुविधा' के पास टकराई जिससे क्षेत्र के कई शहरों में अस्थायी रूप से बिजली गुल हो गई।

इजरायल ने ईरान की जेल पर किया हमला-तेल अवीव। ईरान की राजधानी तेहरान में एविन जेल पर इजरायली वायुसेना ने हमला किया है। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, यह हमला जेल के प्रशासनिक, सुरक्षा और अदालत खंडों को निशाना बनाकर किया गया। इस जेल को लंबे समय से राजनीतिक दमन का प्रतीक माना जाता है। इजरायली हमले में एविन जेल के मुख्य द्वार क्षतिग्रस्त हो गये। फिलहाल, कैदी सुरक्षित हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) के आधिकारिक मीडिया तस्नीम समाचार ने बताया कि उत्तरी तेहरान के एविन पड़ोस में एक विद्युत फीडर पर हमला किया गया जिससे इलाके में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने आज कहा, अब इजरायली सेना तेहरान के बीचों-बीच ईरानी सरकार के प्रतिष्ठानों और दमन करने वाले कार्यालयों पर जबरदस्त हमला कर रही है। उन्होंने कहा है कि इजरायल पर हर हमले के बदले ईरानी तानाशाह को सजा दी जाएगी, और हमारी जवाबी कार्रवाई पूरी ताकत से जारी रहेगी।

**ईरान अमेरिकी हमलों के बाद ले सकता है प्रतिशोध : गुटेरेस**

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद चेताया कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है।श्री गुटेरेस ने संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने कहा, मैंने इजरायल-ईरान संघर्ष के आरंभ से ही पश्चिमी एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने की बार-बार निंदा की है, क्योंकि वहां के लोग अब और विनाश नहीं झेल सकते। अब बदले की कार्रवाई का अंतहीन सिलसिला शुरू होने का खतरा है।

**मुख्यमंत्री पर सीधा हमला ...**

वहीं बैठक के दौरान कुछ वरिष्ठ नेताओं ने इस बात को लेकर भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें तो किसी तरह की जिम्मेदारी ही नहीं दी जा रही है। जबकि सीनियर नेताओं के अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। लेकिन देखने में यह मिल रहा है कि वरिष्ठ नेताओं की ठीक से पूछ-परख नहीं हो रही है। ऐसे में समन्वय कैसे बनेगा ?

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में यह बैठक आयोजित थी।करीब डेढ़ घण्टे तक यह बैठक चली। बैठक में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत,प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई पूर्व मंत्री, कई पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ ...**

जिसके बाद वार्ड ब्वॉय द्वारा दिए गए इंजेक्शन और पानी पिलाने के बाद उसकी हालत और बिगड़ गई, लेकिन समय पर कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं था। दर्द से कराहती साक्षी की कुछ देर बाद मौत हो गई। इस दौरान स्टाफ द्वारा परिजनों से दुर्व्यवहार भी किया गया।

## जापान के प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड में आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन का दौरा किया रद्द

**टोक्यो,** 23 जून (एजेंसियां)। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इवाया शिखर सम्मेलन के दौरान जी-7 और अन्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी शामिल होंगे जिनमें महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।



## आज का इतिहास

1441-ईटन कॉलेज की स्थापना।
1497-जॉन कैबट न्यूफाउंडलैंड पहुंचे।
1564-भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरागंना में से एक रानी दुर्गावती का निधन।
1664-न्यू जर्सी कॉलोनी की स्थापना।
1881-%ओम जय जगदीश हरे% आरती के रचयिता तथा हिन्दी, पंजाबी के प्रसिद्ध साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रद्धाराम शर्मा का निधन।
1885-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा कट्टर सिख नेता तारा सिंह का जन्म।
1897-प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री, संगीतज्ञ एवं हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायक ओंकारनाथ ठाकुर का जन्म।
1937-अंग्रेज़ी साहित्य की प्रख्यात लेखिका अनीता देसाई का जन्म।
1950-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान चंद भारतीय सैनिकों में से एक दरबान सिंह नेगी का निधन। उन्हें ब्रिटिश राज का सबसे बड़ा युद्ध पुरस्कार 'विक्टोरिया क्रॉस' मिला था।
1961-भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने उड़ान भरी।
1963-डाक एवं टेलीग्राफ विभाग ने राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत की।
1966-मुंबई से न्यूयार्क जा रहे एयर इंडिया के विमान के स्विट्ज़रलैंड के माउंट ब्लैंक में दुर्घटनाग्रस्त होने से 117 लोगों की मौत।
1974-भारतीय टीम लॉडर्स टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन पर सिमटी। यह टेस्ट में भारत का न्यूनतम स्कोर है और वह टेस्ट मैच पारी और 285 रन से हारा।

**चिंताजनक** संयुक्त राष्ट्र की तीन एजेंसियों ने जारी की चेतावनी, कहा

# यमन की आधे से अधिक आबादी भुखमरी के कगार पर

■ **संगठनों ने तत्काल बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता का किया आह्वान**

■ **मुद्रा इतिहास में सबसे बड़ी गिरावट का सामना कर रहा यमन**

**अदन, यमन,** 23 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र की तीन एजेंसियों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यमन के दक्षिणी प्रांतों में लगभग 50 लाख लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं और यदि इस दिशा में तत्काल कोई कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति के और भी खराब होने की आशंका है। खाद्य और कृषि संगठन, विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र बाल आपात कोष ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि तत्काल और निरंतर सहायता के बिना सितंबर और फरवरी 2026 के बीच इस क्षेत्र के करीब 420,000 अन्य लोगों के सामने भी इसी तरह का गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका हैं।






इससे क्षेत्र में भोजन अथवा खाद्य पदार्थो की कमी झेलने वाले लोगों की कुल संख्या 53 लाख से अधिक हो जाएगी जो यमन के दक्षिणी क्षेत्रों की आधी से अधिक आबादी है। एजेंसियों ने संकट को बढ़ाने वाले कई कारकों का हवाला दिया है जिसमें लंबे समय तक आर्थिक गिरावट, यमनी मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन, निरंतर संघर्ष और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां शामिल हैं। इन संगठनों ने इन लोगों को भूखमरी से बचाने ,आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने और प्रभावित आबादी के लिए आर्थिक और आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए तत्काल बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता का आह्वान किया।

गौरतलब है कि यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब यमन की मुद्रा इतिहास में सबसे बड़ी गिरावट का सामना कर रही है। हाल ही में दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन और अन्य सरकारी नियंत्रित क्षेत्रों में रियाल की कीमत गिरकर प्रति अमेरिकी डॉलर 2,750 के आसपास रह गई है।

दरअसल यमन 2014 के अंत से ही उस समय से संघर्ष में फंसा हुआ है जब ईरानी हूती समूह ने उसके कई उत्तरी प्रांतों पर कब्ज़ा कर लिया था जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार को राजधानी सना से भागने पर मजबूर होना पड़ा था। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा 2015 में सरकार बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने के बाद यह संघर्ष और बढ़ गया।

अपने दूसरे दशक में प्रवेश कर रहे इस युद्ध ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया है जिसे संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया का सबसे 'बदतर' मानवीय संकट करार दिया है।

## दुनिया को जानें

### अमेरिकी शोधकर्ताओं ने खतरनाक फंगस से बनाई कैंसर की दवा

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक खतरनाक फंगस को कैंसर से लड़ने वाली शक्तिशाली दवा में बदल दिया है। सोमवार को जारी एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई। शोधकर्ताओं ने एस्परगिलस फ्लेवस नामक एक जहरीले फसल फंगस से अणुओं की एक नई श्रेणी अलग की।

इसके बाद, उन्होंने इन रसायनों में बदलाव किया और ल्यूकेमिया कोशिकाओं पर उनका परीक्षण किया। पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंस के एक अध्ययन के अनुसार, शोधकर्ताओं ने एक ऐसी यौगिक की खोज की है जो कैंसर कोशिकाओं को मार सकती है। यह यौगिक एफडीए द्वारा स्वीकृत दवाओं के बराबर प्रभावी है और इससे भविष्य में फंगस से बनी और दवाओं की खोज के नए रास्ते खुल सकते हैं। नए शोध पत्र की मुख्य लेखिका शेरी गाओ ने कहा कि फंगस ने हमें पेनिसिलिन दी। ये नतीजे दिखाते हैं कि प्रकृति से मिलने वाली और भी कई दवाइयां खोजी जानी बाकी हैं। यह थेरेपी एक प्रकार के पेप्टाइड्स की है, जिन्हें राइबोसोमली बनाया जाता है और बाद में संशोधित किया जाता है।

# खेल जगत

**हमारी कोशिश, 2036 के ओलंपिक में 36 से ज्यादा मेडल लाए भारत : मीनू बेनीवाल**

**करनाल।** 'इंटरनेशनल ओलंपिक डे' के मौके पर सोमवार को करनाल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल पहुंचे। मीनू बेनीवाल ने बताया उनकी कोशिश है कि भारत 2036 के ओलंपिक में 36 से भी ज्यादा मेडल लेकर आए। मीनू बेनीवाल ने यहां पत्रकारों से कहा, 'काफी सालों से ओलंपिक डे मनाया जा रहा है। इससे एक बेहतर संदेश जा रहा है। ओलंपिक में हरियाणा के ज्यादा से ज्यादा मेडल आएं, इसके लिए लगातार कोशिश की जा रही हैं। अलग-अलग खेलों के लिए एक्सीलेंस सेंटर बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को और ज्यादा सुविधा मुहैया हो, उसके लिए भी काम किया जा रहा है। हम खेलों से राजनीति को दूर रखेंगे। खिलाड़ियों का सिलेक्शन निष्पक्ष तरीके से होगा।



## इंग्लैंड बनाम भारत टेस्ट मैच

# भारत की बढ़त 150 रन के पार, केएल राहुल ने संभाला मोर्चा




**लीड्स,** 23 जून (एजेंसियां)। केएल राहुल ने अपनी बेहतरीन तकनीक और अनुभव का प्रदर्शन करते हुए पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी टेस्ट मैच के चौथे दिन लंच तक भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। हेडिंग्ले में खेले जा रहे इस मुकाबले में भारत ने अपनी दूसरी पारी में 48 ओवर में 3 विकेट पर 153 रन बना लिए हैं और इंग्लैंड पर अब तक 159 रन की बढ़त हासिल कर ली है। राहुल 72 रन पर नाबाद हैं, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 31 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए अब तक 61 रन की साझेदारी कर ली है।

दिन की शुरुआत भारत के लिए अच्छी नहीं रही। भारत ने 90/2 से आगे खेलना शुरू किया और पहले ही ओवर में कप्तान शुभमन गिल (8 रन) को ब्राइडन कार्स ने क्लीन बोल्ड कर दिया। गिल, जो पहली पारी में 147 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे, इस बार अंदर आती गेंद पर चूक गए और गेंद स्टंप्स में जा घुसी। इसके बाद राहुल ने मोर्चा संभाला और परिस्थितियों के अनुसार संयम भरा खेल दिखाया। इंग्लैंड के गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। गेंद हल्की उछाल ले रही थी, लेकिन राहुल ने धैर्य के साथ डटे रहकर अपना 18वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। ऋषभ पंत ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की, लेकिन कुछ जोखिमपूर्ण शॉट्स खेले। एक बार उन्हें एलबीडब्ल्यू दिया गया, लेकिन डीआरएस में पता चला कि अंदर का किनारा था। एक और मौके पर कार्स की गेंद पर स्वीप करते हुए उनका टॉप एज फाइन लेग पर खाली जगह में गिरा। इसके बाद उन्होंने अपने खेल को संयमित किया और खुद को संभाला। राहुल को 58 के स्कोर पर जीवनदान मिला, जब हैरी ब्रुक ने गली में उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने सावधानीपूर्वक खेलते हुए लंच तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया।

### जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के एसेट, उन्हें पता है विकेट कैसे लें : प्रवीण आमरे

मुंबई। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में जारी पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट निकाले। पूर्व भारतीय क्रिकेट और कोच प्रवीण आमरे ने बुमराह को जमकर सराहा है। प्रवीण आमरे ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि बुमराह टीम इंडिया के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह हर फॉर्मेट में प्रदर्शन करते हैं। उनमें विकेट की भूख है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह सबसे बढ़िया बात है। उन्हें पता है कि विकेट कैसे निकाले जाते हैं। वह टीम इंडिया के लिए एसेट हैं। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, हम चाहेंगे कि वह पूरी सीरीज में फिट रहें। जैसे बैटिंग में सचिन तेंदुलकर के ऊपर जिम्मेदारी होती थी, मुझे लगता है कि आज गेंदबाजी में बुमराह के ऊपर वही जिम्मेदारी होती है।'

# भारत ने बेल्जियम को हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली,** 23 जून (देशबन्धु)। स्ट्राइकर सुखजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह का एफआईएच पुरुष प्रो हॉकी लीग 2024-25 का बेल्जियम के खिलाफ रविवार को उसके घर एंटवर्प में रिटर्न व 16 वां आखिरी मैच भारत के लिए सौवां अंतरराष्ट्रीय मैच था। सुखजीत सिंह के दो तथा ड्रैग फ्लिकर अमित रोहिदास तथा कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अंतिम पूर्व मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर दागे एक एक गोल की बदौलत भारत ने बेल्जियम को रिवर्स मैच को पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2024-23 June, 2025, Bharat kiwz के यूरोपीय चरण में रविवार रात लगातार सात मैच एक गोल के अंतर से हारने के बाद अतत: अपने आखिरी मैच में 4-3 से हरा कर अपना अभियान 16 मैचों में इकलौती जीत 14 अंकों व आठवे स्थान पर रह कर साथ समाप्त किया। पराजित बेल्जियम के लिएआॅर्थर डी स्लूवर, थियूबू स्टोकब्राइक्स और हयूगो लबूशेर ने किया।

बेल्जियम ने आक्रामक अंदाज पर आगाज कर भारत की रक्षापंक्ति को बिखेर दिया और आर्थर डी स्लूवर ने ठीक डी के उपर से आठवें मिनट में गोल कर मेजबान टीम का खाता खोला। भारत को मैच के 20 वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस पर हरमनप्रीत सिंह के ड्रैग फ्लिक को बेल्जियम ने रोक कर जवाबी हमला बोला लेकिन भारत के गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने रोक उसे अपनी बढ़त 2-0 करने से रोक दिया। अगले ही मिनट ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग लफ्क किया इस परलौटती गेंद को सुखजीत सिंह ने गोल में डाल कर भारत को एक एक की बराबरी पर रोक दिया। अभिषेक दूसरे वॉर्टर के शुरू में बहुत करीब से गोल करने से चूके। हाफ टाइम तक स्कोर एक एक रहा।

थियाबू स्टोकब्राइक्स ने तीसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोकर कर बेल्जियम को 2-1 से आगे कर दिया। अगले दो मिनट में पहले सखजीत सिंह ने अभिषेक के पास पर मैच के 36 वें मिनट में मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को दो दो की बराबरी दिला दी। अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को पहली बार मैच 3-2 से आगे कर दिया। शमशेर ने गेंद को गोल में डाला लेकिन बेल्जियम के विडियो रेफरल पर इसे अमान्य कर दिया। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के छठे मिनट में हयूगो लबूशेर ने अपना अंतरराष्ट्रीय गोल कर बेल्जियम को तीन तीन की बराबरी दिला दी भारत को मैच के अंतिम पूर्व मिनट पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर भारत को 4-3 से आगे कर दिया। भारत के स्ट्राइकर सखजीत सिंह ने कहा, 'हमने मैच मे अच्छी वापसी की॥ हम हर मच में विश्वास के साथ चेले। हम जिस तरह रविवार को खेले उसमें और बेहतर करने की गुंजाइश है।'

# 'ओलंपिक डे' पर बीसीसीआई और जय शाह का संदेश, 'लेट्स मूव प्लस 1' अभियान को बढ़ावा

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। 'इंटरनेशनल ओलंपिक-डे' के मौके पर सोमवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'लेट्स मूव +1' अभियान को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया।

जय शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं। अपने +1 को टहलने, दौड़ने या क्रिकेट खेलने के लिए आमंत्रित करें। एक मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। साथ मिलकर, आइए ओलंपिक गेम्स को घर लाने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहें!'

बीसीसीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'क्रिकेट ओलंपिक गेम्स में शामिल हो गया है। यह हमारे प्रिय खेल के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है। इस ओलंपिक डे पर, आइए खेलों की शक्ति का जश्न मनाएं, जो लोगों को जोड़ती है और प्रेरित करती है। लेट्स मूव अभियान के जरिए हम आपको अपना '+1' चुनने और आगे



बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। चाहे वह टहलना हो, दौड़ना हो या क्रिकेट का खेल हो। साथ मिलकर, हम एक स्वस्थ, ज्यादा एकजुट भारत का निर्माण कर सकते हैं। जब हम साथ मिलकर चलते हैं, तो बेहतर तरीके से आगे बढ़ते हैं। आइए, अपने सपने को साकार करें- भारत में ओलंपिक!'

'लेट्स मूव' इस साल ओलंपिक-डे की थीम है। यह दिवस 1894 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की स्थापना के मौके पर हर साल 23 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी को अपने साथ चलने, दौड़ने, डांस करने, कूदने और घूमने के लिए '+1' को आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लोग बस किसी मित्र को अपने साथ शामिल होने या कसरत करने के लिए कह सकते हैं। क्रिकेट ने 1900 में पेरिस ओलंपिक में अपनी एकमात्र उपस्थिति दर्ज की थी। इसके बाद इस खेल को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया गया है। आईसीसी ने आगामी ओलंपिक में क्रिकेट वेन्यू के तौर पर दक्षिण कैलिफोर्निया के पोमोना में फेयरग्राउंड को चुना है, जहां पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं में छह-छह टीमें शामिल होंगी। 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स में पुरुषों और महिलाओं दोनों की टी20 प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जबकि बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

> 'क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं: जय शाह

# झिन्यू को हराकर वोंड्रोसोवा ने जीता बर्लिन ओपन का खिताब

**बर्लिन,** 23 जून (एजेंसियां)। चोटों से ग्रस्त चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी मार्केटा वोंड्रोसोवा ने दो साल बाद वापसी करते हुए चीन की वांग झिन्यू को हराकर बर्लिन ओपन में महिला एकल का खिताब जीत लिया। पूर्व चैंपियन वोंड्रोसोवा ने रविवार खेले गये फाइनल मुकाबले में चीन की वांग झिन्यू पर 7-6 (12-10) 4-6 6-2 से जीत दर्ज की। वोंड्रोसोवा को पहले सेट के कड़े टाईब्रेक में उन्हें छह सेट प्वाइंट भी बचाने पड़े। वोंड्रोसोवा ने निर्णायक मैच में दबदबा बनाया और डबल ब्रेक हासिल कर अपने करियर का तीसरा खिताब जीता। विम्बलडन शुरु होने से एक सप्ताह मिली इस जीत से वोंड्रोसोवा का आत्मविश्वास बढ़ा है। मैच के बाद वोंड्रोसोवा ने कहा कि प्रशंसकों की बड़ी संख्या को देखकर अच्छा लगा। मैंने इस सप्ताह टेनिस और समर्थकों का वास्तव में आनंद लिया।



■ चीन की वांग झिन्यू पर 7-6 (12-10) 4-6 6-2 से जीत दर्ज की

इस बीच, ब्रिटिश युगल की नंबर वन खिलाड़ी ओलिविया निकोल्स ने स्लोवाकिया की टेरेजा मिहालिकोवा के साथ युगल वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल मुकाबले में इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 4-6, 6-2, 10-6 से हराया।

## सार संक्षेप

### एमएलसी 2025 : जिसने भारत को जिताया अंडर-19 वर्ल्ड कप, अमेरिका में बिखेर रहा जलवा

**नई दिल्ली।** उन्मुक्त चंद भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन कभी सीनियर टीम में जगह नहीं बना सके। यही वजह रही कि वह भारत छोड़कर अमेरिका में क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्मुक्त चंद फिलहाल मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमलसी) में खेल रहे हैं, जहां उन्होंने सीजन के 12वें मैच में अपना जलवा बिखेरा। उन्मुक्त चंद ने न सिर्फ अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से लॉस एंजिल्स को जीत दिलाई, बल्कि उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब से भी नवाजा गया। डलास में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो सिएटल ओर्कास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए छह विकेट खोकर 177 रन बनाए। सिएटल ओर्कास के लिए आरोन जोन्स ने 36 गेंदों में सर्वाधिक 44 रन जड़े, जबकि डेविड वॉर्नर ने 38 रन की पारी खेली। इनके अलावा शायन जहांगीर ने 26 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से आंद्रे रसेल ने तीन विकेट चकाए, जबकि ड्राई, शैडली वैन शाल्कविक और जेसन होल्डर ने एक-एक विकेट झटके।

### मुंबई की टीम को अलविदा कहने जा रहे पृथ्वी शॉ, एमसीए से मांगा 'एनओसी'

**मुंबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने आगामी 2025/26 घरेलू क्रिकेट सत्र में मुंबई छोड़कर किसी अन्य टीम के लिए खेलने की इच्छा जताई है।

# जिरी लहेच्का को हराकर कार्लोस अल्कराज ने जीता क्वींस क्लब खिताब



■ कार्लोस ने लहेच्का को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराया

**लंदन,** 23 जून (एजेंसियां)। टेनिस में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने चेक गणराज्य के जिरी लहेच्का को हराकर क्वींस क्लब चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार रात खेले गये मुकाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज और चेक गणराज्य के लहेच्का को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। अल्काराज का यह दूसरा क्वींस क्लब खिताब है। मैच के बाद अल्काराज ने स्वीकार किया कि उन्हें इस बार ट्रॉफी जीतने की उम्मीद नहीं थी। क्योंकि इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद दो दिन तक ग्रास कोर्ट पर अभ्यास कर कोर्ट पर उतरना मुश्किल था।

पांच बार के ग्रैंड स्लैम विजेता अल्काराज ने कहा, 'मैं यहाँ बिना किसी उम्मीद के आया हूँ। मैं यहाँ केवल दो, तीन मैच खेलने, घास पर अच्छा महसूस करने और खुद को फीडबैक देने के लक्ष्य के साथ आया हूँ कि मुझे क्या सुधार करना है, क्या बेहतर करना है। मैं घास पर बहुत जल्दी अभ्यस्त हो गया और इस पर मुझे गर्व है।' 23 वर्षीय जिरी लहेच्का ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूँ कि मुझे आज खिताब के लिए लड़ने का मौका मिला। मैंने आज अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था, लेकिन क्वींस में वापस आना हमेशा शानदार होता है।'

# वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया

**केव हील,** 23 जून (एजेंसियां)। कप्तान हेली मैथ्यूज (एक विकेट/नाबाद 63) की हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को चार गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराया दिया है। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने रविवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और वेस्टइंडीज के गेंबदाजी आक्रमण के उसके बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके और नियमित अंतराल पर विकेट गवांते रहे। दक्षिण अफ्रीका ने एनरी डार्कसन (नाबाद 21), नडीन डी क्लर्क (20), कप्तान लॉरा वुलफार्ट (16), करबो मेसो (नाबाद 14), तेजमिन ब्रिट्स (14) रनों के योगदान से



■ कप्तान हेली मैथ्यूज ने नाबाद 63 रन की पारी खेली

निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 113 रन का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से ऐफी फ्लेचर और करिश्मा रामहैरक ने दो-दो विकेट लिये। जे. क्लैक्सटन और हेली मैथ्यूज ने (एक-एक) विकेट लिए।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की किआना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में अयाबोंगा खाका ने किआना जोसेफ (17) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी लडखड़ा गई और उसने एक के बाद एक अपने तीन और विकेट गवां दिये। एस. हेक्टर (तीन), शमैन कैंपबेल (सात) और शिनेल हेनरी (तीन) रन बनाकर आउट हुई। हालांकि इस दौरान हेली मैथ्यूज एक छोर थामे रन बनाती रही। उन्होंने जैनिलिया ग्लास्गो के साथ पांचवें विकेट लिए 39 रनों की अविजित साझेदारी कर 19.2 ओवर में चार विकेट पर 116 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन म्लाबा ने दो विकेट लिये। एम क्लास और अयाबोंगा खाका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**सुडोकू 6953 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 |

# ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

■ पेनल्टी शूटआउट में अखरेगी ललित की कलाकारी से गोल करने की कला

■ ललित का स्थान लेने के लिए अब रहेगी उत्तम और अरिजित हुंडल में होड़

**नई दिल्ली,** 23 जून (देशबन्धु)। दद्दा ध्यानचंद के बाद भारत ही नहीं दुनिया के हॉकी के सबसे बड़े कलाकारों में एक मोहम्मद शाहिद जैसे कलाकारों की नगरी कहे जाने वाले बनारस (वाराणसी) के बाशिंदे उन्हीं की तरह अंतरराष्ट्रीय हॉकी में एक दशक से अपनी कलाकारी दिखा भारतीय हॉकी प्रेमियों को मोहित करने वाले लगातार दो बार ओलंपिक में कांसा जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय ने रविवार रात अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने की घोषणा कर दी। ललित उपाध्याय की हॉकी पर गेंद के साथ उनकी रफ्तार भले ही अब कुछ कम हो गई हो लेकिन उनकी हॉकी



की कलाकारी में आज भी पहले जैसी है।

ललित ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने की घोषणा भारत के बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के खिलाफ आखिरी मैच के बाद सोशल मीडिया पर की। ललित एफआईएच प्रो लीग 2024 25 के यूरोपीय चरण में आठ में चार मैच खेले और भारत के लिए आखिरी मैच 15 जून का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला और इसमें भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी थी। इसके साथ ही ललित के शानदार अंतरराष्ट्रीय हॉकी करियर का समापन हो गया। ललित उपाध्याय ने भारत के लिए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच 31 मई, 2014 को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में हेग (नीदरलैंड) में खेला और इसमें भी उनके आखिरी मैच की तरह भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी थी। अब भारत के लिए ललित उपाध्याय की जगह लेने के लिए उन्हीं तरह बनारस के ही उत्तम सिंह, जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कप्तान अरिजित सिंह हुंडल में खासी होड़ रहेगी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/202506116400007/अ-6/2024-25
ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 20.06.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01 श्रीमती लीला बाई बन्छोर, पति स्व. किशन लाल बन्छोर, 02. नारायण सिंह बन्छोर पिता स्व. किशन लाल बन्छोर, 03. श्रीमती लक्ष्मी वर्मा पति श्री कमलेश कुमार वर्मा पिता श्री किशन लाल बंछोर निवासी 37, वार्ड क्रमांक 4, सहयारा, जांजगीरा, रायपुर (छ.ग.), 04. मुकेश कुमार बन्छोर पिता स्व. किशन लाल बन्छोर, 05. कमल नारायण बन्छोर पिता स्व. किशन लाल बन्छोर, 06. कामदेव बन्छोर पिता स्व. किशन लाल बन्छोर क्रमांक 1 से 2 एवं क्रमांक 4 से 6 सभी निवासी वार्ड नं. 10. सड़क पारा, शिवशंकर चौक, सेजबहार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सेजबहार पटवारी हल्का नंबर 82 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 230/1, 244/1, 463/1 रकबा क्रमश: 0.1790, 0.0500, 0.5420 हे. भूमि आवेदकगण के पिता किशन लाल बन्छोर, पिता कन्हैया लाल बन्छोर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूमिस्वामी एवं आवेदकगण के पिता किशन लाल बन्छोर, पिता कन्हैया लाल बन्छोर का निधन दिनांक 18.04.2025 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानो में आवेदकगण ही है। आवेदकगण द्वारा आवेदित भूमि पर मृतक का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04.07.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**आम सूचना नाम परिवर्तन**

मैं अनिकेत शैलेन्द्र उम्र 25 वर्ष पिता श्री कोमल राम शैलेन्द्र निवासी मिराज पेट्रोल पम्प के पास, खालबाड़ा, गुढ़ियारी रायपुर, छत्तीसगढ़ हूँ। मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेजों में अनिकेत शैलेन्द्र (ANIKET SHELENDRA) व जन्म तिथि 08.11.1999 दर्ज है, जो कि सही है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अनमोल कुमार शैलेन्द्र (ANMOL KUMAR SHELENDRA) व जन्म तिथि 08.11.2001 दर्ज है।

मैं अपना नाम अनमोल कुमार शैलेन्द्र (ANMOL KUMAR SHELENDRA) को बदलकर स्थायी रूप से अनिकेत शैलेन्द्र (ANIKET SHELENDRA) करना चाहता हूँ। अब मुझे मेरे नये नाम अनिकेत शैलेन्द्र (ANIKET SHELENDRA) से जाना-पहचाना जाएं। वहीं मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम अनमोल कुमार शैलेन्द्र (ANMOL KUMAR SHELENDRA) व जन्म तिथि 08.11.2001 को विलोपित करते हुए अनिकेत शैलेन्द्र (ANIKET SHELENDRA) व 08.11.1999 दर्ज किया जावें। जिससे कि मुझे मेरे नये नाम अनिकेत शैलेन्द्र (ANIKET SHELENDRA) व सही जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाएं।

यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में मैनें संबंधित अधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत किया है।

**प्रार्थी**
**अनिकेत शैलेन्द्र पिता कोमल राम शैलेन्द्र पता मिराज पेट्रोल पम्प के पास, खालबाड़ा, गुढ़ियारी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 492001**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHISH KUMAR S/O OMPRAKASH resident of .HNO 169 WARD 15 SANJAY NAGAR SHIKSHAK COLONY KURUD (NP) DIST DHAMTARI CHHATTISGARH 493663 have changed my old name ASHISH KUMAR S/O OMPRAKASH so in future I should be recognized by my new name that is ASHISH KUMAR KELA S/O OMPRAKASH KELA in all Government and other documents.

**ASHISH KUMAR KELA**
.HNO 169 WARD 15 SANJAY NAGAR SHIKSHAK COLONY KURUD (NP) DIST DHAMTARI CHHATTISGARH 493663

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BIJAY KUMAR GOSWAMI S/O BIMAL KUMAR GOSWAMI resident of H.NO. R-05 GREEN PARADISE VISHAL NAGAR TELIBANDHA RAIPUR (C.G.) have changed my old name BIJAY KUMAR GOSWAMI S/O BIMAL KUMAR GOSWAMI so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY KUMAR GOSWAMI S/O BIMAL KUMAR GOSWAMI in all Government and other documents.

**VIJAY KUMAR GOSWAMI**
H.NO. R-05 GREEN PARADISE VISHAL NAGAR TELIBANDHA RAIPUR (C.G.)

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| ट्रेंट | 3.61 प्रतिशत |
| बीईएल | 3.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.20 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.71 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.58 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंफोसिस | 2.29 प्रतिशत |
| एलटी | 2.11 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.10 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.59 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.29 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,884 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,800 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत में ईंधन की कमी नहीं होगी : पुरी

■ केंद्रीय मंत्री ने ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इजरायल-ईरान युद्ध के कारण भारतीय उपभोक्ताओं को तेल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा आने और ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा बमबारी के कारण मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि की आशंकाओं को दूर किया।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम पिछले दो सप्ताह से मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पिछले कुछ वर्षों में अपनी आपूर्ति में विविधता लाए हैं और अब हमारी आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं आता है। उन्होंने बताया कि देश की तेल विपणन कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के पास कई सप्ताह के लिए आपूर्ति है और उन्हें कई मार्गों से ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहती है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने आश्वासन दिया कि हम अपने नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।



देश की तेल विपणन कंपनियों के पास कई सप्ताह के लिए आपूर्ति है और उन्हें कई मार्गों से आपूर्ति मिलती रहती है : हरदीप सिंह पुरी

ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य/फारस की खाड़ी के उत्तरी किनारे पर स्थित है, जिसके माध्यम से सऊदी अरब और यूएई जैसे प्रमुख निर्यातक देशों से प्रतिदिन 20 मिलियन बैरल तेल का प्रवाह होता है। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका, इजरायल के साथ संघर्ष में हस्तक्षेप करता है, तो वह इस मार्ग को अवरुद्ध कर देगा। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में तेज उछाल आएगा। शिपिंग भी प्रभावित होने की आशंका है क्योंकि यमन के हूती विद्रोहियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो वे अमेरिकी जहाजों पर अपने हमले फिर से शुरू कर देंगे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और तेल की कीमतों में उछाल से उसके तेल आयात बिल में वृद्धि होती है और मुद्रास्फीति की दर बढ़ जाती है, जो आर्थिक विकास को नुकसान पहुंचाती है।

## मध्यपूर्व संकट से तेल की कीमतें 5 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** ईरान में परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद सोमवार को तेल की कीमतें इस साल जनवरी के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी दी, जिसके माध्यम से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत प्रवाह होता है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर 1.92 डॉलर या 2.49 प्रतिशत बढ़कर 78.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 1.89 डॉलर या 2.56 प्रतिशत बढ़कर 75.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 5 प्रतिशत तक की तेजी आई। हालांकि, कीमतें उन स्तरों पर टिक नहीं पाई और लगभग तुरंत ही शुरुआती बढ़त कम हो गई। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी भंडार में उम्मीद से अधिक गिरावट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तीसरे सप्ताह तेजी जारी रही। इजरायल और ईरान के बीच चल रही शत्रुता ने मध्य पूर्व में आपूर्ति से जुड़ी चिंताओं को बढ़ा दिया है, जो वैश्विक तेल निर्यात के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यूएस एनर्जी इंफोर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (ईआईए) के अनुसार, पिछले सप्ताह कच्चे तेल के भंडार में 11.5 मिलियन बैरल की गिरावट आई, जो अनुमानित 2.3 मिलियन बैरल की गिरावट से काफी अधिक है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष कमोडिटीज राहुल कलंत्री ने कहा, फ्रआज के सत्र में कच्चे तेल को 74.20-73.40 डॉलर पर समर्थन और 75.65-76.20 डॉलर पर प्रतिरोध देखने को मिल रहा है। रुपए के संदर्भ में, कच्चे तेल को 6,400-6,320 रुपए पर समर्थन मिल रहा है, जबकि प्रतिरोध 6,580-6,690 रुपए पर है।



■ भारत के पास तेल की पर्याप्त आपूर्ति

## भारत का हर्बल व आयुर्वेदिक ओटीसी बाजार वैश्विक वृद्धि से आगे निकलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। भारत के हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी (ओवर द काउंटर) मार्केट में 6.5 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2025 में 69 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2033 के अंत तक 118 मिलियन डॉलर हो जाएगा। इस वृद्धि के साथ मार्केट वैश्विक रुझानों से आगे निकल जाएगा। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।



■ 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय घरों में मजबूती से प्रवेश किया

रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, चुनौतियां बनी हुई हैं क्योंकि 2024 में 40 प्रतिशत नए लॉन्च को विनियामक बाधाओं का सामना करना पड़ा, केवल 20 प्रतिशत उत्पादों को क्लिनिकल मान्यता मिली है और गुणवत्ता संबंधी चिंताएं 30 प्रतिशत तक की पेशकशों को प्रभावित करती हैं, जिससे क्लिनिकल इलनेस के लिए उनकी विश्वसनीयता और अडॉप्शन को सीमित किया जाता है। हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी इंडस्ट्री के बारे में बताया जाता है कि यह शानदार तेजी से बढ़ रही है। नवीनतम शोध के अनुसार, इंडस्ट्री ने 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय घरों में मजबूती से प्रवेश किया है।

यह जानकारी 1लैटिस की हेल्थकेयर इंटेलिजेंस रिसर्च विंग मेडआईक्यू द्वारा किए गए नवीनतम उद्योग विश्लेषण से सामने आई है, जो उपभोक्ता व्यवहार में एक मौलिक बदलाव को उजागर करता है।

## सोने व चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 98,800 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई और चांदी की कीमत में 1200 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया।



इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा सुबह जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 98,884 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार शाम को जारी कीमत, 98,503 रुपए प्रति 10 ग्राम से 381 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,578 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,229 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोना का दाम बढ़कर 74,163 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,878 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए, की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 1,208 रुपए बढ़कर 1,06,800 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि आखिरी कारोबारी दिन शाम को 1,05,592 रुपए प्रति किलोग्राम अपडेट की गई थी।

# भारत के पहले ऑफ-ग्रिड 5 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्लांट शुरू

**अहमदाबाद,** 23 जून (एजेंसियां)। अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) ने सोमवार को गुजरात के कच्छ में भारत के पहले ऑफ-ग्रिड 5 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्लांट के सफलतापूर्वक शुरू होने की घोषणा की, जो देश के क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट प्लांट 100 प्रतिशत सोलर एनर्जी से संचालित है और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के साथ इंटीग्रेटेड है, जिससे यह पूरी तरह से ऑफ-ग्रिड संचालित हो सकता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह प्लांट विकेंद्रीकृत, रिन्यूएबल एनर्जी से चलने वाले हाइड्रोजन प्रोडक्शन में एक नए प्रतिमान का प्रतिनिधित्व करता है।



कंपनी ने कहा कि एएनआईएल पायलट प्लांट भारत की पहली ऑफ-ग्रिड 5 मेगावाट की ग्रीन हाइड्रोजन सुविधा है, जिसमें पूरी तरह से स्वचालित, क्लोज्ड-लूप इलेक्ट्रोलाइजर सिस्टम है, जिसे रियल टाइम में रिन्यूएबल एनर्जी इनपुट के लिए गतिशील रूप से प्रतिक्रिया देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह विशेष रूप से सौर ऊर्जा की परिवर्तनशीलता को संबोधित करने में, दक्षता, सुरक्षा और प्रदर्शन सुनिश्चित करते हुए मूल्यवान ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करता है। कंपनी की यह सफलता उभरती हुई ग्रीन हाइड्रोजन इकोनॉमी में इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और लीडरशिप के लिए अदानी समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह प्लांट ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए ग्लोबल हब बनने की भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन करता है।

■ ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए ग्लोबल हब बनने की भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन करता है यह प्लांट

## सार संक्षेप

### दक्षिण कोरिया में विदेशी मुद्रा जमा राशि बढ़ी

**सोल।** दक्षिण कोरिया में मई में चार महीने बाद विदेशी मुद्रा जमा में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर सिक्योरिटीज फर्मों में जमा राशि और कंपनियों की ओर से विदेशों में निवेश के लिए अस्थायी रूप से रखे गए फंड के कारण हुई। बैंक ऑफ कोरिया (बीओके) ने सोमवार को जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी। बैंक ऑफ कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, मई के अंत तक रेजिडेंट्स की तरफ से रखी गई विदेशी मुद्रा जमा राशि 101.36 अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो एक महीने पहले की तुलना में 5.1 अरब डॉलर अधिक रही। बैंक ऑफ कोरिया के मुताबिक, रेजिडेंट्स में दक्षिण कोरियाई नागरिक, देश में छह महीने से अधिक समय से रह रहे विदेशी नागरिक और विदेशी कंपनियां शामिल हैं। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के बाद पहली बार इस आंकड़े में वृद्धि हुई है। बीओके के ताजा आंकड़ों में इंटरबैंक विदेशी मुद्रा जमा को शामिल नहीं किया गया है।

### अभी भी ओला, उबर, रैपिडो, 'एडवांस टिपिंग' का दे रहे ऑप्शन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला, उबर इंडिया और रैपिडो जैसे राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म को उनके एडवांस टिपिंग फीचर को लेकर नोटिस जारी किया था, जिसके एक महीने से अधिक समय बाद भी, इन डिजिटल राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर यह विवादास्पद फीचर एक्टिव है। प्लेटफॉर्म के इस फीचर के साथ यात्रियों की राइड शुरू होने से पहले ही ड्राइवर को टिप देने को कहा जाता है। कई यूजर्स ने इस फीचर को लेकर चिंता जताई और इसे मिसलीडिंग और अनफेयर बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई यूजर्स ने शिकायत की है कि उन्हें या तो उकसाया गया या बिना स्पष्ट सहमति के टिप देने के लिए बाध्य किया गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कई लोगों को लगता है कि इससे उन पर दबाव पड़ता है और ड्राइवरों को राइड स्वीकार करने पर अधिक नियंत्रण मिलता है।

### आज खुलेगा एलनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ

**अहमदाबाद।** एलनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 जून को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में बताया गया है कि एलनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 380 से 400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू दो रुपय है। कंपनी का यह आईपीओ मंगलवार, 24 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और गुरुवार, 26 जून को बंद होगा। निवेशक कम से कम 37 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 37 शेयरों के गुणक में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। कंपनी 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करेगी। कंपनी के प्रमोटर पदम कुमार अग्रवाला और वरुण अग्रवाल, दोनों में से प्रत्येक 56,56,565 शेयर बेचेंगे।

# ईरान पर अमेरिकी हमले से शेयर बाजार ढेर

■ सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक पर

■ निफ्टी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद

**मुंबई,** 23 जून (एजेंसियां)। ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, टेक और फोकस्ड आईटी समेत बारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से शेयर बाजार लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 511.38 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,571.69 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत की तेजी लेकर 52,678.74 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4240 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2204 में लिवाली जबकि 1854 में बिकवाली हुई वहीं 182 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2995 कंपनियों के शेयरों में से 1545 में गिरावट जबकि 1364 में तेजी रही वहीं 86 में टिकाव रहा।




बीएसई के 12 समूहों में गिरवट का रुख रहा। इससे सीडी 0.03, एफएमसीजी 0.62, वित्तीय सेवाएं 0.15, हेल्थकेयर 0.10, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.50, ऑटो 0.88, बैंकिंग 0.38, पावर 0.17, रियल्टी 0.19, टेक 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 1.48 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कैपिटल गुड्स 0.94, धातु 0.71 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए।

वैश्विक स्तर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, हांगकांग का हैंगसेंग 0.67 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 प्रतिशत प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.27 और जापान के निक्केई में 0.13 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 704 अंक की भारी गिरावट के साथ 81,704.07 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,476.76 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद 82,169.67 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 82,408.17 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंफोसिस 2.29, एलटी 2.11, एचसीएल टेक 2.10, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.29, टीसीएस 1.19, पावरग्रिड 0.96, आईसीआई 0.92, मारुति 0.91, एचडीएफसी बैंक 0.91, एशियन पेंट 0.90, टेक महिंद्रा 0.85, एसबीआई 0.73, टाटा मोटर्स 0.71, रिलायंस 0.57, आईसीआईसीआई बैंक 0.54, टाइटन 0.51, एनटीपीसी 0.49, एक्सिस बैंक 0.47, सन फार्मा 0.14 और भारती एयरटेल 0.03 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, ट्रेंट 3.61, बीईएल 3.15, बजाज फाइनेंस 1.20, कोटक बैंक 0.71, बजाज फिनसर्व 0.58, इटरनल 0.43, टाटा स्टील 0.36, अडानी पोर्ट्स 0.31 और अल्ट्रासिमेंटो के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## मई में 97 सौदों के जरिए भारत में पीई, वीसी निवेश 2.4 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

**मुंबई,** 23 जून (एजेंसियां)। इस वर्ष मई में भारत में प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल (पीई-वीसी) निवेश 97 डील के जरिए 2.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। ईवाई-आईवीसीए की रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले महीने सबसे ज्यादा डील स्टार्टअप निवेश के माध्यम से हुई, इसके बाद ग्रोथ निवेश 0.7 बिलियन डॉलर रहा। सेक्टर दृष्टिकोण से, मई में फाइनेंशियल सर्विस टॉप सेक्टर रहा, जिसमें 758 मिलियन डॉलर का निवेश दर्ज किया गया, इसके बाद रियल एस्टेट (380 मिलियन डॉलर) का स्थान रहा। ईवाई में प्राइवेट इक्विटी सर्विसेज के पार्टनर और नेशनल लीडर विवेक सोनी ने कहा कि पीई/वीसी एक्टिविटी में सुस्ती बनी हुई है, जैसा कि लिमिटेड डील के प्रवाह और बड़ी डील (100 मिलियन डॉलर से अधिक के सौदे) में कमी से पता चलता है। भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी टैरिफ नीति और अन्य बाहरी बाधाओं ने निवेशकों की धारणा को कमजोर कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप निवेशक सतर्क और वेट-एंड-वॉच अप्रोच अपना रहे हैं। डील की संख्या के संदर्भ में, प्योर-प्ले इंवेस्टमेंट में 16 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट क्लासेस में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत की गिरावट आई।



# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 12 रिंगिट बढ़कर 4083 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की बढ़त के साथ 54.47 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती जबकि मसूर दाल 300 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# रिकॉर्ड निर्यात व एफटीए के साथ भारत आर्थिक समृद्धि की नई राह पर अग्रसर : गोयल

■ निवेशकों का विश्वास बढ़ा है व अधिक प्रतिस्पर्धी व्यापार वातावरण बना

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि रिकॉर्ड निर्यात आंकड़ों और कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के साथ भारत आर्थिक समृद्धि की नई राह पर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम के समर्थन से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित, त्वरित और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि अत्याधुनिक भविष्योन्मुखी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास एक दूसरा मुख्य आकर्षण रहा है। फोकस पूरी तरह से व्यवसायों को सशक्त बनाने और अधिक निवेश आकर्षित करने पर है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, हितधारकों के साथ परामर्श बढ़ाने, अनुपालन बोझ को कम करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार के परिणामस्वरूप छोटे व्यवसायों का सशक्तिकरण हुआ है, निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और अधिक प्रतिस्पर्धी व्यापार वातावरण बना है।



इस वर्ष मई में भारत का कुल वस्तु और सेवाओं का निर्यात 71.12 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 2.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध में वृद्धि के बावजूद अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि हुई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मई में सकारात्मक वृद्धि दर्शाने वाले भारत के शीर्ष 5 निर्यात गंतव्य 16.93 प्रतिशत के साथ अमेरिका, 25.04 प्रतिशत के साथ चीन, 35.35 प्रतिशत के साथ ऑस्ट्रेलिया, 48.11 प्रतिशत के साथ रूस और 17.05 प्रतिशत के साथ जर्मनी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाणिज्य भवन को भारत के तेजी से बढ़ते वाणिज्य और इंडस्ट्री इकोसिस्टम के लिए एक मॉडर्न, कुशल, इंटीग्रेटेड और डेडिकेटेड हब के रूप में देखा गया है।

### न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506112800035/202 मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 है.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती कौटी मलेवार पति स्व. सालिक राम मलेवार, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा फाफाडीह पारस नगर रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कौटी मलेवार पति स्व. सालिक राम मलेवार, निवासी मुक्तिधाम के पास, पारस नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा फाफाडीह, पारस नगर स्थित प्लॉट नंबर-131, प्लॉट नंबर भूखण्ड क्रमांक 1005, रकबा 567 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति सालिक राम पिता चैतराम मलेवार के नाम दर्ज है। सालिक राम मलेवार की मृत्यु दिनांक 14.07.2018 को गया है, जिनके वारिसानों में आवेदिका एवं पुत्री अल्पना कुम्भलकर हैं, अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं हैं। अतएव आवेदक के द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति पेशी दिनांक 11.07.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नजूल अधिकारी रायपुर

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) सूचना

प्रति,
आवेदक श्री प्रशांत/तुलसी प्रसाद (संबंधित नजदीकी भूमिस्वामी) श्री इंडियन आयल कार्पो. लि. रायपुर, श्री नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, श्री भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, श्री सुरेन्द्र कौर/जोगिंदर सिंह निवासी रायपुर।
विषय-सीमांकन के संबंध में स्थल निरीक्षण पर उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ-न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश क्रमांक क्यू दिनांक 18.06.2025 के अनुसार।

आवेदक के भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम छतौना पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. के आवेदित खसरा नंबर 83/2, 85 रकबा 0.206, 0.040 हे. जिसका त्रुटि सुधार, हेतु तहसील कार्यालय अ.वि.अ. कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है, संदर्भित आदेश के परिपालन में दिनांक 07.07.2025 को समय 1 बजे पश्चात् त्रुटि सुधार हेतु स्थल निरीक्षण किया जाना है। अतः आवेदक एवं समीपस्थ भूमिस्वामी संबंधित दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर उक्त सीमांकन कार्य में किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त सीमांकन तिथि में पूर्व संबंधित पटवारी कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 (भनपुरी) तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) सीमांकन के संबंध में आम सूचना

जारी दिनांक 19.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलकंठ निर्मलकर पिता स्व. बाहरा राम निर्मलकर निवासी मठपारा उरकुरा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 409/2 रकबा 0.1010 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. /वाचक/अति.तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 10.06.2025 के परिपालन में दिनांक 30.06.2025 को समय 1.00 बजे पश्चात किया जाना है।

अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-05 (भनपुरी)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) आम सूचना

जारी दिनांक 19.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक मेसर्स अविनाश डेव्हलपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया पिता नरेश सिंघानिया निवासी अविनाश हाउस मारूति बिजनेस पार्क जी.ई. रोड रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 472/7 शामिल नं. 476/3, 472/8, 476/1, 472/9, 476/4, 472/10, 476/5, 472/4, 477/6 रकबा क्रमशः 0.078, 0.432, 0.121 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 10.06.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 07.07.2025 को 1 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा उपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-09

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) आम सूचना

जारी दिनांक 19.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक मेसर्स अविनाश डेव्हलपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर मुकेश सिंघानिया पिता नरेश सिंघानिया निवासी अविनाश हाउस मारूति बिजनेस पार्क जी.ई. रोड रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 472/11 शामिल खसरा नंबर 476/6 रकबा 0.2020 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 28.04.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 02.07.2025 को 1 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा उपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-09

### न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

क्रमांक/क्यू/वाचक/तह./2025 मंदिर हसौद, दिनांक........

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम [illegible] रिखीराम वर्मा निवासी भिलाई-3 पदुम नगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम मुनगेसर प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. चंदखुरी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 45/1, 45/2, 45/5, 45/8, 45/9, 84/1, 178/4, 178/10, 187/1, 187/16, 189/5, 214/3, 214/9 रकबा क्रमशः 0.2830, 0.0810, 0.0810, 0.000, 0.0810, 0.0280, 0.1010, 0.3030, 0.6880, 0.3240, 0.6680, 0.4050, 0.04250 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका पूर्व में प्राप्त हुआ था, जो असावधानीपूर्वक कहीं गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 30.06.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद

### न्यायालय नजूल अधिकारी के न्यायालय में मामला क्रमांक मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक: 202506112800016/183
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 है.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मोहम्मद असलीम मेमन पिता अब्दुल गफ्फार मेमन, अनावेदक पक्षकार-[illegible]

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद असलीम मेमन पिता अब्दुल गफ्फार मेमन निवासी [illegible] रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-16, प्लॉट नंबर 21/27 का भाग रकबा 1798.13 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.03.2025 के द्वारा विक्रेता [illegible] वालों से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा विक्रेतागणों का नाम विलोपित कर अपना नाम खरीदी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 04.07.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नजूल अधिकारी रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/202506114500024/अ-6/2024-25
ग्राम-गुढ़ियारी प.ह.नं.-49
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 17.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती परदेशनीन बाई साहू, पति स्व. फागू राम साहू निवासी- खाल्हे पारा, लक्ष्मण नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति श्री फागू राम साहू पिता फिरंगराम साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा क्रमांक 1058/13, रकबा 0.0150 हे. अर्थात 1685 वर्गफुट भूमि धारित थी जो कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी श्री फागू राम साहू पिता फिरंगराम साहू की मृत्यु 17.11.2024, को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। जिनके विधिक वारिसान में आवेदिका 01. श्रीमती परदेशनीन बाई साहू (पत्नि) पति स्व. फागू राम साहू 02. भागवत साहू 03. मीनाराम साहू 04. दिनेश साहू (पुत्र) सभी पिता स्व. फागू राम साहू 05. श्रीमती कुसुम साहू पिता स्व. फागू राम साहू इनके अलावा कोई वारिसान नहीं है। अतः मृतक [illegible] का नाम राजस्व अभिलेख में विलोपित कर विधिक वारिसान के हैसियत से वारिसानों के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 09.07.2025 को होगी।

अतः जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो [illegible] प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि 09.07.2025 के बाद इस न्यायालय में किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00020 खपरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254402 09400002

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00020 के अंतर्गत ग्राम खपरी के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रिका बाई राजे पिता/पति गणेशराम राजे पता उमरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 257/3 0.3200 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हेमलाल राजे पिता/पति जगत् पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी नंबर 03 के ग्राम कठिया स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-तोरला (गोबरा नवापारा)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**ग्राम- पचपेडी।**
**रा.प्र.क. 202506290100030**
**अ-2 वर्ष 2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीखम जैन पिता मांगीलाल जैन, निवासी ग्राम टेकाडीह, तहसील - खैरागढ द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम-पचपेडी, प.ह.नं. 18, तहसील- खैरागढ, जिला खैरागढ - छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 242/1 रकबा 0.353 हे को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 07/07/2025 को नियत किया गया है। अत: उक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं /अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 20/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर — खैरागढ़



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा किया सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि आवेदक मेसर्स श्री चन्द्रा मिल्स (एल.एल.पी) प्रितेश गिलडा पिता इमरतलाल गिलडा निवासी कोदवा तह बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपने भूमिस्वमी हक की भूमि ग्राम कोदवा तह बेरला जिला बेमतरा छ.ग. में स्थित खसरा नं 24, 26 रकबा 0.5, 0.17 हे भूमि जो की आवेदक के भूमिस्वामी हक में दर्ज है जिसे आवेदक औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर दावा हो तो दिनांक 08.07.2025 तक स्वत: अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तथा समय पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अज दिनांक 23.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर — बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)



**कार्यालय रा.नि.मंडल तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**
जारी दिनांक 23.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार आजाद पिता लच्छीराम आजाद निवासी देवरघटा, जांजगीर आवेदित ग्राम नवागांव (क) प.ह.नं. 03 राजस्व निरीक्षक मंडल तोरला, तहसील-गोबरा नवापारा जिला-रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 433/7 रकबा 0.08 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार गोबरा-नवापारा के आदेश दिनांक 28.05.2025 के परिपालन में दिनांक 03.07.2025 को समय अपरान्ह 11.30 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी नंबर 03 के ग्राम कठिया स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-तोरला (गोबरा नवापारा)



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र......ब/121 वर्ष 2024-2025**
**ग्राम का नाम गुर्रा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ममता ध्रुव पति श्री परमेश्वर ध्रुव जाति गोंड निवासी ग्राम गुर्रा प0ह0नं0 17 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने अपने सासु मां बहुरा बाई ध्रुव पति श्री सुधेराम ध्रुव माता दुखदैया बाई ध्रुव की मृत्यु दिनांक 04.05.2022 (स्थान) ग्राम गुर्रा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत गुर्रा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 29/05/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 29/05/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भाटापारा (छत्तीसगढ़)



**न्यायालय तहसीलदार गुरूर जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**पृ.क्र./2829/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 13.06.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम अरमरीकला एवं आम जनता की सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरनसिंह आ. साधूराम जाति तेली साकिन सांकरा तहसील व जिला धमतरी द्वारा ग्राम अरमरीकला प.ह.नं. 01, 1366/1, 1366/3, 1371 रकबा क्रमश: 0.05, 0.04, 0.08, 1.10, 0.71 हे. कुल. ख.नं. 05 कुल रकबा 1.98 हे. लगान 8.58 रू. की भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका राजस्व विभाग द्वारा प्रदान किया गया था, जो कि ग्राम अरमरीकला से अपने निवास स्थान सांकरा जाते वक्त कहीं गुम हो गया है, जिसे मैंने उचित सभी स्थानों पर तलाश किया किन्तु नहीं मिल पा रहा है। आवेदक डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन, थाना रिपोर्ट, नोड्यूस, चालान की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.06.2025 न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, गुरूर, जिला-बालोद



**न्यायालय तहसीलदार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र......ब/121 वर्ष 2024-2**
**ग्राम खोखली प.ह.नं. 41 तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदक परसराम वर्मा पिता गंगूराम वर्मा निवासी ग्राम खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र लक्की वर्मा (पिता का नाम परसराम वर्मा, माता का नाम लोकेश्वरी वर्मा) का जन्म दिनांक 24/04/2011 को (स्थान) ग्राम खोखली तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनाक को 04/07/25 सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति 04/07/25 पेष करना हो तो नियत पेशी तारीख तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पष्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20/06/2025 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भाटापारा (छत्तीसगढ़)



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ISHWARI S/O DUKHURAM SAHU resident of 136 BARULA BARULA BELAR GARIYABAND, (C.G.) - 493992 have changed my old name ISHWARI S/O DUKHURAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is ISHWARI KUMAR SAHU S/O DUKHURAM SAHU in all Government and other documents.

**ISHWARI KUMAR SAHU**
136 BARULA BARULA BELAR GARIYABAND, (C.G.) - 493992



**OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE BILASPUR, CHHATTISGARH**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 93 एवं 95 दिनांक 12.6.2025 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत् अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
जी-252601716 — बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर



**पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़**
**सेक्टर 19, नवा रायपुर, अटल नगर**

क्रमांक पुमु/12/स्टोर/2665A/2025 दिनांक :20/06/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, अटल नगर कार्यालय परिसर में केन्टीन संचालन हेतु दिनांक 15/07/2025 को अपरान्त 15.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। ऐसी इच्छुक संस्थाये जिन्हे होटल, रेस्टारेन्ट, काफी हाउस शाप संचालन का कम से कम 03 वर्ष का अनुभव हो एवं विगत 03 वर्ष का टर्न ओवर 5.00 लाख रूपये से अधिक हो इस इस निविदा प्रकिया में भाग ले सकती हैं।

निविदा प्रपत्र रूपये 500.00 ( पांच सौ रूपये मात्र) कोषालय में लेखा शीर्ष 0055-पुलिस शीर्ष-800- अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान की मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करेगें। निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्तें तथा निविदा से संबधित अन्य जानकारियां छत्तीगढ़ पुलिस की वेब साईट www.cgpolice.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

1 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-15/07/2025 15.00बजे तक
2 निविदा खोलने की तिथि- 15/07/2025 16.00 बजे

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (यो/प्र)
जी-252601723 — हेतु अति. पुलिस महानिदेशक (यो/प्र)



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, YOGENDRA KUMAR CHANDRAKAR S/O TULSHI RAM CHANDRAKAR resident of 65 WARD NO. 20 GANJ PARA NEAR KALI MANDIR MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name YOGENDRA KUMAR CHANDRAKAR S/O TULSHI RAM CHANDRAKAR so in future I should be recognized by my new name that is YOGENDRA CHANDRAKAR S/O TULSHI RAM CHANDRAKAR in all Government and other documents.

**YOGENDRA CHANDRAKAR**
65 WARD NO. 20 GANJ PARA NEAR KALI MANDIR MAHASAMUND (C.G.)



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DINESH KUMAR SACHDEV, S/o DEWAN DAS SACHDEV, Resident of 398, SINDHI COLONY, MOHAN NAGAR, DURG (C.G.) have changed my old Name DINESH KUMAR SACHDEV, S/o DEWAN DAS SACHDEV so in future I should be recognized by my new name that is DINESH SACHDEV S/o DEWAN DAS SACHDEV, in all Government and other documents.

**DINESH SACHDEV**
398, SINDHI COLONY MOHAN NAGAR, DURG (C.G.)



**Bhilai Institute of Technology, Durg**
BHILAI HOUSE, DURG – 491 001 (CG)
Phone: (0788) 2359163; Fax: 2359424

**ADMISSION NOTIFICATION : 2025-26**

No. BIT/2025/MQ/02 — Date : 23.06.2025

Applications are invited for admission to various courses under Management Quota: for the academic session 2025-26

| | |
|---|---|
| B. Tech. | 4 Years |
| M. B. A. | 2 Years |
| M. C. A. | 2 Years |

Admission and reservation rules applicable as per the guidelines of DTE, Raipur. Interested students can submit application to Admission Office of BIT-Durg latest by 05.07.2025. Seats will be allotted on merit basis as per DTE guidelines.

**Principal**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग**
FaxNo.0788-2210482, Email ID-ee.durg@nic.in

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

ज्ञाप क्रमांक - 6497/व.ले.लि./ लेखा खण्ड/2025-26 दुर्ग, दिनांक 20/06/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन / सड़क, सेतु कार्य SOR दिनांक 01.01.2025 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि | 08/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 14/07/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 15/07/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक |

| एनआईटी क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का नाम NoOf Call | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 5 T0037 | Maintenance of Minor Bridge & Culvert in Various Roads Under Sub Division No. -01, PWD Durg (C.G.) (vst Call) | 10.00 |
| 5 T0038 | Maintenance of Minor Bridge & Culvert in Various Roads Under Sub Division No. -02, PWD Durg (C.G.) (vst Call) | 10.00 |
| 5 T0039 | Maintenance of Minor Bridge & Culvert in Various Roads Under Sub Division No. -03, PWD Durg (C.G.) (vst Call) | 9.97 |
| 5 T0040 | Maintenance of Minor Bridge & Culvert in Various Roads Under Sub Division Patan, PWD Durg (C.G.) (vst Call) | 9.97 |

General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition ☐

नोट -
1. "It is mandatory for the "B", "C" & "D" Class bidders, to submit (Annexure 3, Annexure-"2".
2. It is Mandatory for the "A" Class bidder, to Submit affidavit (Annexure 3, Appendix 1, Annexure 1.2.
3. अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एव अन्य निविदा सबंधी रातों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
जी-252601714 — दुर्ग संभाग

# राज्यपाल डेका से भिलाई स्टील प्लांट के डीजीएम ने की मुलाकात



**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में भिलाई स्टील प्लांट के डिप्टी जनरल मेनेजर मुकुल सहारिया ने सौजन्य भेंट की। उनके साथ धर्मपत्नी श्रीमती नंदिता सहारिया भी उपस्थित थी, जो राज्यपाल डेका के जन्मस्थान असम के ग्राम सीपाझार की निवासी हैं। डेका ने श्रीमती सहारिया को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी साथ ही उनके पुत्र को दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आगरा से रायपुर लाया जा रहा 39 किलो चांदी जब्त

- आरोपियों ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया
- चांदी के आभूषण एस.के. ज्वेलर्स, सदर बाजार रायपुर ला रहे थे




**कवर्धा,** 23 जून (देशबन्धु)। थाना चिल्फी क्षेत्र में लगभग 39 किलो चांदी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 40 लाख रुपये से अधिक है। जब्त चांदी आगरा (उत्तर प्रदेश) से ग्वालियर होते हुए रायपुर लाई जा रही थी।

थाना चिल्फी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक कार (स्ब्क07 छ्य 4050) को रोका गया, जिसमें चार व्यक्ति सवार थे। वाहन की जांच के दौरान भारी मात्रा में चांदी एवं आभूषण मिले, जिनके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आभूषण एस.के. ज्वेलर्स, सदर बाजार रायपुर ले जाए जा रहे थे। पूछताछ एवं प्रारंभिक जांच के उपरांत जब्ती की गई संपत्ति को धारा 106 बी.एन.एस. के अंतर्गत विधिसम्मत रूप से जप्त किया गया है तथा इश्तगाशा क्रमांक 01/2025 दर्ज किया गया है।

कार में सवार चार व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

चारों व्यक्तियों की पहचान धीरज ठाकुर, पिता ओंकार ठाकुर, उम्र 25 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती, रायपुर, हेम प्रकाश साहू, पिता दुकल्हा राम साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी अमित नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, अंकित जैन, पिता जीवन लाल जैन, उम्र 32 वर्ष, निवासी लोहार चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर और भूरी सिंह, पिता प्रभु दयाल, उम्र 45 वर्ष, निवासी पंचवटी, हाथरस बिसावर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई पलिस मामले की है। विस्तृत जांच कर रही है, साथ ही अंतरराज्यीय संबंधों की भी गंभीरता से समीक्षा की जा रही है।

# कसडोल के बरबसपुर में चल रहे तराक्षु रिसॉर्ट होटल का अपशिष्ट एवं गंदा पानी मिल रहा निस्तारी तालाब में

- निस्तारी तालाब का पानी गंदा होने से महामारी फैलने की हैं आशंका
- ग्रामींणों ने कार्यवाही करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 23 जून (देशबन्धु)। विकासखंड के अंतिम छोर में बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम बरबसपुर में चल रहे तराक्षु रिसॉर्ट द्वारा होटल के अपशिष्ट एवं गंदे पानी को निस्तारी तालाब में डालने एवं घास जमीन को कब्जा के उद्देश्य से घेरने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंप शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत खैरा (ब) के आश्रित ग्राम बरबसपुर में शहरी क्षेत्र के व्यक्ति द्वारा तराक्षु रिसॉर्ट के नाम से रिसॉर्ट बनाया गया है जिसके द्वारा की जा रही मनमानी से ग्रामीण आक्रोशित हो गए है और ग्राम पंचायत सरपंच हिमाचल पटेल सहित गांव के अन्य प्रमुख मोहन पटेल, पेखन ध्रुव, जीवन ध्रुव, हेम राम ध्रुव, जौहरी बाई पटेल, रूपा यादव, उर्मिला ध्रुव, डोमार ध्रुव, प्यारे लाल पटेल, चिरावन ध्रुव, कली राम ध्रुव, अग्नू ध्रुव, चैन सिंग ध्रुव, जयपाल ध्रुव, घनश्याम सेन सहित करीब 50 व्यक्ति कसडोल पहुंच सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से शिकायत करने आए लेकिन उनके रायपुर प्रवास पर होने के कारण नायब तहसीलदार ईश्वर केवट को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त रिसॉर्ट मालिक के ऊपर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग किए।

ग्रामीणों ने बताया कि तराक्षु रिसॉर्ट वाले द्वारा अभी बहुत ज्यादा मनमानी करते हुए वहां के सभी गंदे पानी को गांव के मिस्त्री तालाब में डाला जा रहा है जिससे तालाब का पानी गंदा हो रहा है और जिसके कारण महामारी फैलने का भय बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं रिसॉर्ट के सभी अपशिष्ट पदार्थ शराब के बॉटल कांच के टुकड़े, डिस्पोजल आदि जहां पाए वही फेक देते है और अभी रिसॉर्ट और सड़क के बीच की घास जमीन को तार खंभे से घेरा लगाकर कब्जा किया जा रहा है जिसे गांव के निस्तारी के लिए सुरक्षित रखा गया है। उल्लेखनीय है कि कसडोल विकास खंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम बरबसपुर सहित आस पास गांवों में इन दिनों बाहरी पैसे वाले लोगों द्वारा सस्ते दामों में रिसॉर्ट बनाने प्रतिस्पर्धा जैसा मच गया है यहां पर कुछ ही वर्षों में कई रिसॉर्ट बन गया है। इन रिसॉर्ट में लगातार लोगों के आवागमन से जंगल से लगे हुए वन्य जीवों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। विदित हो कि यहां अधिकांश रिसॉर्ट लवन वन परिक्षेत्र अंतर्गत बना हुआ है इसी से लगा हुआ प्रसिद्ध बार नवापारा अभ्यारण्य है जहां बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार के वन्य जीव विचरण करते रहते हैं। यहां के सरपंच ने यह भी बताया कि आज ही हम सभी कलेक्टर बलौदाबाजार को भी आवेदन देकर आए है और शीघ्र कार्यवाही की मांग किए है जिस पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

**NECC**

| 24.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 547 | 87 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |

डिलीवरी 561 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA










प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

जीजाजी- लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हैं?
साली- ताकि अनजाना नमूना मिलने से बेहतर है कि जाना हुआ ही मिल जाए।

संपादकीय

## शासकीय कर्मचारियों से न हो मारपीट

कई बार यह देखा जाता है कि अपने शासकीय उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने गये शासकीय कर्मचारियों अथवा नगरीय निकायों के अमलों पर हमले कर दिये जाते हैं अथवा उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। उनका मार्ग अड़ाना या अन्य तरह के अवरोध पैदा करना भी शासकीय कामों में बाधा डालना होता है जो कि दण्डनीय अपराध है। जनता को इससे बचना चाहिये। ऐसी घटनाओं में यह भी पाया जाता है कि लोग कानून अपने हाथों में ले लेते हैं जो और भी गम्भीर बात है। सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्ती से पेश आये ताकि शासनकर्मी अपनी जिम्मेदारियों तथा विभागीय निर्देशों का पालन बगैर भयभीत हुए पूरा कर सकें।

बालोद जिले के वन अधिकारियों को सूचना मिली कि पेवारी गांव में कुछ लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। रविवार को डौंडी के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक, सुरक्षाकर्मी आदि उसे ध्वस्त करने जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि पेवारी के साथ कटरेल गांव में 15 से ज्यादा लोग वन की भूमि पर गैरकानूनी तरीके से खेती कर रहे हैं। इसी के बाबत वनकर्मी जानकारी लेने तथा उन्हें हटाने के लिये जा रहे थे। ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल गयी। उनका पक्ष यह था कि वे कई सालों से इस जमीन पर खेती कर रहे हैं। उन्होंने वाहन रोककर वन कर्मचारियों को नीचे उतारा तथा उनके साथ जमकर मारपीट की। इससे ड्राइवर समेत 7 लोगों को चोटें पहुंची हैं। इस सिलसिले में 6 लोगों के खिलाफ डौंडी थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। इसके विरोध में 50 से ज्यादा महिलाएं भी थाने पहुंची थीं।

वन ग्राम हों या अन्य गांव अथवा शहरों में भी लोग अपना काम करने गये कर्मचारियों-अधिकारियों पर इस तरह से आक्रमण कर देते हैं या उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर देते हैं जो सर्वथा अनुचित है। शहरों में अवैध बस्तियां हटाने, गैरकानूनी निर्माण को ध्वस्त करने, सड़कों-फुटपाथों पर से अवैध कब्जे व अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरीय निकायों के तोड़ू दस्तों पर अक्सर हमले कर दिये जाते हैं या उन पर पथराव आदि होता है।

सम्भव है कि कुछ मामलों में लोगों की शिकायतें जायज भी होती हों परन्तु उन्हें इस तरह के कदम नहीं उठाने चाहिये। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों को चोटें भी पहुंच सकती हैं जिनका दोष नहीं होता। वे तो सिर्फ सरकार, स्थानीय निकाय अथवा कोर्ट के आदेशों का पालन करते हैं। हिंसा का रास्ता जायज नहीं है और न ही ही किसी के काम में अवरोध पहुंचाना उचित है। यदि जनता को लगता है कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है तो पहले उन्हें ऊपर के अफसरों से मिलना चाहिये। फिर भी उनकी बात न सुनी जाये तो उन्हें न्यायालय की शरण लेनी चाहिये। कानून हाथ में लेकर नागरिक अपना पक्ष और भी कमजोर कर देते हैं।

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें कार्यकर्ता : शिवनारायण पाण्डेय







**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताये मार्ग पर चलने व उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने कहा।

भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुये कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा देश सहित राज्यों में सत्तासीन है जो हमारे महापुरुषों की तपस्या व बलिदान के कारण ही संभव हो पाया है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपना कर, उनके विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पण भाव से उनके आदर्शों पर चल कर कार्य करे। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा को निरंतर आगे बढाने में संगठन को दिशा प्रदान करने वाले हमारे पुरोधाओं का ही समर्पण है। आज बलिदान दिवस पर

### कार्यकर्ताओं ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण कर राष्ट्र हित व जन हित में सतत कार्य करने का संकल्प ले और संगठन को सशक्त बनाने के लिये कार्य करे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधन दिया व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रजनीश पाणिग्रही ने किया व आभार प्रदर्शन योगेन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्या शरण तिवारी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, सफीरा साहू, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक,संजय चंद्राकर,अतुल सिम्हा, सुधा मिश्रा,लक्ष्मी कश्यप, बृजेश शर्मा,रंजीत पाण्डेय, निर्मल पाणिग्रही, दिगम्बर राव, बृजेश भदौरिया, विक्रम सिंह यादव, राणा घोष, संतोष बाजपेयी, सूर्य भूषण सिंह,अविनाश सिंह,अभय दीक्षित,दिलीप झा, राजपाल कसेर, हरीश पारेख, रोहित त्रिवेदी,श्रीपाल जैन, रूपेश जैन, रौशन झा, संतोष गौर, आशू त्रिवेदी,राकेश तिवारी, परेश ताटी, आशुतोष पाल, विनायक बेसरा,सुनील दास, राजेश दास, त्रिवेणी रंधारी, आशा साहू, उमा मिश्रा,रौशन सिसोदिया, ममता राणा, कलावती कसेर, माहेश्वरी ठाकुर,बिजली बैद, गीता नाग, बसंती समरथ, श्वेता बघेल, रीतेश सोनी, दिलीप सुंदरानी,सतीश बाजपेयी, पितामह नायक आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बस्तर को मिला ग्लैमर का ताज

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। बस्तर की बेटी पंक्ति बेदरकर ने फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में बस्तर का नाम रोशन किया है। ट्रिप्स प्रोडक्शन के तत्वावधान में आयोजित सेंट्रल इंडिया फैशन मॉडल कॉन्टेस्ट ङ्क सीज़न

### पंक्ति बेदरकर बनीं किड्स सेंट्रल इंडिया 2025 की विजेता

3 के किड्स कैटेगरी में पंक्ति ने बस्तर का प्रतिनिधित्व करते हुए च्किड्स सेंट्रल इंडिया 2025ज् का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रायपुर के सिब्बल ग्रीन, जोरा में संपन्न हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।



14 जून को आयोजित हुए रायपुर ऑडिशन में पंक्ति का चयन मिसेज इंडिया 2019ङ्क20, श्रीमती रीना एक्का द्वारा किया गया था। पंक्ति की यह जीत बस्तर संभाग के लिए गर्व की बात है, क्योंकि यह पहला किड्स क्राउन है जो बस्तर को मिला है। मात्र 13 वर्षीय पंक्ति वर्तमान में हम एकेडमी में कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। वह बचपन से ही डांस, एक्टिंग और मॉडलिंग के प्रति उत्साही रही हैं और पढ़ाई में भी एक प्रतिभाशाली छात्रा हैं। अपनी सफलता का श्रेय पंक्ति ने अपनी माँ तरुणा साबे को दिया है, साथ ही उन्होंने अपनी ग्रूमिंग मेंटर रीना एक्का, डांस टीचर संजना ठाकुर (द डांस हाउस), ड्रेस व मेकअप में सहयोग देने वाली माँ तरुणा साबे, अपने स्कूल शिक्षकों और मित्रों का भी विशेष आभार व्यक्त किया।

# विश्वविद्यालय और कॉलेज में प्रथम चरण प्रवेश के लिए ऑनलाइन कल तक

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के धरमपुरा, जगदलपुर स्थित मुख्य कैंपस के विभिन्न अध्ययनशालाओं और सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में प्रथम चरण के प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म 25 जून तक भरे जाएंगे। विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रथम सूची विवि और कॉलेजों में 26 जून को जारी कर दी जाएगी। सूची के नाम के अनुसार आवेदक विद्यार्थी 27 जून से 6 जुलाई तक अपने चुने हुए संस्थान में दस्वावेज परीक्षण कराकर प्रवेश ले सकेंगे। विवि और कॉलेजों में विभिन्न विषयों में बीए, बीएसएसी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम के अतिरिक्त बीबीए, बीसीए, बीएचएससी, एलएलबी, बी लिब, फॉरेस्ट्री एंड वाइल्ड लाइफ, बॉयोटेक, मानव विज्ञान व जनजातीय अध्ययन, रूरल टेक्नोलॉजी, भूगर्भ विज्ञान, फूड एंड न्यूट्रिशियन में स्नातक व स्नातकोत्तर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद सरस्वती का 83वां प्राकट्य दिवस मनाया गया

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। गोवर्धन मठ पूरी पीठ के पीठाधीश्वर श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद सरस्वती जी का 83 वां प्राकट्य दिवस पीठ परिषद, आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी बस्तर अंचल के कर्मकर्ताओ ने भजन-कीर्तन,हनुमान चालीसा पाठ,पूजा के साथ बड़े धूमधाम के साथ मनाया। पूजा पश्चात आरती और अन्न भोग प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए। पनारापारा लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार पूर्वान्ह 11 बजे पंडित चन्दन तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार जजमान पंडित अभय दिक्षित के विधि-विधान के साथ पूजा,नैवेद्य और महाआरती किया गया। ततपश्चात आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी की मातृ शक्तियां व पुरुष कर्मकर्ताओ न हनुमान चालीसा राम नाम का जाप एवं भजन-कीर्तन किया गया। आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर में मनाया गया पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद जी सरस्वती का प्राकट्य उत्सव



जगतगुरु शंकराचार्य गोवर्धन पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज की सेना पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी के तत्वावधान में प्रवीर वार्ड के लक्ष्मीनारायण मंदिर में पुरीपीठाधीश्वर शंकराचार्य भगवान का 83 वां प्राकट्य महोत्सव बड़े श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी दिन, सोमवर को लक्ष्मीनारायण मंदिर पनारापारा, के प्रांगण में साक्षात श्रीमन्नारायण विग्रह स्वरूप विद्यमान गुरूदेव भगवान पुरीपीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य भगवान के 83 वां प्रकट उत्सव राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के आलोक में हनुमान चालिसा पाठ परायण सह च्भजन संध्याज् कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर आदित्यवाहिनी- आनंदवाहिनी के जिलाध्यक्ष क्रमशः योगेश ठाकुर एवं गीता शुक्ला ने बताया कि गुरूदेव भगवान पुरीपीठाधीश्वर पूज्यपाद शंकराचार्य भगवान के 83 वां प्रकट उत्सव से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आनंदवाहिनी-आदित्यवाहिनी के द्वारा पूरे वर्ष भर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीनारायण मंदिर में हर माह भूतेश्वर महादेव समिति और आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी के नेतृत्व में अन्न भोग प्रसाद का वितरण भी किया जाता है,जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी प्रसाद ग्रहण के लिए सम्मलित होते है। इस दौरान लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित किशोर तिवारी,नगर निगम के जल प्रदाय समिति के सभापति सुरेश गुप्ता, योगेश शुक्ला,संतोष बाजपेई, राकेश साहू,किरण शुक्ला शिव मिश्रा,सुर्य भुषण सिंह, अलका सेंगर बिभा सेंगर,वन्दना राठौर,प्रीती गुप्ता,पुनम जायसवाल,बबली शुक्ला,दमयंती देवागन व अन्य श्रद्धालु सम्मलित हुए।

# चांदनी चौक शराब दुकान के विरोध में जल्द पुनः प्रदर्शन शुरू होगा : रोहित

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में स्थित शराब दुकान को लेकर लंबे समय से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पब्लिक वॉइस के सदस्यों ने अब निर्णय लिया है कि वे ब्रेवरेज अध्यक्ष से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और दुकान को हटाने की मांग करेंगे। चांदनी चौक स्थित शराब दुकान को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। शहर के विकास और नागरिकों की भलाई के लिए सोच-समझकर निर्णय लिए जाएं। पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य ने बताया कि इस दुकान को हटाने की मांग लंबे समय से हो रही है। गौरतलब है कि दुकान के समीप विद्यालय, अस्पताल और धार्मिक स्थल हैं। महिलाओं को इस रास्ते से गुजरने में काफी असहजता महसूस होती है, साथ ही लगातार ट्रैफिक की वजह से जाम और विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। आर्य ने कहा कि अब जब ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष जगदलपुर से ही हैं, तो यह उम्मीद की जा सकती है कि जनहित की लंबित मांग को जनभावना का सम्मान करते हुए अध्यक्ष तत्काल इसे हटाने का कार्य करेंगे।

# आईटीआई भानपुरी में प्रवेश हेतु 25 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट cgiti.admissions.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन संस्था में संचालित एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, दो वर्षीय व्यवसाय विद्युतकार एवं फिटर व्यवसायों के लिए किया जा सकता है। संस्था में उपलब्ध सीटों की जानकारी एवं संबंधित नियम निर्देश विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी अथवा किसी प्रकार की सहायता के लिए संस्था के दूरभाष नंबर 07867-299221 पर संपर्क कर या शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# स्कूल सफाई कर्मचारी संघ का धरना-प्रदर्शन

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा सोमवार को पूर्णकालिन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान करने एवं युक्तिकरण 2025 के संबंध में मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सड़क के मुख्य मार्गों पर रैली निकाला और अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। संघ के अध्यक्ष श्री बघेल ने कहा कि घोषणा पत्र के 50 प्रतिशत मानदेय में बढ़ोत्तरी का वादा और संघ की मांग पूर्णकालिन कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान भृत्य, चपरासी के पद पर समायोजित के संबंध में मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि अंशकालिन स्कूल सफाई कर्मचारी सरकारी स्कूलों में पिछले 15 वर्षों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤




# पुमाशा मांझीगुड़ा में मना शाला प्रवेशोत्सव

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। जगदलपुर विकास खंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा में सोमवार को नवप्रवेशी विद्यार्थियों का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती माता के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मांझीगुडा़ के सरपंच मंगलसाय बघेल के हाथों विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश, पेन, पेन्सिल तथा कॉपी का वितरण किया गया। इस अवसर पी जी राव प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति सदस्यों तथा पालकों का स्वागत कर छात्र-छात्राओं को नया शिक्षा सत्र के लिए शुभकामनाएं दी गई। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्पहार व तिलक से स्वागत कर नियमित स्कूल आने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व जनपद सदस्य धनर मांझी, शाला विकास समिति अध्यक्ष केशंति सेठिया, संकुल समन्वयक नानगुर सरोज कुमार सेठिया, शिक्षक महेश कुमार सेठिया, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मांझीगुड़ा कमल कुमार बेसरा, संकुल समन्वयक अलनार रमेश कुमार सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी सोनी, बेलमती कश्यप, लक्ष्मी ठाकुर, सामनाथ नाग,बुटीराम बघेल, कमलोचन, फुलसिंह, सोनामनी, मंगली, यशोदा, अभिषेक, चवन निषाद तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# सिंधु भवन में हरे माधव सत्संग के अमृत वचनों का आत्मिक आनंद लिए लोग

**जगदलपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी ( कटनी ) की अपार दया मेहर से रायपुर के कृपापात्र सेवकों द्वारा हरे माधव सत्संग सिंधु भवन में किया गया। शनिवार शाम सिंधु भवन में सत्संग व भजन रायपुर से कृपापात्र सेवकों द्वारा हरे माधव सत्संग किया गया जिसमें कमल कुमार शादीजा जी के मुखारविंद से अमृत वचन का श्रवण लाभ मिला। साथ ही भजन मंडली द्वारा साई ईश्वरशाह जी के भजनों से सँगत आत्मीयता आयोजन से जुड़ गई। रायपुर से आए कृपापात्रों में तेजकुमार बजाज, गोविन्द माखीजानी, कमल शादीजा, जेठालाल, घनश्याम होतवानी, सुभाष जगवानी, हर्ष, साहस होतवानी, कमल,






कन्हैया लाल छाबड़ा, गुड्डू आहुजा, सुरेश राजवानी, शुभम, दीपक आडवाणी, सुनील थारवानी, बंटी दुर्गानी, सूर्यांश जेठानी, हरीश नागवानी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी। हरे माधव सत्संग में सर्व प्रथम साई ईश्वरशाह जी की प्रतिमा समक्ष सिन्धी पंचायत व गुरुद्वारा कमेटी एवं उपस्थित अतिथिगण द्वारा दीप प्राज्वलित पश्चात प्रतिमा में पख्खर पहनाया गया। पूर्व विधायक रेखचंद जैन , नगर निगम वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे, डी. के. पाराशर, मिनाक्षी जोशी उपस्थित रहे। सत्संग पश्चात भजनों में सभी अतिथि व समाज सदस्यों ने आनंदपूर्वक भक्तिरस नृत्य किया। हरे माधव सत्संग के आयोजन में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा वर्तमान समय मानव का ध्यान भटक रहा हैं। ऐसे में सिन्धी समाज लगातार विभिन्न आयोजनों के साथ सत्संग का कार्यक्रम करना सनातन को जोड़ कर आत्मिक ज्ञान व सत्कर्म की ओर जोड़ रहे हैं। सिन्धी पंचायत द्वारा सत्संग के अमृत वचनों का श्रवण किया। सत्संग पश्चात भंडारे प्रसाद से मुख पवित्र किया गया साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया।

# सफलता का शिखर छू रहे दंतेवाड़ा के नवनिहाल- चैतराम

- जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विधायक के उद्‌गार
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने सरकार संकल्पित
- नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत
- 10वीं-12वीं के टॉपर छात्रों का सम्मान



**दंतेवाड़ा,** 23 जून (देशबन्धु)। राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई के लिये सभी सुविधाएं मुहैया करा रही है। यह बात विधायक चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सम्बोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर विधायक के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बस्ता, पाठ्यपुस्तकें आदि प्रदान की। इस मौके पर विधायक श्री अटामी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिस तरह किसान मानसून आने की प्रतीक्षा करते है, उसी प्रकार मानसून के ही सीजन में स्कूली बच्चों का प्रवेशोत्सव होता है और इसी कड़ी में हम सब आज बड़े ही आनंद और खुशी के साथ इस शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित हुए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे नवाचार प्रारंभ किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई बेहद रोचक हो जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के छू-लो आसमान संस्था एवं स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पढ़ाई करते हुए हमारे बच्चों ने अच्छे अंक से जिले में टॉप किया है और जिले के नाम के साथ प्रदेश का नाम भी रोशन किए हैं। उन्होंने राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए सरकार की विशेष पहल और उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के लिये जिला प्रशासन के प्रयासों को सराहते कहा कि दन्तेवाड़ा जिला व्यक्तित्व निर्माण के लिये अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। यही कारण है कि अब यहां के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिये पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं यूपीएससी, राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में भी सफलता हासिल कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

श्री नंदलाल ने कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो बच्चे अपेक्षित अंक नहीं ला सके हैं, वे निराश न हों, बल्कि इसे एक सीख के रूप में लेकर और अधिक मन लगाकर अध्ययन करें। निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और समाज में योगदान देने की क्षमता को भी निखारती है। अतः सभी बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। दंतेवाड़ा के बच्चे नीट और जेईई तथा जेईई एडवांस की परीक्षा क्वालीफाई कर देश के मेडिकल कॉलेज और उच्च प्रौद्योगिकी संस्थान में पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान अतिथियों ने 10वीं और 12वीं अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का सम्मान भी किया। इस दौरान सरस्वती सायकल योजना के तहत 22 छात्राओं को साइकिल भी वितरित किए गए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एस.के अम्बस्ट, डीएमसी हरीश गौतम सहित अन्य अधिकारी, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के माता-पिता, अभिभावकों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे। आयोजन में अतिथियों के साथ ही पत्रकारों को भी एक-एक पौधा उपहार स्वरूप प्रदान करते हुए उज्जवल शैक्षणिक परिवेश के साथ बेहतर पर्यावरण का संदेश शिक्षा विभाग द्वारा दिया गया।

# शौचालय 1 महीने से बंद नागरिकों को भारी परेशानी




**खरोरा,** 23 जून (देशबन्धु)। कोटा रोड मुख्य मार्ग पर स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय विगत 1 महीने से बंद पड़ा हुआ है। इस मामले पर समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पालिका प्रशासन को जानकारी दिया कि चालू हालत में सुलभ शौचालय को कुछ पार्षद गण मरम्मत के नाम पर पैसा ऐंठने के चक्कर में क्षतिग्रस्त करार कर बंद करवा दिया गया और यह भी सुनने में आया है कि वहां काम लगभग पूरा हो जाने के बाद भी शौचालय बंद पड़ा हुआ है।

अतः पालिका प्रशासन व मुख्य नगर पालिका अधिकारी से निवेदन है कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए शौचालय चालू करने हेतु आदेश जारी करें। चूंकि औद्योगिक क्षेत्र तिल्दा नेवरा में इस रास्ते से भारी भरकम वाहनों का आवागमन लगा रहता है एवं वर्तमान में विद्यालय भी खुल चुके हैं साथ ही आम नागरिकों को शौचालय बंद होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे शौचालय को चालू करना अनिवार्य है अन्यथा वार्ड वासी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण



- अपने गृह ग्राम को दी महत्वपूर्ण सौगात

**दंतेवाड़ा,** 23 जून (देशबन्धु)। विधायक चैतराम अटामी ने अपने गृह ग्राम कासोली पहुंचकर मड़ियापारा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर, सरपंच शैलेश अटामी, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, पंच सामनाथ अटामी, रामा अटामी, भगत अटामी, प्रज्ञा मंडली के शिवराम अटामी जगबंधु अटामी, कलाराम लैस नेताम रविन्द्र सोनी सहित कई गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

# फरसगांव पुलिस का जन जागरूकता कार्यक्रम

**फरसगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के फरसगांव पुलिस ने भारत सरकार की अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के तहत एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में फरसगांव क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, स्कूल और कॉलेज के बच्चे, स्वास्थ्य विभाग, गायत्री परिवार और युवा साथी उपस्थित रहे।

## 5000 से अधिक लोगों ने लिया भाग

इस दौरान सभी दलीय जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, गायत्री परिवार, क्षेत्र व समाज के प्रमुख अन्य जनसेवा जनतागण आज दिनांक 23 जून को एक साथ एक मंच पर हाथ से हाथ मिला कर विशाल रैली कार्यक्रम का आयोजन कर नशा मुक्ति भारत अभियान को सफल बनाया इस मौके पर रैली कार्यक्रम में करीब 5000 जनता ने भाग लिया। इस दौरान फरसगांव नगर के गली मोहल्ले में रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें नशा मुक्ति के प्रति प्रेरित किया गया।



## फरसगांव पुलिस की सराहनीय पहल

फरसगांव पुलिस की इस जनसेवा और जनजागरण कार्यक्रम की सभी वर्गों में सराहना हो रही है। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के निर्देश पर थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता-

कार्यक्रम में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें नशा मुक्ति के प्रति प्रेरित किया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि नशा कैसे उनके जीवन को बर्बाद कर सकता है। आज के कुछ युवा पीढ़ी कल का भविष्य जो नशे के गर्त में जाकर अपने व समाज को मौत के मुंह में लाकर खड़ा कर रहे है नशे की हालत में दुर्घटनाग्रस्त होकर असमय मृत्यु के गाल में समा रहे हैं। अपने परिवार और समाज के लिए नशा मुक्ति के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

## विशेष योगदान-

उक्त कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे, पुलिस स्टाफ और जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, गायत्री परिवार, क्षेत्र व समाज के प्रमुख की विशेष योगदान रहा।

# पिरदा और चारपाली में 24 जून को होगा धरती आबा शिविर

**बिलाईगढ़,** 23 जून(देशबंधु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शिविर बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत पिरदा और चारपाली में 24 जून, सलिहा और सुरगुली क्षेत्र के दयालपुर गांव में 25 जून, खुरदरहा में 26 जून और तेंदूदरहा में 30 जून को शिविर आयोजित किए जाएंगे। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून के मध्य जिले के चिन्हित गांवों में बुनियादी सुविधा जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पट्टा, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, मनरेगा, पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना, महतारी वंदन योजना, टीकाकरण आदि नागरिकों को शिविर में उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि धरती आबा योजना आदिवासी समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने का एक महत्वपूर्ण पहल है और इसके सफल संचालन के लिए प्रत्येक स्तर पर समन्वय आवश्यक है। धरती आबा अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र विकास करना है। अभियान के तहत जनजातीय बाहुल्य गांव में सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार पहुंचाया जाएगा।

# राजनीति को सेवा का साधन मानते थे डॉ. मुखर्जी

- बलिदान दिवस पर विधायक चैतराम और भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि
- समृद्ध भारत के संकल्प को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता



दंतेवाड़ा, 23 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान जिवस (23 जून) पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर शक्तिशाली, समृद्धशाली और स्वाभिमानी भारत के संकल्प को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दुहराई।

दंतेवाड़ा के भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी छायाचित्र पर विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा, केंद्र सहित अनेक राज्यों में सत्तासीन है जो हमारे महापुरुषों की तपस्या व बलिदान के कारण ही संभव हो पाया है। डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर उनके विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने खंड-खंड हो रहे देश को अखंड बनाया, उसी प्रकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया। डॉ. मुखर्जी केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं थे। उनके जीवन से राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को सीख लेनी चाहिए। उनका स्वयं का जीवन प्रेरणादायी, अनुशासित तथा निष्कलंक था। राजनीति उनके लिए राष्ट्र की सेवा का साधन थी। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रनीति के लिए राजनीति में पदार्पण किया। वे देश की सत्ता चाहते तो थे, किंतु उनका विचार था कि सत्ता उनके हाथों में जानी चाहिए, जो राजनीति का उपयोग राष्ट्रनीति के लिए कर सकें। आज केंद्र समेत विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा उनके आदर्शों से अनुप्राणित होकर कार्य कर रही है।

# बलिदान दिवस पर डॉ. मुखर्जी को बचेली भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

**बचेली,** 23 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को पूरे प्रदेश में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस (23 जून) पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया । कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी छायाचित्र पर मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पार्षद गण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी राघवेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा केंद्र सहित अनेक राज्यों में सत्तासीन है जो हमारे महापुरुषों की तपस्या व बलिदान के कारण ही संभव हो पाया है। डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर उनके विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मंडल अध्यक्ष अंमलेंदु चक्रवर्ती ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया।उनका दिया हुआ नारा एक देश में



दो प्रधान, दो विधान, दो निशान स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। ये अंखडता के विपरित है। वही कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी उनकी जीवनी में प्रकाश डाला उसके पश्चात एक पेड़ माँ के नाम पर लगाया गया इस कार्यक्रम में मंडल महामंत्री सुदीप्ता मंडल ,झिलकी नाग, नीलेश पटले, धनसिंग नाग, संदीप दीक्षित, ओम प्रकाश जैन, सुरेश नाग , शंकर, दिव्यो दुर्गा, सूरज जायसवाल, दीपक शर्मा, शिव प्रसाद, कूकू, दिलबर, पुष्पा सिह, विना साहू, अनुसुईया भोपले, अरुणा टंडन, लक्ष्मी पाणि, रागिनी, अनुसुईया, सीमा दीक्षित, गीतांजलि जायसवाल, बादल कुंडू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## निधन

### सनद दत्त दुबे



बेमेतरा नवागढ़, 23 जून (देशबन्धु)। सेवा सहकारी समिति ग्राम जेवरा के समिति प्रबंधक सनद दत्त दुबे 57 का शनिवार को निधन हो गया, अंतिम संस्कार बेमेतरा में किया गया जिसमे परिजन एवं गणमान्य लोग शामिल हुए । वे हिमांशु दुबे के पिता थे।

### श्रीमती पारूल मेहता



**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर निवासी प्रमोद मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती पारूल बेन मेहता का आज 23 जून को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। दिवंगत पारूल मेहता झीनल, वीरल, निकेत की मां थी। अंतिम संस्कार हरनबांधा मुक्तिधाम में किया गया। गुजराती समाज ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विश्वविद्यालय और कॉलेज...

पाठ्यक्रम संचालित हैं। एमएसडब्ल्यू, एमसीए, एम लिब, एलएलएम, डीसीए, पीजीडीसीए, पत्रकारिता डिप्लोमा व अन्य कोर्स भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.smkvbastar.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

### स्कूल सफाई कर्मचारी...

से 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं एक दिन में 2 घंटे कार्य लिया जाता है। पारिश्रमिक के दर पर 3000 मासिक मानदेय में परिवार का भरण पोषण करने में बहुत ही ज्यादा कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जावें। मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन से विनम्र निवेदन है कि अंशकालिन स्कूल सफाई कर्मचरियों को कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान करने एवं युक्तयुक्तिकरण को समायोजित करें।

# सिरसिदा में डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



नगरी, 23 जून (देशबन्धु)। ग्राम सिरसिदा के कर्णेश्वर पारा में एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे के अमर सूत्रधार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पण कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी, बूथ अध्यक्ष राकेश निर्मलकर, भूपेश साहू, सौहद्रा नेताम, बलराम ध्रुव, मीना तिवारी, निखिल तिवारी, चित्रांश नागवंशी सहींत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गांव में पारदर्शी प्रशासन के लिए सचिवों के तबादले

## ग्रामीण विकास का संकल्प पूरा करने महत्वपूर्ण कदम

**दंतेवाड़ा,** 23 जून (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में ग्रामीण विकास हर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है । जिला प्रशासन भी सरकार के इस संकल्प को पूर्ण करने की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत की ओर से 42 पंचायत सचिवों के तबादले इसी उद्देश्य से किये गए हैं कि प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता तथा कसावट आए।

जिले में यह पहली बार हुआ है जब पंचायत स्तर पर प्रशासनिक सर्जरी हुई है। सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पंचायत सचिवों की होती है। लंबे समय से एक ही जगह पर पदस्थ सचिवों की वजह से कामकाज में न तो गति आ रही थी और न ही दक्षता दिख रही थी, इसी वजह से ये तबादले किये गए हैं। कई-कई पंचायतों में सचिव 27, 20 या 14 वर्षो से एक ही स्थान पर जमे हुए थे। इससे कामकाज प्रभावित हो रहा था। नये सिरे से सचिवों को नये पंचायतों में पदस्थ करने से सक्रियता आएगी और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। सुशासन के लिए भी यह जरूरी था।

इन तबादलों को लेकर अब जिस तरह सियासत शुरू हो रही है, इसे जिले की प्रशासनिक कार्य संस्कृति के विपरित माना जा रहा है। पंचायतों में प्रशासनिक कामकाज की पहली सीढ़ी सचिव ही होते हैं। अगर उनकी कार्यशैली बेहतर होगी तो ग्रामीण क्षेत्र को उसका फायदा मिलेगा। कुछ कमी होगी तो उसमें सुधार की संभावना बनी रहेगी। माना जा रहा है कि प्रशासन द्वारा किये गए इस फेरबदल से दंतेवाड़ा में ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी तथा सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में रफ्तार भी आएगी। अगर किसी पंचायत में कोई सचिव बेहतर काम कर रहा है तो उसके अच्छी कार्यशैली का फायदा दूसरे पंचायत को भी मिले, यह सोचकर भी ये तबादले किये गए हैं। निश्चित रूप से यह पंचायत स्तर की प्रशासनिक सर्जरी, प्रशासन के नये संकल्प को प्रदर्शित करता है।

# अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध ग्राम स्तर से कार्रवाई प्रस्तावित कर विभाग को दें सूचना - वन परिक्षेत्र अधिकारी

**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र अमरावती के वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच/ग्राम सभा अध्यक्ष को वन भूमि पर अवैध रुप से कब्जा करने वाले व्यक्तियों पर वैधानिक कार्यवाही करने एवं वनों को अतिक्रमण से मुक्त करने सम्बन्धित प्रस्ताव पारित करने बाबत् विशयक पत्र जारी किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त यह जानकारी बता रहा है कि वन मण्डल कोण्डागांव के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र अमरावती के वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा 'पत्राचार' से जंगल बचाने के लिए नया प्रयोग किया गया है और पत्राचार के साथ-साथ लगातार बैठकों का आयोजन करके ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणजनों को जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

कोण्डागांव वन मण्डल के अंतर्गत आने वाले वन भूमि क्षेत्र में लगातार अवैध अतिक्रमण करने के प्रयास में हरे-भरे पेड़-पौधों की कटाई को रोकने के लिए अमरावती वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली राजस्व और वन ग्रामों के सरपंच ग्राम पंचायत/अध्यक्ष ग्राम सभा को पत्र लिखकर लोगों को जागरुक करने का आव्हान करने के साथ ही अवैध अतिक्रमण और कटाई पर पाबंदी लगाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने का प्रस्ताव पारित करने का लेख किया जा रहा है। वहीं वन परिक्षेत्र अंतर्गत लगातार वन अमले एवं वनमण्डल स्तरीय उड़नदस्ता के द्वारा बारिश के मौसम में होने वाले अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कटाई की रोकथाम के लिए परिक्षेत्र के वन खंडों में सतत् भ्रमण किया जा रहा है एवं अवैध अतिक्रमण और कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।



### जारी पत्र का बैठक में हो रहा वाचन

अवैध कटाई कर किए जा रहा अतिक्रमण के संबंध में वन विभाग द्वारा वन प्रबंधन समिति के माध्यम से ग्रामों में बैठक का आयोजन कर सभी को अतिक्रमण और कटाई से जलवायु पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की जानकारी देकर, अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने की जानकारी से भी अवगत कराया जा रहा है। वहीं जारी किए गए पत्र में स्पष्ट रुप से उल्लेख किया गया है कि इस पत्र के माध्यम से वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग पंचायत/ग्राम सभा से आग्रह एवं अपेक्षा करती है कि वे वन एवं वन्य प्राणियों की रक्षा एवं संवर्धन हेतु भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक कर्तव्यों का वाचन ग्राम सभा/ग्रामीणों/ नागरिकों के समक्ष करते हुए संवैधानिक उपबंधों को नहीं मानने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करायें तथा की जाने वाली बैठक की सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रदाए करें। सम्बन्धित वन अधिकार प्रपत्र धारकों को आबंटित रकबे के अतिरिक्त भूमि पर यदि कोई कब्जारत व्यक्ति है, तो वह अतिक्रमणकारी है तथा इसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वन अधिकार प्रपत्र धारकों द्वारा उन्हें आबंटित वन भूमि के अतिरिक्त भूमि पर कब्जा करने की स्थिति में उन्हें आबंटित वन अधिकार प्रपत्र को निरस्त करने सम्बन्धी कार्यवाही भी की जावेगी। बारिश शुरू होने के समय वन क्षेत्रों में अतिक्रमण कर फसल लगाने मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये वन अमला कमर कसकर विगत कई दिनों से अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध वन अमला वन प्रबंधन समिति के सहयोग से सक्रिय रुप में कार्यवाही करता नजर आ रहा है। प्रतीक वर्मा वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरावती ने सभी वन प्रबंधन समिति/ग्राम पंचायत से निवेदन किया गया है ।

# 5 लाख का अवैध सागौन चिरान की जब्ती



**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। वन विभाग की उड़नदस्ता दल और विशेष टीम ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोंडागांव शहर के डीएनके कॉलोनी स्थित प्रेमनगर क्षेत्र में अवैध रूप से संग्रहित सागौन चिरान जप्त की। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी कोंडागांव के निर्देश पर संयुक्त वनमंडलाधिकारी पश्चिम कोंडागांव उप वनमंडल के मार्गदर्शन में और परिक्षेत्र अधिकारी कोंडागांव के नेतृत्व में की गई। वनमंडलाधिकारी कोंडागांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर डीएनके कॉलोनी स्थित कृष्णपद विश्वास पिता स्व.सुधीर विश्वास के घर पर छापेमारी के दौरान अवैध रूप से रखे गए कुल 17 नग सागौन चिरान 0.153 घन मीटर तथा 01 नग सागौन लट्ठा 0.081 घन मीटर बरामद किए गए। जप्त की गई लकड़ी की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये आंकी गयी है। घटना स्थल पर तत्काल अपराध दर्ज करते हुए पीओआर क्रमांक 18487/21 23 जून को प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। हालांकि कार्यवाही के समय आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन उसके विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोरगांव में मनाया प्रवेश उत्सव



**फरसगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकासखंड फरसगांव अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोरगांव में प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष मानकु राम नेताम, सरपंच श्रीमती चंद्र कला सरकार व अन्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए,मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही और उन्हें अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**मुख्य अतिथियों ने बच्चों को दिया संदेश**

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों को बताया कि शिक्षा ही उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने का एकमात्र साधन है। उन्होंने बच्चों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन में अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

**पाठ्य-पुस्तक और गणवेश का वितरण**

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पाठ्य-पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। इससे बच्चों को अपनी पढ़ाई में मदद मिलेगी और वे अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**बच्चों में दिखा उत्साह का माहौल**

प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। वे अपने नए विद्यालय और साथियों के साथ नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत करने के लिए उत्सुक थे। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें नए शैक्षिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

**ये रहे मौजूद —**

इस अवसर पर प्रवीर सिंह बदेशा, तरूण साना, सोमा दास, मानकूराम नेताम, चंद्रकला सरकार, प्रवीण राव, विश्वनाथ सिकदार, धनराज पांडे, विपुल जोरदार, शिवप्रसाद सहित अधिकिका सरिता मंडावी व सभी शिक्षिका एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय एवं विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

### ◆ अंदकुरी गांड़ा समाज के तत्वाधान में सामाजिक भवन का हुआ लोकार्पण



**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। अंदकुरी गांड़ा समाज के तत्वाधान में जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय एवं विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ डॉ.बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी एवं समाज के बुढ़ादेव की पूजा अर्चना करके किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपती पटेल, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, सुशील दर्रो प्रांताध्यक्ष, अनिल कोर्राम प्रांतीय सचिव, श्रीमती युवती कोर्राम महिला प्रांताध्यक्ष, ललित देवांगन पार्षद, परितोष सेन पार्षद, दुर्गा प्रसाद मण्डावी, दयासागर मरकाम, मनोज कोर्राम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करण कोर्राम वरिष्ठ जिला अध्यक्ष, विरेन्द्र बघेल युवा जिला अध्यक्ष, धनीराम मरकाम कर्मचारी/अधिकारी प्रकोष्ठ व श्रीमती सुभद्रा कोर्राम महिला जिला अध्यक्ष के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय हेतु वर-वधू की जानकारी मंगाई गई थी, परिचय हेतु अपना फार्म भरने वाले युवक-युवतियों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया। समारोह में वर्ष 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और पुरस्कृत मेधावियों के चेहरे खिल उठे। समाज द्वारा पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं में जो बच्चे 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किये थे, उन सभी बच्चों के प्रमाण पत्र मंगाए गए थे। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभाओं को मोमेंटो एवं प्रसस्ति प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया तथा समाज के 10 वरिष्ठों एवं युवाओं को भारतीय संविधान का बुक वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों एवं समाज के पदाधिकारियों के नवीन अंदकुरी गांड़ा समाज का भवन का लोकार्पण किया गया। समाज को जिला भवन मिलने से सामाजिकजन खुशी से भवन के अंदर नाचने लगे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि अंदकुरी गांड़ा समाज के बाजा के बिना कहीं के देवी-देवताओं का कार्य नहीं होता। इस जाति के बाजा के बिना ग्राम की देवी-देवता का पूजा एवं शादी-विवाह नहीं होता। इनकी संस्कृति प्रत्येक समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रखते है, प्रत्येक समाज में अपनी-अपनी संस्कृति होती है, जिसे बचाकर रखने की आवश्यता है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि आपके पूर्वजों ने जिस प्रकार अपनी संस्कृति को बचाए रखा है, उसी प्रकार बनाएं रखें। वहीं गांड़ा जाति के शोधकर्ता डॉ.राजाराम त्रिपाठी के द्वारा कहा गया कि गांड़ा जाति एक सुरवीर एवं महान जाति है। जो अग्रिम पंति में रहकर अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली जाति है। प्रांतीय सचिव अनिल कोर्राम के द्वारा विद्यार्थियों से कहा सतत् प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। आज भी गांड़ा जाति के बाजा के बीना कोई भी सामाजिक कार्य, अन्य समाज के देवी-देवता नहीं नाचते। परंतु हमारे बाजा को अभी अन्य समाज के लोगों के द्वारा एक आय का जरीया बनाकर बेंड बाजा, धुमाल बाजा आदि के विकृत रूप को समाज में परोसा जा रहा है। जबकि कहावत है कि गांड़ा को गुनी एवं सरग की धुनी आज भी चरितार्थ है। क्योंकि बाजा बजाने का कला एवं गुन अंदकुरी गांड़ा समाज के लोगों में है। युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा। समाज में शिक्षा का बहुत महत्व है, हर कठिनाइयों से निकल सकते हैं। समाज में नशा नहीं करना है, अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें, एकता में बंधे रहें, समाज संगठित रहे और बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से समाज द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना अति आवश्यक है। इससे समाज में एक प्रतिस्पर्धा आएगी जो समाज को विश्व के मंच पर स्थापित करेगी।

सार-संक्षेप

### डॉ. मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देने के साथ ही वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्रभक्त एवं अखंड भारत के प्रखर प्रहरी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर 23 जून को भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव द्वारा जिला मुख्यालय स्थित अटल सदन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर डॉ.मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान का सपना डॉ.मुखर्जी ने देखा था, जिसे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया। उनका बलिदान हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए चिरस्थायी प्रेरणा है।

सभा के बाद पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मनोज जैन, लक्ष्मी ध्रुव, दयाराम पटेल, अश्वनी पांडे, मनीष देवांगन, जितेंद्र सुराना, पोल्टू चौधरी, प्रतोष त्रिपाठी, गामा जायसवाल, बंटी नाग, ललित देवांगन, अमिताभ बोस, विश्वजीत चक्रवर्ती, भरत चक्रधारी, संतोष सिंह, सहदेव साहू, सुमन शुक्ला, सुषमा खोबरागड़े, सती बघेल सहित अन्य पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाईयों ने पौधारोपण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**फरसगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल फरसगांव द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपाईयों ने डॉ मुखर्जी के योगदान और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।



**डॉ मुखर्जी के योगदान को याद किया-**

श्रद्धांजलि सभा के दौरान भाजपाईयों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी के आदर्शों और विचारों को अपनाकर हम पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। भाजपाईयों ने डॉ मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता**

भाजपा मंडल फरसगांव ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि वे डॉ मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर उन्होंने डॉ मुखर्जी के योगदान और बलिदान को भी याद किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपाईयों ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान नेता और देशभक्त थे, जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी का बलिदान हमें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने और राष्ट्रहित में काम करने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान प्रदेश कार्य समिति के सदस्य प्रवीर सिंह बदेशा, जिला महामंत्री तरूण साना, जिला महामंत्री महिला मोर्चा सोमा दास, जनपद अध्यक्ष मानकुराम नेताम, सरपंच चंद्रकला सरकार, प्रवीण राव, विश्वनाथ सिकदार, मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, विपुल जोरदार, शिवप्रसाद सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अटल सदन में भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया बलिदान दिवस

**बीजापुर,** 23 जून (देशबन्धु)। बीजापुर के अटल सदन कार्यालय (भाजपा कार्यालय) में आज भारत जनसंघ के संस्थापक रहे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को मनाया गया।

अटल सदन कार्यालय में उनके शैल चित्र में बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के कारण कश्मीर भारत का अभिभाज्य अंग बना। आजादी के बाद पंडित नेहरू एवं शेख अब्दुल्ला के साथ हुए समझौते के तहत जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। इसके तहत जम्मू कश्मीर का अपना अलग संविधान था। डॉ मुखर्जी को ने एक देश दो विधान,दो निशान,दो प्रधान के खिलाफ आंदोलन चलाया। उनका देश के नाम एक ही नारा था एक विधान,एक निशान पर देश चलेगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष घांसीराम नाग ने अपने संबोधन में कहा वैकल्पिक सरकार



में मंत्री रहते हुए उन्होंने कश्मीर में दो प्रधान, दो निशान और दो विधान का विरोध किया। वे सांस्कृतिक एकता के समर्थक थे। संसद में धारा-370 को समाप्त करने की वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू की रैली में उन्होंने कहा था कि या तो वे कश्मीर को भारतीय संविधान दिलाएंगे या अपना जीवन बलिदान कर देंगे।

# अग्निवीर थल सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा की तिथियाँ और केंद्र जारी

**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। कोण्डागांव जिले के जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है उनके लिए सेना भर्ती कार्यालय द्वारा कॉमन एंट्रेंस परीक्षा की तारीखें निर्धारित कर दी गई हैं।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा 30 जून से 4 जुलाई 2025 तथा 7 जुलाई से 10 जुलाई 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा पांच केंद्रों में बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में 3 शिफ्ट में संचालित किया जाएगा। अग्निवीर क्लर्क और एस.के.टी. पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर लिया जाएगा।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

# बनियागांव और माकड़ी शिविर में शामिल हुईं विधायक उसेंडी

**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं से जनजातीय परिवारों को लाभान्वित किये जाने हेतु जिले के सभी विकास खंड में क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी कोंडागांव विकास खंड के बनियागांव और माकड़ी में आयोजित शिविर में शामिल हुईं। बनियागांव शिविर में बनियागांव, दहिकोंगा, बाखरा, राजागांव, सुकुरपाल, जोबा, घोड़ागांव, बनउसरी, माकड़ी, मोहलई, मेड़पाल, करनपुर, हिरामंदला, बोटीकनेरा, बड़े बंजोड़ा, पूसावंड और काकड़गांव के ग्रामीण शामिल हुए। इसी प्रकार माकड़ी में आयोजित शिविर में बाग बेड़ा, खुडी, मगेदा, भतवा, ओटेंडा, पीढ़ापाल, अरंगुला, जरंडी, माकड़ी, भिरंडा, धारली, जोंधरा, उमरगांव, बेलगांव 2 और उड़ीदगांव के ग्रामीण सम्मिलित हुए।



शिविर को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा कि जनजातीय मंत्रालय द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की गई है जो कि केंद्र सरकार की अभिनव पहल है। इस योजना का उद्देश्य है कि हमारे जनजातीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के साथ हितग्राहीमूलक योजनाओं सहित सभी योजनाओं का लाभ पहुंचे और सभी गांव आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत हो। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत का विजन है। इस संकल्प को साकार करने के लिए गांव का विकास बहुत आवश्यक है। विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने जनजातीय समाज की अस्मिता और जल जंगल जमीन के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और जनजातीय संस्कृति की रक्षा की। समाज और देश के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 9 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 06 हितग्राहियों को सब्जी बीज का वितरण और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 08 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर माकड़ी शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल व श्रीमती भगवती नेताम, जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष श्रीमती जुगवती पोयाम, उपाध्यक्ष श्री बैसाखू कोर्राम सहित जनपद सदस्यगण अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# पाईप लाईन बिछाने खोदे गए सड़क पर धंसने लगे वाहन

### ठेकेदार करे लापरवाही, आमजन हों परेशान-ऐसा हो रहा कोण्डागांव नगर का विकास

**कोण्डागांव,** 23 जून (देशबन्धु)। कोण्डागांव नगर का इन दिनों कुछ ऐसा विकास हो रहा है, जहां ठेकेदार की लापरवाहीपूर्वक किए गए कार्यों के परिणामस्वरुप आमजनों को कीचड़ से तो वाहन चालकों को वाहन धंसने से परेशानियों का सामना करना पड़ता नजर आने लगा है।

वर्तमान में जल जीवन मिषन के तहत कोण्डागांव नगर पालिका क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाने का कार्य जोरशोर से चल रहा है। इसी क्रम में विकास नगर वार्ड में भी जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार का कार्य ठेकेदार के द्वारा ऐसी लापरवाहीपूर्वक किया गया है कि विकास कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा किया गया कार्य लोगों के लिए मुसीबत बनता नजर आने लगा है। सोमवार को विकासनगर स्थित भावेश किराना दुकान और गार्डन के समीप सड़क पर एक पिकअप वाहन का पहिया धंस गया, वाहन के सड़क पर धंस जाने से यातायात में बाधा उत्पन्न हो गया। वाहन को हटाने में कई नागरिकों ने सहयोग किया लेकिन पिकअप वाहन नहीं निकाला जा सका। जिसपर जेसीबी को बुलवाकर पिकअप वाहन को निकलवाने का प्रयास किया गया, लेकिन पाईप लाईन बिछाने के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में वाहन का दोनों पहिया धंस जाने से जेसीबी का चालक भी पिकअप वाहन को नहीं निकाल सका।



स्थानीय लोगों के अनुसार नल-जल योजना के तहत सड़क किनारे नाली खोदी गई थी, कार्य पूर्ण होने के बाद नाली में सही तरीके से मिट्टी भरकर दबाया नहीं गया था, जिसके कारण ही आज हुई बारिश में गड्ढे में भरा गया मिट्टी गिला हुआ और जैसे ही पिकअप वाहन के पहिए उस हिस्से के उपर गए, दोनों पहिए धंस गए। इस मार्ग पर राहगीरों एवं वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों का कहना है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगर पालिका प्रशासन को जल्द से जल्द दोषी ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करना चाहिए।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

महिला-डॉक्टर, मेरे पति नींद में बातें करते हैं।
डॉक्टर- मैडम, उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए।

## संपादकीय

### शासकीय कर्मचारियों से न हो मारपीट

*कई बार यह देखा जाता है कि अपने शासकीय उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने गये शासकीय कर्मचारियों अथवा नगरीय निकायों के अमलों पर हमले कर दिये जाते हैं अथवा उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। उनका मार्ग अड़ाना या अन्य तरह के अवरोध पैदा करना भी शासकीय कामों में बाधा डालना होता है जो कि दण्डनीय अपराध है। जनता को इससे बचना चाहिये। ऐसी घटनाओं में यह भी पाया जाता है कि लोग कानून अपने हाथों में ले लेते हैं जो और भी गम्भीर बात है। सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्ती से पेश आये ताकि शासनकर्मी अपनी जिम्मेदारियों तथा विभागीय निर्देशों का पालन बगैर भयभीत हुए पूरा कर सकें।*

*बालोद जिले के वन अधिकारियों को सूचना मिली कि पेवारी गांव में कुछ लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। रविवार को डौंडी के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक, सुरक्षाकर्मी आदि उसे ध्वस्त करने जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि पेवारी के साथ कटरेल गांव में 15 से ज्यादा लोग वन की भूमि पर गैरकानूनी तरीके से खेती कर रहे हैं। इसी के बाबत वनकर्मी जानकारी लेने तथा उन्हें हटाने के लिये जा रहे थे। ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल गयी। उनका पक्ष यह था कि वे कई सालों से इस जमीन पर खेती कर रहे हैं। उन्होंने वाहन रोककर वन कर्मचारियों को नीचे उतारा तथा उनके साथ जमकर मारपीट की। इससे ड्राइवर समेत 7 लोगों को चोटें पहुंची हैं। इस सिलसिले में 6 लोगों के खिलाफ डौंडी थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। इसके विरोध में 50 से ज्यादा महिलाएं भी थाने पहुंची थीं।*

*वन ग्राम हों या अन्य गांव अथवा शहरों में भी लोग अपना काम करने गये कर्मचारियों-अधिकारियों पर इस तरह से आक्रमण कर देते हैं या उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर देते हैं जो सर्वथा अनुचित है। शहरों में अवैध बस्तियां हटाने, गैरकानूनी निर्माण को ध्वस्त करने, सड़कों-फुटपाथों पर से अवैध कब्जे व अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरीय निकायों के तोड़ू दस्तों पर अक्सर हमले कर दिये जाते हैं या उन पर पथराव आदि होता है।*

*सम्भव है कि कुछ मामलों में लोगों की शिकायतें जायज भी होती हों परन्तु उन्हें इस तरह के कदम नहीं उठाने चाहिये। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों को चोटें भी पहुंच सकती हैं जिनका दोष नहीं होता। वे तो सिर्फ सरकार, स्थानीय निकाय अथवा कोर्ट के आदेशों का पालन करते हैं। हिंसा का रास्ता जायज नहीं है और न ही ही किसी के काम में अवरोध पहुंचाना उचित है। यदि जनता को लगता है कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है तो पहले उन्हें ऊपर के अफसरों से मिलना चाहिये। फिर भी उनकी बात न सुनी जाये तो उन्हें न्यायालय की शरण लेनी चाहिये। कानून हाथ में लेकर नागरिक अपना पक्ष और भी कमजोर कर देते हैं।*

# नक्सली हिंसा गरीबों और आदिवासियों के लिए बहुत बड़ी विभीषिका रही : अमित शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद किया
- देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वो क्षण आजादी के बाद सबसे महत्वपूर्ण होगा



**रायपुर**, 23 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ संवाद किया। बैठक में मुख्य मंत्र विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, बीएस एफ के महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने जवानों को संबोधित करते हुए कह उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल के जवान अपने शौर्य और परिश्रम से ही नक्सलियों के साथ मुठभेड़ को सफल बनाते हैं। सुरक्षा बलों ने जिस शौर्य, धैर्य और समर्पण के साथ माओवादियों के बनाये अड्डों को तहस-नहस किया है, उसने विश्व के सभी सुरक्षा बलों को आश्चर्यचकित कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि सेना के जवान जो तय करते हैं, वो हासिल करते हैं। सुरक्षा बलों के इसी भरोसे से मैं देश में 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का ऐलान करता हूं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद गरीब आदिवासी क्षेत्र के लिए बड़ी विभीषिका रही है। जिससे पिछले 35 साल में लगभग 40 हजार लोगों की मौत हुई है या फिर वो अपाहिज होकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। नक्सलवादी हिंसा ने गरीब आदिवासी तक खाना, बिजली, शिक्षा, घर, शौचालय और पीने का शुद्ध पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं को नहीं पहुंचने दिया और उद्योग को तो भूल ही जाइए। इतने लंबे वर्षों तक इतना बड़ा क्षेत्र गुलामी के कालखंड में जीने को मजबूर रहा। इसका मूल कारण नक्लवाद है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुझे आज आनंद है कि आज जिस क्षेत्र से नक्सलवाद खत्म होता है, वहां हमारी सरकार अनाज, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, बिजली, घर, शौचालय और पीने का शुद्ध पानी पहुंचाकर लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि जब बच्चा हाथ में बंदूक की जगह पेंसिल पकड़कर क, ख, ग लिखता है, तो न सिर्फ एक क्षेत्र का बल्कि पूरे देश का भविष्य संवरता है। यह क्षण जल्द ही आने वाला है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में जब 31 मार्च, 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वो क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमे सुरक्षा बलों के जवानों के त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

श्री शाह ने आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में' लियोर ओयना' - नक्सलियों द्वारा आदिवासियों के भीषण संहार और बस्तर को बचाने के प्रयासों पर लिखित पुस्तक का लोकार्पण भी किया। नक्सलियों ने जिन मासूम, निहत्थे लोगों को अपनी हिंसा का शिकार बनाया है, उनकी पीड़ा समझने में यह पुस्तक सहायक होनेवाली है। यह पुस्तक ह्यूमन राईट के नाम पर नक्सलियों से संवेदना दिखाने वालों के आँखों के आगे से पर्दा हटाने और उन्हें एक्सपोज करने में भी उपयोगी सिद्ध होगी।

## रेरा ने रजत बिल्डर को 58 लाख आबंटिती को लौटाने दिया आदेश

- फ्लैट का आधिपत्य न देने और अनुबंध के उल्लंघन पर रेरा ने सुनाया आदेश

**रायपुर**, 23 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए रजत बिल्डर्स को उनके प्रोजेक्ट 'रजत होम्स कादम्बरी, जिला दुर्ग' के एक आबंटिती को 57.97 लाख ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है। यह फैसला बिल्डर द्वारा फ्लैट का समय पर आधिपत्य न देने और अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने के कारण सुनाया गया है।

वर्ष 2014 में उक्त आबंटिती ने फ्लैट के लिए बिल्डर से अनुबंध किया था। लेकिन एक दशक बीत जाने के बावजूद उन्हें न तो फ्लैट का कब्ज़ा मिला और न ही परियोजना पूरी हुई। छत्तीसगढ़ रेरा की जांच में पाया गया कि प्रमोटर रजत बिल्डर्स




ने रेरा अधिनियम 2016 की धारा 11 का उल्लंघन किया है। यह धारा प्रमोटरों के दायित्वों को निर्धारित करती है, जिसमें समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करना और खरीदार को स्वामित्व प्रदान करना प्रमुख है। इस उल्लंघन के मद्देनज़र रेरा ने बिल्डर को निर्देश दिया है कि वह 24 लाख रुपये मूलधन और 27.97 लाख रुपये ब्याज सहित कुल 57,97,200 रुपये की राशि आबंटिती को लौटाए। यह निर्णय न केवल पीड़ित खरीदार को न्याय दिलाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ रेरा घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रमोटरों को रेरा अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के लिए बाध्य करता है।

## रायपुर में जल आपूर्ति व्यवस्था ठीक करने निगम ने कसी कमर

**रायपुर**, 23 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर भले ही स्मार्ट सिटी है लेकिन स्मार्ट सिटी के कार्यों पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। नालियों के गंदे पानी, कीड़े-मकोड़े पेयजल के माध्यम से घरों तक पहुंचते हैं। लेकिन अब इसे रोकने के लिए नालियों के अंदर बिछे पाइप लाइनों को तत्काल शिफ्ट करने, साथ ही बाकी पाइप लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बरसात के समय में नालियों का गंदा पानी पेयजल पाइप के माध्यम से घरों तक न पहुंचे, इसलिए नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने आज जल विभाग की समीक्षा की है।

**प्रभारी अपर आयुक्त ने पाइपलाइन शिफ्टिंग और लीकेज तत्काल सुधारने के दिए निर्देश**

प्रभारी अपर आयुक्त ने निर्देशित किया कि जल विभाग के अभियंतागण स्वीकृति अनुसार योजना में विभिन्न जोनों द्वारा बिछाई जा रही डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन को सर्वे के बाद पानी टंकी से कनेक्ट करें ताकि शीघ्र नागरिकों को सुव्यवस्थित जलापूर्ति की जा सके। जलापूर्ति करने के बाद उक्त क्षेत्रों को शीघ्र टैंकर मुक्त क्षेत्र घोषित करने की तैयारियां करें।

प्रभारी अपर आयुक्त और अधीक्षण अभियंता ने अभियंताओं को निर्देशित किया है कि नालियों के भीतर गई पाइप लाइनों को तत्काल सुरक्षित रूप से शिफ्ट करें और इसके साथ ही जोनों की टीमें जहां भी पाइप लाइन लीकेज मिले, उन्हें तत्काल प्राथमिकता से सुधारने का कार्य करवाएं। शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुगम तरीके से करवाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रभारी अपर आयुक्त ने अभियंताओं को नगर निगम क्षेत्र में पावर पंपों और हैंड पंपों को डिसइन्फेक्शन कार्य दिए गए निर्देशानुसार 3 चरणों में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रभारी अपर आयुक्त और अधीक्षण अभियंता ने वर्तमान में चल रहे पेयजल टैंकरों की जोनवार जानकारी ली एवं टैंकरों से जलापूर्ति कार्य करने पर नागरिकों को गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराने में मिली सहायता के संदर्भ में जानकारी ली।

प्रभारी अपर आयुक्त और अधीक्षण अभियंता ने अभियंताओं से इस पर प्रतिवेदन देने कहा कि इस वर्ष नलकूप खनन कार्य करवाने के बाद उक्त क्षेत्र में नागरिकों की पेयजल समस्या को दूर करने में कितना सहयोग मिला, इस हेतु उन्होंने प्रमाणिक और सत्यापित जानकारी देने के निर्देश दिए। प्रभारी अपर आयुक्त और अधीक्षण अभियंता ने मानसून में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की तैयारियों की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निर्देश दिए गए कि कहीं भी चैंबर खुले हुए या टूटे-फूटे हों, उन्हें तत्काल ढक्कन लगाकर ढक दें अथवा कार्य होने पर बंद करवा दें और टूटे-फूटे चैंबरों में आवश्यक व्यावहारिक सुधार और मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से जोन से करवाएं। प्रभारी अपर आयुक्त और अधीक्षण अभियंता ने अभियंताओं को बारिश में शुद्ध पेयजल आपूर्ति राजधानी शहर में करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ प्राथमिकता से करने निर्देशित किया है।

आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम मुख्यालय में प्रभारी अपर आयुक्त कृष्णा खटीक एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े ने सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर, कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेन्द्र की उपस्थिति में सभी जोनों के जल विभाग के सहायक अभियंताओं और उप अभियंताओं की उपस्थिति में बैठक लेकर जल कार्य विभाग की कार्य समीक्षा करते हुए अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए।

# दिल्ली से चल रही छग सरकार : सचिन पायलट

### केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप

**रायपुर**, 23 जून (देशबन्धु)।प्रदेश के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। विधानसभा सत्र को लेकर उन्होंने कहा कि साय सरकार सत्र कम चलाती है और जवाब देने से कतराती है। पायलट ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, निष्पक्षता से साय सरकार सदन में चर्चा नहीं होने देती, क्योंकि सरकार के पास छुपाने के लिए बहुत कुछ है।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार दिल्ली से चल रही है। जनता ने अपने जनप्रतिनिधियों को चुना, लेकिन सरकार के हर फैसले दिल्ली से होते हैं। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए पायलट ने कहा, पहली बार ऐसी सरकार देखी, जो विपक्ष पर आरोप लगाती है।एजेंसियों का दुरुपयोग करने के अलावा सरकार के पास कुछ नहीं है। अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखने के बजाय कांग्रेस पर आरोप लगाती है।

पायलट ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बड़ी सभा होगी।7 जुलाई को कांग्रेस



के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे छत्तीसगढ़ आएंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल भी आएंगे। दोनों नेता संगठन के सभी पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठों से मुलाकात करेंगे। संगठन स्तर की अहम बैठक भी होगी।प्रदेश प्रभारी ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से संगठन को मजबूती मिलेगी।

**शहीद आकाश के परिजनों से मुलाकात करेंगे पायलट**

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट मंगलवार सुबह 10 बजे आईईडी ब्लास्ट में शहीद ए एस पी आकाश राव गिरपुंजे के घर जाएंगे और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे।इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

**नक्सली मुद्दे पर राजनीति नहीं जाना चाहिए : सचिन**

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट आज छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि सिर्फ भाषण से नहीं, जमीनी स्तर पर काम होना चाहिए।

रायुपर विमानतल पर मीडिया से चर्चा के दौरान सचिन पायलट ने कहा कि हम हमेशा हिंसा के खिलाफ खड़े रहे हैं, लेकिन सिर्फ भाषण देने से काम नहीं चलेगा, ज़मीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। कार्रवाई जरूरी है, लेकिन इसका पॉलिटाइजेशन नहीं जाना चाहिए। जो भी कदम उठाए जाएं, वे पारदर्शी और प्रभावी होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सोच-समझकर सख्त फैसले लेने की जरूरत है और जो भी निष्कर्ष निकले, उसका वास्तविक लाभ जनता तक पहुंचे। सिर्फ भाषणों से नहीं, बल्कि जमीनी काम से फर्क पड़ेगा।

## कांग्रेस की 7 को रायपुर में जनसभा

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, वेणुगोपाल रहेंगे, संगठन की समीक्षा करेंगे

*छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की बड़ी रणनीति बनाई है। 7जुलाई को राजधानी में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से सुकमा राजीव भवन को कुर्क करने, खाद, बीज समेत अन्य मुद्दों को लेकर राज्य भाजपा सरकार पर हमला किया जाएगा।सभा में जिसमें कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल भी छत्तीसगढ़ आएंगे।जनसभा के लिए जगह तय करने प्रदेश के नेताओं को कहा गया है।*

*कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने आज पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक ली। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल रहेबैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे पर भी चर्चा हुई। 7 जुलाई को खरगे छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल भी छत्तीसगढ़ आएंगे। दोनों नेताओं का विस्तृत शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा।*

## वाणिज्यिक कर विभाग में 28 अधिकारियों का तबादला

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने वाणिज्यिक कर विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 28 अधिकारियों का तबादला किया। इनमें सहायक और संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी शामिल हैं। दो आदेशों के तहत ये तबादले प्रशासनिक दक्षता और अनुशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं।



- दो आदेशों में जारी हुई नई जिम्मेदारियों की सूची

सहायक आयुक्त और संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारियों को नई पदस्थापनाएं दी हैं। इस फैसले को प्रशासनिक संचालन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है।

**संयुक्त और सहायक आयुक्तों को दी गई नई जिम्मेदारियां**-स्थानांतरित अधिकारियों में से कई को संयुक्त आयुक्त (राज्य कर) के पद पर पदस्थ किया गया है, जबकि कुछ को राज्य कर अधिकारी , ऑडिट शाखा, और अन्य शाखाओं में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह फेरबदल विभागीय कार्यों को गति देने और व्यावसायिक पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

**तुरंत प्रभाव से लागू होंगे तबादले**-इन तबादलों को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, उन्हें जल्द ही अपने नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव आगामी वित्तीय नीतियों को लागू करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## गोलबाजार और बैजनाथपारा में अतिक्रमण पर कार्रवाई

### दुकानदारों पर 1.03 लाख रुपए का जुर्माना




**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार चलाये जा रहे टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा नगर निवेशक आभाष मिश्रा के मार्गदर्शन में राजधानी शहर रायपुर के मालवीय मार्ग में जयस्तम्भ चौक से सिटी कोतवाली चौक होकर गोलबाजार, बैजनाथपारा मुख्य मार्ग में वीडियौग्राफी करवाकर सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर 1000 रूपये से 5000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गयी।

इस दौरान कुल 1 लाख 3 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही अभियान के अंतर्गत दुकानडरो। पर की गयी। टीम प्रहरी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## फारुख अब्दुल्ला ने किया शिव ग्वालानी की किताब 'दास्तानें कश्मीर' का विमोचन



**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। कश्मीर में गुपकार रोड स्थित अब्दुल्ला हाऊस में जम्मू कश्मीर पूर्व मुख्यमंत्री रहे डाक्टर फारुख अब्दुल्ला ने शिव ग्वालानी की किताब दास्तानें कश्मीर का विमोचन किया। इस अवसर पर नेशनल कांफ्रेस पार्टी के प्रोविन्शनल प्रेसिडेंट शौकत मीर एवं शिव ग्वालानी की पत्नी श्रीमती कविता ग्वालानी उपस्थित थीं।

विमोचन के बाद फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि किताब 'दास्तानें कश्मीर' सच्ची कश्मीरियत, कश्मीरी दोस्ती, कश्मीरी मोहब्बत का दस्तावेज है। फारुख अब्दुल्ला ने ग्वालानी दंपति को उनकी चालीसवीं सालगिरह और नायाब किताब लिखने की बधाई दी।

ग्वालानी दंपति ने किताब के विमोचन के पहले पहलगाम जाकर आतंकी हमले में शहीद हुये हिंदू भाईयों को जल तर्पण किया और श्रद्धांजलि दी। असनकम हापतनार्ड पहलगाम जाकर आतंकवादियों द्वारा मारे गये आदिल हुसैन के परिवार से भी मिले। उनके माता पिता को आदिल हुसैन की आंतकवादियों द्वारा हत्या किये जाने पर संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर आदिल हुसैन की तीन बहनें, भाभी और पूरा परिवार ग्वालानी दंपति से गले मिलकर भावुक हो गया।

आदिल हुसैन के पिता रायपुर जैसी दूर जगह से किसी हिन्दू परिवार के उनके गांव आकर दुख में शामिल होने पर भावुक हो गए।शिव ग्वालानी की पत्नी श्रीमती कविता ग्वालानी ने कहा कि यहाँ के लोगों में टूरिस्ट के प्रति बहुत आदर और प्यार की भावना है।

# मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया



**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। भाजपा रायपुर जिला द्वारा ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। शारदा चौंक स्थित प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक और देश के प्रथम उद्योग और आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। भाजपा जिला रायपुर नगर पालिक निगम संस्कृति विभाग की ओर से यह कार्यक्रम का जवाहर नगर मंडल के अंतर्गत शारदा चौक स्थित डॉ श्याम प्रसाद जी की प्रतिमा के समक्ष किया गया। जिसमें भाजपा के विधायक, वरिष्ठ जनों ,द्वद्वष सदस्य,पार्षदगण, भाजपा जिला एवं मंडल,अयोग के अध्यक्ष , सभापति एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं आदि की उपस्थिति में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।

**कई महिलाओं ने भाजपा की नीति-रीति को किया पसंद**

कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जवाहर नगर मंडल के नेताओं ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस दौरान सभी उपस्थित वक्ताओं ने डॉ, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवनचरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गांव की कई महिलाओं ने भाजपा की नीति-रीति से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया। जिसे विधायक और अन्य भाजपा नेताओं ने गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत करवाया।

**छत्तीसगढ़ उद्योग विभाग के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने क्या कहा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अब उद्योग विभाग के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि, हमारी डबल इंजन सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करने की ओर निरंतर चल रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे। उन्होंने कश्मीर को लेकर अपने जीवन का बलिदान दिया, इसलिए उनकी पुण्यतिथि भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। उन्होंने उनके बताए गए मार्ग पर चलने का सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

**देश की एकता और अखंडता के लिए :- किशोर महानंद ने कहा**

प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने कहा कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए लगातार काम किया है। उन्होंने कहा कि, उनका जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। डॉ. मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया था। साथ ही कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान को लेकर आंदोलन किया था। जिसके परिणाम स्वरूप कश्मीर से परमिट राज खत्म हो गया है।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था - संदीप जघेल जवाहर नगर के मंडल अध्यक्ष ने कहा**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जघेल ने बताया कि, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक मिशन था जो भारत में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान हो इसे वर्तमान में मोदी सरकार ने साकार किया गया। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 को हटाकर पूरे देश में एक मिसाल कायम की है।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान कार्यक्रम में रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ,उत्तर विधान सभा के विधायक पुरंदर मिश्रा,दक्षिण विधान सभा के विधायक सुनील सोनी, सीएस.आई. डीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल,प्रदेश मंत्री किशोर महानंद,सत्यम दुआ, अमरजीत छाबड़ा,संजय श्रीवास्तव, सच्चिदानंद उपासने,नंदे साहू,जयंती भाई पटेल, सूर्यकांत राठौड़,चन्नी वर्मा ,अमर गिदवानी,मुरली शर्मा, सुभाष अग्रवाल,अवतार सिंह बागल, अकबर अली, चंद्रेश शाह, संदीप जघेल, राम प्रजापति,रमेश शर्मा,गीता रेड्डी,सूरज शर्मा,शंकर शर्मा,प्रणीत जैन, उपस्थित थे।

**शासन-प्रशासन का कोई खौफ नहीं**

# एनजीटी द्वारा प्रतिबंध के बावजूद भी रेत का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी



**राजिम,** 23 जून (देशबन्धु)। एनजीटी के निर्देश पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदी-नालों से रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध के बावजूद भी रेत का अवैध खनन और परिवहन लगातार जारी है। रेत माफिया बेखौफ इस काम को अंजाम दे रहे हैं। वहीं अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। आमजन आशंका जताते हुए कहते है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मिलीभगत के बिना अवैध खनन सम्भव नहीं। स्थिति यह है कि खनिज विभाग सुबह छापा मारती है और शाम को खदान चालू हो जाती है । इससे साफजाहिर है कि मिली भगत बिना अवैध खनन सम्भव कैसे । एनजीटी का कानून सिर्फबुक तक ही सीमित है , कभी यह जानने की कोशिश नहीं की किनियम का पालन हो रहा है या नहीं । बाकी विभागों को भुजैसे उन्हें कोई मतलब नहीं । अधिकारियों की मनमर्जी के चलते और प्रशासन के इसी सुस्त रवैये के कारण रेत माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

**रात के अंधेरे में होता है अवैध खनन और परिवहन:** रात 10 बजे के बाद राजिम महानदी के किनारे रेत वाहनों की लंबी लाईन लग जाती है और एक-एक कर ये वाहन रेत लोड कर निकल जाते हैं। बताया जा रहा है कि गरियाबंद जिले के ग्राम पितईबंद, बकली और चौबेबांधा, रायपुर जिले के ग्राम तर्री, पारागांव, लखना, धमतरी जिले के ग्राम परेवाडीह, चमसूर के रेत घाटों में चौन माउंटेन मशीन लगाकर उत्खनन किया जा रहा है। जबकि एनजीटी के निर्देश पर रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध है। यह जानकारी भी सामने आई है कि रात होते ही रेत माफिया के गुर्गे सक्रिय हो जाते हैं। ये गुर्गे पहले रास्तों की रेकी करते हैं और फिर रेत वाहनों में लोड कराकर सीमा क्षेत्र से बाहर निकालने का काम करते हैं।

**राजनीतिक संरक्षण के चलते फल-फूल रहा है काला कारोबार:** अवैध उत्खनन को देखकर ऐसा लगता है कि रेत माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। यही कारण है कि इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिसके चलते प्रशासन की नाक के नीचे माफिया रात के अंधेरे में खुलेआम रेत उत्खनन कर रहे हैं। हालांकि खनिज विभाग और राजस्व विभाग समय-समय पर अवैध रेत उत्खनन और भंडारण के खिलाफनाममात्र की कार्रवाई कर अपनी पीठ खुद थपथपा लेता है।

# प्रगतिशील यादव महासंघ के सेवाकार्यों का कैलेंडर जारी



**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। 22 जून को धनलक्ष्मी नगर स्थित समाजसेवी उपेंद्र सिंह यादव के आवास में संपन्न छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ की मीटिंग में, मानसूनी फुहार के बीच भी भारी संख्या में यादव बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इष्टदेव कृष्ण की पूजाअर्चना पश्चात, चार बार के पार्षद मुख्य अतिथि नागभूषण यादव, एम.आई.सी. पूर्व स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष, नगर निगम रायपुर ने अपने उदबोधन में प्रसन्नता जाहिर की, की प्रगतिशील यादव महासंघ में सभी वर्ग, शाखा, उपजाति के यादवेश समरसता के साथ मजबूती से जुड़े हुए हैं ।।

तत्पश्चात सहायक महासचिव राजेश यादव ने महासंघ के जोरा -लाभांडी स्थित भूखंड पर प्रस्तावित निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन सह छात्रावास की रूपरेखा और संभावित बजट पर प्रकाश डालते हुए सभी यादवो से मुक्त हस्त से दान और सहयोग करने की अपील की ।।

महासचिव निरंजन सिंह यादव ने महासंघ की अगली तिमाही के सामाजिक सरोकारों से संबंधित सेवाकार्यों का कैलेंडर जारी करते हुए कहा कि जुलाई 2025 में मेंटल हेल्थ चेकअप अवेयरनेस कैंप, माह अगस्त 2025 में स्वतंत्रता दिवस पर यादव सैनिकों का सम्मान तथा सितंबर 2025 में स्थापना दिवस पर दिवंगत आजीवन सदस्यों को श्रद्धासुमन स्वरूप स्वरांजलि देने की योजना है ।। उन्होंने बताया कि आज चार नए सदस्यों यथा श्रीमती सरोज यादव वर्धमान नगर, संजय यादव सुदामा नगर, नागभूषण यादव जी भनपुरी, नरेश यादव कबीर नगर ने महासंघ से आवाहन किया कि भविष्य में यादव युवक युवती परिचय सम्मेलन करा शादी ब्याह संबंधी बढ़ती समस्या का निवारण करने का प्रयास करें ।।

बैठक में जितेंद्र बहादुर यादव, शशिकांत यादव, डॉक्टर एन पी यादव, राम यादव, किसलय यादव, संजय यादव, जयंत यदु, रविंद्र सिंह यादव आदि ने संगठन और सदस्यों के उत्थान, विकास और एकजुटता के बारे में अपने-अपने विचार रखें तथा संदेश दिया कि हर हाल में समाज फर्स्ट होना चाहिए। मंच संचालक सोमेंद्र यादव, मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ौदा के आभार प्रदर्शन पूर्व समाज की दो नन्ही मुन्नी कलियों यथा कुमारी अवंतिका यादव एवं कुमारी अंशिका यादव के सुरीले स्वर में प्रस्तुत राष्ट्रगान ने सबका मन मोह लिया ।

# रेलवे ने बनाया आधा अधूरा रोड, जमीन का किया आधा अधूरा उपयोग, अवैध भूमि पर अभी भी कब्जाधारी



**नगर में व्यापक चर्चा भूमि छोड़ने के पीछे करोड़ों का लेन-देन, अवैध कब्जे धारियों में रेलवे का कोई खौफ नहीं, उल्टा रेलवे अधिकारियों को डर अवैध कब्जा हटाया माहौल बिगड़ा तो जबाबदारी**

**नवापारा-राजिम,** 23 जून (देशबन्धु)। नवापारा नगर विगत कई वर्षों से व्यवसायिक केन्द्र है। आस-पास के गांवों के लिये भी रायपुर मुख्यालय के बाद नवापारा नगर व्यापार पर निर्भर रहा है। जो आज भी है, नगर में गंज रोड एकमात्र चौडा रोड होने के कारण व्यापार और यातायात के लिये उपयुक्त है। गंज रोड के बाद दूसरा सदर रोड है। जिसकी चौड़ाई कम होने से यातायात अवरोध होता रहता है। जब से रेल्वे कार्य प्रगति पर है तब से रेलवे स्टेशन के पीछे से होते हुये बस स्टैंड जाने वाला रोड अवरोध के कारण सदर रोड मे यातायात का दबाब काफी बढ़ गया है। रेल्वे स्टेशन के आफिस का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है । उसके पीछे खाली जगह ही केवल निकासी का मार्ग बन सकता है

**अवैध कब्जा हटाने पूर्व में जो लोगों को डर रहता था अब वह डर इस क्षेत्र में खत्म:** रेलवे लाइन के आफिस के पीछे से होते हुए , कोऑपरेटिव बैंक, प्राथमिक बालक शाला, हवेली मंदिर,नलघर,भोई पारा होते हुए बस स्टेशन तक मार्ग निकाला जा सकता है। अगर इसका निर्माण कर दिया जाए तो काफी दिकतों का सामना करने से बचा जा सकता है। फिलहाल रेलवे ने मस्जिद से लेकर छोटू शा मिल तक सड़क का निर्माण किया है उसके आगे भोई पारा और गाड़ा पर में सड़क निर्माण किया ही नहीं गया । जबकि सामने बारिश है । यही नहीं जितनी दूर सड़क निर्माण किया गया है उसपर भी रेलवे ने अपनी काफी जमीन छोड दी जिससे लोग उक्त जमीन पर कब्जा करने लगे । चर्चा तो यह भी है कि रेलवे इंजीनियर के साथ उक्त जमीन को लेकर करोड़ों का लेन-देन हुआ है । जिसके चलते अवैध कब्जेधारी रियों के होंसले बुलन्द है । अवैध कब्जा हटाने पूर्व में जो लोगों को डर रहता था अब वह डर इस क्षेत्र में खत्म हो गया पैसौं के लेन-देन के बाद अब रेलवे अधिकारी स्वयं कहने लगे कि अगर इनको हटाया तो माहौल खराब हो गया तो कौन जबाब दारी लेगा।

**इस मार्ग को फोर लाइन बनाए जाने की मांग:** फोरलेन नहीं बनने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है जैसे वहा रहने वालों के यहां कोई निर्माण या मरम्मत का कार्य हेतू निर्माण सामग्री स्थल तक लाने तकलीफहोगी और आये दिन विवाद की स्थति आ सकती है या और किसी कार्य हेतु भारी वाहन का आवागमन नही हो पायेगा। इस मार्ग को फोरलेन बनाने पर भारी वाहनों का आवागमन हो पायेगा और सदर रोड का दबाब भी कम पडेगा।

नगरवासियो ने मांग करते हुये कहा कि इस मार्ग को फारलेन बनाए जाने जिससे भारी वाहनों का आना-जाना सुगमता से हो सकता है और सदर रोड पर अतिरिक्त यातायात का भार भी कम हो सके फोरलेन बन जाने पर लोगों को आने-जाने में सुगमता भी होगी जैसा की विदित हो रहा है नयापारा में ब्रॉड गेज का कार्य जिस रूप में दिख रहा है उसे आगामी वर्षों में इसे फोरलेन बनाना जरूरी है ताकि भविष्य में किसी भी यातायात समस्या से रेलवे और नयापारा नगर को सामना न करना पड़े.।

# आदर्श विवाह रचाकर गोंड़ समाज ने दिया नया संदेश



**बागबाहरा,** 23 जून (देशबन्धु)। गोंड समाज ने आज के समय में दहेज लोभी ताकतों को करारा जवाब एवं बढ़ती महंगाई से त्रस्त होकर समाज को एक नई दिशा देते हुए अनूठी पहल की है। जिससे समाज के लोगों को सबक सीखना चाहिए। जो लोग

शादी में लाखों रूपए फिजूल खर्च कर समाज को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। गोंड समाज ने आदर्श विवाह का आयोजन कर समाज को आईना दिखाया है। जो अत्यंत ही प्रशंसनीय एवं सराहनीय है।

अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ राज सूअरमाल अंतर्गत दाईजबांधा सर्कल के आश्रित ग्राम खाड़ादरहा में सामाजिक सभा में आदर्श विवाह का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस सभा के सभापतित्व का दायित्व निर्वहन सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने किया। तथा मुख्य अतिथि के रूप में सूअरमाल राज अध्यक्ष अंजोर सिंह ठाकुर थे।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक समरसता से ओत-प्रोत सभा में खाड़ादरहा निवासी जगदेव सिंह ठाकुर के सुपुत्र विरेन्द्र कुमार ठाकुर के साथ कारागुला सर्कल के आश्रित ग्राम परकोम निवासी भागवत ठाकुर के सुपुत्री लक्ष्मी (लता) ठाकुर के आदर्श विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के साथ किया गया। दाईजबांधा सर्कल द्वारा खर्चीली शादी से बचने के लिए आदर्श विवाह का अनोखी पहल किया गया। और साथ ही आदर्श विवाह को प्रोत्साहित करने हेतु वर-वधु को प्रोत्साहन राशि के रूप में पांच हजार रुपये नगद प्रदान किया गया। सामाजिक सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने कहा कि आदर्श विवाह से सामाजिक समरसता,संस्कृति व एकता को बढ़ावा मिलता है। तथा फिजूल खर्चीला से बचत की भावना को प्रगट करता है।हमारे अमात गोंड़ समाज के प्रत्येक सर्कल के समाज प्रमुखों के द्वारा आदर्श विवाह को प्रोत्साहित कर समाज के लोगों में जागृति लाने का दायित्व को निभाना चाहिए। मनोहर ठाकुर ने आदर्श विवाह हेतु सामाजिक नियमावली में उल्लेखित प्रावधानों को भी विस्तार से बताया। सभा को सूअरमाल राज अध्यक्ष अंजोर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व सामाजिक एकता पर बल दिया। तथा आदर्श विवाह की महत्ता पर प्रकाश डाला।जबकि कौड़िया राज अंतर्गत पोटापारा सर्कल समाज प्रमुख मुंशीलाल ठाकुर ने विशेष अतिथि के आसंदी से अपने ओजस्वी संबोधन में नारी शक्तियों से आव्हान किया कि समाज में सामाजिक व्यवस्था को धूमिल करने वालों के खिलाफ संघर्ष करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। महिला प्रकोष्ठ सुअरमाल राज अध्यक्ष श्रीमती पावित्री ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त एकता खंडित करने वाले कुछ शरारती तत्वों के खिलाफ डट कर मुकाबला करने के लिए अब हम महिलाओं ने हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# फिर पकड़ाए अवैध रेत परिवहन करते 13 हाईवा



**धमतरी,** 23 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर धमतरी जिले में अवैध खनिज परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग सहित राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई में बिना पिटपास के रेत का अवैध परिवहन करते 13 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया। यह हाईवा धमतरी जिले के बोरसी, राजपुर, दोनर, मंदरौद, ढीमरटिकुर आदि भंडारण क्षेत्रों से जब्त किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इन जप्त वाहनों में से 7 हाइवा कम्पोजित भवन के पास, एक हाईवा भखारा थाना में 2 हाईवा बिरेझर चौकी में और 3 हाईवा कुरुद मंडी में अभिरक्षा में रखे गए हैं। इन हाईवा वाहनों को छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने कहा है कि अवैध खनिज परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार



कवर्धा, 23 जून (देशबन्धु)। थाना पिपरिया क्षेत्र से लापता एक नाबालिग बालिका की बरामदगी तथा मामले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में कबीरधाम पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई मुस्कान अभियान के अंतर्गत की गई, जिसके तहत नाबालिगों की त्वरित तलाश एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं।

प्रार्थी ने थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 मार्च को उसकी नाबालिक बेटी को बहला-फुसलाकर अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर लिया गया था। इस संबंध में थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। प्राथमिक जांच में यह पुष्टि हुई कि बालिका को किसी अज्ञात युवक द्वारा बहकाकर अपने साथ ले जाया गया है।

तकनीकी सहायता हेतु सायबर सेल कबीरधाम को भी इस अभियान में जोड़ा गया। आरोपी के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि आरोपी लगातार अपने लोकेशन बदल रहा था ताकि पुलिस की पकड़ से बच सके। बावजूद इसके, टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए आरोपी की लोकेशन को ट्रेस किया गया और अंततः कर्नाटक राज्य के जिला रामनगर अंतर्गत ग्राम कुबांला गोडू, थाना रामनगर से उसे पकड़ा गया।

गिरफ्तारी के समय आरोपी समीर खरे, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 9, पिपरिया, के कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया। बालिका को महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में बयान हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से बताया कि आरोपी द्वारा उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था और वहां लगातार शारीरिक शोषण किया गया।

# दुर्गावती वार्ड में पाईप लाईन विस्तार का कार्य

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। । नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के क्षेत्र के अंतर्गत रानी दुर्गावती वार्ड क्र.49 अंतर्गत राशि रु. 18.59 लाख का पाईप लाईन विस्तार कार्य लगभग 700 मीटर में किया जा रहा है, जिससे रिद्धी सिद्धी, रामाराम कालोनी में पानी की समस्या दूर हो सके। उक्त क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार हेतु रात में खुदाई की गई थी। जिसे पाईप लाईन डालने के पश्चात् रात में ही गड्डे को पाटा गया है। उक्त क्षेत्र में पाईप लाईन विस्तार पूर्ण होने के पश्चात् टेस्टिंग कर कांक्रीटीकरण का कार्य किया जावेगा।

# म्यूल एकाउण्ट से संबंधित दो खाता धारक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय रायपुर के ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारको के द्वारा छल पूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7.77,599.00 रूपये राशी को छुपाने एवं उपयोग किया गया है रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता का घटित पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान पिता हफीज खान उम्र 25 साल निवासी तुमडीबोड पुलिस चौकी तुमडीबोड, जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के खाता धारक लोकेन्द्र बंजारे पिता उमेन्द्र दास बंजारे ग्राम पिनकापार का पता तलाश किया गया। जिसके तथा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी तौहिद खान के कथन के अधार पर दिगन्त अवस्थी उर्फ लाला पिता स्व0 शशीकांत अवस्थी उम्र 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा राजनांदगांव, हाल बी0टी0आई0 रोड डोंगरगांव बक्शी का मकान थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव को आज दिनांक 23-06-2025 को गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान पायें गये तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करना पाया गया.

# राजधानी में स्टील ट्रंक के अंदर सूटकेस में सीमेंट से लिपटी लाश मिलने से सनसनी

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में सोमवार को शाम करीब 4 बजे लोहे की बड़ी पेटी (स्टील ट्रंक) के भीतर बड़े से सूटकेस में पुरुष की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। जिस सूटकेस में लाश मिली, वह और ट्रंक सीमेंट से भरा था, यह जानकारी मिलने से लोग सन्न रह गए हैं। इस वारदात को इलाके के लोग ड्रम वाले सनसनीखेज मर्डर से भी जोड़ रहे हैं। सारे आला पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कई पार्टियों को सबसे पहले मृतक की पहचान के लिए रवाना किया है। शव 35 से 40 साल के युवक का बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इंद्रप्रस्थ कॉलोनी रायपुरा के पीछे डेड एंड वाली सूनी रोड के किनारे ही बड़ा और नया स्टील ट्रंक लोगों को नज़र आया। बदबू के कारण पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने के बाद सनसनीखेज कांड का खुलासा हुआ।

इस मामले में पुलिस को अहम सुराग मिला है। लाश को कार से ले जाकर सुनसान इलाके में फेंका गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला है कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस 2 से युवक की लाश को बड़ी पेटी में डालकर कार निकल रही है, जिसका गाड़ी नंबर छग 04 क्र7700 है। डीडी नगर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मामले की जांच में जुटी है।



इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के पीछे सन्नाटे में मिला ट्रंक

**स्टील ट्रंक में लिखा था च्हब्बू भाईज्, पुलिस ने गोलबाजार के पेटी लाइन में दी दबिश:** रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में सोमवार को मिले युवक के शव मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते ने बताया कि शव को लाल रंग के सूटकेस में भरकर सीमेंट से ढंका गया था, फिर उसे एक स्टील की पेटी में डालकर सुनसान इलाके में फेंक दिया गया। यह पूरा मामला एक पूर्व नियोजित हत्या का प्रतीत होता है।

पोर्ते के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच है और शव दो से तीन दिन पुराना है। गर्दन पर गहरे चोट के निशान मिलने के कारण आशंका जताई जा रही है कि युवक की गर्दन काटकर हत्या की गई है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की है। पुलिस ने दावा किया है कि वे जल्द ही आरोपियों तक पहुँच जाएंगे।

**'हब्बू भाई' नाम से मिला सुराग:** ट्रंक पर 'हब्बू भाई' नाम लिखा पाया गया है। इसे अहम सुराग मानते हुए पुलिस गोलबाजार स्थित पेटी लाईन समेत पूरे शहर के ट्रंक और पेटी की दुकानों की जांच कर रही।

**अभी तक नहीं हुई मृतक की पहचान:** फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज, लापता व्यक्तियों की शिकायतें और डिजिटल सर्विलांस की मदद से मृतक की पहचान में जुटी हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### राज्य में ऐसी घटनाएं कभी नहीं हुई : विकास

घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा च्च्बहुत करीब से शव को देखा हूं। बेहद डरावना दृश्य दिखा है। ऐसी घटनाएं कभी छत्तीसगढ़ जैसे शांतिप्रिय राज्य में नहीं हुई हैं, लेकिन अब अपराधी बेखौफ नज़र आ रहे हैं। आम जनता के मन में भय पैदा हो रहा है। पुलिस को जल्द से जल्द अपराधियों तक पहुँचना चाहिए।

# धारा 370 की समाप्ति श्यामा प्रसाद को सच्ची श्रद्धांजलि : सुनील सोनी

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष एवं संस्थापक तात्कालीन नेहरू मंत्री मंडल में उद्योग मंत्री रहे एवं जिन्होंने हिंदुस्तान में दो विधान दो प्रधान एवं दो निशान का पुरजोर विरोध करते हुए संदिग्ध अवस्था में अपने प्राणों की आहुति दे दी ऐसे महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



भाजपा ने एकात्म परिसर में किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए रायपुर दक्षिण के विधायक एवं पूर्व सांसद सुनील सोनी ने कहा की धारा 370 समाप्ति ही डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि हमने अर्पित कर दी है। और यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा साहसिक नेतृत्व ही कर सकता है। जिस संसद में यह धारा समाप्त करने का बिल संसद में लाया गया उस वक्त का मैं साक्षी रहा हूँ। मध्य रात्रि 2 बजे मैंने संसद में मतदान किया था और नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़इच्छा शक्ति से ही भारतीय जनता पार्टी जो बात वर्षों से कहती आई डॉ. मुखर्जी का वह सपना साकार हुआ।

युवा मोर्चा द्वारा लगाई गई रक्तदान शिविर के संबोधन में विधायक सुनील सोनी ने कहा की डॉ.मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया आज इतनी बड़ी संख्या में लोग उनके बलिदान दिवस पर रक्त देकर एक व्यक्ति को जीवन दान देने का काम कर रहे है ऐसे पुनीत कार्य के लिए भाजयुमो के कार्यकर्ता बधाई के पात्र है। आज इस रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में आमजन ने भी रक्तदान देकर महादान करने का कार्य किया। निश्चित रूप से देश के लिए सुखद संकेत है।

भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा की यह हम सबका सौभाग्य है कि हम ऐसे वटवृक्ष के नीचे छायें में है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भी इस देश को अखण्ड रखने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। ऐसे डॉ. मुखर्जी जी को भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि है। आज जो विशाल एतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया उसी जगह तात्कालिक पूल पर डॉ. मुखर्जी जी को गिरफ्तार तो कर लिया गया था परन्तु उनकी विचारधारा देश के जनसामान्य में घर कर गई थी। उसी का परिणाम रहा आज भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व देश में शासन कर रहा है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, सच्चिदानंद उपासने, राजीव अग्रवाल, नन्द कुमार साहू, सलीम राज, श्रीचंद सुन्दरानी, सुभाष तिवारी, श्रीमती चन्द्री वर्मा, जयंती पटेल, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, अमरजीतसिंह छाबड़ा, अन्जय शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चरामेति शिक्षा सेवा के तहत किया गया कॉपियों का वितरण



**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। चरामेति फाउंडेशन ने 'शिक्षा सेवा' के अंतर्गत खो खो पारा, पुरानी बस्ती स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के बीच कॉपियों सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

काव्या, त्रिषा, भूमिका, कुबेर, श्याम, मयंक सहित समस्त छात्रों ने सत्र 2025 - 26 के प्रथम सप्ताह में ही शैक्षणिक सामग्री प्राप्त होने पर खुशी जताई एवं कहा कि इससे वे बाधा रहित पढ़ाई कर पायेंगे।

चरामेति फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने बताया कि छात्रों को पूरे शैक्षणिक सत्र में उपयोग में आए इतनी कॉपियां दी गई। यह कार्यक्रम नीलेश अग्रवाल, जितेन्द्र दामा, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जे. के. गोयल, सुभाषिनी जतिन्दर भनोट, प्रेम नारायण सोलंकी, डॉ. मृणालिका ओझा, जी. पी. अखिलेश, रोशन बहादुर सिंह, वीरेंद्र आडिल एवं शालेय स्टाफ मनबोधी कुर्मी, मनहरण लाल कैवर्त, लोकेश साहू आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र कुमार मरकाम एवं आभार श्रीवास्तव मैडम ने व्यक्त किया।

# मोबाइल टेक सम्मेलन में प्रतियोगिताओं का रोमांच, विजेताओं का सम्मान

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आयोजित मोबाइल रिपेयरिंग टेक इंडस्ट्री सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतियोगिता, सम्मान और तकनीकी संवाद का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, झारखंड, आंध्र प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र से आए सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी की उपस्थिति रही। साथ ही शंकर बजाज, जयराम कुकरेजा एवं योगेश अग्रवाल ने विशेष रूप से मंच साझा किया।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम:** ग्लास रिपलेसमेंट स्पर्धा- शुभम, दिल्ली ङ्क प्रथम स्थान, हरीश बघेल रायपुरङ्क द्वितीय स्थान, मो. अली पाशा आंध्र प्रदेशङ्क तृतीय स्थान

एंड्रॉयड डयूल डेकर स्पर्धा- सागर मानचिरियल आंध्र प्रदेशङ्क प्रथम स्थान, रूपेश झारखंड ङ्क द्वितीय स्थान- ऐपल सीपीयू रिपलेसमेंट स्पर्धा- अतुल शर्मा हरियाणा ङ्क प्रथम स्थान, अफान खान-बिलासपुर ङ्क द्वितीय स्थान।



तकनीकी ऊर्जा से गूंजा रायपुर

पुरंदर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा च्च्तकनीकी युवाओं के लिए, रायपुर में ऐसा भव्य आयोजन आज के समय की आवश्यकता है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हर संभव सहयोग मिलेगा। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यह युवा रोजगार का सशक्त माध्यम बन सकता है।

उन्होंने इमरान चौधरी और हसन पटेल जैसे विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों का सम्मान करते हुए, उन्हें छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

अमर पारवानी ने कहा, आज की यह तकनीकी क्रांति केवल मोबाइल तक सीमित नहीं है, यह आत्मनिर्भर भारत की नींव बन रही है। स्किल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियान में भी ऐसे आयोजनों से प्रेरित एडवांस कोर्सेस जोड़े जाएं। यह सम्मेलन हमारे युवाओं को ग्लोबल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा विशेष सहयोग हेतु रवि भवन व्यापारी संघ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने टूल्स, स्पेयर्स, इक्विपमेंट्स और तकनीकी समाधानों की प्रदर्शनी लगाई।

# वाणिज्यिक कर विभाग में 28 अधिकारियों का तबादला

**रायपुर,** 22 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर विभाग आदेश जारी करते हुए राज्य के 28 वाणिज्यिक कर अधिकारियों का तबादला कर दिया है। यह तबादले विभागीय अनुशासन, प्रशासनिक दक्षता और संचालन को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।



विभाग द्वारा दो अलग-अलग आदेश जारी कर सहायक आयुक्त और संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कुछ अधिकारियों को संयुक्त आयुक्त (राज्य कर) के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि अन्य को राज्य कर अधिकारी (ङ्क) और ऑडिट शाखा जैसी महत्वपूर्ण इकाइयों में पदस्थ किया गया है। इस प्रशासनिक बदलाव को शासन की सक्रियता और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने कार्डियोलॉजी में उन्नत 3डी ओसीटी तकनीक लॉन्च

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। मध्य भारत में हृदय संबंधी देखभाल के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए, रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने अपने कार्डियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक 3डी ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (3डी ओसीटी) तकनीक लॉन्च की है। यह इंटरवेंशनल कार्डियक प्रक्रियाओं के दौरान सटीकता और सुरक्षा बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

3डी ओसीटी एक क्रांतिकारी इंट्रावास्कुलर इमेजिंग तकनीक है जो कोरोनरी धमनियों के अल्ट्रा हाई-रिज़ॉल्यूशन, रियल-टाइम विज़ुअलाइज़ेशन की अनुमति देती है, जिससे जटिल एंजियोप्लास्टी के दौरान सटीक निदान और निर्देशित उपचार संभव होता है। इस अत्याधुनिक तकनीक के साथ, हृदय रोग विशेषज्ञ अब प्लाक मॉर्फोलॉजी का सटीक मूल्यांकन कर सकते हैं, इष्टतम स्टेंट प्लेसमेंट सुनिश्चित कर सकते हैं और रोगी के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार कर सकते हैं।

**कार्डियोलॉजी में 3डी ओसीटी के मुख्य लाभ:** कोरोनरी वाहिकाओं की क्रिस्टल-क्लियर, सूक्ष्म छवियां (पारंपरिक इमेजिंग की तुलना में 10 गुना अधिक विस्तृत)

**एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाओं के दौरान वास्तविक समय की जानकारी:** स्टेंट की खराबी और अवशिष्ट घावों का बेहतर पता लगाना

**बेहतर रोगी सुरक्षा और दीर्घकालिक परिणाम:** 3डी ओसीटी सेवा का उद्घाटन रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के प्रबंध और चिकित्सा निदेशक डॉ. संदीप दवे के मार्गदर्शन में किया गया, साथ ही अस्पताल की प्रतिष्ठित कार्डियोलॉजी टीम में डॉ. जावेद अली खान, डॉ. शैलेश शर्मा, डॉ. प्रणय अनिल जैन, डॉ. भारत अग्रवाल, डॉ. संजय दुबे और डॉ. अजय हलवाई शामिल थे।

लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, डॉ. संदीप दवे ने कहा रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में, हम अपने रोगियों के लिए सबसे उन्नत तकनीक लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 3डी ओसीटी की शुरूआत नवाचार, सटीकता और करुणा के माध्यम से हृदय देखभाल को बदलने के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती है।

सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जावेद अली खान ने कहा, '3डी ओसीटी हमें कोरोनरी धमनियों के अंदर देखने की अनुमति देता है, जैसा पहले कभी नहीं था। इसका मतलब है कि अधिक सूचित निर्णय, बेहतर उपचार और बेहतर जीवन।' यह तकनीकी प्रगति रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में देखभाल के वैश्विक मानकों को लाने में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के नेतृत्व को मजबूत करती है।

## रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आज पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर 24 जून को प्रात: 11 बजे शंकर नगर में कैनाल लींकिंग रोड के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन रखा गया है। आयोजन हेतु नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर को प्रतिमा स्थल की आवश्यक साफ-सफाई पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया गया है।

## लाभांडी जलागार से शुरू होगी पानी की आपूर्ति

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। अमृत मिशन योजना के तहत् लाभांडी में 2500 कि.ली. क्षमता का उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण कार्य कराया गया है। जलागार निर्माण कार्य वर्ष 2023 में पूर्ण कर लिया गया है एवं जलागार पेयजल आपूर्ति हेतु पूर्णत: तैयार है।

# राजधानी का मरीन ड्राइव बना अश्लील संवाद' का अड्डा

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। राजधानी के मरीन ड्राइव में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहा। यहां अश्लील रैप साँग भी बनाया जा रहा है। इसका विरोध भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने किया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

भाजपा नेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

श्रीवास ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा है कि शहर के मनोरंजन का एकमात्र स्थान मरीन ड्राइव अब परिवार के साथ घूमने लायक नहीं रहा। गली बॉय मूवी की तर्ज पर छपरी युवकों ने इसे च्च्अश्लील संवादज्ज्का अड्डा बना रखा है। इस वाहियात रैप सांग के सस्ते रणवीर कपूर को कोई बोलने और रोकने वाला कोई नहीं है। पुलिस प्रशासन इस पर तत्काल रोक लगाए।

**असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो:** उन्होंने कहा कि जो चीजें मरीन ड्राइव में चल रही है वह स्वीकार योग्य नहीं है। यहां जो भी घटना हो रही है इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। इस मामले में रायपुर पुलिस को संज्ञान लेने की जरूरत है असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी : एएसपी

इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। तेलीबाँधा थाना टीम को भी सूचना भेजी गई है। पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विरोध के बाद खौली में शराब दूकान खोलने की तैयारी

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। खौली में शराब दूकान खोलने की सुगबुगाहट के चलते ग्रामीणों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जा नेताओं के चक्कर काटने के बाद भी शराब दूकान खोलने के लिये प्रतिबद्ध प्रशासन द्वारा जगह उपलब्ध कराने के इच्छुक ग्रामीणों से 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित किये जाने से ग्रामीणों में एक बार फिर आक्रोश व्याप्त हो चला है। ग्रामीणों की बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय ले कल 25 जून को खौली में ही एक दिनी धरना - प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है जिसके बाद आंदोलन की आगामी रूपरेखा तय की जावेगी।

ज्ञातव्य हो कि अप्रैल माह में आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने की प्रशासन की? मंशा के खबर मिलते ही हड़कंप मच गया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह व सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित शासन - प्रशासन के मुखियाओं के पास विरोध दर्ज कराने के साथ - साथ धरना - प्रदर्शन का भी आयोजन किया जा जिसमें क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, क्षेत्रीय जनपद सदस्य राजू मनहरे व शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा सहित जनपद व

धरना-प्रदर्शन के साथ आंदोलन होगा

पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि शामिल हुये थे। इस धरना में श्री शर्मा ने पंचायत द्वारा शराब दूकान खोलने का प्रस्ताव देने का रहस्योद्घाटन कर माहौल गर्म कर दिया था जिसका पंचों द्वारा विरोध भी किया गया पर अंतत: सरपंच ने मंदिर हसौद तहसीलदार द्वारा दबाव डाल पंचायत प्रतिनिधियों के शपथग्रहण दिवस पर प्रस्ताव पुस्तिका में रिक्त पड़े स्थान पर कथित रूप से जबरिया प्रस्ताव लिखवाने व? इसकी जानकारी पंचों को नहीं होने की बात स्वीकार की जिस पर इसकी शिकायत शासन - प्रशासन के कर्ताधर्ताओं सहित थाना में करने का आग्रह पंचायत प्रतिनिधियों से किया गया था। बहरहाल आसन्न 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित कर उसी दिन निविदा खोलने की जानकारी मिलने के साथ ही ग्राम में एक बार फिर आक्रोश व्याप्त हो चला है। बीते 18 जून को आहूत बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का संकल्प लेते हुये किसी भी ग्रामवासी द्वारा जगह मुहैया न कराने व पंचायत द्वारा किसी शासकीय भूमि का प्रस्ताव न देने का आग्रह किया गया है। साथ ही धरना - प्रदर्शन में शामिल होने आसपास के ग्रामीणों को आमंत्रित करते हुये पम्पलेट छपवा वितरित भी किया जा रहा है। खौली के पूर्व सरपंच धनाजिक चंद्राकर ने यह जानकारी देते हुये बतलाया है कि धरना - प्रदर्शन में शिरकत करने के लिये खौलीवासियों द्वारा शराब भट्ठी से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क साधा जा रहा है।

# नवविवाहिता आत्महत्या मामला, पुलिस ने पति, सास-सुसर समेत 5 को किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 23 जून (देशबन्धु)। नगर से लगे ग्राम चिपरीडीह में पिछले महीने 4 मई को सुन्देकेरा की एक नवविवाहित का शव फंदे से लटकता हुआ मिला था। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने मृतका के सास-ससुर और जेठ-जेठानी को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 80, 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**शादी के 1 साल बाद प्रेमा साहू ने 4 मई को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी:** मिली जानकारी अनुसार 4 मई को ग्राम चिपरीडीह में नवविवाहिता प्रेमा साहू पति रूपेश साहू ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरकेरा निवासी ओमकार साहू की बेटी प्रेमा साहू का विवाह 20



अप्रैल 2024 को चिपरीडीह निवासी रूपेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू के साथ हुआ था। उसी दिन रूपेश साहू के भाई सतीश साहू की भी उसी दिन रूपेश साहू के भाई सतीश साहू की भी शादी हुई थी। शादी के 1 साल बाद प्रेमा साहू ने 4 मई को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

**मायके वालों ने रायपुर एसएसपी से की शिकायत:** इस मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मृतका प्रेमा साहू के पिता ओमकार साहू (50 वर्ष) ने इसकी शिकायत रायपुर एसएसपी से की थी। शिकायत में बताया गया कि उनकी बेटी प्रेमा साहू को दामाद रूपेश साहू, ससुर चंद्रशेखर साहू, सास दुर्गा साहू, जेठ सतीश साहू, जेठानी जामनी साहू दहेज में कम सामान लाने को लेकर ताना मारते और प्रताड़ित करते थे। उन्होंने संदेह जताया था कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया:** परिजनों के बयान और जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पति रूपेश साहू, ससुर चंद्रशेखर साहू, सास दुर्गा साहू, जेठ सतीश साहू, जेठानी जामनी साहू पर दहेज के लिए प्रताड़ित करना पाया। जांच के अनुसार ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर प्रेमा साहू ने आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ्बीएनएस की धारा 80, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

उल्टा पुल्टा

महिला-डॉक्टर, मेरे पति नींद में बातें करते हैं।
डॉक्टर- मैडम, उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए।

## संपादकीय

### शासकीय कर्मचारियों से न हो मारपीट

*कई बार यह देखा जाता है कि अपने शासकीय उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने गये शासकीय कर्मचारियों अथवा नगरीय निकायों के अमलों पर हमले कर दिये जाते हैं अथवा उन्हें काम नहीं करने दिया जाता। उनका मार्ग अड़ाना या अन्य तरह के अवरोध पैदा करना भी शासकीय कामों में बाधा डालना होता है जो कि दण्डनीय अपराध है। जनता को इससे बचना चाहिये। ऐसी घटनाओं में यह भी पाया जाता है कि लोग कानून अपने हाथों में ले लेते हैं जो और भी गम्भीर बात है। सरकार को भी चाहिये कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्ती से पेश आये ताकि शासनकर्मी अपनी जिम्मेदारियों तथा विभागीय निर्देशों का पालन बगैर भयभीत हुए पूरा कर सकें।*

*बालोद जिले के वन अधिकारियों को सूचना मिली कि पेवारी गांव में कुछ लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। रविवार को डौंडी के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वनरक्षक, सुरक्षाकर्मी आदि उसे ध्वस्त करने जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि पेवारी के साथ कटरेल गांव में 15 से ज्यादा लोग वन की भूमि पर गैरकानूनी तरीके से खेती कर रहे हैं। इसी के बाबत वनकर्मी जानकारी लेने तथा उन्हें हटाने के लिये जा रहे थे। ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिल गयी। उनका पक्ष यह था कि वे कई सालों से इस जमीन पर खेती कर रहे हैं। उन्होंने वाहन रोककर वन कर्मचारियों को नीचे उतारा तथा उनके साथ जमकर मारपीट की। इससे ड्राइवर समेत 7 लोगों को चोटें पहुंची हैं। इस सिलसिले में 6 लोगों के खिलाफ डौंडी थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है। इसके विरोध में 50 से ज्यादा महिलाएं भी थाने पहुंची थीं।*

*वन ग्राम हों या अन्य गांव अथवा शहरों में भी लोग अपना काम करने गये कर्मचारियों-अधिकारियों पर इस तरह से आक्रमण कर देते हैं या उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर देते हैं जो सर्वथा अनुचित है। शहरों में अवैध बस्तियां हटाने, गैरकानूनी निर्माण को ध्वस्त करने, सड़कों-फुटपाथों पर से अवैध कब्जे व अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरीय निकायों के तोड़ू दस्तों पर अक्सर हमले कर दिये जाते हैं या उन पर पथराव आदि होता है।*

*सम्भव है कि कुछ मामलों में लोगों की शिकायतें जायज भी होती हों परन्तु उन्हें इस तरह के कदम नहीं उठाने चाहिये। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों को चोटें भी पहुंच सकती हैं जिनका दोष नहीं होता। वे तो सिर्फ सरकार, स्थानीय निकाय अथवा कोर्ट के आदेशों का पालन करते हैं। हिंसा का रास्ता जायज नहीं है और न ही ही किसी के काम में अवरोध पहुंचाना उचित है। यदि जनता को लगता है कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है तो पहले उन्हें ऊपर के अफसरों से मिलना चाहिये। फिर भी उनकी बात न सुनी जाये तो उन्हें न्यायालय की शरण लेनी चाहिये। कानून हाथ में लेकर नागरिक अपना पक्ष और भी कमजोर कर देते हैं।*

### छत्तीसगढ़ रेरा का बड़ा फैसला

# रजत बिल्डर को लौटाने होंगे 57.97 लाख रूपये




**दुर्ग**, 23 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (सीजी रेरा) ने एक ऐतिहासिक निर्णयर्ण लेते हुए रजत बिल्डर्स को उनके प्रोजेक्ट रजत होम्स कादम्बरी, जिला दुर्ग के एक आबंटिती को 57.97 लाख रुपये ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है। यह फैसला बिल्डर द्वारा फ्लैटलै का समय पर आधिपत्य न देने और अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने के कारण सुनाया गया है।

वर्ष 2014 वर्ष में उक्त आबंटिती ने फ्लैट के लिए बिल्डर से अनुबंध किया था। लेकिन एक दशक बीत जाने के बावजूद उन्हें न तो फ्लैट का कब्ज़ा मिला और न ही परियोजना पूरी हुई। छत्तीसगढ़ रेरा की जांच में पाया गया कि प्रमोटर रजत बिल्डर्स ने रेरा अधिनियम 2016 की धारा 11 का उल्लंघन किया है। यह धारा प्रमोटरों के दायित्वों को निर्धारित करती है, जिसमें समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करना और खरीदार को स्वामित्व प्रदान करना प्रमुख है। इस उल्लंघन के मद्देनज़र रेरा ने बिल्डर को निर्देश दिया है कि वह 24 लाख रुपये मूलधन और 27.97 लाख रुपये ब्याज सहित कुल 57,97, 200 रुपये की राशि आबंटिती को लौटाए। यह निर्णयर्ण न केवल पीड़ित खरीदार को न्याय दिलाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ रेरा घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रमोटरों को रेरा अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के लिए बाध्य करता है।

# पार्टी मजबूत बनाने अब वार्ड स्तर पर होगी कांग्रेस की बैठकें



**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। दुर्ग शहर के कांग्रेस नेता अब वार्डों में जाएंगे। शहर कांग्रेस में संगठनात्मक मजबूती और बूथ कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के मकसद से यह फैसला किया गया है।

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की राजीव भवन में पूर्व विधायक अरुण वोरा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, छाया महापौर प्रेमलता साहू, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले व मध्य ब्लॉक के अध्यक्ष अलताफअहमद के मौजूद रहे। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने संगठन की मजबूती के लिए निर्देश दिए। बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई व संगठन की मजबूती के लिए निर्णय लिया गया कि अब वार्ड बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें बूथ कमेटी को सक्रिय करते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अभियान चलाने का फैसला किया गया। इसके लिए पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए प्रत्येक पदाधिकारी कम से कम दो पौधे लगाना होगा और उसकी पूरी सुरक्षा करेगा ताकि पौधा बड़ा होकर पेड़ बन सके और पर्यावरण को सुदृढ़ बनाया जा सके। बैठक का संचालन अलताफअहमद और आभार प्रदर्शन अलख नवरंग ने किया।

बैठक में नंदू महोबिया, पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, कन्या ढीमर, राजकुमार वर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुमित घोष, सरिता ताम्रकार, पार्वती शेंडे, यश बाकलीवाल, मनोज सिन्हा, अनिल देशमुख, पोषण साहू, आनंद कपूर ताम्रकार, अश्विनी निषाद मौजूद रहे।

# भाजपा का प्रोफिसनल मीट आज सिंधु भवन में

**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर जिला भाजपा द्वारा सिंधु भवन सिंधी कालोनी में कल 24 जून को दोपहर 2 बजे प्रोफेसनल मीट का आयोजन किया जायेगा। इस प्रोफेशनल मीट में सांसद विजय बघेल मुख्य वक्ता होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक करेगें। इनके अलावा विधायकगण ललित चंद्राकर, उपाध्यक्ष राज्य ओबीसी ग्रामीण विकास प्राधिकरण दुर्ग ग्रामीण, गजेन्द्र यादव दुर्ग शहर, ईश्वर साहू साजा वक्ता होगें।

उक्त प्रोफेसनल मीट में डाक्टर इंजीनियर उद्योगपति अकाउटेंट, अधिवक्ता, व्यापारीगण सहित समाज के सभी वर्गो के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा व्यापार एसोसिएशन के सदस्यगण, चेम्बर ऑफ कामर्स के सदस्यगण समाजसेवी शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सहित बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# महापौर ने किया कैलाश नगर में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज कैलाश नगर में चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने साथ चल रहे नगर निगम के लोक कर्म अधिकारियों के साथ ही ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर ध्यान देने तथा सड़क निर्माण के बाद उसकी सुरक्षा पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। उनके साथ नगर निगम के उपअभियंता पंकज साहू उपस्थित रहें।

महापौर श्रीमती बाघमार ने कैलाश नगर में बन रही सीसी सड़क निर्माण कार्य में लग रही सामग्रियों की गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने सड़क की तराई पर भी जोर दिया।

उन्होंने ठेकेदार को भी निर्देशित किया कि वे सड़क निर्माण के लिये तय किये मानककों एवं नियमों का भी पालन करें। यह निर्माण कार्य अधोसंरचना विकास योजना के तहत किया जा रहा है।

# पायल जैन बनी कैट की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष



**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन बनाई गई है। उनकी यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीय, महासचिव प्रवीण खंडेलवाल की सहमति एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन और महामंत्री सुरिन्दर सिंह द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति से व्यापारियों में खुशियों का माहौल है। पायल जैन पूर्व में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई के अध्यक्ष पद का दायित्व बखूबी निभा चुकी है। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठन में पदाधिकारी रहते हुए समाजसेवी कार्यों एवं व्यापारी हित में अपना सक्रिय योगदान दिया है।

उनकी नियुक्ति पर कैट के जिला अध्यक्ष प्रकाश सांखला, स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ प्रांत सह समन्वयक संजय चौबेए वरिष्ठ व्यापारी नेता पवन बडजात्या, मोहम्मद अली हिरानी, प्रहलाद रूंगटा, विनय कश्यप, संजय बोहरा, आशीष खंडेलवाल, अरुण दुग्गड़, रवि केवलतानी, अमर कोटवानी, रवि कुकरेजा, दर्शनलाल ठाकवानी, गूंजा पिंचा, अमीना हिरानी, प्रतिभा पुरोहित, प्रीति सोनी, रेखा रूपारेल, सरिता बजाज, प्रीतिका चौहान, मधु शर्मा, नेहा तिवारी, कोमल साहू के अलावा अन्य व्यापारिक व समाजसेवी संगठनों के लोगों ने बधाई दी है।

# जनदर्शन में आंगनबाड़ी केन्द्र के पास से घुरवा हटाने एवं आयुर्वेदिक अस्पताल के पास स्पीड ब्रेकर की मांग



**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा व उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 138 आवेदन प्राप्त हुए।

भिलाई के सेक्टर.5 स्थित बीएसपी यूनिट.24 में निवासरत कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। रहवासियों का कहना है कि वे कई वर्षों से अस्थायी स्थायी रूप से इन आवासों में रह रहे हैं। बीएसपी द्वारा इन मकानों को डैमेज आवास की श्रेणी में डालकर बेदखली की कार्यवाही की जा रही हैए जिससे दर्जनों परिवार खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर हो रहे हैं। बारिश के मौसम में इस तरह की कार्रवाई से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रभावितों ने वर्षा ऋतु समाप्त होने तक बेदखली की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। इस विषय पर डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

एक अन्य मामले में भिलाई निवासी ने निजी भूमि पर बने वैध सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की गुहार लगाई। आवेदक ने बताया कि रास्ते पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया हैए जिससे उनकी जमीन तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में तहसीलदार द्वारा कब्जा हटाने आदेश पारित किया जा चुका हैए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। डिप्टी कलेक्टर ने इस मामले में नगर निगम भिलाई को तत्काल निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करने को कहा है।

ग्राम मोरिद के वार्ड क्रमांक 39 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के पास बने घुरवा को हटाने की मांग स्थानीय पार्षद ने की है। पार्षद ने बताया कि उक्त स्थान पर भैंस खटाल का गोबर फेंका जाता है, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा,** 23 जून (देशबन्धु)। थाना पिपरिया क्षेत्र से लापता एक नाबालिग बालिका की बरामदगी तथा मामले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में कबीरधाम पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई मुस्कान अभियान के अंतर्गत की गई, जिसके तहत नाबालिगों की त्वरित तलाश एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं।

प्रार्थी ने थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 मार्च को उसकी नाबालिक बेटी को बहला-फुसलाकर अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर लिया गया था। इस संबंध में थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। प्राथमिक जांच में यह पुष्टि हुई कि बालिका को किसी अज्ञात युवक द्वारा बहकाकर अपने साथ ले जाया गया है।

तकनीकी सहायता हेतु सायबर सेल कबीरधाम को भी इस अभियान में जोड़ा गया। आरोपी के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि आरोपी लगातार अपने लोकेशन बदल रहा था ताकि पुलिस की पकड़ से बच सके। बावजूद इसके, टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए आरोपी की लोकेशन को ट्रेस किया गया और अंततः कर्नाटक राज्य के जिला रामनगर अंतर्गत ग्राम कुबांला गोडू, थाना रामनगर से उसे पकड़ा गया।

गिरफ्तारी के समय आरोपी समीर खरे, उम्र 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 9, पिपरिया, के कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया। बालिका को महिला पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में बयान हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसमें उसने स्पष्ट रूप से बताया कि आरोपी द्वारा उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था और वहां लगातार शारीरिक शोषण किया गया। आरोपी से पूछताछ में भी उक्त अपराध को स्वीकार किया गया, जिसके आधार पर उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 87, 64(2)(एम), 65(1) एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) की धारा 2, 4, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 22 जून को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# अंजुमन इस्लाहुल कमेटी द्वारा मोर्हरम पर 10 रोजा जलसा 27 से तकियापारा में

**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। अंजुमन इसलाहुल कमेटी द्वारा तकिया पारा ईदगाह मैदान में 27 जून से 6 जुलाई तक 10 रोजा जलसा (प्रवचन) का कार्यक्रम किया जा रहा है। अंजुमन की ओर से जुनैद लाल आजमी ने बताया कि बताया कि दुर्ग में जलसा का यह 60 वां वर्ष है। इस मौके पर प्रमुख रूप से हजरत मौलाना मुफ्ती जाकिर हुसैनी नईमी मुरादाबाद उत्तरप्रदेश पूरे 10 दिन तकरीर करेगें। इस मौके पर पैगम्बर साहब के वंशज अली हुजूर ताजुल औलिया हजरत मोहम्मद पीर जलालुद्दीन अशरफ अशरफी उल जिलानी किछौछा शरीफ आम्बेडकर नगर भी आ रहे है। 5 व 6 जुलाई को इनका प्रवचन होगा।

जुनैद आजमी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हजरत सैय्यद साहब के मानने वाले मुस्लिम समाज में ही नहीं बल्कि अन्य समाज में भी है। सैय्यद मोहम्मद साहब के आने की खबर से लोगों में भारी उल्लास है। तकियापारा मैदान में जलसे की व्यापक पैमाने में तैयारियां चल रही है। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के बैठने की खास व्यवस्था की जा रही है।

# यादव समाज की 10 को सीएम निवास के घेराव की घोषणा

**प्रदेश सरकार में समाज को प्रतिनिधित्व न दिए जाने के विरोध में असंतोष**

**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। सरकार द्वारा मंत्रिमंडल, निगम व मंडलों में यादव समाज को प्रतिनिधित्व न दिये जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज ने 10 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर निवास के घेराव की घोषणा की है। इस घेराव प्रदर्शन की संयोजक पद्मश्री फूलबासन यादव को बनाया गया है। छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव उपसंयोजक बनाये गये है। यह जानकारी गुलेन्द्र यादव ने ही प्रेस को दी।

श्री यादव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज संख्य बल में दूसरे क्रम पर है। इसके बावजूद सरकार द्वारा इस समाज की उपेक्षा की जा रही है। प्रदेश मंत्रिमंडल, निगमों व मंडलों में इस समाज को अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। इस हेतु आयोजित समाज की बैठक में फूलबासन यादव एवं गुलेन्द्र यादव के साथ ही अभा यादव समाज की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष माधव यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, खेमराज यादव, नरेन्द्र यादव, खेमसिंह यादव, विजय यादव, देवेन्द्र यादव सहित पूरे प्रदेश की यादव इकाईयों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# 9.60 लाख की धोखाधड़ी कर फरार ठग गिरफ्तार

## गुड़ फैक्ट्री के नाम पर लाखों ऐंठने वाला पुलिस के जाल में फंसा, न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल



**कवर्धा,** 23 जून (देशबन्धु)। थाना पाण्डातराई द्वारा लंबे समय से फरार, शातिर और योजनाबद्ध आर्थिक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने गुड़ फैक्ट्री संचालन के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की थी।

प्रकरण का खुलासा उस समय हुआ जब प्रार्थी उमेश कुमार चंद्रवंशी, निवासी पलानसरी, थाना पाण्डातराई ने दिनांक 23.06.2025 को थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2024 में रविन्द्र कुमार नामक व्यक्ति, निवासी कसोली, थाना चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), ने जय भोले गुड़ फैक्ट्री के संचालन हेतु उत्तर प्रदेश से मजदूर लाने के नाम पर 3,20,000 रुपये की राशि ली, न तो मजदूर भेजे और न ही राशि लौटाई।

जांच के दौरान सामने आया कि उक्त आरोपी ने इसी तरह अन्य ग्रामीणों से भी धोखाधड़ी की थी—
गोपाल साहू, ग्राम कोयलारी कापा से 3,00,000 रुपये
रूद्र चंद्रवंशी, ग्राम भगतपुर से 2,50,000 रुपये
राजेश चंद्रवंशी, ग्राम डोंगरिया कला से 90,000 रुपये

आरोपी द्वारा कुल 9,60,000 रुपये की ठगी कर फरार हो जाना, और वर्षों तक पुलिस को भ्रमित करना यह दर्शाता है कि आरोपी न केवल अत्यंत शातिर था, बल्कि सुनियोजित तरीके से अपने अपराधों को अंजाम दे रहा था।

इस गंभीर आर्थिक अपराध के पीछे आरोपी के संबंध फैक्ट्री संचालन से जुड़े होने के कारण प्रकरण को उच्च प्राथमिकता में लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा हर संभव उपाय अपनाने निर्देशित किया गया।

लगातार निगरानी, सूचनाओं का विश्लेषण और सूक्ष्म प्रयासों के बाद, पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पुनः इसी प्रकार की ठगी के प्रयास में कवर्धा क्षेत्र में आया है।

इस सूचना को तुरंत सक्रियता से लेते हुए, थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित दबिश देकर ग्राम पलानसरी से आरोपी रविन्द्र कुमार पिता बेगु उम्र 35 वर्ष को हिरासत में लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में ही आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया एवं न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# महान संत कबीर की जंयती पर विचार गोष्ठी का आयोजन



भिलाईनगर, 23 जून (देशबन्धु)। संत कबीर साहेब एक महान चिंतक, विचारक, दर्शनशास्त्री रहे हैं। समाज पर उनकी एक अमिट छाप रही। ऐसे महान संत की 628 वी जयंती पर सेक्टर 10 मुक्तानंद साहू के निवास में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सदगुरु कबीर साहेब का जीवन परिचय, उनके विचार, प्रसिद्ध दोहे और समाज पर उनके विचारों का प्रभाव पर परिचर्चा किया गया। संक्रमण काल में महान मानवता सम्राट, ज्ञान मार्तण्ड सदगुरु कबीर साहेब का प्रादुर्भाव हुआ। जिन्होंने शासक और शोषक वर्ग दोनों को ललकारा। अपने लेखन, दोहों, कविताओं का उपयोग किया । शिक्षा पर प्रहार, सामाजिक कुरीतियाँ, अंध विश्वास, पाखंडवाद एजल जंगल जमीन की लूट, देश में भयावह स्थिति होती जा रही है । ऐसे हालातों में हम सब को एक होना होगा। सिर्फ मानो नहीं पहले जानो फिर मानों । तभी हमारे महापुरुषों की सदगुरु कबीर साहेब की जयंती सार्थक होगी। उपस्थित चन्द्रकला तारम, दीपमाला साह, देवेंद्र सोनी, राजेश कुमार, राजेन्द्र रजक पुर्व पार्षद मुक्तानंद साहू, लखन सांगोड़े, आर एल वर्मा, युगल किशोर साहू ,सतेन्द्र देवांगन इत्यादि उपस्थित थे।

# अंधे कत्ल की गुत्थी 12 घण्टे में सुलझी



भिलाईनगर, 23 जून (देशबन्धु)। अम्लेश्वर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि 22 जून को सूचना मिलने पर ग्राम खम्हरिया स्थित राधेलाल गायकवाड की बाडी में कुंआ के अंदर साडी में लिपटा हुआ गट्ठा जिसमें से बदबू आ रही थी जिसको निकाल कर देखने पर साडी से लिपटी एवं मिट्टी से भरी प्लास्टिक की बोरी के अंदर में अज्ञात बालक उम्र करीबन 8-10 वर्ष का शव तथा पास में ही स्थित भगवान दास महिलांग कि बाडी में कुंए के अंदर पानी में लाल रंग की साडी में लिपटा हुआ गट्ठा जिसमें पत्थर बंधा हुआ था जिसके अंदर प्लास्टिक की बोरी को बाहर निकालकर खोलकर देखने पर बोरी के अंदर अज्ञात महिला जिसके हाथ पाव बंधे हुये थे। आयु तकरीबन 30-35 वर्ष का शव मिलने पर थाना अमलेश्वर में मर्ग कायम किया गया पश्चात शव को देखकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर साक्ष्य छिपाने हेतु मृतिका एवं मृतक बालक का हत्या करने के संदेह से धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस कायम किया गया। प्रकरण गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा पता साजी एवं विवेचना हेतु एसआईटी का गठन किया। ग्रामवासियों एवं आस पास के गांवों से मृतिका एवं मृतक बालक के संबंध में पतासाजी की गई पतासाजी के दौरान जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात महिला को एक दो बार छत्रपाल के साथ आते जाते देखा गया है। जिसका नाम पता नहीं मालुम तब संदेही छत्रपाल को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने लगाए फिर छत्रपाल बताया कि सुनिता चतुर्वेदी उर्फपल्लवी जो रायपुर में रहती है। जिससे इंस्टाग्राम के माध्यम से परिचय हुआ और पहला मुलाकात महादेव घाट के पास हुआ इसके बाद में आरोपी छत्रपाल को मृतिका सुनीता चतुर्वेदी ने बताया थी मेरे पति का स्वर्गवास हो गया है और मैं अपने 08 साल के बच्चे के साथ, मां बाप के साथ रायपुर में रहती हूं तब आरोपी छत्रपाल ने बोला कि मेरा भी शादी नहीं हुआ है मैं तुमसे शादी कर लूंगा और बच्चे को रख लूंगा कहकर मृतिका से आये दिन मिलता रहा एवं शारीरिक संबंध बनाता रहा एवं मृतिका द्वारा बार बार शादी करने एवं साथ में रहने के लिए बोलने पर आरोपी द्वारा टालता रहा इसी बीच आरोपी छत्रपाल का डेढ माह पूर्व किसी और महिला से शादी कर लिया। मृतिका द्वारा बार बार अपने बच्चे को लेकर छत्रपाल के साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगी तब आरोपी छत्रपाल अपने चचेरे भाई शुभम कुमार सिंगौर को मृतिका से प्रेम प्रसंग के संबंध में एक वर्ष पहले बता चुका था आरोपी छत्रपाल अपने चचेरे भाई को 18 जून को मिलकर के बताया कि मुझे सुनीता चतुर्वेदी को रास्ता से हटाना है तब दोनों भाई मृतिका एवं उसके बच्चे का हत्या करने का योजना बनाकर आरोपी छत्रपाल रायपुर से मृतिका एवं उसके 8 साल के बच्चे अपने इलेक्ट्रीक स्कुटी में बैठाकर अपने गांव ग्राम खम्हरिया लाया जहां उसका योजना आधार से चचेरा भाई शुभम कुमार गांव में बताये गये स्थान पर मिला फिर दोनों भाई मिलकर मृतिका एवं उसके बच्चे को खेत में गला दबाकर मारने के बाद दोनों का शव साक्ष्य मिटाने के उद्देशय से अलग अलग साडी में लपेटकर बोरी में डालकर एवं पत्थर बांधकर अलग अलग एक कुंए में मां एवं दूसरे कुंए में बच्चे को डाल दिये। कार्यवाही में थाना प्रभारी पाटन अनिल कुमार साहू, निरीक्षक प्रमोद कुमार रूसिया, सउनि नरेन्द्र सिंह राजपूत, प्रआर मेघराज चेलक, आरक्षक राजकुमार चंद्रा, अश्वनी यदु, वीरनारायण, विवेक यादव, अजय ढीमर, उप निरी. दीनदयाल वर्मा, सउनि मानसिंह सोनवानी, प्रआर मनीष तिवारी, आरक्षक राकेश राजपूत, अजय सिंह, अमित यादव, चितरंजन, प्रसाद देवांगन का विशेष योगदान रहा है।

# दुर्गावती बलिदान दिवस आज

**भिलाईनगर**, 23 जून (देशबन्धु)। वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 24 जून को बैकुंठ धाम मड़ोदा नेवई भिलाई में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री डॉ राधेश्याम बारले ने बताया कि आयोजन की शुरुआत दोपहर 12 बजे से विविध मंचीय प्रस्तुतियों के साथ होगी। अतिथियों का आगमन दोपहर 1 बजे होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 15 ख्याति प्राप्त कलाकारों को पुरोधा सम्मान दिया जाएगा। 30 महिला स्व सहायता समूह को रानी दुर्गावती नारी शक्ति सम्मान और 32 उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी रानी दुर्गावती नारी शक्ति सम्मान दिया जाएगा। वहीं ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि मोना सेन, संतलाल कडप्पा, पवन ठाकुर, दीपक चंद्राकर, राम जी ठाकुर, तुलसी ध्रुव विजय निगम सरपंच ज्ञान दास नवरंग होंगे।

# स्व. भसीन की स्मृति में रक्तदान शिविर



भिलाई 23 जून (देशबन्धु)। वैशालीनगर के पूर्व भाजपा विधायक स्व.विद्या रतन भसीन की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य एवं समस्या का समाधान शिविर का आयोजन लोक भारती स्कूल के सामने गायत्री मंदिर प्रांगण किया गया। जहां शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा 170 मरीज का इलाज किया गया। आइडिया दुर्गा की टीम द्वारा डेढ़ सौ मरीजों का दंत परीक्षण एवं रुंगटा डेंटल कॉलेज द्वारा 85 दांत के मरीजों का मोबाइल वैन में चेकअप किया गया। एक्यूप्रेशर से संबंधित बीमारियों का इलाज डीआरडीओ शिरसाट एवं पंकज सिरसा द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 500 लोगों ने आयुष्मान कार्ड एराशन कार्ड एजन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, गुमास्ता एलाइसेंस , आधार कार्ड बनवाया गया। बच्चों के भविष्य के लिए करियर लॉन्चर सिविक सेंटर द्वारा जानकारी प्रदान की गई । शिविर में एचएसआरपी नंबर प्लेट भी बनाया गया। रक्तदान करने वाले का सम्मान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया। उन्होनें कहा कि स्व. भसीन हमेशा अपने विधानसभा के मुद्दों पर प्रखर रहते थे। पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे ने कहा श्री भसीन हमेशा हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। चुनाव में वे अक्सर मेरे चुनाव संचालक के रूप में पूरा रेखदेखे करते थे। सांसद विजय बघेल ने कहा दाऊ भसीन की सेवा भाव की परंपरा को उनकी पुत्री दिव्या भसीन एवं उनके सहयोगी कार्यकर्ता आगे बढ़ा रहे हैं, जो सराहनी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अपना स्मरण सुनते हुए कहा कि भसीन ऐसे विरले राजनेता थे जो हमेशा पार्टी को अपने जीवन में पहले स्थान पर रखते थे। उन्हें कभी ना टिकट की लालसा, ना पद की बस भाजपा की दी हुई जिम्मेदारी को निभाना चाहते थे। इस अवसर पर सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि स्व. भसीन ने वैशाली नगर विधानसभा में भाजपा सगठन को मजबूत किया। इस अवसर पर स्व. भसीन की पत्नि व पुत्री पूर्व अध्यक्ष महेश वर्मा व अध्यक्ष पुरुषेतम देवांगन, ललित मोहन सिंह उपस्थित थे।

# स्कुटी सहित आरोपी को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

भिलाईनगर, 23 जून (देशबन्धु)। वैशालीनगर पुलिस ने स्कूटी सहित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हसिल की है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोपाल कृष्ण गुप्ता 68 वर्ष साकिन कृष्णा ग्रांड सिटी के सामने कोहका भिलाई ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी की सफेद कलर की प्लेजर स्कुटी क्रमांक सीजी.07 ए.एफ/2803 को इनका भतीजी अलिशा गुप्ता 20 जून के सुबह 08.30 बजे शांति नगर सड़क न. 02 किड्स वर्क स्कुल के पास खड़ी करके अंदर चली गयी थीा दोपहर 1 बजे तब स्कुल से बाहर आकर देखी तो प्रार्थी की स्कुटी को किसी अज्ञात चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में अपराध क्रमांक 183/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वैशाली नगर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से व मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारी निर्देशन में अज्ञात चोर की पता तलाश की जा रही थी कि जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति 18 नंबर रोड़ पर आटो डिल की दुकान में गाड़ी बेचने के फिराक में घुम रहा है कि सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर संदेही को पकड़कर थाना वैशाली नगर लाया गया। जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम रितिक रोशन से अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर घटना दिनांक समय को प्रार्थी के प्लेजर स्कुटी क्रमांक सीजी-07 ए.एफ -2803 को चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध कारित करना पाये जाने से आरोपी रितिक रोशन को 22 जून को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना वैशाली नगर पुलिस की सराहनीय भुमिका रही

# सोसायटी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई



**भिलाईनगर,** 23 जून (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर.6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह मई या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल, श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। वहीं कुछ दिवंगत सदस्यों के आश्रितों को भी जमा पूंजी का चेक ससम्मान सौंपा गया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी की उन्नति में हमारे वरिष्ठ कर्मियों का सबसे ज्यादा योगदान है। आज इतने वर्षों में सोसाइटी की जो साख बनी है, वह इन वरिष्ठ साथियों की बदौलत ही है। उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को सुखद व स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों में से दीपक कुमार वाहने, के के शर्मा और भगवती प्रसाद अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त की। संयंत्र के विभिन्न विभागों से मई माह में रिटायर होने वाले कर्मियों में वीरेन्द्र कुमार, रामावतार मार्कण्डेय , ई गिरधर रेड्डी, एस एम वजी अहमद, दीपक सागर, डॉ जीवन लाल, एस.मनोज कुमार, के के शेडे, लल्लन सिंह, राजाराम रामटेके, दिलदार साहू, श्रीमती गीता पिल्लई, श्रीमती लीना संतोष,बालकृष्ण ध्रुव, देवल साई, गेंदलाल देवांगन, मोहन लाल गेडाम, ह्रदयराम जायसवाल, कृतेश कुमार वर्मा, रवीन्द्रनाथ सिंह, एस प्रसाद राव, रामकुमार, यशपाल सिंह, दलपद नायक, भगवती प्रसाद अवस्थी, सुधाकर, दीपक कुमार वाहनें, अनिल कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह,देव सिंह, शिलादित्य मजूमदार, पी भास्कर राव, के के शर्मा, बलदेव कुमार, श्यामलाल सिन्हा लक्ष्मण राव शामिल हैं।

# स्टील सिटी चेम्बर ने सांसद विजय बघेल को सौपा ज्ञापन



भिलाईनगर, 23 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर भिलाई क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक धार्मिक शैक्षणिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के बीच निष्पादित पट्टा उनके साथ हुए अनुबंध के तहत नवीकरण लीज अनुबंध के के तहत करने पत्र लिखा था। पत्र के जवाब में संयंत्र के अनुसार कंपनी द्वारा केंद्रीय शासन को शेयर के रूप में प्रतिफल स्थानांतरित करने के बाद हुए दो असाइनमेंट डेट के एग्जीक्यूशन एवं संबंधित महत्वपूर्ण विधिक विवरणों की ड्रिलिंग पश्चात उसने के ऑपरेटिंग भाग में निम्न अनुसार उपरोक्त भूमि स्वामित्व भिलाई इस्पात संयंत्र को होना बताया है ऐसी स्थिति में हमारे नियमों शर्तों के तहत प्रभावित पक्ष को रहना होगा । उपरोक्त विषय पर भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात करके भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के प्रति उत्तर में बताया कि संयंत्र भिलाई क्षेत्र की सामाजिक धार्मिक शैक्षणिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के साथ.साथ उनके आवासीय परिसर को जानबूझकर लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया में विलंब करता है। स्टील सिटी चैंबर ने उपरोक्त संदर्भ में सांसद विजय बघेल को भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा लिखे गए पत्र के प्रति उत्तर में पत्र सौपते हुए सिलसिले वार प्रमाणो के साथ जानकारी दी है । विजय बघेल से मुलाकात के दौरान शहर के 75 प्रतिष्ठित प्रभावित व्यापारियों ने ध्यान आकृष्ट कराया है और समस्याओं के निदान के लिए उनसे सहयोग मांगा है। विजय बघेल ने भी शासन के जिम्मेदार अधिकारियों से शीघ्र चर्चा कर समस्याओं को हल करने की बात कही है। स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि चेंबर के पदाधिकारी एवं व्यापारियों की संपन्न बैठक में हम सभी ने भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा मुख्यमंत्री को गुमराह करने की कोशिश किए जाने की कभी निंदा की है और कहां है कि पत्र में विषय से अलग हटकर बाकी सब बातों को भिलाई इस्पात संयंत्र ने लिखा है एक राज्य में भूमि का स्वामित्व किसी के पास भी किसी का हो सकता है लेकिन राज्य के नियमों के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र को शहर वासियों के लिए काम करना होगा भिलाई इस्पात संयंत्र भूमि पर अपना अधिकार बता सकता है लेकिन राजस्व के मामलों में बगैर राज्य सरकार की अनुमति के दरों में बेतहाशा वृद्धि नहीं कर सकता। जिन आवंटन धारकों के साथ संयंत्र ने आज से 30, 40, 50 वर्ष पूर्व अनुबंध किया है उसे अनुबंध को भिलाई इस्पात संयंत्र नजर अंदाज नहीं कर सकता और ना ही उनको बगैर विश्वास में लिए कोई नए कानून बन सकता है। स्टील सिटी चैंबर में पुन: स्पष्ट किया है समस्याओं के निराकरण में समय लग सकता है लेकिन जीत हमेशा न्याय की होगी। संयंत्र को हर स्तर पर अपने पॉलिसी मैटर पर विचार करना होगा। बैठक में रामकुमार गुप्ता, सुरेश रतनानी, ज्ञानचंद बाकलीवाल, ललित अग्रवाल, सतीश बंछोर, देवेंद्र जैन, वेद प्रकाश गुप्ता, राकेश ढोडी, आलोक सिंह, अनिल मित्तल, विकास शर्मा, अजय कनौजिया, संजय होठवानी, खिलावन साहू, युगल खेतान, विपिन जैन, कमल अग्रवाल, जय तेहलनी, राजेश सोनी, अजय दीक्षित, रितेश वाधवानी, विनीत जैन, अनुपम जैन, प्रदीप जैन, अमरजीत सिंह, गुरनाम सिंह, अंकित, लाल जी वर्मा, दुर्गा प्रसाद साहू, देशराज अशोक रहते, अनूप कुमार, प्रशांत दवे, गौतम मित्र सरकार उपस्थित थे।

# एस आर हॉस्पिटल में टेपबॉल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट



पुरुस्कार वितरण करते हुए

भिलाईनगर, 23 जून (देशबन्धु)। एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज चिखली के खेल मैदान में टेपबॉल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक टेप बाल क्रिकेट काउन्सील ऑफ इण्डिया के छग प्रदेश सचिव संतोष भारद्वाज की अगुवाई में किया गया। जिसमें दुर्ग जिले की विभिन्न महिला क्रिकेट टीमें शामिल हुईं। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में राम गोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट की अध्यक्षता एस.आर. हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज के चेयरमेन संजय तिवारी ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विष्णू पाठक, डॉ टोपेन्द्र शुक्ला, संजय नायक, रहे। टूर्नामेंट में विनर टीम भिलाई पैंथर रही एवं रनर टीम नित्या 11 रही। महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी प्रतिभागी टीमों के खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में वुमेनस आफ द सिरीज आदिला खान व बेस्ट बालर शोभना ताम्रकार व बेस्ट फिल्डर सपना महानन्द रही। मुख्य अतिथि आई.जी राम गोपाल गर्ग ने खिलाड़ियों को खिलाडियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। संस्था ने चेयरमेन संजय तिवारी ने आयोजन की सफलता के लिए महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक संतोष भारद्वाज एवं उनकी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह टूर्नामेंट न केवल खेल को बढ़ावा देने में सफल रहा बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। टूर्नामेंट में जगजीत नारायण पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, रामचंद्र देशमुख, रूपा चेलक, डॉं नीलम चन्द्राकर, हरी साहू, रुपेश टेकाम, रश्मी साहू, ईशीका यादव व अन्य खेल प्रेमियों ने अपनी सहभागीता प्रदान की । विजेता टीम को आईजी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# सांसद से विशाखापत्तनम-निजामुद्दीन ट्रेन के विस्तार की मांग



**भिलाईनगर,** 23 जून (देशबन्धु)। सांसद विजय बघेल को उनके निज निवास कार्यलय सेक्टर 5 भिलाई में डॉ.विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा विशाखापत्तनम-हजरत निजामुद्दीन (12807) ट्रेन के विस्तार के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया है। इस ज्ञापन में हरिद्वार तक ट्रेन के विस्तार की मांग की गई है। इसी कड़ी में समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग किए गए जिससे दुर्ग सहित इस मार्ग के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. पाणिग्रही ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में यह ट्रेन हजरत निजामुद्दीन पर समाप्त हो जाती है। जिससे हरिद्वार जाने वाले यात्रियों को असुविधा होती है। खासकर, दुर्ग और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग धार्मिक यात्राओं और अन्य कार्यों के लिए हरिद्वार जाते हैं। ट्रेन का हरिद्वार तक विस्तार होने से उन्हें सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और उन्हें बीच में ट्रेन बदलने या अन्य साधनों का उपयोग करने की परेशानी से निजात मिलेगी। सांसद विजय बघेल ने डॉ. पाणिग्रही द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर गंभीरता व्यक्त की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे इस मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाएंगे और स्वयं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में पत्र लिखेंगे। उनका मानना है कि यह विस्तार न केवल यात्रियों के लिए सुविधाजनक होगा

# 90 वर्षीया को देवांगन आदिमाता हरिणी सम्मान



**भिलाईनगर,** 23 जून (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन के नेतृत्व में समाज की पुरोधा 90 वर्षीया वयोवृद्ध महिला योगमाया देवांगन के नेहरू नगर स्थित निवास में जाकर उनको देवांगन आदिमाता हरिणी सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया और उनसे आशीर्वाद व मार्गदर्शन लिया। अपनों के द्वारा सम्मान पाकर बुजुर्ग महिला का चेहरा खुशी से खिल उठा और उनकी आंखें भर आई। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद किया और अनुभव शेयर किए। उन्होंने बताया कि उन दिनों कैसे घर.घर जाकर लोगों को जागरूक एवं संगठित करने का श्रमसाध्य कार्य किया गया। देवांगन समाज की प्रथम महिला आदिमाता हरिणी के नाम पर समाज की बुजुर्ग महिला पुरोधाओं को दिया जाने वाला यह महत्वपूर्ण अलंकरण है। उन्हें समाज की पत्रिका ष्आवरणष् की प्रति एवं पौधा भी भेंट किया गया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने पुरोधाओं के विशिष्ट योगदानों को याद किया। समाज उनका ऋणी है। उनका सम्मान कर हम स्वयं गौरवान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, गजेंद्र देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, सम्मानित होने वाले पुरोधा के पुत्र अशोक देवांगन, पुत्र वधू दीपा देवांगन आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में देवांगन समाज के पुरोधाओं जागेश्वर प्रसाद देवांगन फरदफोड़, कुंजलाल देवांगन धमतर, सेवक राम देवांगन भाटापारा, डॉ श्यामलाल देवांगन राधिका नगर, राम खिलावन देवांगन आशीष नगर, भूषणलाल देवांगन एवं ललित देवांगन दुर्ग को आदिपुरुष दीपचंद सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया जा चुका है।

# एनडीए में चयन होने पर आसिफ का इस्तकबाल



भिलाईनगर, 23 जून (देशबन्धु)। भिलाई से सेना की इंजीनियरिंग सेवा पाठ्यक्रम के लिए मोहम्मद आसिफ खान का चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर जामा मस्जिद सेक्टर.6 में उनका शानदार इस्तकबाल किया गया। भिलाई से सबसे पहले वर्ष 1972 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयनित कमांडर राजिंदर ज्ञानी ने आसिफ व उनके पूरे परिवार को बधाईयां दी है। कमांडर ज्ञानी ने गोवा से भेजे अपने संदेश में कहा है, कि भिलाई के एक और नौजवान ने सेना की एक कठिनतम परीक्षा में सफलता हासिल की है इससे हम सब भिलाईवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि स्टेशन मरोदा निवासी मो. आसिफ खान ने यह प्रतिष्ठित परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर 65 वीं रैंक लाकर उत्तीर्ण की है। आसिफ के पिता मोहम्मद अफसर खान की आजाद मार्केट रिसाली में वेल्डिंग की शॉप है प्रवेश संबंधी तमाम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आसिफ21 जून को इंदौर के लिए रवाना हुए। जहां आगे महू में मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में 4 साल का बीई, बीटेक पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण का दौर पूरा करेंगे। इसके बाद आसिफ को सेना में लेफ्टिनेंट के तौर पर स्थायी कमीशन मिलेगा। आसिफ की इस सफलता से जहां उनके घर में खुशियों का माहौल है। मो. आसिफ खान का जामा मस्जिद सेक्टर-6 में मौजूद नमाजियों ने गुलपोशी से इस्तकबाल किया। आसिफ की स्कूली पढ़ाई 10 वीं तक मरोदा सेक्टर के मैत्री विद्या निकेतन में हुई है और इसके बाद उन्होंने 11वीं और 12वीं की पढ़ाई बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर.7 से पूरी की है। मस्जिद में इस्तकबाल के दौरान हाफिज मौलाना मंजर हसन, सेक्रेटरी सय्यद हुसैन, अब्दुल हफीज, तहूर पवार, जमील कुरैशी, शमीम अहमद, सैयद आतिफ अली, इब्राहिम अहमद, वहीद खान, जफर जावेद, अलीम सिद्दीकी, एम ए परवेज़, मुहम्मद अजहर, जियाउद्दीन अहमद, अब्दुल जाकिर खान, हमीदुल्लाह सिद्दीकी, अब्दुल कलाम, नसीम खान, शाहिद खान, मुहम्मद ज़मीर, अरमान बेग सहित अनेक उपस्ति थे।

# आबकारी विभाग के नियमों का बन रहा है मजाक

**परपोड़ी** 23 जून (देशबन्धु)। नगर में मदिरा दुकान संचालित है। जो शैक्षणिक संस्थान के नजदीक होने से आबकारी विभाग के लिए सिरदर्द बन गया है। आबकारी विभाग ने मदिरा के विक्रय, परिवहन, मात्रा, रखरखाव आदि हेतु एक नियमावली बनाई है। लेकिन इसका पालन मदिरा दुकान के निर्माण के समय से ही नहीं किया। जिसका खामियाजा महिलाओं और छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।





**मदिरा दुकान के पास शैक्षिक संस्थान**

शासकीय मदिरा दुकान के समीप ही दो बड़ी शैक्षणिक संस्था है जिसमें शासकीय महाविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शामिल है। आबकारी नियमों के तहत समय - समय पर मदिरा दुकान के भंडारण एवं विक्रय की जांच, उड़नदस्ता के माध्यम की जानी है लेकिन ऐसा नहीं होने एवं नियमों का पालन नहीं होने से अवैध मदिरा भंडारण की घटना बढ़ गई है। जिसे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में अपराध एवं। सड़क दुर्घटना बढ़ गया है। इन क्षेत्रों में चोरी की वारदात भी बढ़ी है। आबकारी के नियम बने मजाक आबकारी अधिनियम की धारा के तहत नियमों के विपरीत कार्यशैली में कार्य किया जा रहा है। धारा 24 में कहा गया है कि लोक शांति के लिए दुकानों को बंद किया जाना - जिला मजिस्ट्रेट लिखित सूचना द्वारा अनुज्ञप्ति धारी से यह अपेक्षा कर सकेगा कि कोई भी दुकान जिसमें मादक पदार्थ द्रव्य का विक्रय किया जाता है ऐसे समयों या ऐसी कालावधि के लिए बंद रखी जिससे यह लोक शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक समझे। इसका अर्थ स्पष्ट है कि मदिरा विक्रय वाले स्थान पर शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है। आवश्यकता पढ़ने पर पुलिस बल की मदद ली जा सकती है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 36 में उल्लेख है कि रेल्वे स्टेशन, शैक्षणिक संस्था, पूजागृह, अस्पताल के नजदीक मदिरा सेवन करता है एवं उत्पात करता है उसे जुर्माने में भारी रकम आरोपित किया जाए एवं कारावास की सजा दी जाए।

**अधिकारियों ने नहीं दी आहता की जानकारी**

सरकारी आहता को लेकर आबकारी विभाग के कई जिम्मेदार अधिकारी से मोबाइल कॉल किया गया एवं वाट्सएप में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश किया गया लेकिन किसी ने भी जवाब नहीं दिया।

## नगर में सट्टा का माया जाल फिर से अपने शबाब पर

**छुईखदान** 23 जून (देशबन्धु)। इन दिनों शाहिद नगरी छुई खदान में सट्टा का अवैध कारोबार फिर से बेखौफ फलपुर रहा है। नए-नए खाईवाल देखने को मिल रहे हैं आजकल सट्टे का कार्य मोबाइल के माध्यम से या फिर खाईवाल के एजेंट ग्रामीण क्षेत्र में घूम-घूम कर कार्य कर रहे हैं नगर में सट्टा कार्य कभी भी बंद नहीं हुआ था। अंकुश जरूर लगा है लेकिन इस क्षेत्र के पुराने दिग्गज अभी भी अपना कार्य काफी कुशलता पूर्वक अंजाम दे रहे हैं सूत्रों से पता चला है नगर में कुछ उदयमान सट्टा खाईवाल अपने पैर जमाने की कोशिश में लगे हैं सूत्रों से पता चला है कि जमुना चौक के आसपास एवं मस्जिद के पीछे में नए खाईवाल होने की जानकारी मिली है। अगर समय रहते इन सट्टा खाई वालों के ऊपर कार्यवाही नहीं की गई तो यह बीमारी करोना की तरह पूरा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लेंगे संबंधित विभाग को इस अवैध कार्य को रोकने हेतु ठोस कार्यवाही करनी होगी तभी इस बीमारी से लोगों का बचाया जा सकता है क्षेत्र के लोगों को संबंधित विभाग से ऐसी ही अपेक्षा है इसी प्रकार नगर में बिक रहे अवैध शराब एवं गंज की बिक्री पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है।

# हरनसिंघी में मनाया गया डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस

**डोंगरगढ़** 23 जून (देशबन्धु)। ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ द्वारा क्षेत्र के ग्राम हरनसिंघी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए 11 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रभावशाली और विवादास्पद व्यक्ति थे। वे एक कट्टर राष्ट्रवादी थे और उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए काम किया। उन्होंने जम्मू और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए जोरदार अभियान चलाया। उनकी विरासत आज भी भारतीय राजनीति में प्रासंगिक है। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से



शिक्षा प्राप्त की, जहाँ उन्होंने अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र और कानून में डिग्री हासिल की। 1923 में, वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सीनेट के फेलो बने। मुखर्जी 1930 के दशक में भारतीय राजनीति में सक्रिय हुए। वे 1937 में बंगाल विधान सभा के सदस्य बने और 1941-1942 में बंगाल सरकार में मंत्री रहे। 1947 में भारत की स्वतंत्राता के बाद, वे जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने और 1951 में, मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो एक दक्षिणपंथी राजनीतिक दल था। उन्होंने जम्मू और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए जोरदार अभियान चलाया और इसके लिए उन्होंने च्एक विधान, एक निशान, एक प्रधानज् का नारा दिया। 1953 में, कश्मीर में प्रवेश करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। कार्यक्रम में ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सिंहा पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम कचरू साहू कन्हैया वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉ. मुखर्जी का पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप मनाया गया



**परपोड़ी** 23 जून (देशबन्धु)। सोमवार को मंडल स्तरीय भाजपा मंडल परपोड़ी के ग्राम चेचानमेटा में श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नारद वर्मा मंडल अध्यक्ष, नथमल कोठारी अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, भोज सिन्हा अध्यक्ष युवा मोर्चा परपोड़ी, एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

**डोंगरगढ़** 23 जून (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योगाभ्यास करके मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव और प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद के पूजा अर्चना द्वारा आरंभ हुआ, विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सौरभ फुले और डीगेश साहू के मार्गदर्शन में योगाभ्यास करवाया गया। योग अभ्यास के अंतर्गत विभिन्न आसन जैसे वृक्षासन, वज्रासन, ताड़ासन हलासन धनुरासन, पद हस्त आसान आदि एवं विभिन्न प्राणायाम जैसे भ्रामरी भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम आदि करवाया गया। प्राचार्य प्रकाश यादव ने कहा कि जो करेगा योग वह रहेगा निरोग, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद जी ने योग को लाभदायक बताया, उक्त कार्यक्रम को सफल



बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, शुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, श्रीमती सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि उपस्थित थे।

## सर्वर डाउन होने से हितग्राहियों को राशन लेने मे हो रही परेशानी, घंटो इंतजार के बाद भी नही मिल रहा

**डोंगरगढ़** 23 जून (देशबन्धु)। राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नई खाद्य प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश के सभी राशन दुकानों में नया सिस्टम लागू कर दिया गया है जिसके तहत हितग्राहियों को मोबाइल में ओटीपी व फिंगरप्रिंट देने के बाद ही उन्हें राशन उपलब्ध हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर आए दिन सर्वर डाउन होने की भी समस्या सामने आ रही है जिस कारण हितग्राहियों को दुकानों में घंटो लाइन लगना पड़ रहा है कई दुकानों में तो हितग्राहियों को राशन लेने के लिए दिन-दिन बाहर इंतजार करते देखा जा रहा है। हितग्राही प्रमिला यादव, श्याम कुवर, शकुंतला, मनीसा बंजारे, यशोदा सोनी ने बताया जा रहा है कि शासन के आदेश पर पात्र हितग्राहीयो को जून माह को



लेकर आने वाले 2 माह का राशन देने का आदेश है लेकिन ओटीपी और फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी सर्वर डाउन होने से अपना राशन छुड़ाने घंटे इंतजार करना पड़ रहा है अगर इसी प्रकार स्थिति बनी रही तो माह खत्म होने के बाद भी कई लोगो को राशन लेने के लिए अछूता रहना पड़ेगा। कई दुकान संचालकों से चर्चा करने पर पता चला है कि माह जून में आज 24 तारीख हो गई लेकिन दुकानों में अभी मात्र 30 से 40 परसेंट ही हितग्राहियों को राशन उपलब्ध हो पाया है जिसका कारण सर्वर डाउन होना है हितग्राहीयो ने समस्या को दूर कर समय पर राशन दिलाने की मांग की है।

# भाजपा अर्जुन्दा में डॉ.पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर मनाया गया बलिदान दिवस

**गुण्डरदेही** 23 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एक देश एक विधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भारतीय जनता पार्टी मंडल अर्जुन्दा मे मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन उद्यानिकी केंद्र में संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके अद्वितीय योगदान और बलिदान की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारत माता की सेवा हेतु जेल में अपने प्राण अर्पण किए, उनका योगदान राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, उपाध्यक्षा दौलत



देशमुख, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युगल बोरकर पंकज चौधरी संतराम पटेल निरंजन दास साहू सुरेंद्र देवांगन पालेश्वर देशमुख ओसाभ यादव सोहनलाल पटेल नरेंद्र देवांगन मुरली मनोहर साहू धन्ना देवांगन सरपंच अमीन साहू छबि कोर्राम उमेश देवांगन शिखर साहू खिलेश्वरी साहू गजाधर यादव दयाराम यादव प्रीतम निर्मलकर बृजेश सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कबीर कुटी सत्संग समारोह में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह

- **फेसिंग तार कार्य के लिए 1.50 लाख की घोषणा**

**खैरागढ़** 23 जून (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बगदूर में आयोजित कबीर कुटी सत्संग समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और सत्संग का लाभ लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा, जब भी कबीर कुटी सत्संग का आयोजन होता है, मुझे आमंत्रित



किया जाता है। इस मंच के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं के साथ आत्मिक शांति और सत्संग का लाभ प्राप्त होता है। समारोह के दौरान विक्रांत सिंह ने फेसिंग तार कार्य के लिए 1.50 लाख की घोषणा की, जिससे आयोजन स्थल के विकास में सहयोग मिलेगा।

इस अवसर पर जिला भाजपा मंत्री आनंद सिन्हा, युवराज पटेल समेत सत्संग से जुड़े सैकड़ों अनुयायी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विक्रांत सिंह खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और जनसंपर्क व जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों में नियमित रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

### निधन

**सनद दत्त दुबे**

**बेमेतरा नवागढ़**, 23 जून (देशबन्धु)। सेवा सहकारी समिति ग्राम जेवरा के समिति प्रबंधक सनद दत्त दुबे 57 का शनिवार को निधन हो गया, अंतिम संस्कार बेमेतरा में किया गया जिसमे परिजन एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। वे हिमांशु दुबे के पिता थे।



**श्रीमती पारूल मेहता**

**दुर्ग**, 23 जून (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर निवासी प्रमोद मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती पारूल बेन मेहता का आज 23 जून को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। दिवंगत पारूल मेहता झीनल, वीरल, निकेत की मां थी। अंतिम संस्कार हरनबांधा मुक्तिधाम में किया गया। गुजराती समाज ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।



**योगेंद्र कुमार पांडेय**

**भिलाईनगर**, 23 जून। संयंत्र टीपीएल विभाग के कर्मी, वरिष्ठ भाजपा नेता मैत्री नगर रिसाली निवासी योगेंद्र कुमार पांडेय का 22- 23 जून की रात्रि 1.21 पर इलाज के दौरान यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद में निधन हो गया। वे 56 साल के थे उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 24 जून को सुबह 11 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। योगेन्द्र कुमार पाण्डेय 4 भाई बहनों में दूसरे व श्री त्रिभुवन नाथ पाण्डेय व स्वर्गीय हीरावती देवी के कनिष्ठ सुपुत्र, नागेन्द्र पाण्डेय के अनुज व मंदाकिनी व कादिम्बिनी, के बड़े भाई थे। पत्नी ऊषा पान्डेय, पुत्र ध्रुव पाण्डेय व बिटिया अपूर्वा पाण्डेय के साथ अपने पीछे पूरा भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं।



### प्रादेशिकी का शेष...

**जनदर्शन में आंगनबाड़ी केन्द्र के...**

जिससे बारिश के मौसम में सड़न, बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई.चरोदा को आवश्यक सफाई एवं आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

वार्ड 15 सिकोला बस्ती दुर्ग के निवासियों ने दुर्ग.धमधा मार्ग पर स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल और पुलिस नाका चौक के पास गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) लगाने की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि इस सड़क पर तेज रफ्तार में वाहनों का आवागमन होता है जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विशेषकर सिकोला बस्ती के प्रवेश द्वार और पास ही स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास राहगीरों और मरीजों को भारी परेशानी होती है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को स्थल निरीक्षण कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## सिरसिदा में डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



**नगरी**, 23 जून (देशबन्धु)। ग्राम सिरसिदा के कर्णेश्वर पारा में एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे के अमर सूत्रधार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पण कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी, बूथ अध्यक्ष राकेश निर्मलकर, भूपेश साहू, सौहद्रा नेताम, बलराम ध्रुव, मीना तिवारी, निखिल तिवारी, चित्रांश नागवंशी सहींत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# धमधा मंडल में मनाया गया डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस....

**धमधा**, 23 जून (देशबन्धु)। मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी आजादी के बाद देश की पहली सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। कश्मीर में परमिट व्यवस्था के विरोध में उन्होंने अपनी आवाज उठाई। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का विरोध करते हुए उन्होंने कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मुखर्जी जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए आंदोलन छेड़ा। उनका नारा था



- एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। इसी आंदोलन के दौरान उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 को समाप्त कर दिया। इस फैसले से जम्मू-कश्मीर पूरी तरह से भारत का अभिन्न अंग बन गया। यह ऐतिहासिक फैसला भाजपा कार्यकर्ताओं और देश की भावनाओं का सम्मान करते हुए लिया गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री बनऊ वर्मा, छगन साहू, मंडल उपाध्यक्ष मंजू धीवर, कोमल मरकाम, मंडल मंत्री जितेंद्र देवांगन, मनोज साहू, लिकेश्वरी चंदेल, मनीषा ताम्रकर, सोशल मीडिया सहप्रभारी अरुण सिंह राजपूत, मीडिया सह प्रभारी दयानंद सिन्हा, दिलीप गुप्ता, नरेश साहू, आदर्श शर्मा, गांधारी कहार, सोनिया मिश्रा सही बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# योग भारत की प्राचीन धरोहर, पीएम मोदी ने दिलाई वैश्विक पहचान : रंजना साहू

■ खैरागढ़ भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक रंजना साहू ने ली प्रेस वार्ता




**खैरागढ़,** 23 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय खैरागढ़ में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को साझा करते हुए योग को भारत की प्राचीन अमूल्य धरोहर बताया और योग दिवस की थीम हेल्थ पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रेस वार्ता में भाजपा की पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, वरिष्ठ नेता तीरथ चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, ज्योति जंघेल, वंदना टांडेकर, नीलिमा राजपूत समेत अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

रंजना साहू ने कहा कि योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। जिन्होंने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसका प्रस्ताव रखा था। आज 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में पूरी दुनिया मना रही है, और भारत के नेतृत्व में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को अपनाते हुए 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' के संदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस वर्ष योग दिवस का राष्ट्रीय आयोजन आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में होगा, जहाँ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 26 किमी के योग कॉरिडोर में 3 लाख से अधिक लोग एक साथ योग करेंगे। इसी के साथ 1 लाख योग केंद्रों में योग सत्र 5 लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य 25,000 आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। देशभर में 1 लाख से अधिक स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। रंजना साहू ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन और प्राकृतिक तालमेल का माध्यम है। उन्होंने बताया कि 2015 में जब पहली बार योग दिवस मनाया गया, तब 85 लाख लोगों ने भाग लिया था, और 2022 तक यह संख्या 22 करोड़ के पार जा चुकी है। पूर्व विधायक ने कहा कि इस बार के आयोजन में युवाओं महिलाओं आदिवासी छात्रों और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी विशेष रूप से सुनिश्चित की गई है। उन्होंने मीडिया और समाज से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जोड़ें। योग शरीर और मन का नहीं, मानवता और प्रकृति का संवाद है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को जन-जन का अभियान और विश्व शांति का माध्यम बनाया है। आइए हम सब योग से जुड़ें और इस अभियान को एक जनआंदोलन में बदलें।

# डीएपी खाद की कमी निजी दुकानदारों को लाभ पहुंचाने के लिए: आशीष छाबड़ा

**बेमेतरा,** 23 जून (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा में भाजपा की डबल इंजन सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से भाजपा की सरकार बनी है किसान वर्ग को सिर्फ और सिर्फ हताशा ही इस सरकार से मिली है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा द्वारा निर्मित कृत्रिम खाद्य संकट के कारण आज किसान परेशान है और डीएपी खाद के नाम पर अपनी गाड़ी कमाई को दुगनी कीमत पर देकर खुले बाजार से डीएपी खरीद रहा है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा का कहना है कि अगर डीएपी की सप्लाई नहीं हो रही है तो निजी दुकानदारों को कैसे डीएपी बेचने को मिल पा रहा है कहीं ना कहीं यह भाजपा की डबल इंजन सरकार का ही कमाल है डीएपी की कालाबाजारी करने के नाम पर इसे सरकारी समितियां के हवाले ना करके निजी दुकानदारों को उपलब्ध कराया जा रहा है समितियां में डीएपी का मूल्य 1300 से 1400 के बीच में है जबकि यही निजी खाद्य कृषि केदो में 1800 से ?2000 तक के भाव में बिक रहा है किसानों को डीएपी के नाम पर अधिक मूल्य पर देना पड़ रहा है साथ ही साथ आशीष छाबड़ा ने कहा कि किसानों को धान के पौधों की बढ़त और मजबूती के लिए नाइट्रोजन तथा फास्फोरस की जरूरत होती है जो उसे डीएपी खाद से प्राप्त होता है इस कारण से छत्तीसगढ़ के किसान डीएपी खाद को प्राथमिकता देते हैं जबकि शासन द्वारा उन्हें डीएपी के स्थान पर अन्य खाद लेने पर मजबूर किया जा रहा है तथा सुझाव दिया जा रहा है जबकि दूसरी खादो में नाइट्रोजन तथा फास्फोरस की मात्रा कम होती है जिससे धान के पौधों को उतनी बढ़त और मजबूती नहीं मिल पाएगी जितनी उसे डीएपी खाद से प्राप्त होती है इस तरह से जिला प्रशासन व किसी विभाग के द्वारा किसानों को डीएपी खाद के विकल्प के नाम पर भरमाया जा रहा है ज्यादा अच्छा होता है कि शासन प्रशासन एवं कृषि विभाग डीएपी खाद की उपलब्धता किसानों को प्रदान करने में अपनी शक्ति लगता ना कि उन्हें भरमाने में आज किसान अच्छी तरह से समझ गया है कि भाजपा उनकी हितैसी नहीं है भाजपा हमेशा से किसानों को छलते आई है और छलते रहेगी यही कारण है कि विगत तीन दफा से धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि होने के बावजूद भी भाजपा सरकार के द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए धान का समर्थन मूल्य ?3100 ही रखा गया है जबकि इसे बढ़ाकर अब तक ?3500 कर दिया जाना था भाजपा ने किसानों से सिर्फ वोट लेने के नाम पर चुनाव में ?3100 धान का मूल्य रखा था सत्ता में आने के बाद भाजपा उससे भी वह हटाना चाहती है साथ ही साथ किसानों को जो यह पैसा दे रही है वह भी भाजपा को अखर रहा है यही कारण है कि समय-समय पर कृत्रिम खाद की कमी अथवा धान खरीदी न करने का बहाना भाजपा सरकार के द्वारा बनाया जाता रहा है ।



# पलेनी में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया मां शीतला जुड़वास उत्सव

**थानखम्हरिया/बरगा,** 23 जून (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पलेनी में परंपरागत आस्था एवं भक्ति के वातावरण में मां शीतला जुड़वास उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत मां शीतला की पूजा-अर्चना कर दूधाभिषेक किया। पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।



रात्रिकालीन समय में 'मां चंडी कृपा जस-जगराता ग्रुप' (स्वर- अवध रसिया, उमा साहू) द्वारा भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति गीतों और जयकारों से गांव गूंज उठा। कार्यक्रम में भक्तों ने देर रात तक भक्ति में लीन होकर मां का गुणगान किया। इस पावन अवसर पर बेदराम वर्मा, रेखलाल वर्मा, गोविंद वर्मा, देवानंद वर्मा, ज्ञान वर्मा, जानू यादव, दिनेश यादव, ज्ञान निषाद, सोहन निषाद, सहदेव ठाकुर, दिवाकर ठाकुर, हेमंत ठाकुर , बीरबल निषाद, व प्रभांसु ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीएम श्री शिवलालराठी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग और कला का अद्भुत संगम

■ छात्रों ने मंडला आर्ट के साथ प्रस्तुत किया संगीतमय योग, प्रेरणादायक नारों और पोस्टरों से गूंजा परिसर

**बेमेतरा,** 23 जून (देशबन्धु)। बीते दिवस 21 जून को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलालराठी, बेमेतरा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय के मिडिल सेक्शन के छात्रों ने योग को कलात्मक प्रस्तुति के साथ जोड़ते हुए एक मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थितजन को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्राइमरी से लेकर हायर सेक्शन तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग प्रशिक्षण के लिए पतंजलि योग समिति बेमेतरा की सदस्याएं — श्रीमती सावित्री सिंह, श्रीमती सावित्री रजक एवं श्रीमती निधि दुबे — विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया और उनके लाभों की जानकारी दी।




विद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा योग मुद्राओं के साथ किए गए प्लेकार्ड प्रदर्शन ने वातावरण को योगमय बना दिया। इसके साथ ही, प्राइमरी व मिडिल सेक्शन के छात्रों ने योग विषय पर आकर्षक पोस्टर बनाए, जिन्हें परिसर में प्रदर्शित किया गया। इन पोस्टरों और नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन में योग की महत्ता को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिडिल सेक्शन द्वारा प्रस्तुत 'मंडला आर्ट' आधारित संगीतमय योग प्रदर्शन रहा, जिसने कला और आत्मिक संतुलन के योगिक भाव को दर्शकों के समक्ष जीवंत कर दिया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्री लक्की प्रसाद ने भी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं इस आयोजन में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें एक स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा।

# गौसेवा को समर्पित संगठनात्मक मजबूती की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**थानखम्हरिया,** 23 जून (देशबन्धु)। गौ माता की सेवा एवं संरक्षण हेतु कार्यरत संगठन भारतीय गौ क्रांति मंच की जिला स्तरीय सर्वसम्मति बैठक आज बेमेतरा जिले के सिंघौरी ग्राम (राजा पांडेय निवास के पास) में संपन्न हुई। गौसेवा को संगठित, प्रभावी और ज़मीनी स्तर पर क्रियाशील बनाने के उद्देश्य से इस बैठक में जिले भर के गौसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से भारतीय गौ क्रांति मंच ङ्क जिला बेमेतरा इकाई का गठन किया गया। संगठन की नवगठित जिला टीम का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष- ध्वज शर्मा (बेमेतरा) महामंत्री- शुभम सोनी (बेमेतरा), महामंत्री- ओम प्रकाश पाल (बरगा, थानखमरिया), गौ रक्षक, प्रमुख- रमेश यादव (नवागढ़), गौ सेवक प्रमुख- ओमप्रकाश कश्यप (खंडसरा) इस अवसर पर समस्त उपस्थित गौसेवकों ने पूर्ण समर्थन एवं सहमति प्रदान की और नवगठित टीम को संगठन के उद्देश्यों को आगे ले जाने हेतु शुभकामनाएं दीं।



बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी दिनों में ब्लॉक एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारियों का चयन भी किया जाएगा, ताकि संगठन की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावशाली एवं जनसहभागिता आधारित बन सके। इस अवसर पर बैठक में कुश कश्यप, सोनराज पटेल, रोमन पांडे, रूपेश साहू, वासु, ओम पाल, सहित जिले के गौ सेवक सम्मिलित रहे।

# छात्रवृत्ति योजना में छात्रवृत्ति की गारंटी नही, लेकिन हितग्राहियों की पसीना छुटने की गारंटी

**थानखम्हरिया,** 23 जून (देशबन्धु)। आम जनता को हर क्षेत्र में संघर्षों का सामना आय दिन करना पड़ रहा है, चाहे वो कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र, इन दिनों समस्या यह है कि शिक्षा के अधिकार और छात्रवृत्ति योजना का लाभ वंचित विद्यार्थियों तक समय पर पहुंचे, यह शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। वर्तमान में आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए थानखम्हरिया सहित जिले भर के पालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




प्रक्रिया जटिल, अधिकारी उदासीन- एक ओर शिक्षा विभाग द्वारा वेब पोर्टल के ज़रिए ऑनलाइन आवेदन व डाटा अपलोड की बातें की जा रही हैं, वहीं ज़मीनी स्तर पर अभी तक अधिकांश विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र ही तैयार नहीं हो पाए हैं। प्रमाण पत्र बनवाने हेतु पालक लोक सेवा केंद्रों, तहसील कार्यालयों व अर्जी नवीसों के चक्कर काट रहे हैं। सुत्रों के अनुसार पालकों से हो रही आर्थिक शोषण की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जहाँ प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर हजारों रुपए वसूले जा रहे हैं।

हर साल दोहराया जाता है यही संकट- हर वर्ष प्रमाण पत्रों की देरी से छात्रवृत्ति जैसी कल्याणकारी योजनाएं शैक्षणिक सत्र के अंत तक लटक जाती हैं।

इस वर्ष भी वही स्थिति बनती दिख रही है। पालक वर्ग गर्मी, बरसात और आर्थिक तंगी के बावजूद दिनभर प्रमाण पत्रों के लिए कतारों में खड़ा है, लेकिन कोई स्पष्ट समय-सीमा या समाधान नहीं बताया जा रहा है।

***'पैसे लेने वाले मामले की पुख्ता जानकारी नहीं है। मामले की पूरी तह तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। यदि कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, इसमें कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।'***

***पिंकी मनहर, एसडीएम साजा***

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा डायरिया की जानकारी पर तरौद में किया गया मुआयना



**बालोद,** 23 जून (देशबन्धु)। जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद में डायरिया के प्रकोप से मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद की सचिव भारती कुलदीप के द्वारा तत्काल मौका स्थल पहुंचकर मुआयना किया गया। जिसकी सूचना प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एसण्एलण् नवरत्न को दी गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एसण्एलण् नवरत्न के द्वारा जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एसण्एलण् नवरत्न के द्वारा संबंधित अधिकारियों को जिलें में आगामी भविष्य मे पानी से होने वाली बीमारियों के संबंध में देखरेख एवं उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।

# मनोहर गौशाला में विकसित हो रहा जंगल, स्वच्छंद विचरण करेंगे गौवंश

■ 4 हजार से अधिक पेड़ों के जंगल में लगाए जाएंगे 700 अशोक के पौधे

**खैरागढ़,** 23 जून (देशबन्धु)। खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला देशभर की उन मिसालों में शामिल हो रहा है जहां गायों के लिए प्राकृतिक वातावरण में संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है। यहां 4 हजार से अधिक पेड़ों की हरियाली विकसित की गई है। इसे द्वापर युग की तर्ज पर प्राकृतिक गौशाला बनाया जा रहा है जहां गौ वंश स्वच्छंद विचरण कर सकेंगे। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ.अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने बताया कि गौशाला परिसर में निर्माणाधीन चंद्रमणी गौ चिकित्सालय एवं रिसर्च सेंटर के पास 700 अशोक के पौधे रोपे जाएंगे। इस मानसून में इन पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके साथ ही साढ़े 4 हजार से अधिक पौधों के जंगल से गौशाला सुशोभित हो जाएगा। ये न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बनाएंगे बल्कि पशुओं को छांव व शांति का वातावरण भी प्रदान करेंगे। यह पहल अपने आप में एक हरित क्रांति का रूप ले रही है। बता दें कि गौशाला में तालाब का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है ताकि गौवंशों के लिए जल की समुचित व्यवस्था हो सके साथ ही पशु चिकित्सालय का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। आने वाले दो साल में चिकित्सालय भी बनकर तैयार हो जाएगा।



**आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में भी अग्रसर**-मनोहर गौशाला में गोमूत्र और गोबर से जैविक खाद व प्राकृतिक कीटनाशक (पेस्टिसाइड) का निर्माण भी किया जा रहा है जो रासायनिक उर्वरकों का विकल्प बनकर आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में प्रेरणादायक कदम है। इस अभिनव प्रयोग पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के वैज्ञानिकों की टीम फील्ड ट्रायल और रिसर्च कर रही है। इस नवाचार का पेटेंट भी हो चुका है। यह पहल न केवल क्षेत्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त कर रही है। डॉ. जैन ने बताया कि मनोहर गौशाला आज एक ऐसा केंद्र बनता जा रहा है जहां आत्मनिर्भर गौशाला के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव की संकल्पना भी पूरी हो रही है।

# खैरागढ़ में हुआ संत कबीर के व्यक्तित्व और दर्शन पर संगोष्ठी का आयोजन

**खैरागढ़,** 23 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में शैक्षिक प्रगतिशील मंच और संत कबीर विचार मंच द्वारा कबीर के व्यक्तित्व और दर्शन पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय के सभागार संगोष्ठी में कबीर के विचार, लोकमान्यता, रहस्यवाद आदि पर अकादमिक परिचर्चा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया एसडीएम टी पी साहू ने सदियों बाद भी कबीर के विचारों को जीवंत बताया। फिर बोधिसत्व फाउंडेशन संजय वंदना जीवने नागपुर द्वारा कबीर बानी और जीवन पर नाट्य मंचन। डॉ. जयप्रकाश साव दुर्ग ने दक्षिण भारत की भक्ति परंपरा के बाद काशी में विद्वानों की संगत, शास्त्रार्थ, निचली जातियों के गुरुओं के उत्थान के बारे में विस्तार किया। राजन यादव ने कबीर के गुरु गोरखनाथ और भारत मे नाद परंपरा के विस्तृत जानकारी दी। राजनांदगांव के बौद्ध भिक्खु धम्मतप ने कबीर के विचारों को गौतम बुद्ध के विचारों से जोड़ते हुए कबीर के विचारों को ठीक तरीके से अंगीकार करने की बात कही। शाकिर कुरैशी रायपुर ने मुस्लिम सम्प्रदाय में कबीर की मान्यता बताई। डॉ. सुनील शर्मा ने कबीर को भारत का रत्न और आज की जरूरत बताया। बासादास साहेब कोरबा ने दामाखेड़ा मठ और सदगुरू कबीर को आध्यात्मिक श्रेष्ठ बताया। प्रो. के मुरारी दास आयोजन को अत्यंत सफल, ईसाई और सिक्ख पंथ प्रतिनिधि को भी शामिल का सुझाव दिया। संत विजय साहेब कबीर इरईकला ने पारख सिद्धांत और संत कबीर की बिना देवता के भी गहरे आध्यात्मिक प्रयोग के बारे में बताया। समापन सत्र में अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने हौसला अफजाई करते हुए ऐसे कार्यक्रम लगातार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समारोह संयोजन नीलेश यादव, संचालन विप्लव साहू और आभार हीरेन्द्र साहू ने किया। पूरी तरह जनसहयोग पर आधारित इस संगोष्ठी में भोला साहू, पी डी वर्मा, गोपाल साहू, गोरेलाल वर्मा, संतु धरमगढ़े, इंजी. महेंद्र कुमार, मानसमणि साहू, दुर्गेशनंदिनी श्रीवास्तव, बिंदु श्रीवास, रूपेंद्र मानिकपुरी, कृष्णा साहू, जितेंद्र धनकर, एवन साहू, जान्हवी जोशी, विक्की सिन्हा, किशन साहू सहित अन्य साथियों का विशेष सहयोग रहा।



■ बड़ी संख्या में रहे कबीर के अनुयायी

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, संत-महंत के साथ रायपुर, कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग, मोहला-मानपुर, डोंगरगढ़, धमधा से पहुंचे श्रोताओं के साथ ममता साहू, जीवन यदु राही, डॉ प्रशांत झा, एड. तीरथ चंदेल, एड. अनुज देवांगन सहित जनमानस के साथ शिक्षा और साहित्य जगत के सुधिजन, महिलाएं और युवा शामिल हुए।

# सरकारी अस्पताल में मरीजों का नहीं हो रहा समय पर इलाज, कलेक्टर से हुई शिकायत

## क्वाार्टर में निजी क्लीनिक चलाने का लगा आरोप

**खैरागढ़,** 23 जून (देशबन्धु)। सरकारी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों पर मरीजों का समय पर इलाज नहीं करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की गई है। जानकारी अनुसार सुभान बेग पिता गुलाम हैदर बेग निवासी बरेठपारा खैरागढ़ 22 जून की रात्रि अपने बेटे आजम रजा जिसके सिर में चोट लगी थी उसका इलाज कराने रात्रि में सिविल अस्पताल पहुंचा था परंतु रात्रि में मौजूद चिकित्सक डॉ. विवेक बिसेन के द्वारा उनके बेटे का ईलाज नही किया गया। चिकित्सक के साथ उसकी बहस होती रही और आनन फानन में आजम रजा का मलहम पट्टी कराकर वह वापस अपने बेटे को लेकर घर चला गया। सुभान बेग ने आरोप लगाया है कि सिविल अस्पताल खैरागढ़ में पदस्थ सभी चिकित्सकों के द्वारा मरीजों तथा परिजनों के साथ भेद भाव किया जाता है। सरकारी चार्टर में निवासरत चिकित्सक अपने चार्टर में ही अस्पताल खोलकर बैठे हैं जिसके कारण अस्पताल में भर्ती मरीज व अपातकालीन स्थिति में आये मरीजों का चिकित्सकों द्वारा ईलाज नहीं किया जाता। श्री बेग ने कलेक्टर व सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा से शिकायत किया है। उन्होंने मांग की है कि इन चिकित्सकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।



***पुरानी किसी बात को लेकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जो आरोप लगाया जा रहा है। वहां निराधार है।***

***डॉ. विवेक बिसेन***
***बीएमओ खैरागढ़***

# जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू ने अपने क्षेत्र का दौरा कर किया निरीक्षण



**बालोद,** 23 जून (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू अपने क्षेत्र के दौर में ग्राम पंचायत झलमला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा निरीक्षण आम जनता को मिलने वाले मूल भूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। जिसमें उन्होंने पाया कि स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति जर्जर बनी हुई और बरसात के दिनों में छतों से पानी का रिसाव होने की समस्या काफी दिनों से बनी हुई हैं जिससे उन्होंने तत्काल अपनी निधि से बनवाने का निर्णय लिया जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा में किसी भीं प्रकार से परेशानी न हो। तत्पश्चात ग्राम पंचायत झलमला के सरपंच चुम्मन ठाकुर, उपसरपंच हितेश ठाकुर, आदित्य दुबे और पंच प्रतिनिधियों से मिलकर चर्चा की और उन्हें कहा कि आने वाले समय में गांव के विकास में उनकी महत्पूर्ण भूमिका रहेगी। गांव के सभी वार्ड के पंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश पटेल, रवि साहू, मोनिका, छन्नू साहू, उमा पटेल, नर्सिंग साहू, सुशीला साहू, हरीश साहू, ग्राम पंचायत सचिव रमेश निषाद, ऑपरेटर रितेश ठाकुर सहित सभी पंच गण गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व नि:शुल्क जांच एवं उपचार नियमित तौर पर होना चाहिए: कलेक्टर

- संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के दिए निर्देश
- जिले में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की जरूरत
- बच्चों के टीकाकरण को बढ़ावा देते हुए सभी टीका निर्धारित समय पर लगाना सुनिश्चित करें
- सभी हॉस्पिटल में मरीजों के आयुष्मान कार्ड का शत–प्रतिशत उपयोग करना सुनिश्चित करें
- जिले के सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त मानव संसाधन, सामग्री सहित अन्य संसाधन उपलब्धता की गहन समीक्षा की
- कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली



**राजनांदगांव** 23 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त मानव संसाधन, पर्याप्त सामग्री सहित अन्य संसाधन उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टॉफ का व्यवहार मरीजों के साथ होना चाहिए। कलेक्टर ने जिले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां स्टॉफ की कमी है, वहां मेडिकल ऑफिसर एवं अन्य स्टॉफ भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने की जरूरत है। गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार नियमित तौर पर होना चाहिए। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के निर्देश दिए तथा उनके लिए विशेष तौर पर उपचार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की जरूरत है। बच्चों के टीकाकरण को बढ़ावा देते हुए सभी टीका निर्धारित समय पर लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड का शत–प्रतिशत उपयोग करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड से मरीजों के उपचार के लिए राशि का क्लेम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे प्राप्त राशि का उपयोग हॉस्पिटल के उन्नयन के लिए करें। जिले के हॉस्पिटल में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स एवं चिकित्सा से जुड़ी मशीने उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने गैर संचारी रोग मधुमेह एवं अन्य बीमारियों की एन्ट्री एवं स्क्रीनिंग में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह टीबी एवं कुष्ठ रोग की बीमारी के परीक्षण को बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोविड–19 संक्रमण के प्रति सावधानी रखते हुए सजगता से कार्य करें। इसके लिए जांच का कार्य निरंतर जारी रखें।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोला एवं तिलई को राष्ट्रीय मानक गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने सिकल सेल का परीक्षण बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने हॉस्पिटल में रखरखाव तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे निर्माणाधीन कार्य समय पर पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता देते हुए प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व निश्शुल्क जांच निरंतर जारी रहना चाहिए। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, निक्षय निरामय, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, महामारी नियंत्रण, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्य की प्रगति, एनीमिया मुक्त भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पोषण पुर्नवास की प्रगति, प्रधानमंत्री डायलिसिस योजना, ई–संजीवनी, राष्ट्रीय वैक्टर रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया, पीसीपीएनडीटी सहित अन्य कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त संचालक मेडिकल कालेज डॉ. अतुल देशकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, अधीक्षक मेडिकल कालेज डॉ. पवन जेठानी, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. माधुरी खुंटे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा, डीपीएम संदीप ताम्रकार, समस्त बीएमओ, बीपीएम, सलाहकार उपस्थित रहे।

# युवाओं को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पढ़कर आत्मसात करना चाहिए : अभिषेक सिंह



**राजनंदगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के महान राजनीतिज्ञ थेए शिक्षा विद थे और बहुत बड़े विचारक थे। वह पहले के जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक थे।

अभिषेक सिंह ने कहा कि जब नेहरू जी ने कश्मीर में धारा 370 लगाई थी तब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध किया एउनका नारा था कि जब देश एक है भारतवर्ष एक है तो एक देश में दो प्रधान दो विधान और दो झंडा कैसे हो सकता हैएएए धारा 370 लगाने के बाद कश्मीर अपने को भारत से अलग बताता था।।। अपना अलग प्रधानमंत्री बनाकरएअलग झंडा लगाकर एऔर अलग से विधानसभा बनाकर अपने को भारत से अलग करता था । उनकी पुण्यतिथि 23 जून को हर साल भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मनाती आ रही है।।

श्री सिंह ने कहा कि उनकी विचारधारा में राष्ट्र प्रेम सबसे पहले थाएवर्तमान परिस्थितियों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान बहुत ज्यादा मायने रखता है ।

युवाओं से उन्होंने हमेशा आह्वान किया कि हमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी को और उनके विचारों को अच्छे से जानना और पढ़ना चाहिए और जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूतए श्रम मंडल के चेयरमैन योगेशदत्त मिश्राए अकरम कुरैशीए कार्यक्रम प्रभारी किशुन यदुए तरुण लहरवानीए त्रिगुण टांकए अरुण शुक्लाए मंडल अध्यक्ष द्वय प्रशांत गुप्ता ;गोलूद्धए सुमीत सिंह भाटियाए राजेश गुप्ता अग्रहरिए इरफान शेखए विट्ठल पटेलए संजय लोहियाए मधु बैदए गिन्नी चावलाए दामू भूतड़ाएपार्षद चंद्रशेखर लश्करेए आकाश चोपड़ाए युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तवए अनिल ठक्करए सुरेंद्र सिंह राजपूतए अरविंद यादवए दुर्गेश यादवए चिंटू खानए अनुराग चौरसियाए आशीष जैनए प्रवीण शुक्लाए अरविंद बैदए आशीष सिन्हाए अंकित देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

# महापौर मधुसूदन यादव ने कोरोना से बचने सावधानी बरतने, कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन करने नागरिकों से की अपील

**राजनंदगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर में कोविड–19 से संक्रमित मरीजो की संख्या बढते तथा दो मरीजो की मृत्यु पर चिंता व्यक्त करते हुए नागरिकों से कोरोना वायरस संक्रमण से बचने सावधानी बरतकर कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की है।



महापौर ने कहा कि कोरोना वायरस हमारे देश सहित प्रदेश और शहर में पुन: पैर पसार रहा है। हमारे शहर में ही कोविड–19 से संक्रमित मरीज की संख्या 6 हो गयी है तथा 2 मरीजो की मृत्यु भी हो गयी है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से हमें घबराना नहीं है, बल्कि सावधानी बरतनी है। सर्दी, खासी, बुखार होने की स्थिति में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जॉच कराना है। कोरोना की संभावना पर जॉच के लिए शाासकीय मेडिकल कालेज पेण्ड्री एवं शासकीय जिला चिकित्सालय में सम्पर्क करना है। उन्होने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए भीड भाड वाले स्थल पर मास्क लगाना है, घर से बाहर निकलने से पहले सेनेटाईज करना है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के निकट सम्पर्क में आने से बचना है, नियमित रूप से दिन में कई बार हाथों को हैण्डवास, साबुन एवं साफ पानी से धोना है। संक्रमित समाग्रीयों के सम्पर्क में आने के बाद बिना हाथ धोये अपनी ऑख, नाक एवं मुह को नहीं छुना है। धैर्य रखकर सावधानी बरत कर, सुरक्षित रहकर ही हम इस कोरोना वायरस से लड सकते है।

महापौर ने संक्रामक एवं वर्षाजनित बीमारी को ध्यान में रखकर निगम के स्वास्थ्य अमला से भी कहा है कि शहर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रखे, नालियो, गलियों, कुॅओ, हैण्ड पंपों आदि के आस पास ब्लीचिंग पावडर का छिडकाव कराये, बारिश का पानी गढ्ढो में भरने की स्थिति में कच्ची नाली खोदकर पानी की निकासी करावे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम सिंगापुर में आयोजित एन बी ए राइजिंग स्टार टूर्नामेंट में भाग लेने जायेगी

**राजनांदगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिकाओं की बास्केटबॉल को 24 से 29 जून 2025 तक सिंगापुर में आयोजित होने जा रहे एनबीए राइजिंग स्टार आमंत्रण बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए जायेगी। यह टूर्नामेंट एनबीए सिंगापुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एशिया प्रशांत देशों से 12 लड़कों और 12 लड़कियों की हाई स्कूल टीम को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, मंगोलिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, सिंगापुर और राष्ट्रीय ए डिवीजन विजेता टीम की सर्वश्रेष्ठ हाई स्कूल टीम को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की 12–12 देशों की सर्वश्रेष्ठ हाईस्कूल की बालक बालिका टीम भाग ले रही है। यह राजनांदगांव और छतीसगढ प्रदेश के लिए गर्व का पल है कि राजनांदगांव दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है । उन्होंने बताया कि



दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम जूनियर आयु वर्ग की विजेता टीम है। इसके अतिरिक्त डी पी एस की टीम 2024–25 में दिल्ली में एन बी ए द्वारा आयोजित 3×3 इंटर स्कूल टूर्नामेंट की उपविजेता एवं भुनेश्वर में आयोजित 3×3 टूर्नामेंट विजेता भी रही है। इसके अतिरिक्त डीपीएस राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम 2024–25 में इंदौर मे आयोजित सी बी एस ई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं कटक में आयोजित सी बी एस ई क्लस्टर की स्वर्ण पदक विजेता है। डीपीएस की टीम एकमात्र टीम है जिसने विगत वर्ष चैन्नई में आयोजित स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमों को परास्त कर कांस्य पदक भी जीता था। श्रीमती सिंह ने बताया कि डीपीएस की बालिका टीम विगत कई वर्षो से लगातार राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता टीम है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने का व्यय एन बी ए द्वारा किया जा रहा है । जबकि स्कूल द्वारा प्लेइंग किट,ट्रेक सूट ,शु,सूटकेस ,किटबैग साक्स प्रदान किये गये हैं ।

डीपीएस की टीम डीपीएस खेलो इंडिया बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव और सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव के खिलाड़ियों से सज्जीत है। सिंगापुर में भाग लेने जा रही टीम के मुख्य कोच कालवा राजेशवर राव जबकि कालवा राधा राव (कोच) हैं जबकि मेनेजर मुन्ना लाल जायसवाल है।

टीम इस प्रकार है– अंजली कोडापे (कप्तान ), अदिति कोडापे,काम्या झा, रूमी कोनवर ,श्वेता सिंह,अंजनी,सोफी सिका ,अनुष्का बेनर्जी ,केथरिना नाजारथ, एवं आर्या विजय अवारे है।

# सेन्ट्रल फार बेसिक पात्रता परीक्षा में गांव की बच्ची लालिमा नेताम प्राप्त की सफलता

**डौण्डी/भैंसबोड** 23 देशबन्धु)। शास उच्च माध्यमिक विद्यालय भैसबोड़ की कक्षा –12 वीं की छात्रा कुज़ लालिमा नेताम पिता मनहरण नेताम सत्र –2025–26 के लिए सेन्ट्रल फार बेसिक साइंस रायपुर द्वारा आयोजित पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है उन्हें संस्था की ओर से उनके उज्जवल भविष्य के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई । छात्रा कु ज़ लालिमा नेताम पढ़ाई में शुरू से ही होनहार छात्रा थी इस सत्र 12 वीं में जीवविज्ञान संकाय में 87ल अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने संकाय में भी प्रथम रहीं हैं इस अवसर पर शास उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य कहा की जरूरी नहीं है कि बच्चे महेंगे स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर ही अच्छे क्षेत्र में पहुंच सकता है। बच्चों में पढ़ाई के प्रति लगन दृढ़ इच्छा शक्ति पढ़ाई के प्रति एकाग्रता हो तो आभाव से भी अव्वल तक पहुंचा जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने लालिमा नेताम के साथ विद्यालय के सभी प्रतीभावान बच्चों की उज्वल भविष्य की मंगलकामना किये और कहा की आज के डिजिटल सूचना क्रांति के युग में सभी माता पिता को अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही आज के समय में हर बच्चा शिक्षा के साथ अपनी रूचि अनुसार उस क्षेत्र के कार्य में प्रशिक्षित भी हो। जिससे अपने कार्य को बेहतर ढ़ंग से कर देश व समाज के विकास में अपना योगदान देने में सक्षम बन सके।



- शिक्षा प्रति दृढ़ निश्चय से आभाव में भी अव्वल तकपहुंचा जा सकता : प्राचार्य

# म्यूल एकाउण्ट से संबंधित 2 खाता धारक को थाना बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय रायपुर के ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारको के द्वारा छल पूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7.77,599.00 रूपये राशी को छुपाने एवं उपयोग किया गया है रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता का घटित पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान पिता हफीज खान उम्र 25 साल निवासी तुमडीबोड पुलिस चौकी तुमडीबोड, जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के खाता धारक लोकेन्द्र बंजारे पिता उमेन्द्र दास बंजारे ग्राम पिनकापार का पता तलाश किया गया। जिसके तथा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी तौहिद खान के कथन के अधार पर दिगन्त अवस्थी उर्फ लाला पिता स्व0 शशीकांत अवस्थी उम्र 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा राजनांदगांव, हाल बी0टी0आई0 रोड डोंगरगांव बक्शी का मकान थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव को आज दिनांक 23–06–2025 को गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान पायें गये तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करना पाया गया.गिरफ्तार दोनों आरोपीयों को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया



उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, सउनि. जीवराज रावटे, म0प्र0आर0 मेनका साहू एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# डॉ रमन सिंह ने निर्माण कार्यों हेतु 7.43 करोड़ स्वीकृत कराए

**राजनांदगांव,** 23 जून (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और अनुशंसा तथा स्वीकृत कराने का कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण राजनांदगांव की तस्वीर अब बदलने लगी है।





इसी कड़ी में आज डॉक्टर रमन सिंह के प्रयासों के कारण राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजनांदगांव विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के रोड निर्माण,नाली,सी सी रोड, डेम,आहता,सामुदायिक भवन निर्माण इत्यादि कार्यों के लिए 117 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, जिसके तहत 7 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन आवश्यक कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और सभी ने डॉ रमन सिंह एवं टंकराम वर्मा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में जिला भाजपा वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, भरत वर्मा,रामजी भारती,जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, राजेंद्र गोलछा, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर,मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, कृष्णा तिवारी, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, सुमित भाटिया,गोलू गुप्ता, आभा तिवारी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं डॉ रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

# टाउन हॉल बालोद में किया जाएगा आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

- कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

**बालोद,** 23 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार भारत में आपातकाल लगाए जाने के पश्चात् 50 वर्ष पूर्ण होने पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 25 जून को बालोद नगर पालिका परिषद के टाउन हॉल में किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अंतर्गत अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को संपूर्ण कार्यक्रम के सूचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार बालोद को मंच में बैठक व्यवस्था, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को टाउन हाल बालोद में आवश्यक बैठक व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, पेयजल एवं स्वअल्पाहार की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं ई.जिला प्रबंधक को आपातकाल पर आधारित फोटोग्राफ प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम स्थल पर आपातकाल पर आधारित फिल्म दिखाए जाने आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मीसा बंदियो, परिजनों को कार्यक्रम स्थल पर ले जाने तथा पंचायत विभाग के उपसंचालक को बैंक ड्रॉप एवं फ्लेक्स लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर संगोष्ठी, परिचर्चा हेतु आवश्यक व्यवस्था, वक्ता लोगों को आमंत्रित करना एवं जिले के समस्त स्कूल कालेजों में आपातकाल पर आधारित चर्चा, परिचर्चा, संवाद, वाद.विवाद, निबंध लेखन इत्यादि की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद, जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को शाम 06 बजे तिरंगा यात्रा एवं विशाल मशाल रैली टाउन हॉल से शहर के प्रमुख चैक चैराहा तक की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा मंडल डौण्डी में योग कार्यक्रम आयोजित

- योग से सहयोग की भावना जन्म लेती,यह दुनिया को जोडने का करती कार्य : डॉ नायक



**डौण्डी** ,23 जून (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल डौण्डी में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम योग शिक्षक कोमल पटेल एवं डौण्डी मंडल के अध्यक्ष डॉ. रुपेश कुमार नायक डौण्डी मंडल के जिला प्रतिनिधि नीष झा ,वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल ,डौण्डी नगर की प्रथम नागरिक मोहंतीन चौरका का जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मुकेश कौडो ,नगर पंचायत डौंडी के उपाध्यक्ष संजीव मानकर, कार्यक्रम के संयोजक महावीर ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर, जगत यादव मंडल कोषाध्यक्ष विशाल जैन, हिंसाराम साहू पूर्व महामंत्री व युवा भाजपा नेताअजय चौहान, रूपेश जैन, हितेंद्र धनकर, मातरम दास कोसरे लक्ष्मण चक्रधारी, जनपद सदस्य रत्ना हिरवानी, साधना सोरी नगर पंचायत के पार्षद गण एवं डौंडी मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जनसामान्य तक पहुँचाना और सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम को योग शिक्षक कोमल पटेल ने शुरुआत ऊं के उच्चारण से तीन बार ऊं उच्चारण कर की गयी । तत्पश्चात एक–एक कर योगासन प्राणायाम एवं ध्यान करने की क्रिया को बताई गई साथ में सूर्य नमस्कार और प्रार्थना के साथ योग कराया गया, तत्पश्चात विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा सभी को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई ।सभी उपस्थित जनों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का निवेदन किया गया। मंडल अध्यक्ष डॉ. रूपेश कुमार नायक एवं मंडल उपाध्यक्ष जगत यादव एवं जिला प्रतिनिधि मनीष झा ने भी योग के महतव को बताया और कहा की योग से स्वस्थ जीवन शैली में बदलाव लाए जा सकते हैं इस संबंध में अपने विचार साझा किये। मंडल अध्यक्ष डॉ नायक ने कहा की विश्व में योग को राजनयिक सेतु के रूप में स्वीकारने का प्रतिक बन गया है और मोदी जी के प्रयासों से योग को गांव गांव स्कूलों ऑफिसों सेन यहां तक दूरदारज के आदीवासी इलाकों में भी पहुंचाया गया है उन्होंने यह भी कहा की योग से सहयोग की भावना जन्म लेती है यह दुनिया को जोड़ने का कार्य भी करती है। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि योग के प्रति नई पीढ़ी में रुचि और प्रेरणा का स्त्रोत भी सिद्ध हुआ। अंत में सभी ने एक स्वर में च्योग को अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएंज्ञ का संकल्प लिया।

# याद किए गए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**बलौदाबाजार,** 23 जून (देशबन्धु)। महान शिक्षा विद प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बलौदाबाजार शहर मंडल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बरसते पानी में बड़ी संख्या में नया बस स्टैण्ड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं किसान राईस मील व्यवसायिक परिसर पहुँचकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर पुष्पहार एवं श्रीफल अर्पित कर उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की अखंडता एवं एकता को रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरूषार्थ का परिचय दिया राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धा पूर्वक याद किया जावेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताया। डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मिर और पश्चिम बंगाल को भारत विभिन्न हिस्सा बनाये रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने जन संघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनितिक विचार धारा प्रस्तुत की जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। जिले के पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने उस समय कांग्रेस सरकार की नीतियों से असहमति जताते हुए भी गांधी जी के आव्हान पर स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में सेवा दी। लेकिन विचार धारा की दृड़ता के चलते उन्होंने ईस्तिफा दिया और जन संघ की स्थापना की। इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व न.प. अध्यक्ष नंदकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, नरेश केसरवानी ने भी श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित किया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, मंडल महामंत्री द्वय संजय श्रीवास, महेन्द्र साहू, भाजपा नेता राहुल सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र माहले, शशि भूषण शुक्ला, पार्षदगण मनोजकांत पुरेना, राजू सलूजा, सतीश पटेल, जे.के डड़सेना, सरिता मार्के, मनीष कश्यप, धनीराम मार्के, नरसिंह वर्मा, हरिशंकर सेन, अंशू ताम्रकार, किसन रजक, उमाशंकर भारद्वाज, विक्की चेलक, शिव नरेश मिश्रा, नेतराम साहू, श्रीमती धनेश्वरी वर्मा, जामवंत वर्मा, मनोज फेकर, सुधराम पटेल, लोकेश्वर निषाद उपस्थित थे। इसी तरह शहर मंडल के विभिन्न बुथों में कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम बेमेतरा, सकरी, कंजी, यदू खम्हरिया, पुरेना खपरी, चरौटी, बलौदाबाजार नगर के पुरानी बस्ती, राम जानकी मंदिर संजय कालोनी, षष्ठी देवी मंदिर सहित सभी बुथों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।

# भाजपा नवापारा में डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**नवापारा राजिम,** 23 जून (देशबन्धु)। पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु आज ही के दिन 23 जून को हुई थी जिसे भाजपा 23 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं। उक्त जानकारी देते हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने बताया 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी थी जिसे आज ही को हम सब बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं, मुखर्जी जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा अलग संविधान था सांसद में मुखर्जी जी ने धारा 370 हटने पर भी बयान दिया था उन्होंने 1952 में जम्मू कश्मीर की रैली में अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। वे जम्मू कश्मीर के यात्रा पर निकल गए जंहा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया वहां उन्हें नजरबंद कर दिया गया आज तक उनकी मृत्यु एक रहस्यमयी हैं।

आज भाजपा मंडल नवापारा द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस के रूप में सभी शक्तिकेन्द्र मे मनाया गया जिसमे बलिदान दिवस डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पुण्यतिथि पर नवापारा मंडल में विभिन्न शक्ति केंद्र में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे मन्डल में विधायक कार्यालय ,सोमवारी बाजार शक्तिकेन्द्र,.बगदेही पारा शक्तिकेन्द्र,.हसदा शक्तिकेन्द्र, .पटेवा शक्तिकेन्द्र ,.पिपरौद शक्तिकेन्द्र , किसान पारा शक्तिकेन्द, कुर्रा शक्तिकेन्द्र, पारागांव शक्तिकेन्द्र, बगदेही पारा शक्तिकेन्द्र में कार्यक्रम आयोजित हुए।

उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र सोनी , पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, परदेशी राम साहू, योगिता सिन्हा , संजय साहू, शक्तिकेन्द्र संयोजक डॉ फुलजी साहू, चेतन साहू, झाड़ूराम सिन्हा, इतवारी चक्रधारी, लुमेश चक्रधारी , धीरज साहू, सिंटू सौरभ जैन, मायाराम साहू, सोहेन्द्र साहू, पाल सिंह, सचिन सचदेव, जग्गू यादव, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# युक्तियुक्तकरण की नाकामी और प्राथमिक शिक्षकों को हाईस्कूल में पढ़ाने के आदेश का कर्मचारी संघ ने किया विरोध

**महासमुंद,** 23 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ महासमुंद इकाई ने जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा हाल ही में जारी पत्र और राज्य सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति का विरोध किया है। इस पत्र में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षकों डीएड धारक को हाई हायर सेकंडरी स्कूलों में व्याख्याता की कमी होने पर पढ़ाने का निर्देश दिया गया है, जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमों और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के हाल के आदेश का खुला उल्लंघन है। संघ के अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा एवं सचिव अनिल कुमार कोसरिया ने संयुक्त पात्र जारी करते हुए कहा है कि ष्युक्तियुक्तकरण नीति का दावा था कि यह शिक्षकों की कमी दूर करेगा यह एक कपोल कल्पित व आम जनता में भ्रम फैलाने की योजना थी जिसका पर्दाफाश हो गया है। प्राथमिक शिक्षकों को उनकी योग्यता से परे हाई स्कूल में पढ़ाने का निर्देश न केवल नीति.विरुद्ध है, बल्कि यह प्राथमिक और उच्चतर दोनों स्तरों पर बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करेगा। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि डीएड धारक केवल प्राथमिक शालाओं में और बीएड धारक माध्यमिकध्उच्चतर स्तर पर पढ़ा सकते हैं। इसके बावजूद, जिला शिक्षा अधिकारी का यह पत्र प्राथमिक शिक्षकों पर अनुचित दबाव डाल रहा है, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के भी खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को सुनियोजित तरीके से तहस.नहस करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, स्कूलों को मर्ज करना, शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के नाम से पति.पत्नी या अन्य मापदंडों के बगैर स्थानांतरित करना, इन सबके बावजूद शालाओं में शिक्षकों की कमी बरकरार रहना तथा सत्र आरम्भ होने के बावजूद अब तक बच्चों को सम्पूर्ण पाठ्यपुस्तक उपलब्ध नहीं करा पाना इन सब बातों से ऐसा ही प्रतीत होता है। संघ ने मांग की है कि जिला शिक्षा अधिकारी का पत्र तत्काल वापस लिया जाए, युक्तियुक्तकरण नीति की समीक्षा कर शिक्षकों का उनकी योग्यता के आधार पर समायोजन किया जाए, और हाई हायर सेकंडरी स्कूलों में रिक्त व्याख्याता पदों के लिए नई भर्ती या अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो कानूनी कार्रवाई और सामूहिक विरोध का रास्ता अपनाया जाएगा। संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी और स्कूल शिक्षा विभाग, रायपुर को ज्ञापन सौंपा है और अभिभावकों व छात्रों से इस मुद्दे पर विचार करते हुए समर्थन की अपील की है, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा है।

# दो अलग-अलग जगह अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही

## महिला से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं दो व्यक्तियों से 22 पौवा प्लेन देशी शराब व प्रयुक्त वाहन किया गया जप्त




**धमतरी,** 23 जून (देशबन्धु)। धमतरी जिले में अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 22 जून को थाना सिहावा एवं थाना नगरी पुलिस द्वारा दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए महिला सहित कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना सिहावा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेलरगांव स्कूल पारा निवासी एक महिला रमोतिन मण्डावी पति स्व. रामनाथ, उम्र 48 वर्ष अपने घर आंगन में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु कर रखी है। सूचना पर सिहावा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई और आरोपिया के कब्जे से कच्ची महुआ शराब 6 लीटर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपिया के विरुद्ध थाना सिहावा में अप. क्र.42/25 धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत विधिवत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

इसी तरह थाना नगरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शराब भट्टी मार्ग, पुल के पास नगरी के पास दो व्यक्ति बुधारू लहरे पिता स्व. मुकुंद राम लहरे उम्र 30 वर्ष निवासी छिपली थाना नगरी जिला धमतरी और गणपत बंजारे पिता स्व. मेहत्तर बंजारे उम्र 42 वर्ष निवासी छिपली थाना नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) शराब लेके जा रहे है की सूचना के आधार पर शराब भट्टी से जंगल पारा जाने वाले मार्ग स्थित पुल के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। तलाशी में उनके कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब एवं एक प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना नगरी में अप.क्र.30/25 धारा 34 (1) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना नगरी से सउनि. चंद्रशेखर गेडाम, आर. रेखराम बंजारे, योगेंद्र साहू, मानसिंह मरकाम, महाबली सलाम एवं थाना सिहावा से प्रआर. रामकुमार कमलवंशी, आर. मनोज बंजारे, टिकेश्वर साहू, चंद्रशेखर ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए पार्थ का चयन



**महासमुंद,** 23 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून से 01 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम शामिल होगी। छत्तीसगढ़ बेसबॉल एसोसिएशन तथा जिला बेसबॉल संघ बिलासपुर द्वारा 25 वीं जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ स्कूल ग्राउंड बिलासपुर में 9 जून को आयोजित किया गया था। जिसमें महासमुंद जिले के 10 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा पिता हर्ष शर्मा का चयन हुआ है। पार्थ वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में कक्षा 11 वीं का विद्यार्थी हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 जून से 01 जुलाई तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित होगा। जिले से पार्थ का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर अध्यक्ष नगर पंचायत बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद राम शरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवाराम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, शत्रुहन निषाद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, सरपंच भोरिंग लीला लोकेश्वर, उप सरपंच भेखलाल साहू, पंच अभिषेक नेहरू, वेद प्रकाश साहू, सावित्री बाई, यशवंत साहू, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरेशी, रितेश अग्रवाल, कुबेर साहू, के के चंद्राकर, संगीता रात्रे, प्राचार्य जियो वर्गिश, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम, डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, छन्नू साहू व्यायाम शिक्षक वेदनर मेमोरियल स्कूल, एवन कुमार साहू, अभिषेक निर्मलकर, जगदीश, अभिषेक नेहरू, लिशांशुए नैतिक, सेवन, खेल संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं।

# फिर पकड़ाए अवैध रेत परिवहन करते 13 हाईवा



**धमतरी,** 23 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर धमतरी जिले में अवैध खनिज परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग सहित राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई में बिना पिटपास के रेत का अवैध परिवहन करते 13 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया। यह हाईवा धमतरी जिले के बोरसी, राजपुर, दोनर, मंदरौद, ढीमरटिकुर आदि भंडारण क्षेत्रों से जब्त किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इन >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# नवविवाहिता ने की आत्महत्या, पुलिस ने पति सास-ससुर समेत 5 को किया गिरफ्तार



**नवापारा राजिम,** 23 जून (देशबन्धु)। नगर से लगे ग्राम चिपरीडीह में पिछले महीने 4 मई को सुन्दकेरा की एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता हुआ मिला था। इस मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने मृतका के सास-ससुर और जेठ-जेठानी को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 80, 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**शादी के 1 साल बाद प्रेमा साहू ने 4 मई को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी:** मिली जानकारी अनुसार 4 मई को ग्राम चिपरीडीह में नवविवाहिता प्रेमा साहू पति रूपेश साहू ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदरकेरा निवासी ओमकार साहू की बेटी प्रेमा साहू का विवाह 20 अप्रैल 2024 को चिपरीडीह निवासी रूपेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के साथ हुआ था। उसी दिन रूपेश साहू के भाई सतीश साहू की भी उसी दिन रूपेश साहू के भाई सतीश साहू की भी शादी हुई थी। शादी के 1 साल बाद प्रेमा साहू ने 4 मई को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

**मायके वालों ने रायपुर एसएसपी से की शिकायत:** इस मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मृतका प्रेमा साहू के पिता ओमकार साहू (50 वर्ष) ने इसकी शिकायत रायपुर एसएसपी से की थी। शिकायत में बताया गया कि उनकी बेटी प्रेमा साहू को दामाद रूपेश साहू, ससुर चंद्रशेखर साहू, सास दुर्गा साहू, जेठ सतीश साहू, जेठानी जामनी साहू दहेज में कम सामान लाने को लेकर ताना मारते और प्रताड़ित करते थे। उन्होंने संदेह जताया था कि ससुराल वालों ने दहेज के लिए उनकी बेटी की हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया:** परिजनों के बयान और जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पति रूपेश साहू, ससुर चंद्रशेखर >> शेष पृष्ठ 9 पर>

बीसवीं पुण्यतिथि - श्रद्धांजलि



जन्म 26/07/1938 | स्व. श्री रुकमांगद कुमार अग्रवाल | निधन 24/06/2005

जिन्दगी से मौत हारी न थी, लेकिन आपकी बारी आई न थी
आंसुओं को मुस्कुरा कर छुपायेंगे हम,
मगर आपको भुला न पायेंगे हम।

आज आपकी बीसवीं पुण्यतिथि पर
आपको शत्-शत् सादर प्रणाम...

शोकाकुल परिवार - आनंद-मंजुषा अग्रवाल, मंजु-महेन्द्र अग्रवाल
मीना-सुभाष अग्रवाल, मुक्ता-प्रद्योग अग्रवाल, ममता-संजय अग्रवाल,
समीर-आस्था अग्रवाल, अंकित, श्रेजल, आशु, आशी, खुशी, निशी अग्रवाल

आनंद अग्रवाल - अग्रवाल एग्रीकल्चर
अंकित - अग्रवाल - आशी इन्टरप्राईजेस
मैसर्स रुकमांगद कुमार अग्रवाल, बलौदाबाजार
खैरघटा, रायपुर रोड, बलौदाबाजार (छ.ग.)
98267-43149, 9617743149



## पिरदा और चारपाली में आज होगा धरती आबा शिविर

**बिलाईगढ़,** 23 जून(देशबंधु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शिविर बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत पिरदा और चारपाली में 24 जून, सलिहा और सुरगुली क्षेत्र के दयालपुर गांव में 25 जून, खुरदरहा में 26 जून और तेंदूदरहा में 30 जून को शिविर आयोजित किए जाएंगे।



# आदर्श विवाह रचाकर गोंड़ समाज ने दिया नया संदेश

**बागबाहरा,** 23 जून (देशबन्धु)। गोंड समाज ने आज के समय में दहेज लोभी ताकतों को करारा जवाब एवं बढ़ती महंगाई से त्रस्त होकर समाज को एक नई दिशा देते हुए अनूठी पहल की है। जिससे समाज के लोगों को सबक सीखना चाहिए। जो लोग

शादी में लाखों रूपए फिजूल खर्च कर समाज को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। गोंड समाज ने आदर्श विवाह का आयोजन कर समाज को आईना दिखाया है। जो अत्यंत ही प्रशंसनीय एवं सराहनीय है।

अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ राज सूअरमाल अंतर्गत दाईजबांधा सर्कल के आश्रित ग्राम खाड़ादरहा में सामाजिक सभा में आदर्श विवाह का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस सभा के सभापतित्व का दायित्व निर्वहन सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने किया। तथा मुख्य अतिथि के रूप में सूअरमाल राज अध्यक्ष अंजोर सिंह ठाकुर थे।

उल्लेखनीय है कि सामाजिक समरसता



से ओत-प्रोत सभा में खाड़ादरहा निवासी जगदेव सिंह ठाकुर के सुपुत्र विरेन्द्र कुमार ठाकुर के साथ कारागुला सर्कल के आश्रित ग्राम परकोम निवासी भागवत ठाकुर के सुपुत्री लक्ष्मी (लता) ठाकुर के आदर्श विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के साथ किया गया। दाईजबांधा सर्कल द्वारा खर्चीली शादी से बचने के लिए आदर्श विवाह का अनोखी पहल किया गया। और साथ ही आदर्श विवाह को प्रोत्साहित करने हेतु वर-वधु को प्रोत्साहन राशि के रूप में पांच हजार रुपये नगद प्रदान किया गया। सामाजिक सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सर्कल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने कहा कि आदर्श विवाह से सामाजिक समरसता,संस्कृति व एकता को बढ़ावा मिलता है। तथा फिजूल खर्चीला से बचत की भावना को प्रगट करता है।हमारे अमात गोंड़ समाज के प्रत्येक सर्कल के समाज प्रमुखों के द्वारा आदर्श विवाह को प्रोत्साहित कर समाज के लोगों में जागृति लाने का दायित्व को निभाना चाहिए। मनोहर ठाकुर ने आदर्श विवाह हेतु सामाजिक नियमावली में उल्लेखित प्रावधानों को भी विस्तार से बताया। सभा को सूअरमाल राज अध्यक्ष अंजोर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व सामाजिक एकता पर बल दिया। तथा आदर्श विवाह की महत्ता पर प्रकाश डाला।जबकि कौड़िया राज अंतर्गत पोटापारा सर्कल समाज प्रमुख मुंशीलाल ठाकुर ने विशेष अतिथि के आसंदी से अपने ओजस्वी संबोधन में नारी शक्तियों से आव्हान किया कि समाज में सामाजिक व्यवस्था को धूमिल करने वालों के खिलाफ संघर्ष करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। महिला प्रकोष्ठ सुअरमाल राज अध्यक्ष श्रीमती पावित्री ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त एकता खंडित करने वाले कुछ शरारती तत्वों के खिलाफ डट कर मुकाबला करने के लिए अब हम महिलाओं ने हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# भाजपा ने अतरमरा में मनाई डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि

◆ डॉ. मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की सेवा, संविधान की रक्षा और भारत की एकता को समर्पित रहा - रिखीराम यादव



**गरियाबंद** 23 जून (देशबन्धु)। भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वाधान में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में ग्राम अतरमरा में मनाई गई। इस अवसर कर कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों ने एकत्र होकर उनके राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत माता के सच्चे सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की सेवा, संविधान की रक्षा और भारत की एकता को समर्पित था। उन्होंने एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। जो आज भी हमारी राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा है। उनका बलिदान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की रक्षा के लिए दी गई आहुति थी। हमें उनके विचारों और मूल्यों को अपनाकर कार्य करना चाहिए, तभी उनका सपना एक मजबूत, अखंड और आत्मनिर्भर भारत साकार हो सकेगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा डॉ. मुखर्जी ने जिस आत्मबल और दृढ़संकल्प के साथ भारत की अखंडता के लिए संघर्ष किया, वह आज के युवाओं के लिए आदर्श है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति शिवांगी चर्तुवेदी ने भी सम्बोधित करते हुए डॉ मुखर्जी के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र साहू और आभार जनपद सदस्य दुलारी साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके,भाजपा आईटी सेल संयोजक सागर मयाणी, महामंत्री किशन कांड्रा, उपाध्यक्ष द्वय गोविन्द तिवारी, प्रकाश यादव, सांसद प्रतिनिधि टिकमचंद साहू भाजयुमो प्रमुख वीरेंद्र साहू, मंडल मंत्री श्रीमती हेमलता साहू, गायत्री साहू, जनपद सदस्य गोपाल साहू, मनीराम साहू, तरुण ठाकुर, प्रतिक सिंह के साथ पाण्डुका क्षेत्र के सभी बूथ स्तर के कार्यकर्त्ता सभी सम्मिलित हुए।

## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से अजजा शासकीय सेवक संघ के पदाधिकारी मिले

**पलारी**, 23 जून (देशबन्धु) अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ द्वारा स्वामी विवेकानंद अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट माना रायपुर में भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान जी से पुष्प गुच्छ भेंट कर मुलाकात किये। ज्ञात हो भविष्य में श्री प्रधान जी के नेतृत्व में पूरे देश



भर के आदिवासी वर्ग के विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी से दिल्ली में मिलने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर एन ध्रुव, सचिव एस पी ध्रुव, डूमन लाल ध्रुव, डीडी मांझी, हुलार सिंह कोर्राम उपस्थित थे।

## सूतीउरकुली में शराब कोचिया गिरफ्तार



**बिलाईगढ** 23 जून(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई कर दिनांक 22,06,25 को मुखबिर से सूचना मिला कि थाना बिलाईगढ़ के ग्राम सूतीउरकुली के उमाशंकर साहू नाम का व्यक्ति अपने घर के पीछे बाड़ी में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करने रखा है की सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी उमाशंकर साहू पिता रामखीलावन साहू उम्र 35 वर्ष ग्राम सूतीउरकुली थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 12 लीटर महुआ शराब कीमती 1200 रू को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी प्र.आर.भंवरलाल काटले प्र.आर.उत्तरा सिदार आर हेमंत जाटवर कमल कुर्रे म आर प्रीति खड़िया समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

## समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को सौंपा गया ज्ञापन

**बागबाहरा,** 23 जून (देशबन्धु)। रेलवे रिडेवलपमेंट एवं अमृत भारत स्टेशनों में निर्माण कार्य का जायजा लेने तथा अन्य कार्यों एवं दुर्ग से रायपुर रेल खंड का निरीक्षण करने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को दुर्ग से रायपुर पहुंचने पर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही सदस्य रेल सलाहकार समिति संबलपुर ने विशाखापटनम - निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने ज्ञापन सौंपा गया। तथा उनसे संक्षिप्त चर्चा किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल मंडल रायपुर सलाहकार समिति के सदस्य विमल बाफना ,दिलीप छुट्टानी , मनोज जैन ,जेड आर यू सी सी सदस्य राजेंद्र जग्गी ,लोकेश साहू आदि ने रेलवे संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। विमल बाफना के नेतृत्व में ज्ञापन दुर्ग से कोटा उदयपुर वाया बिलासपुर नई ट्रेन शुरू करने ,बिलासपुर पुणे ट्रेन को सांगली कोल्हापुर तक बढ़ाने प्लेटफार्म में पेयजल ,स्वच्छता ,बैठने की व्यवस्था हेतु अतिरिक्त कुर्सियां लगाने, सीनियर सिटीजन के बैठने की व्यवस्था , प्लेटफार्म में आने से असामाजिक तत्वों को रोकने जी आर पी ,पुलिस व्यवस्था ,यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था , शाकाहारी मांसाहारी भोजन अलग अलग विक्रय करने स्टॉल में शाकाहारी मांसाहारी का सूचना फलक लगाने सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा जिस पर महाप्रबंधक ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।




गौरतलब है कि रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश का दुर्ग में अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम एवं समयानुकूल न होने के कारण डॉ पाणिग्राही ने रायपुर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

## गुरु खुशवंत साहेब ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को बताया भारत की एकता और संप्रभुता का अमर संदेश

**आरंग,**23 जून (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमेरी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित आरंग के विधायक व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन,कैबिनेट मंत्री दर्जा गुरु खुशवंत साहेब ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा—एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगेज्ज यह कोई साधारण नारा नहीं, बल्कि डॉ. मुखर्जी की राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा और बलिदान का प्रतीक था। जम्मू-कश्मीर को भारत के अभिन्न अंग के रूप में स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने प्राणों



की आहुति दे दी। गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं, बल्कि भारत के वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाला मार्गदर्शक सिद्धांत है। उन्होंने आगे कहा कि — आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर को मुख्यधारा में जोड़ा गया है, तो यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक निर्णय है। यह केवल संवैधानिक बदलाव नहीं, बल्कि उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है।ज्इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पार्टी कार्यकर्तागण तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा से नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## भाजपा कुरूद ने डॉ.मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया

**कुरूद,** 23 जून (देशबन्धु)। भाजपा कुरूद मंडल की ओर से पार्टी के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने 23 जून बलिदान दिवस अवसर पर सम्मिलित होकर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के संग श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक मे नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्थापित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विशाल प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुजा अर्चना किया गया, इस अवसर पर समस्त पार्टीजनो का अभिनंदन स्वरूप आभार व्यक्त किया ! वन्देमातरम्



इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेतागण त्रिलोकचंद जैन, कुलेश्वर चन्द्राकर, भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहू, थानेश्वर तारक, मालकराम साहू, सुरेश अग्रवाल, लोकेश्वर सिन्हा, नंदु चन्द्राकर, प्रकाश ढीवर, विकास चन्द्राकर, भारत भूषण पंचायन, मिथलेश बैस, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, खिल्लू देवांगन, गोरख देवांगन, विनोद पिटूँ, सोम साहु, टेकू साहू, तरूण साह, प्रवीण चंदेल, प्रकाश चन्द्राकर, राकेश यादव, बल्लू चन्द्राकर, भूमिका सिन्हा, संगीता सेन, ममता साहू, टीकम कटारिया, सुरज देवांगन, खेमराज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए !

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि मनाया गया



**तिल्दा कोहका** , 23 जून (देशबन्धु)। तिल्दा शहर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आज वीर शहिद श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भाजपा कार्यालय के समीप मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया भाजपा नेताओं के द्वारा उनके संदर्भ में जानकारी दिया गया इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ,राम पंजवानी, पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, अनुराधा वर्मा, देवकी बाघमार, किरण वर्मा ,बेबी गोस्वामी , शिव वर्मा ,दुर्गेश पटेल, राजू निषाद, शहीद दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# शौचालय 1 महीने से बंद नागरिकों को भारी परेशानी

**खरोरा,** 23 जून (देशबन्धु)। कोटा रोड मुख्य मार्ग पर स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय विगत 1 महीने से बंद पड़ा हुआ है। इस मामले पर समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह चौहान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पालिका प्रशासन को जानकारी दिया कि चालू हालत में सुलभ शौचालय को कुछ पार्षद गण मरम्मत के नाम पर पैसा ऐंठने के चक्कर में क्षतिग्रस्त करार कर बंद करवा दिया गया और यह भी सुनने में आया है कि वहां काम लगभग पूरा हो जाने के बाद भी शौचालय बंद पड़ा हुआ है।




अतः पालिका प्रशासन व मुख्य नगर पालिका अधिकारी से निवेदन है कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए शौचालय चालू करने हेतु आदेश जारी करें। चूंकि औद्योगिक क्षेत्र तिल्दा नेवरा में इस रास्ते से भारी भरकम वाहनों का आवागमन लगा रहता है एवं वर्तमान में विद्यालय भी खुल चुके हैं साथ ही आम नागरिकों को शौचालय बंद होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे शौचालय को चालू करना अनिवार्य है अन्यथा वार्ड वासी उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## निधन

### सनद दत्त दुबे



**बेमेतरा नवागढ़,** 23 जून (देशबन्धु)। सेवा सहकारी समिति ग्राम जेवरा के समिति प्रबंधक सनद दत्त दुबे 57 का शनिवार को निधन हो गया, अंतिम संस्कार बेमेतरा में किया गया जिसमे परिजन एवं गणमान्य लोग शामिल हुए । वे हिमांशु दुबे के पिता थे।

### श्रीमती पारूल मेहता



**दुर्ग,** 23 जून (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर निवासी प्रमोद मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती पारूल बेन मेहता का आज 23 जून को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। दिवंगत पारूल मेहता झीनल, वीरल, निकेत की मां थी। अंतिम संस्कार हरनबांधा मुक्तिधाम में किया गया। गुजराती समाज ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

### योगेंद्र कुमार पांडेय



**भिलाईनगर,** 23 जून। संयंत्र टीपीएल विभाग के कर्मी, वरिष्ठ भाजपा नेता मैत्री नगर रिसाली निवासी योगेंद्र कुमार पांडेय का 22- 23 जून की रात्रि 1.21 पर इलाज के दौरान यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद में निधन हो गया। वे 56 साल के थे उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 24 जून को सुबह 11 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। योगेन्द्र कुमार पाण्डेय 4 भाई बहनों में दूसरे व श्री त्रिभुवन नाथ पाण्डेय व स्वर्गीय हीरावती देवी के कनिष्ठ सुपुत्र, नागेन्द्र पाण्डेय के

## प्रादेशिकी का शेष...

**भाजपा नवापारा में डॉ. मुखर्जी...**

कैलाश तिवारी ,संजीव सोनी, राजू रजक, अनुज राजपूत , देवेंद्र साहू, झाड़ूराम सिन्हा ,गुलशन साहू, देवेंद्र सेन, साधना सौरज, धनमती साहू, अग्नि यादव उपस्थित थे ।

**फिर पकड़ाए अवैध रेत...**

जप्त वाहनों में से 7 हाइवा कम्पोजित भवन के पास, एक हाईवा भखारा थाना में 2 हाईवा बिरेझर चौकी में और 3 हाईवा कुरुद मंडी में अभिरक्षा में रखे गए हैं। इन हाईवा वाहनों को छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने कहा है कि अवैध खनिज परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

**नवविवाहिता ने की आत्महत्या...**

साहू, सास दुर्गा साहू, जेठ सतीश साहू, जेठानी जामनी साहू पर दहेज के लिए प्रताड़ित करना पाया। जांच के अनुसार ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर प्रेमा साहू ने आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 80, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया ।

## सिरसिदा में डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया



**नगरी,** 23 जून (देशबन्धु)। ग्राम सिरसिदा के कर्णेश्वर पारा में एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे के अमर सूत्रधार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पण कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी, बूथ अध्यक्ष राकेश निर्मलकर, भूपेश साहू, सौहद्रा नेताम, बलराम ध्रुव, मीना तिवारी, निखिल तिवारी, चित्रांश नागवंशी सहींत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी विचार मंच का भव्य कार रैली निकाला गई

**तिल्दा कोहका ,** जून (देशबन्धु)। प्रदेश के राजधानी रायपुर में नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष निरज पांडे के नेतृत्व व राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम , नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक कार रैली सम्पन्न हुआ ।



उक्त कार रैली में ग्राम अध्यक्ष सरिता मुकेश साहू , जनक राम जोशी, दारा सिंह जोशी, मिडिया प्रभारी किशोर साहू , तहसील महामंत्री गोविंद राम कुंवर दादर, तहसील उपाध्यक्ष पंडित संतोष कुमार जोशी, तहसील अध्यक्ष अनिता वर्मा, मुस्लिम मंच के तहसील अध्यक्ष शब्बीर अहमद खान साहब , महिला मोर्चा के रायपुर जिला अध्यक्ष अंजलि आलोक कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष राधा देब नाथ, जिला महामंत्री दुर्गेश कुमार देवांगन, ज़िला उपाध्यक्ष भिखू राम साहू तरपोंगी , जिला महामंत्री व पुर्व सरपंच प्रतिनिधि डॉ तखत राम साहू बेमता, प्रदेश महामंत्री डॉ गोपा शर्मा मैडम जी , प्रदेश उपाध्यक्ष एवं देश बंधु पत्रकार शिव वर्मा जी , प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ एवं जिला अध्यक्ष, रायपुर जिला दास जी साहू अपने अपने संगठन के साथियों को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित विशाल कार रैली में शामिल होने पहुंचे थे।

## गौ सेवकों द्वारा गौ माता का उपचार किया गया

**फिंगेश्वर,** 23 जून (देशबन्धु)। 22 जून 2025 को रात्रि 9ः00 बजे रानी श्याम कुमारी चौक राजिम मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने गौ माता को ठोकर मारी और फरार हो गया ।ठोकर मारने से गौ माता के दोनों पैर टूट गए और चोट आई आज इसकी जानकारी जैसे ही बजरंग दल के कार्यकर्ता गौ सेवकों को प्राप्त हुई तुरंत ही सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर गौ माता को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया और डॉक्टर को बुलाकर गौ माता का इलाज कराया गया गाड़ी मालिक के बारे में गौ सेवकों ने जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की परंतु अभी तक कुछ पता नहीं चल सका बजरंग दल के कार्यकर्ता निरंतर गौ सेवा करते हैं।



# शासन-प्रशासन का कोई खौफ नहीं, एनजीटी द्वारा प्रतिबंध के बावजूद भी रेत का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी



■ गरियाबंद जिले के ग्राम पितईबंद, बकली, चौबेबांधा, रायपुर जिले के ग्राम तर्री, पारागांव, लखना और धमतरी जिले के ग्राम परेवाडीह, चमसूर के रेत घाटों पर चलता है माफियाओं का राज

■ कुरुद, अभनपुर और राजिम विधानसभा क्षेत्र का सेन्टर गोरा नवापारा से ही सभी घाटों का माल गुजरता है, सभी विधायक मौन, बिना उनके शह के निकासी सम्भव नहीं

**राजिम,** 23 जून (देशबन्धु)। एनजीटी के निर्देश पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदी-नालों से रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध के बावजूद भी रेत का अवैध खनन और परिवहन लगातार जारी है। रेत माफिया बेखौफइस काम को अंजाम दे रहे हैं। वहीं अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। आमजन आशंका जताते हुए कहते है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मिलीभगत के बिना अवैध खनन सम्भव नहीं। स्थिति यह है कि खनिज विभाग सुबह छापा मारती है और शाम को खदान चालू हो जाती है। इससे साफजाहिर है कि मिली भगत बिना अवैध खनन सम्भव कैसे। एनजीटी का कानून सिर्फबुक तक ही सीमित है, कभी यह जानने की कोशिश नहीं की किनियम का पालन हो रहा है या नहीं। बाकी विभागों को भुजैसे उन्हें कोई मतलब नहीं। अधिकारियों की मनमर्जी के चलते और प्रशासन के इसी सुस्त रवैये के कारण रेत माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

**रात के अंधेरे में होता है अवैध खनन और परिवहन:** रात 10 बजे के बाद राजिम महानदी के किनारे रेत वाहनों की लंबी लाईन लग जाती है और एक-एक कर ये वाहन रेत लोड कर निकल जाते हैं। बताया जा रहा है कि गरियाबंद जिले के ग्राम पितईबंद, बकली और चौबेबांधा, रायपुर जिले के ग्राम तर्री, पारागांव, लखना, धमतरी जिले के ग्राम परेवाडीह, चमसूर के रेत घाटों में चौन माउंटेन मशीन लगाकर उत्खनन किया जा रहा है। जबकि एनजीटी के निर्देश पर रेत के उत्खनन पर प्रतिबंध है। यह जानकारी भी सामने आई है कि रात होते ही रेत माफिया के गुर्गे सक्रिय हो जाते हैं। ये गुर्गे पहले रास्तों की रेकी करते हैं और फिर रेत वाहनों में लोड कराकर सीमा क्षेत्र से बाहर निकालने का काम करते हैं।

**राजनीतिक संरक्षण के चलते फल-फूल रहा है काला कारोबार:** अवैध उत्खनन को देखकर ऐसा लगता है कि रेत माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। यही कारण है कि इनके खिलाफकोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिसके चलते प्रशासन की नाक के नीचे माफिया रात के अंधेरे में खुलेआम रेत उत्खनन कर रहे हैं। हालांकि खनिज विभाग और राजस्व विभाग समय-समय पर अवैध रेत उत्खनन और भंडारण के खिलाफनाममात्र की कार्रवाई कर अपनी पीठ खुद थपथपा लेता है।

**राजिम विधायक की चेतावनी भी नहीं रोक पा रहा यह कारोबार:** बता दें कि 9 जून को राजिम क्षेत्र के ग्राम पितईबंद में अवैध खनन की कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों के साथ रेत माफिया के गुर्गों ने मारपीट की थी। मामले की शिकायत के बाद प्रशासन और पुलिस ने कार्रवाई की। पत्रकारों ने हमले का विरोध किया। इसके बाद राजिम विधायक रोहित साहू ने गरियाबंद कलेक्टर और एसपी को कड़ी चेतावनी देकर जिले की सभी अवैध रेत खदानों को बंद कराने और कार्रवाई का निर्देश दिया था।

तत्संबंध में विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर पत्रकारों को जानकारी दी थी। कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए राजस्व, वन विभाग, खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स टीम भी बनाई है। वहीं खदानों के रास्तों पर कंक्रीट की दीवाल बनाने का आश्वासन भी मिला था। इसके बावजूद क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है, और महानदी को बर्बाद किया जा रहा है। साथ ही सरकार को राजस्व का चूना भी लगाया जा रहा है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि सारे नियमों को ताक में रखकर यह अवैध काम किसके शजह पर चल रहा है।

# आज युक्ति युक्तकरण के विरोध में डीईओ कार्यालय का घेराव होगा : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 23 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, शिक्षा न्याय यात्रा के जिला प्रभारी एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक को कांग्रेस भवन में संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा न्याय यात्रा के तहत पूरे जिले के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरें के नेतृत्व में कांग्रेस साथियों के साथ जोरदार घेराव कर युक्तिकरण नीति को समाप्त करने महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपा गया था, इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए 25 जून को जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में किया जायेगा, इस घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने सभी कांग्रेस के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस, हस्ङ्क, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी/

# वार्ड भ्रमण कर नपाध्यक्ष ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**महासमुंद,** 23 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सोमवार को वार्ड क्रमांक 22 का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से भेंटकर उनकी समस्याएं सुनी। नागरिकों ने श्री साहू को वार्ड के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा मूलभूत, सफाई, नाली आदि से संबंधित मांग भी अध्यक्ष के समक्ष रखी। श्री साहू ने सभी मांगों व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर शीघ्र यथोचित पहल व समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने वार्ड 22 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हें बच्चों से मुलाकात कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पोषण आहार, नियमित वजन मापने, रेडी टू ईट वितरण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार उपस्थित रहे।

# अमेरा में मनाया गया माता पहुंचनी पर्व



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 23 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में माता मंदिर में माता पहुंचनी पर्व का आयोजन बड़ी धुमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम में ग्राम अमेरा में सोमवार को माता पहुंचनी पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ शीतला माता मंदिर में विधिवत पूजापाठ के साथ मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि आज भी सदियों से चली आ रही परम्परा जीवित है। माता पहुंचनी मनाने की परंपरा अभी से नहीं पुरातन काल से चली आ रही है। बैगा ने बताया कि गांव में किसी प्रकार के अनहोनी से बचने के लिए शीतला माता के दरबार में भक्तगण आते हैं। माताएं अपने साथ घर से थाली में नारियल, चावल, फुल ले जाकर चढ़ाते हैं। परंपरा अनुसार मंदिर से मैया को समर्पित हल्दी पानी के घोल, नीम पत्ती का छिड़काव किया जाता है साथ ही घर ले जाकर सभी जगह छिड़काव किया जाता है। मान्यता है कि नीम के प्रभाव से रोग व कष्टों का निवारण होता है। बरसात लगते ही चेचक जैसी बिमारियां फैलने लगती है जिससे बचने के लिए लोग माता के मंदिर में पुजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगते हैं।

# नगर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने नपा में समग्र विभागीय समीक्षा बैठक



**भाटापारा,** 23 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद, भाटापारा अंतर्गत नगर की विभिन्न जनसुविधाओं को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रविवार को एक महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन नगर पालिका परिषद कार्यालय में किया गया। बैठक में जल, विद्युत (प्रकाश), स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य, लोक निर्माण विभाग (पीडब्लयूडी), राष्ट्रीय योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन की मरम्मत, टैंकर वितरण, बोरिंग की स्थिति, मोटर सुधार, फिटर कार्य और नई जल टंकियों के निर्माण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में विद्युत विभाग के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, खराब केबलों की मरम्मत, लाइटिंग टाइमिंग की समन्वयता, तथा बंद पड़ी लाइटों को शीघ्र चालू करने की कार्ययोजना पर विचार किया गया।

स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षा में वार्डवार सफाई व्यवस्था, नालियों की नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन, सफाई वाहनों की उपलब्धता, उपकरणों की मरम्मत, कर्मचारियों के वेतन एवं पदस्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया एवं सभापति गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान, संबंधित पार्षदगण, समस्त विभागीय अधिकारी, जोन प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े सुझाव बैठक में रखे, जिन पर गंभीरता से मंथन किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा- हमारा प्राथमिक लक्ष्य नगर की प्रत्येक मूलभूत सुविधा को बेहतर बनाना है। विभागीय समन्वय और पारदर्शिता के साथ हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर योजना का लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचे। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक के अंत में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी संबंधित विभाग त्वरित समाधान की दिशा में समन्वित रूप से कार्य करें और सेवा तंत्र को अधिक सशक्त बनाएं, जिससे जनसुविधाएं और अधिक प्रभावी रूप में नागरिकों तक पहुंच सकें।

# राहुल गांधी का नेतृत्व भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का प्रहरी है : सुनील माहेश्वरी



**भाटापारा,** 23 जून (देशबन्धु)। राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने भाटापारा, सिमगा, बलौदाबाजार के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होकर कहा की राहुल गांधी का नेतृत्व भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का प्रहरी है।

श्री माहेश्वरी ने आज कहा की देश के जनप्रिय नेता, भारत जोड़ो यात्रा के प्रेरणास्रोत और संविधान की रक्षा के प्रतीक राहुल गांधी के प्रति हम श्रद्धा, सम्मान और शुभकामनाएं प्रेषित करते है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आज के भारत की विवेकशील चेतना के प्रतीक हैं, जिन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश के हर नागरिक को जोड़ने और नफरत को हरा कर मोहब्बत की दुकान खोलने का अद्भुत संदेश दिया। वे उस पीढ़ी के नेता हैं, जो संविधान को मात्र एक दस्तावेज नहीं, बल्कि जनता की आत्मा मानते हैं, और उसकी रक्षा के लिए हर प्रकार की लड़ाई लड़ने को तत्पर रहते हैं। श्री माहेश्वरी ने आयोजित संगोष्ठी में कहा कि देश के युवाओं को जब बेरोजगारी की अंधी सुरंग में धकेला जा रहा है, तब राहुल गांधी जी ने उन्हें सम्मानजनक रोज़गार और आत्मसम्मान की लड़ाई के लिए प्रेरित किया है। उनके आर्थिक दृष्टिकोण में देश के सबसे कमजोर तबके को ताकत देने की स्पष्ट नीति है, और यही उनके च्न्याय योजनाज्, च्युवा नीतिज् तथा च्स्र्स्ख्र्र विकासज् जैसे विज़न में दिखाई देता है।

श्री माहेश्वरी ने आगे कहा कि राहुल गांधी जी ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वे सत्ता के नहीं, सेवा के प्रतीक हैं। जब संसद से उनकी आवाज़ दबाई गई, तब उन्होंने डरने के बजाय जनता के बीच जाकर भारत जोड़ो यात्रा से सत्य की मशाल जलाई (देशवासियों का मार्गदर्शन किया। यह यात्रा केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने का राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है।

श्री माहेश्वरी ने यह भी कहा कि राहुल गांधी जी की दूरदर्शिता का उदाहरण है कि वे आज नहीं, आने वाले भारत की सोचते हैं ङ्क एक ऐसा भारत, जो समानता, भाईचारा, रोजगार और संविधान की मूल भावना पर आधारित हो।

भाटापारा में शहर कांग्रेस द्वारा आयोजित संगोष्ठी, स्वास्थ केंद्र के फल वितरण, बलौदाबाजार में जिला युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम, सिमगा में निवास कार्यालय में केक काटकर राहुल गांधी का जन्म दिन मनाया गया।

# बीरेन्द्र दीपक महाविद्यालय में स्वस्थ्य रहने किया योग



**महासमुंद,** 23 जून (देशबन्धु)। बीरेंद्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय जामगांव में प्फाब् सेल के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के बीइडी एवं नर्सिंग डिपार्मेंट के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। योगा ट्रेनर तामेश्वर कुमार साहू के निर्देशन में योग कराया गया। जिसके अंतर्गत पवनमुक्तासन भाग-1, भाग-2 और खड़े होकर किए जाने वाले आसन, बैठकर किए जाने वाले आसन, सूर्य नमस्कार, नाड़ी शोधन प्राणायाम, ध्यान के आसन, ऐसे अनेक प्रकार के आसन सिखाए गए जो हमारे जीवन व स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है। साथ ही महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण सक्रिय रूप से उपस्थित होकर योग किये जिसमें श्रीमती उषा शर्मा संचालक बीरेंद्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय, डॉ लखन बोहने प्राचार्य श्री बीरेंद्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय, श्रीमती शांति बारले सहायक प्राध्यापक, श्रीमती उज्ज्वला शर्मा सहायक प्राध्यापक, देवकांत कश्यप ग्रंथपाल, और नर्सिंग स्टाफ भूपेंद्र साहू सहायक प्राध्यापक, सुश्री निर्मला साहू सहायक प्राध्यापक, ने योगासन का आनंद लिया। अंत में प्राचार्य द्वारा योग गुरू का आभार प्रकट कर योग को अपने जीवन में रूटिन कार्य की तरह अपनाये, रोज योग करे और स्वस्थ्य रहे, निरोग रहे का संदेश दिया गया।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने किया पौधरोपण



**बागबाहरा,** 23 जून (देशबन्धु)। आज सोमवार, 23 जून को बागबाहरा भाजपा शहर मंडल के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेत्री श्रीमती मोनिका साहू उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम का सफल नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलचित्र पर सुमन अर्पित कर एवं राष्ट्रगीत के पश्चात किया गया द्य मुख्य वक्ता मोनिका साहू ने उनके जीवनी के बारे में बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रमुख राष्ट्रवादी नेता थे। जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। वे इसके प्रथम अध्यक्ष थे। जो कि बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी। वह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के खिलाफ एक प्रमुख आवाज उठाई थी। और 23 जून 1953 को जम्मू-कश्मीर की एक जेल में उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वे एक देश एक निशान एक प्रधान के सूत्रधार थे। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, शंकर तांडी, संजय मालवे, अतुल गंडेचा, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, काजल साहू, पार्वती नायक, हरमीत बग्गा, अरविंद छाबड़ा, राहुल कलश, तुलसी यादव, नारायण तांडी, अशोक दीप, पार्षद सविता दीवान, थानूराम पांडे, श्यामा चंद्राकर, मदनलाल देवांगन, पूनम चंद्राकर, दुर्गा वस्त्रकार, रमन लाल वर्मा, गजेंद्र साहू, लोकु चंद्राकर, नरेंद्र ठाकुर, राधेलाल साहू, जनक राम नायक, गंगाराम यादव, बृजेश गुप्ता, सिकंदर सोनवानी, अजीत तांडी, योगेश चिन्दा, छेदूराम चक्रधारी, बाबूलाल चक्रधारी, मोहन ठाकुर, तिलेश्वर साहू, राजा देवांगन, दिनेश विशाल, भावेश बघेल, युवराज दीवान, लुकेश कुमार नायक जैसे ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता, पार्षद, सरपंच बूथ अध्यक्षगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी भाजपाजनों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया।

# रेलवे ने बनाया आधा अधूरा रोड, जमीन का किया आधा अधूरा उपयोग, अवैध भूमि पर अभी भी कब्जाधारी काबिज



नगर में व्यापक चर्चा भूमि छोड़ने के पीछे करोड़ों का लेन-देन, अवैध कब्जे धारियों में रेलवे का कोई खौफनहीं, उल्टा रेलवे अधिकारियों को डर अवैध कब्जा हटाया माहौल बिगड़ा तो जबाबदारी किसकी

**नवापारा-राजिम,** 23 जून (देशबन्धु)। नवापारा नगर विगत कई वर्षो से व्यवसायिक केन्द्र है। आस-पास के गांवों के लिये भी रायपुर मुख्यालय के बाद नवापारा नगर व्यापार पर निर्भर रहा है। जो आज भी है, नगर में गंज रोड एकमात्र चौडा रोड होने के कारण व्यापार और यातायात के लिये उपयुक्त है। गंज रोड के बाद दूसरा सदर रोड है। जिसकी चौड़ाई कम होने से यातायात अवरोध होता रहता है। जब से रेल्वे कार्य प्रगति पर है तब से रेलवे स्टेशन के पीछे से होते हुये बस स्टैंड जाने वाला रोड अवरोध के कारण सदर रोड मे यातायात का दबाब काफी बढ़ गया है। रेल्वे स्टेशन के आफिस का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। उसके पीछे खाली जगह ही केवल निकासी का मार्ग बन सकता है

**अवैध कब्जा हटाने पूर्व में जो लोगों को डर रहता था अब वह डर इस क्षेत्र में खत्म:** रेलवे लाइन के आफिस के पीछे से होते हुए, कोऑपरेटिव बैंक, प्राथमिक बालक शाला, हवेली मंदिर, नलघर, भोई पारा होते हुए बस स्टेशन तक मार्ग निकाला जा सकता है। अगर इसका निर्माण कर दिया जाए तो काफी दिकतों का सामना करने से बचा जा सकता है। फिलहाल रेलवे ने मस्जिद से लेकर छोटू शा मिल तक सड़क का निर्माण किया है उसके आगे भोई पारा और गाड़ा पर में सड़क निर्माण किया ही नहीं गया। जबकि सामने बारिश है। यही नहीं जितनी दूर सड़क निर्माण किया गया है उसपर भी रेलवे ने अपनी काफी जमीन छोड दी जिससे लोग उक्त जमीन पर कब्जा करने लगे। चर्चा तो यह भी है कि रेलवे इंजीनियर के साथ उक्त जमीन को लेकर करोड़ों का लेन-देन हुआ है। जिसके चलते अवैध कब्जेधारी रियों के होंसले बुलन्द है। अवैध कब्जा हटाने पूर्व में जो लोगों को डर रहता था अब वह डर इस क्षेत्र में खत्म हो गया। पैसौं के लेन-देन के बाद अब रेलवे अधिकारी स्वयं कहने लगे कि अगर इनको हटाया तो माहौल खराब हो गया तो कौन जबाब दारी लेगा।

**इस मार्ग को फोर लाइन बनाए जाने की मांग:** फोरलेन नहीं बनने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है जैसे वहा रहने वालों के यहां कोई निर्माण या मरम्मत का कार्य हेतू निर्माण सामग्री स्थल तक लाने तकलीफहोगी और आये दिन विवाद की स्थति आ सकती है या और किसी कार्य हेतु भारी वाहन का आवागमन नही हो पायेगा। इस मार्ग को फोरलेन बनाने पर भारी वाहनों का आवागमन हो पायेगा और सदर रोड का दबाब भी कम पडेगा।

नगरवासियो ने मांग करते हुये कहा कि इस मार्ग को फोरलेन बनाए जाने जिससे भारी वाहनों का आना-जाना सुगमता से हो सकता है और सदर रोड पर अतिरिक्त यातायात का भार भी कम हो सके

फोरलेन बन जाने पर लोगों को आने-जाने में सुगमता भी होगी जैसा की विदित हो रहा है नयापारा में ब्रॉड गेज का कार्य जिस रूप में दिख रहा है उसे आगामी वर्षों में इसे फोरलेन बनाना जरूरी है ताकि भविष्य में किसी भी यातायात समस्या से रेलवे और नयापारा नगर को सामना न करना पड़े.।